सूर्योदय 5:40 सूर्यास्त 6:58

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 17.0 न्यू | 26. 0 अधि |
| धर्मशाला | 20.0 न्यू | 35.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 77,304 |
| निफ्टी | 24,093 |

सोना 1,51,495 चांदी 2,44,103

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | मंगलवार, 28 अप्रैल 2026 | 15 वैशाख, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 3, अंक 119, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### सिविल एक्सपर्ट को भी अंतरिक्ष भेजेगा इसरो

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन यानी इसरो ने पहली बार अपने एस्ट्रोनॉट कैडर को आम नागरिकों के लिए खोलने का फैसला किया है। इसरो की एस्ट्रोनॉट सिलेक्शन कमेटी ने इसकी सिफारिश की है। हालांकि इसका क्राइटेरिया अभी जारी नहीं किया गया है। कमेटी की सिफारिश में कहा गया है कि गगनयान मिशन के अंतरिक्ष यात्रियों के दूसरे बैच में वायुसेना के 6 पायलट के साथ 4 सिविलियन स्पेशलिस्ट शामिल किए जाएं। ये सिविलियन साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग और मैथ बैकग्राउंड से होंगे। पहले बैच मेंगगनयान मिशन की शुरुआत के लिए (सिर्फ वायुसेना के पायलट) होंगे। वहीं, दूसरे बैच में भविष्य के मिशनों और रिसर्च के लिए (पायलट+आम ागरिक/साइंटिस्ट)। (अनंत ज्ञान)

### किर्गिस्तान पहुंचे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

**एजेंसी, बिश्केक।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सोमवार को किर्गिस्तान की राजधानी



बिश्केक पहुंचे, जहां वह शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लेंगे। शंघाई सहयोग संगठन के सदस्यों में भारत, रूस, चीन, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, पाकिस्तान, ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान, ईरान और बेलारूस शामिल हैं। बिश्केक में भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, "27-28 अप्रैल को एससीओ सदस्य देशों के रक्षा मंत्रियों की बैठक में शामिल होने के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बिश्केक पहुंचे, जहां मैनस एयरपोर्ट पर राजदूत ने उनका स्वागत किया।' किर्गिस्तान रवाना होने से पहले राजनाथ सिंह ने कहा कि वह दुनिया में चल रही सुरक्षा चुनौतियों के बीच भारत की वैश्विक शांति के प्रति प्रतिबद्धता को सामने रखेंगे। साथ ही वह आतंकवाद और चरमपंथ के खिलाफ भारत की 'जीरो टॉलरेंस' की नीति को भी दोहराएंगे। (अनंत ज्ञान)

### नेतन्याहू को हटाने को एकजुट हुए दो पूर्व पीएम

**एजेंसी, तेल अवीव।** इसराइल में दो पूर्व प्रधानमंत्रियों नफ्ताली बेनेट और येर लैपिड ने मौजूदा पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ एक साथ चुनाव लड़ने का फैसला किया है। उनका मकसद लंबे समय से सत्ता में रहे नेतन्याहू को हटाना है। दोनों पहले भी 2021 में साथ आए थे और उन्होंने अलग-अलग विचारधाराओं वाली पार्टियों को जोड़कर 12 साल से चली आ रही नेतन्याहू की सत्ता गिरा दी थी। अब दोनों नेताओं ने फिर से साथ आने और एक नई पार्टी बनाने का फैसला किया है। इस पार्टी का नाम 'टुगेदर' रखा गया है। इसकी अगुवाई बेनेट करेंगे। वे ही पीएम उम्मीदवार भी होंगे। (अनंत ज्ञान)

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- चिट्टा तस्करी में बिहार से दो आरोपी गिरफ्तार -पेज 2
- बॉयज स्कूल धर्मशाला में एडमिशन को लेकर असमंजस -पेज 4
- जरल संपर्क मार्ग पर बिना चेतावनी स्पीड ब्रेकर, दुर्घटना का खतरा -पेज 9


# ग्रीष्मकालीन प्रवास पर शिमला पहुंचीं राष्ट्रपति, राज्यपाल-सीएम ने किया स्वागत

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** प्रदेश की राजधानी शिमला में सोमवार को गरिमामयी माहौल उस समय देखने को मिला जब भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पांच दिवसीय ग्रीष्मकालीन प्रवास पर यहां पहुंचीं। छराबड़ा स्थित कल्याणी हेलिपैड पर उनके आगमन के साथ ही पूरे क्षेत्र में उत्साह और सख्त सुरक्षा व्यवस्था का संगम नजर आया।

राज्य सरकार और प्रशासन की ओर से राष्ट्रपति का भव्य स्वागत किया गया और यह दौरा प्रदेश के लिए विशेष महत्व का माना जा रहा है। राष्ट्रपति के स्वागत के लिए राज्यपाल कविंद्र गुप्ता और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू स्वयं मौजूद रहे। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, ग्रामीण विकास मंत्री अनिरुद्ध सिंह, सांसद सुरेश कश्यप, महापौर सुरेंद्र चौहान सहित कई वरिष्ठ प्रशासनिक और सैन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। इस सामूहिक उपस्थिति ने कार्यक्रम को और अधिक गरिमामयी बना दिया। राष्ट्रपति अपने प्रवास के दौरान मशोबरा स्थित रिट्रीट में ठहरेंगी और 28 अप्रैल को लोक भवन में आयोजित राजकीय भोज में शामिल होंगी। 29 अप्रैल को वह अटल टनल रोहतांग का निरीक्षण करेंगी, जो सामरिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण परियोजना है। इसके अलावा 30 अप्रैल को पालमपुर स्थित कृषि विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में भी उनकी उपस्थिति तय है।

दौरे के अंतिम दिन राष्ट्रपति सेना प्रशिक्षण कमान का दौरा करेंगी और एक मई को दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगी।





शिमला के कल्याणी हेलिपैड पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का स्वागत करते राज्यपाल कविंद्र गुप्ता, मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू व विस अध्यक्ष कुलदीप पठानिया। अनंत ज्ञान

**◆ कल अटल टनल रोहतांग का करेंगी निरीक्षण**

### राजधानी शिमला में किए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

**राष्ट्रपति** के दौरे को देखते हुए शिमला में सुरक्षा के अभेद्य प्रबंध किए गए हैं। शहर के प्रमुख मार्गों पर बैरिकेडिंग की गई है और पुलिस व सुरक्षा एजेंसियों के जवान चप्पे-चप्पे पर तैनात हैं। प्रशासन ने आम जनता के लिए यातायात को सुचारु रखने का प्रयास किया है, हालांकि वीवीआईपी मूवमेंट के दौरान कुछ स्थानों पर लोगों को अस्थायी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है, विशेषकर संजौली और ढली क्षेत्रों में।

कुल मिलाकर यह यात्रा हिमाचल प्रदेश के लिए प्रशासनिक, सामरिक और विकासात्मक दृष्टि से महत्वपूर्ण मानी जा रही है, जिसके चलते पूरे प्रदेश में उत्साह और सतर्कता का वातावरण बना हुआ है।

# शिमला की धरेच बनी हिमाचल की पहली ग्रीन पंचायत : सीएम

## मुख्यमंत्री ने प्रदेश के पहले सोलर पावर प्रोजेक्ट का किया शुभारंभ

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शिमला जिला के कसुम्पटी विधानसभा क्षेत्र की धरेच ग्राम पंचायत में प्रदेश के पहले सोलर पावर प्रोजेक्ट का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि लगभग 1 करोड़ 94 लाख रुपए की लागत से निर्मित 500 किलोवाट क्षमता की सौर उर्जा परियोजना का निर्माण कार्य जनवरी 2025 में आरंभ हुआ था और 30 मार्च 2026 को इसे विद्युत् ग्रिड से जोड़ दिया गया था।

इस परियोजना से प्रतिदिन लगभग 3000 यूनिट स्वच्छ ऊर्जा का उत्पादन हो रहा है, जबकि वार्षिक उत्पादन करीब 8 लाख यूनिट रहने का अनुमान है। हिमाचल प्रदेश में ग्रीन पंचायत की परिकल्पना अब वास्तविक रूप लेने लगी है। धरेच ग्राम पंचायत प्रदेश की पहली ग्रीन पंचायत बन गई है, जहां 500 किलोवाट क्षमता की सौर ऊर्जा परियोजना ने सफलतापूर्वक बिजली उत्पादन शुरू कर दिया है। मुख्यमंत्री ने अपने कसुम्पटी दौरे के दौरान इस महत्वाकांक्षी परियोजना का विधिवत शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस सौर संयंत्र से प्रतिदिन लगभग 3000 यूनिट स्वच्छ ऊर्जा का उत्पादन हो रहा है, जबकि वार्षिक उत्पादन लगभग 8 लाख यूनिट रहने का अनुमान है। इस परियोजना के तहत हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड इस बिजली को 3.50 रुपए प्रति यूनिट की दर से खरीदेगा। उन्होंने इस परियोजना को एक समावेशी और जनकल्याणकारी मॉडल बताते हुए कहा कि यह पंचायतों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।



धरेच में प्रदेश के पहले सोलर पावर प्रोजेक्ट का शुभारंभ करते सीएम सुक्खू। अनंत ज्ञान

### प्रोजेक्ट की आय का 30 % पंचायत विकास कार्यों पर होगा व्यय

**परियोजना** से होने वाली आय का 30 प्रतिशत पंचायत के विकास कार्यों पर, 20 प्रतिशत अनाथों एवं विधवाओं के कल्याण पर, 20 प्रतिशत राज्य सरकार को, 10 प्रतिशत हिम ऊर्जा को तथा शेष 20 प्रतिशत संचालन और रख-रखाव के लिए निर्धारित किया गया है। इस तरह यह मॉडल सामाजिक सुरक्षा और विकास दोनों को संतुलित रूप से आगे बढ़ाने का माध्यम बनेगा।

# रोहड़ू में धार्मिक अनुष्ठान में चली गोली, महिला की मौत

## पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** रोहड़ू के कुलगांव क्षेत्र में धार्मिक अनुष्ठान में रविवार रात को गोली चलने से एक महिला की मौत हो गई। अनुष्ठान में परंपरा के अनुसार, देवलू (देवता के कारदार व क्षेत्र के लोग) हवाई फायरिंग कर रहे थे। इस दौरान 26 वर्षीय रितिका उर्फ गुड़िया पत्नी सतीश को गोली लग गई और वह गंभीर रूप से घायल हो गई। मौके पर मौजूद लोगों ने उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाने का प्रयास किया, लेकिन उनकी रास्ते में ही मौत हो गई।

पुलिस ने दो आरोपियों रजत सोहटा और अमित अक्का को गिरफ्तार कर लिया है। इसके बाद पुलिस और प्रशासन ने मृतक महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए एंबुलेंस में न ले जाकर रेत की गाड़ी में रख दिया गया। इस पर स्थानीय लोगों ने रोष जाहिर किया और दोषी अफसरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। वहीं, उपमंडलाधिकारी धर्मेश रामौत्रा ने बताया कि आयोजन से पहले ही स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि किसी भी प्रकार के हथियार का प्रयोग नहीं किया जाएगा। इसके बावजूद हुई यह घटना अत्यंत चिंताजनक है। भविष्य में यदि कोई व्यक्ति नियमों का उल्लंघन करते हुए हथियारों का प्रदर्शन करता है, तो उसका शस्त्र तत्काल जब्त किया जाएगा।

### सबसे आगे नाच रही थी 26 वर्षीय रितिका



रितिका की फाइल फोटो।

**बताया** जा रहा है कि बीती रात को रितिका सबसे आगे नाच रही थी और अचानक उसकी आवाज हमेशा-हमेशा के लिए खामोश हो गई। रितिका अपने पीछे दो बच्चे, पति और पूरा परिवार छोड़ गई। इस घटना के बाद पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है। धार्मिक कार्यक्रम में इस तरह की लापरवाही से स्थानीय लोग भी स्तब्ध हैं।

### सीएम ने जताया शोक दोषियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शिमला ज़िला के रोहड़ू उपमंडल के कुल गांव में आयोजित एक धार्मिक समारोह के दौरान महिला की मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने इस घटना को दुखद बताते हुए जिला प्रशासन के अधिकारियों से दूरभाष पर विस्तृत जानकारी ली और स्पष्ट निर्देश दिए कि मामले में दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और परिजनों को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

### 'आप' के सात सांसदों को भाजपा में विलय की मंजूरी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन ने सोमवार को आम आदमी पार्टी (आप) के सात बागी सांसदों के भाजपा में विलय को मंजूरी दे दी है। इस फैसले के बाद राज्यसभा में आप की संख्या घटकर 3 रह गई है, जबकि भाजपा सांसदों की संख्या 106 से बढ़कर 113 हो गई है। जो सात सांसद भाजपा में शामिल हुए हैं, उनमें राघव चड्ढा, अशोक मित्तल, हरभजन सिंह, संदीप पाठक, विक्रमजीत साहनी, स्वाति मालीवाल और राजेंद्र गुप्ता शामिल हैं।


राज्यसभा की ऑफिशियल वेबसाइट पर भी इन सांसदों को भाजपा के सदस्यों के रूप में दिखाया गया है। वहीं, आप ने रविवार को सभापति से सातों सांसदों की सदस्यता खत्म करने की मांग की थी। आप के सांसद संजय सिंह के मुताबिक आप ने एडवोकेट कपिल सिब्बल और लोकसभा के पूर्व महासचिव पीडीटी अचारी सहित कई संवैधानिक विशेषज्ञों से सलाह ली है। कपिल सिब्बल ने कहा था कि संविधान की 10वीं अनुसूची के मुताबिक सबसे पहले पार्टी को प्रस्ताव पास करके दूसरी पार्टी विलय करना पड़ेगा। कोई भी सांसद दूसरी पार्टी में विलय नहीं कर सकते। (अनंत ज्ञान)

# गर्मी से मिलेगी राहत, छह दिन बारिश के आसार

## प्रदेश के कई जिलों के लिए ओलावृष्टि और तेज अंधड़ का ऑरेंज अलर्ट जारी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में मौसम अब अचानक करवट लेने जा रहा है और इसके साथ ही राहत और खतरे दोनों के संकेत सामने आए हैं। मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते प्रदेश में अगले छह दिनों तक बारिश और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी के आसार हैं। खास बात यह है कि इस बदलाव के बीच कई जिलों के लिए ओलावृष्टि और तेज अंधड़ का ऑरेंज अलर्ट भी जारी किया गया है, जिससे किसानों और आम लोगों को सतर्क रहने की जरूरत है।



बीते कुछ दिनों से प्रदेश के मैदानी इलाकों में गर्मी ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया था। पांवटा साहिब में तापमान 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जबकि अन्य निचले क्षेत्रों में भी तेज धूप और लू जैसे हालात बने रहे। हालांकि सोमवार को शिमला सहित अधिकतर हिस्सों में मौसम साफ रहा, लेकिन यह स्थिरता अब ज्यादा देर टिकने वाली नहीं है। मौसम विभाग का अनुमान है कि जैसे ही पश्चिमी विक्षोभ पूरी तरह सक्रिय होगा, वैसे ही बादलों का डेरा और बारिश का सिलसिला शुरू हो जाएगा।

### इन जिलों के लिए ओलावृष्टि का अलर्ट

**मौसम** विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार 28 अप्रैल से 3 मई तक राज्य के कई भागों में बारिश होने की संभावना है। 28, 29, 30 अप्रैल और 3 मई को राज्य के कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश-बर्फबारी हो सकती है। जबकि 1 और 2 मई को राज्य के कुछ अलग-अलग स्थानों पर हल्की बारिश-बर्फबारी हो सकती है। 28 व 29 अप्रैल को चंबा, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी व शिमला जिले में ओलावृष्टि व अंधड(हवाओं की रफ्तार 40-50 किलोमीटर प्रति घंटे) चलने का ऑरेंज अलर्ट है।

### 24 घंटों में तापमान में बदलाव की संभावना

**अगले** 24 घंटों के दौरान राज्य के कई हिस्सों में न्यूनतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव होने की संभावना नहीं है। इसके बाद, अगले 3-4 दिनों में न्यूनतम तापमान में 2-4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने के आसार हैं। अगले 24 घंटों के दौरान राज्य के कई हिस्सों में अधिकतम तापमान में भी कोई बड़ा बदलाव होने के आसार हैं। इसके बाद अगले 3-4 दिनों में राज्य के कई हिस्सों में अधिकतम तापमान में 2-5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने की संभावना है।

# टीएमसी सांसद मिताली की कार पर फेंके ईंट और पत्थर

**एजेंसी, कोलकाता**

पश्चिम बंगाल के हुगली में सोमवार को टीएमसी सांसद मिताली बाग की कार पर हमला हुआ। हमला उस वक्त हुआ, जब मिताली बाग गोगहाट से आरामबाग में अभिषेक बनर्जी के रोड शो में शामिल होने जा रही थीं। हमले में कार के शीशे टूट गए। सांसद और उनके ड्राइवर को चोट आई है। दोनों को आरामबाग मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हमले के बाद कैमरे के सामने मिताली बाग रो पड़ीं। उन्होंने कहा, 'मेरी गाड़ी की हालत देखिए। उन लोगों ने बड़े-बड़े पत्थर फेंके। मैं किसी तरह जान बचाकर निकली हूं।' टीएमसी का आरोप है कि भाजपा समर्थकों ने गोगहाट में सांसद की गाड़ी पर ईंट-पत्थर और लाठियों से हमला किया। टीएमसी ने अपने ट्वीट में कहा- गृह मंत्री अमित शाह ने धमकी दी थी कि जो भी घर से बाहर निकलेगा, उसे उल्टा लटका दिया जाएगा। उसी के बाद यह हमला हुआ। (अनंत ज्ञान)



**◆ सांसद और उनके ड्राइवर हुए चोटिल**

## ट्रेड डील : भारत और न्यूजीलैंड के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर लगी मुहर

# न्यूजीलैंड में भारतीय निर्यात 100 फीसदी टैक्स फ्री

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत और न्यूजीलैंड के बीच द्विपक्षीय व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के मकसद से मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) पर सोमवार को हस्ताक्षर किए। इस समझौते पर केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और न्यूजीलैंड के व्यापार एवं निवेश मंत्री टॉड मैक्ले की मौजूदगी में हस्ताक्षर किए गए।

पीयूष गोयल ने एक्स पोस्ट में कहा कि भारत और न्यूजीलैंड ने आज एक मुक्त व्यापार समझौता पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसका उद्देश्य दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश को बढ़ावा देना है। इस समझौते पर न्यूजीलैंड के दौरे पर आए व्यापार और निवेश मंत्री टॉड मैक्ले की मौजूदगी में हस्ताक्षर किए गए। भारत और न्यूजीलैंड के बीच नई दिल्ली में हुए इस ऐतिहासिक समझौते का उद्देश्य द्विवार्षिक व्यापार को पांच वर्षों में दोगुना करके 5 अरब डॉलर तक पहुंचाना है। इस समझौते के तहत भारतीय उत्पादों को न्यूजीलैंड में शुल्क-मुक्त पहुंच मिलेगी, जबकि भारतीय पेशेवरों के लिए भी नए अवसर खुलेंगे। इस समझौते से दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंधों के काफी मजबूत होने की उम्मीद है।

यह एफटीए भारत के 100 फीसदी निर्यात को न्यूजीलैंड में शुल्क-मुक्त पहुंच प्रदान करता है। इसमें सभी टैरिफ लाइन यानी उत्पाद श्रेणियां शामिल हैं। इससे वस्त्र, परिधान, चमड़ा, जूते, रत्न एवं आभूषण, इंजीनियरिंग सामान और प्रसंस्कृत खाद्य जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों की प्रतिस्पर्धी क्षमता बढ़ेगी। इससे सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) और रोजगार को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

सर्विस सेक्टर में भारत ने आईटी, शिक्षा, फाइनेंशियल सर्विसेज, कंस्ट्रक्शन और टूरिज्म जैसे हाई-वैल्यू सेक्टरों में बाजार पहुंच हासिल की है। डील में एक नया अस्थायी रोजगार एंट्री वीजे का रास्ता बनाया गया है। इसके तहत हर साल 5,000 भारतीय स्किल्ड प्रोफेशनल्स न्यूजीलैंड में 3 साल तक काम कर सकेंगे। (अनंत ज्ञान)



### न्यूजीलैंड भारत में करेगा 1.8 लाख करोड़ का निवेश

**एग्रीमेंट** का मुख्य उद्देश्य दोनों देशों के बीच बाइलेटरल ट्रेड को दोगुना करना और भारत में बड़े विदेशी निवेश को आकर्षित करना है। एग्रीमेंट के तहत न्यूजीलैंड से अगले 15 साल में भारत में 20 बिलियन डॉलर (करीब 1.8 लाख करोड़ रुपए) का निवेश आने की उम्मीद है। पीयूष गोयल ने कहा कि इस समझौते से भारतीय व्यापारियों, विशेषकर आगरा के लेदर एक्सपोर्ट्स के लिए बड़े अवसर खुलेंगे।

# पाकिस्तान मध्यस्थ के लायक नहीं : ईरान

## अमेरिका के पक्ष में झुका, ट्रंप के खिलाफ कुछ भी नहीं कहता

**एजेंसी, तेहरान**

मिडिल ईस्ट में चल रहे युद्ध को खत्म करने के लिए ईरान और अमेरिका के बीच बातचीत में अभी तक कोई ठोस सहमति नहीं बन पाई है। इसी बीच ईरान के एक नेता ने पाकिस्तान की भूमिका पर सवाल उठाए हैं। ईरानी संसद की राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति समिति के प्रवक्ता इब्राहिम रेजई ने कहा कि पाकिस्तान दोस्त जरूर है, लेकिन वह बातचीत में बीच का सही पक्ष (मध्यस्थ) नहीं बन सकता।



रेजई ने कहा कि पाकिस्तान अक्सर डोनाल्ड ट्रम्प और अमेरिका के हितों को ध्यान में रखता है और उनके खिलाफ कुछ नहीं कहता। इसलिए वह निष्पक्ष नहीं माना जा सकता। उन्होंने कहा कि एक सही मध्यस्थ वही होता है, जो दोनों पक्षों के बीच निष्पक्ष रहे, न कि हमेशा एक ही पक्ष की तरफ झुका रहे। उनका यह बयान ऐसे समय आया है जब ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने 24 घंटे में 2 बार पाकिस्तान का दौरा किया। (अनंत ज्ञान)

### अमेरिका को होर्मुज खोलने का सशर्त प्रस्ताव भेजा

**ईरान** ने पाकिस्तान के माध्यम से अमेरिका को होर्मुज जलडमरूमध्य (स्ट्रेट ऑफ होर्मुज) खोलने का सशर्त प्रस्ताव भेजा है। यह प्रस्ताव व्हाइट हाउस को मिल गया है। ईरान और अमेरिका के बीच मूंछ की लड़ाई बन चुके होर्मुज के बंद होने से सारी दुनिया परेशान है। तेल और गैस के संकट ने कई देशों को संकट में डाल दिया है। तेल और गैस से लदे जहाज गुजर नहीं पा रहे हैं।

### ईरान के पास बहुत कम समय बचा : ट्रंप

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि ईरान के पास युद्ध खत्म करने के लिए सीजफायर पर सहमत होने के लिए सिर्फ तीन दिन हैं, नहीं तो उसकी तेल पाइपलाइन में ब्लास्ट हो जाएगा। ट्रंप ने कहा कि अगर ईरान तेल का निर्यात नहीं कर पाता, तो पाइपलाइन में दबाव बढ़ेगा। ऐसा इसलिए होगा क्योंकि तेल को जहाजों या स्टोरेज टैंकों में भेजने का रास्ता बंद है और उस पर नाकेबंदी लगी हुई है।

# शिमला में बनेगी हाइड्रोलिक पार्किंग जाम से मिलेगी राहत: विक्रमादित्य

## कहा- शहर के 15 स्थानों पर विकसित होगी आधुनिक पार्किंग व्यवस्था

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** शिमला में बढ़ती ट्रैफिक समस्या से निपटने के लिए अब आधुनिक पार्किंग समाधान की दिशा में कदम बढ़ाया गया है। लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने घोषणा की कि राजधानी में जल्द ही हाइड्रोलिक पार्किंग प्रणाली विकसित की जाएगी। इसके लिए शहर के लगभग 15 प्रमुख स्थानों का चयन किया जा चुका है। यह परियोजना प्रदेश में 1200 करोड़ रुपए की लागत से चल रही शहरी विकास योजना के तहत लागू की जाएगी, जिससे पार्किंग संकट काफी हद तक कम होने की उम्मीद है।

उन्होंने बताया कि इस योजना के अंतर्गत भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सुव्यवस्थित पार्किंग के साथ-साथ भूमिगत उपयोगिता पाइपलाइन और नियोजित शहरी ढांचे पर भी कार्य किया जाएगा। केंद्र स्तर पर भी इन परियोजनाओं को प्राथमिकता दी जा रही है और विस्तृत परियोजना रिपोर्ट प्रस्तुत होते ही स्वीकृति मिलने का आश्वासन दिया गया है। इससे शिमला में ट्रैफिक व्यवस्था को व्यवस्थित करने में महत्वपूर्ण मदद मिलेगी।

यह घोषणा 14वीं जिला स्तरीय आईटीआई महिला स्पोर्ट्स मीट के समापन समारोह के दौरान की गई, जो चौड़ा मैदान में आयोजित हुआ। मंत्री ने कहा कि खेल गतिविधियां छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं और आईटीआई जैसे संस्थान युवाओं को कौशल आधारित शिक्षा देकर उन्हें आत्मनिर्भर बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की आईटीआई में आधुनिक प्रशिक्षण सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं, जिससे छात्राओं को सरकारी और निजी क्षेत्रों में रोजगार के अवसर मिल रहे हैं। इस अवसर पर मंत्री ने स्पोर्ट्स मीट के सफल आयोजन के लिए विधायक निधि से 41 हजार रुपए देने की घोषणा की।

इसके साथ ही बेहतर प्रदर्शन के लिए आईटीआई शिमला को 15 हजार रुपये और छात्रा ममता को 5 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि देने की भी घोषणा की गई। कार्यक्रम के दौरान उन्हें शॉल, टोपी और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।



### आईटीआई शिमला ओवरऑल चैंपियनशिप

**चार** दिवसीय इस स्पोर्ट्स मीट में विभिन्न खेल और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें आईटीआई शिमला ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल चैंपियनशिप अपने नाम की। वॉलीबॉल, कबड्डी, खो-खो, बैडमिंटन और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बेस्ट एथलीट का खिताब भी शिमला की छात्रा ममता ने हासिल किया।

# ऊपरी शिमला में आपदा से 60 फीसदी सेब की फसल नष्ट

## फूल खिलने के समय शीत लहर व ओलावृष्टि बनी काल, चौपाल से नारकंडा तक पसरा सन्नाटा

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश की आर्थिक रीढ़ माने जाने वाले ऊपरी शिमला के सेब क्षेत्रों में अबकी बार सन्नाटा पसरा है। चौपाल, जुब्बल-कोटखाई, रोहड़ू और नारकंडा जैसे प्रमुख क्षेत्रों से, इस सीजन में सेब की पैदावार में 50 से 60 प्रतिशत तक की भारी गिरावट आने की आशंका है। यह उन हजारों परिवारों के लिए एक बड़ी आर्थिक चोट है, जिनका जीवन पूरी तरह से सेब के बगीचों पर निर्भर है। शुरुआती दौर में अच्छी फसल की जो उम्मीद जगी थी, वह अब भारी निराशा में बदल चुकी है।

क्षेत्रीय सर्वेक्षण और विशेषज्ञों के विश्लेषण से यह स्पष्ट हुआ है कि इस बार समस्या की जड़ फ्लावरिंग के समय का मौसम रहा। जब पेड़ों पर फूल खिलने का सबसे महत्वपूर्ण समय था, तब तापमान में अचानक भारी गिरावट और जमा देने वाली ठंड ने परागण की प्रक्रिया को पूरी तरह बाधित कर दिया। मधुमक्खियों और अन्य सहायक कीटों की अनुपस्थिति के कारण फूलों का फलों में परिवर्तन नहीं हो पाया। विशेषकर निचले और मध्यम ऊंचाई वाले क्षेत्रों में, जहां ठंड के घंटों की पहले से कमी थी, वहां अब पेड़ों पर फलों के स्थान पर केवल पत्तियां ही दिखाई दे रही हैं।



ऐसे में पहाड़ी क्षेत्रों में हुई भीषण ओलावृष्टि ने रही-सही कसर पूरी कर दी है। जुब्बल-कोटखाई, रोहड़ू, छौहारा वैली, रामपुर, कुमारसैन, ठियोग व नारकंडा, जैसे क्षेत्रों में ओलों की मार ने न केवल फूलों को नष्ट किया, बल्कि जो थोड़े-बहुत फल सेट हुए थे, उन्हें भी टहनियों से झाड़ दिया। बागवानों ने इस बार सुरक्षा जालों, उर्वरकों और पर भारी भरकम खर्च किया था, लेकिन प्रकृति के इस उग्र रूप के सामने सारी तकनीक और निवेश विफल साबित हुए। नमी की अधिकता के कारण अब बागानों में विभिन्न रोगों का खतरा भी मंडराने लगा है, जिससे बागवानों की चिंता दोहरी हो गई है।

सेब उत्पादन में इस ऐतिहासिक गिरावट का सीधा प्रभाव आने वाले समय में बाजार पर पड़ेगा। मंडी में सेब की आवक कम होने से जहां एक ओर उपभोक्ताओं के लिए कीमतें बढ़ेंगी, वहीं बागवानों को उनकी बढ़ी हुई लागत का मुआवजा मिलना भी मुश्किल दिख रहा है। पैकिंग सामग्री, ढुलाई और खाद-दवाइयों के दाम पिछले वर्षों की तुलना में काफी बढ़े हैं, जबकि फसल नगण्य है। इससे शिमला जिले की ग्रामीण अर्थव्यवस्था के चरमराने का खतरा पैदा हो गया है, क्योंकि सेब से होने वाली आय ही यहां की क्रय शक्ति का मुख्य आधार है।

### वैज्ञानिक प्रबंधन व संयम की जरुरत: डॉ. शर्मा

**इस** विकट परिस्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए बागवानी विशेषज्ञ डॉ. उषा शर्मा ने बागवानों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने की सलाह दी है। उनका कहना है कि इस चुनौतीपूर्ण समय में बागवानों को धैर्य रखने की अत्यंत आवश्यकता है और उन्हें केवल सरकारी संस्थानों द्वारा निर्धारित छिड़काव तालिका का ही सख्ती से पालन करना चाहिए। डॉ. शर्मा ने आगाह किया है कि बागवान दवाइयों के छिड़काव में किसी भी प्रकार का अनावश्यक मिश्रण करने से बचें, क्योंकि इससे पौधों के स्वास्थ्य पर दीर्घकालिक प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। उनके अनुसार, केवल प्रमाणित दवाओं का उपयोग और सही समय पर उचित तकनीक का चुनाव ही इस प्राकृतिक आपदा के प्रभाव को सीमित करने का एकमात्र मार्ग है।

# नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 20 साल की कैद और 10 हजार जुर्माना

- पीड़िता को 2 लाख मुआवजा देने के भी दिए आदेश
- मुकदमे में कुल 19 गवाहों के बयान दर्ज
- दोषी ने 2023 में 15 वर्षीय नाबालिग के साथ जबरदस्ती बनाए थे शारीरिक संबंध

अनंत ज्ञान

**रामपुर बुशहर।** अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय, रामपुर ने पोकसो एक्ट के तहत आरोपी ललित कुमार को 20 साल के कठोर कारावास और 10,000 रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। अदालत ने पीड़िता को 2 लाख रुपये मुआवजा देने के आदेश भी दिए हैं।

उप जिला न्यायवादी कमल चंदेल ने बताया कि फरवरी 2023 में आरोपी ललित कुमार ने 15 वर्षीय नाबालिग के साथ उसके कमरे में जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाए। आरोपी रिश्ते में पीड़िता की माता का भतीजा लगता था और पड़ोस में ही रहता था। डर के कारण पीड़िता ने किसी को नहीं बताया।

छह महीने बाद पेट दर्द होने पर पीड़िता को केएनएच अस्पताल शिमला ले जाया गया। जांच में पीड़िता के छह महीने की गर्भवती होने का पता चला। इसके बाद अस्पताल ने पुलिस को सूचना दी और एफआईआर दर्ज हुई। मुकदमे में कुल 19 गवाहों के बयान दर्ज किए गए। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने यह सजा सुनाई। सरकार की ओर से पैरवी उप जिला न्यायवादी कमल चंदेल ने की। अदालत ने अपने निर्णय में कहा कि ऐसे गंभीर अपराध समाज के लिए अत्यंत चिंताजनक हैं और इनमें किसी प्रकार की नरमी नहीं बरती जा सकती। साथ ही न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया कि नाबालिगों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस फैसले से पीड़िता को न्याय मिलने के साथ समाज में कड़ा संदेश गया है कि ऐसे अपराधों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# 2108 मिलियन यूनिट उत्पादन पर मिली सराहना

## एसजेवीएन और एनएचपीसी अधिकारियों ने रामपुर परियोजना के प्रदर्शन को बताया उत्कृष्ट

अनंत ज्ञान

**शिमला।** शिमला जिला के रामपुर स्थित हाइड्रो पावर स्टेशन के संचालन और वित्तीय प्रदर्शन की समीक्षा के लिए एसजेवीएन और एनएचपीसी के वरिष्ठ अधिकारियों ने सोमवार को दौरा किया। इस दौरान एसजेवीएन के निदेशक (वित्त) पार्थाजीत डे और एनएचपीसी के निदेशक (वित्त) महेश कुमार शर्मा ने परियोजना की कार्यप्रणाली का जायजा लिया।

रामपुर हाइड्रो पावर स्टेशन पहुंचने पर परियोजना प्रमुख विकास मरवाह और लुहरी हाइड्रो इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट के प्रमुख विवेक शर्मा ने अधिकारियों का स्वागत किया। इसके बाद अधिकारियों ने पावर हाउस का दौरा किया और परियोजना की गतिविधियों को करीब से देखा।

दौरे के दौरान विकास मरवाह ने एक विस्तृत प्रस्तुति दी। इसमें रामपुर हाइड्रो पावर स्टेशन के संचालन, उपलब्धियों और वित्तीय स्थिति के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान बिजली उत्पादन को और बेहतर बनाने और कार्यक्षमता बढ़ाने के तरीकों पर भी विस्तार से चर्चा हुई। एसजेवीएन के निदेशक (वित्त) पार्थाजीत डे ने रामपुर परियोजना के प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने 31 मार्च 2026 को हासिल किए गए 2108.033 मिलियन यूनिट बिजली उत्पादन को बड़ी उपलब्धि बताया। साथ ही उन्होंने परियोजना के वाणिज्यिक संचालन के 10 साल पूरे होने पर टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धियां टीम की मेहनत, अनुशासन और बेहतर वित्तीय प्रबंधन को दर्शाती हैं। उन्होंने रामपुर हाइड्रो पावर स्टेशन को देश के बेहतरीन पावर स्टेशनों में से एक बताया और कहा कि आगे भी इसी तरह बेहतर प्रदर्शन जारी रखना जरूरी है। वहीं, एनएचपीसी के निदेशक (वित्त) महेश कुमार शर्मा ने भी परियोजना की प्रगति की सराहना की। उन्होंने कहा कि तकनीकी दक्षता और मजबूत वित्तीय प्रबंधन के बीच संतुलन बनाए रखना जरूरी है। उन्होंने टीम को आगे भी बेहतर प्रदर्शन करने और नए लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रेरित किया। दौरे के दौरा अधिकारियों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधारोपण भी किया।



रामपुर हाइड्रो पावर स्टेशन को एसजेवीएन और एनएचपीसी अधिकारियों ने सराहा। अनंत ज्ञान

# रोहड़ू फायरिंग कांड ने खोली कानून व्यवस्था की पोल: राकेश जम्वाल

- धार्मिक आयोजन में महिला की मौत पर उठाए सवाल
- निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** रोहड़ू उपमंडल के कुलगांव में धार्मिक आयोजन के दौरान हुई फायरिंग की घटना ने प्रदेश की कानून-व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए हैं। भाजपा प्रदेश मुख्य प्रवक्ता राकेश जम्वाल ने इस घटना पर गहरा दु:ख व्यक्त करते हुए मृतका रितिका (उर्फ गुड़िया) के परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की है। उन्होंने इसे केवल एक हादसा नहीं, बल्कि प्रदेश में बिगड़ती कानून-व्यवस्था और प्रशासनिक विफलता का परिणाम बताया।



उन्होंने कहा कि धार्मिक और सामाजिक आयोजनों में हर्ष फायरिंग जैसी घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं, लेकिन सरकार इन्हें रोकने में पूरी तरह असफल रही है। उनके अनुसार इस घटना से स्पष्ट होता है कि प्रदेश में कानून का भय समाप्त हो चुका है और प्रशासन निष्क्रिय बना हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि यदि समय रहते प्रशासन और पुलिस सतर्क होते, तो इस तरह की दुखद घटना को टाला जा सकता था।

राकेश जम्वाल ने रोहड़ू अस्पताल में शव को ले जाने की व्यवस्था पर भी सवाल उठाते हुए इसे प्रशासन की असंवेदनशीलता करार दिया। उन्होंने कहा कि परिजनों का आक्रोश पूरी तरह जायज है और सरकार को इस मामले में जवाबदेह होना चाहिए। भाजपा ने इस प्रकरण की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने की बात कही है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# रामपुर बुशहर में गोसेवकों ने उठाई गोमाता को 'राष्ट्र माता' का दर्जा देने की आवाज

अनंत ज्ञान

**आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर।** गो माता के संरक्षण, संवर्धन तथा भारतीय संस्कृति में गो-आधारित जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रामपुर बुशहर में 'गो सम्मान आह्वान अभियान' के अंतर्गत प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान स्थानीय गोसेवकों एवं संस्था पदाधिकारियों ने एसडीएम रामपुर को ज्ञापन देकर गौवंश की सुरक्षा के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की।

ज्ञापन में मांग की गई कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 48 एवं 51ए (जी) की भावना के अनुरूप गौवंश को 'राष्ट्रमाता/राष्ट्र आराध्या' का संवैधानिक दर्जा प्रदान किया जाए तथा देशभर में गौ संरक्षण हेतु एक एकीकृत केंद्रीय कानून बनाया जाए। साथ ही गौसेवा के लिए केंद्रीय गौसेवा मंत्रालय की स्थापना की मांग भी प्रमुख रूप से उठाई गई। संस्था प्रतिनिधियों ने कहा कि वर्तमान समय में दुर्घटनाओं, तस्करी तथा अव्यवस्था के कारण गौवंश संकट में है। ऐसे में सरकार एवं प्रशासन को ठोस नीति बनाकर गौ माता के संरक्षण के लिए गंभीर कदम उठाने चाहिए।

उन्होंने बताया कि यह अभियान देशभर में चलाया जा रहा है और इसी कड़ी में रामपुर बुशहर में भी प्रशासन के माध्यम से भारत सरकार को जनभावनाओं से अवगत करवाया गया। ज्ञापन सौंपने वालों ने उम्मीद जताई कि प्रशासन इस मांगपत्र को उचित माध्यम से उच्च अधिकारियों व केंद्र सरकार तक पहुंचाएगा, ताकि गो संरक्षण को लेकर ठोस नीति लागू हो सके।



रामपुर में एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए गोसेवक। अनंत ज्ञान

# आईआईएएस शिमला में 'विकसित भारत 2047' पर राष्ट्रीय संगोष्ठी शुरू

- समावेशी विकास पर मंथन विकसित भारत के लक्ष्य पर शिक्षाविदों की चर्चा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** शिमला स्थित भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान (आईआईएएस) में सोमवार से 'विकसित भारत 2047: चुनौतियाँ और अवसर' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी की शुरुआत हुई। इस संगोष्ठी का उद्देश्य देश के समग्र, समावेशी और सतत विकास के विभिन्न पहलुओं पर व्यापक मंथन करना तथा विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा में बौद्धिक योगदान देना है।

उद्घाटन सत्र में संयोजक एवं महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. मनोज दीक्षित ने विषय की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए विकसित भारत 2047 की अवधारणा को विस्तार से समझाया। उन्होंने इसे शासन, शिक्षा, पर्यावरण, सामाजिक समावेशन और आर्थिक विकास से जोड़कर इसकी बहुआयामी प्रकृति पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रो. आर. के. मिश्रा ने भारत के विकास पथ में आने वाली चुनौतियों व संभावनाओं पर विचार रखे। उन्होंने कहा कि इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए नीतियों में बेहतर समन्वय और प्रभावी क्रियान्वयन आवश्यक है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के निदेशक प्रो. हिमांशु कुमार चतुर्वेदी ने की। उन्होंने कहा कि विकसित भारत 2047 केवल आर्थिक प्रगति का लक्ष्य नहीं, बल्कि इसमें सांस्कृतिक चेतना, सामाजिक समरसता और बौद्धिक परंपरा का भी समावेश है। उद्घाटन सत्र में सचिव मेहर चंद नेगी ने स्वागत भाषण दिया व डॉ. अखिलेश पाठक ने संचालन किया। संगोष्ठी में शिक्षा, पर्यावरण, शासन, नीति और आर्थिक परिदृश्य जैसे विषयों पर गहन चर्चा प्रस्तावित है। देशभर से आए शिक्षाविद और विशेषज्ञ इसमें भाग ले रहे हैं। दूसरे दिन भारतीय चिंतन की परंपरा और विकसित भारत के समग्र विजन पर भी विचार-विमर्श होगा।

# चिट्टा तस्करी में बिहार से दो आरोपी गिरफ्तार

## बालूगंज पुलिस की कार्रवाई में 40 लाख के लेनदेन का खुलासा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** राजधानी शिमला में नशा तस्करी के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई के दौरान एक बड़े नेटवर्क का खुलासा हुआ है। पुलिस ने इस मामले में बिहार से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है और जांच में लाखों रुपये के लेनदेन का पता चला है।

पुलिस के अनुसार इस मामले की शुरुआत 23 फरवरी को तब हुई थी, जब थाना बालूगंज में एक मामला दर्ज किया गया। इस दौरान अविनाश चौहान, जो शिमला जिले के चौपाल क्षेत्र का निवासी है, के कब्जे से 6.7 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) बरामद किया गया था। इसके बाद पुलिस ने इस मामले को सिर्फ एक गिरफ्तारी तक सीमित न रखते हुए इसके पीछे के पूरे नेटवर्क का पता लगाने की कोशिश शुरू की।

जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी से पूछताछ की, डिजिटल साक्ष्यों का विश्लेषण किया और उसके बैंक खातों की जांच की। इस प्रक्रिया में सामने आया कि अविनाश चौहान शिमला से बिहार के रहने वाले विशाल नाम के व्यक्ति और उसके साथियों को पैसे भेज रहा था। इसके बाद पुलिस ने इस मनी ट्रेल का पीछा करते हुए बिहार तक पहुंच बनाई।

बालूगंज पुलिस की टीम ने 24 अप्रैल को बिहार के भोजपुर जिले के हरदुआ गांव से दो आरोपियों विशाल यादव (20) और जय प्रकाश (27) को गिरफ्तार किया। दोनों को ट्रांजिट रिमांड पर शिमला लाया गया है और उनसे पूछताछ की जा रही है।

जांच में यह भी सामने आया है कि विशाल यादव के बैंक खातों में सिर्फ पांच महीनों के भीतर करीब 40 लाख रुपये का लेनदेन हुआ। पुलिस के मुताबिक, इन खातों से लगभग रोज नकद निकासी की जाती थी, जिससे यह संदेह और मजबूत होता है कि यह एक संगठित नशा तस्करी नेटवर्क का हिस्सा है। एसएसपी शिमला गौरव सिंह ने बताया कि इस मामले में अभी और जांच जारी है । पुलिस के अनुसार इस तरह की कार्रवाई का उद्देश्य सिर्फ छोटे स्तर के तस्करों को पकड़ना नहीं, बल्कि पूरे सप्लाई नेटवर्क को तोड़ना है।



एसएसपी ने बताया कि इस साल अब तक एनडीपीएस एक्ट के तहत 111 मामले दर्ज किए जा चुके हैं, जिनमें 235 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा सप्लाई चेन को तोड़ने के लिए अलग-अलग राज्यों जैसे पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, बिहार, केरल और भारत-नेपाल सीमा से जुड़े 30 आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया है।

# संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतें: ज्योति राणा

- भूस्खलन रोकथाम कार्यों को लेकर गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण शिमला के तत्वावधान में राज्य आपदा न्यूनीकरण निधि समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिले में चल रहे भूस्खलन रोकथाम कार्यों की प्रगति और निधि के उपयोग की विस्तृत समीक्षा की गई। यह निरीक्षण अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी ज्योति राणा के निर्देशन में संपन्न हुआ। निरीक्षण दल ने विभिन्न स्थलों का दौरा कर कार्यों की गुणवत्ता, प्रगति और सुरक्षा मानकों का गहन परीक्षण किया।

बैठक के दौरान एडवांस अध्ययन चौक से बालूगंज चौक मार्ग, गुम्मा-पुजाली बाघी सड़क तथा गुम्मा-बाघी-नारकंडा मार्ग पर चल रहे भूस्खलन रोकथाम कार्यों की समीक्षा की गई। समिति ने कार्यों की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं। इसके साथ ही संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सावधानी बरतते हुए सुरक्षा मानकों का पूर्ण पालन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

ज्योति राणा ने कहा कि इन परियोजनाओं का मुख्य उद्देश्य भूस्खलन की घटनाओं को कम करना और आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्यों को शीघ्र पूरा करने तथा निधि का पारदर्शी और प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में लोक निर्माण विभाग, जल शक्ति विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

**प्रक्रिया** सुन्नी बांध परियोजना को लेकर भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया आरंभ

# शिमला-मंडी के 12 गांव आए दायरे में

- भूमि लेन-देन पर रोक, 60 दिन में आपत्ति का अवसर

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में लंबे समय से प्रतीक्षित सुन्नी बांध जलविद्युत परियोजना को लेकर महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। प्रदेश के ऊर्जा विभाग ने इस महत्वाकांक्षी योजना के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रारंभिक अधिसूचना जारी कर दी है। लगभग 382 मेगावाट क्षमता वाली यह परियोजना प्रदेश की ऊर्जा उत्पादन क्षमता को सुदृढ़ करने के साथ-साथ क्षेत्रीय विकास का नया अध्याय खोलने वाली मानी जा रही है।

अधिसूचना के अनुसार शिमला और मंडी जिलों के कुल 12 गांवों की लगभग 9 हेक्टेयर से अधिक निजी भूमि इस प्रक्रिया के अंतर्गत आएगी। शिमला जिले के सुन्नी और कुमारसैन क्षेत्र के मंगना, लुंसू, जैशी, भरारा और माजरोग गांव, जबकि मंडी जिले के करसोग क्षेत्र के भौरा, जकलीन, मगन, फाफन, परलोग, बेलुधांक और खारयाली गांव इस योजना से प्रभावित होंगे। इससे संबंधित क्षेत्रों में प्रशासनिक गतिविधियां तेज हो गई हैं।

सामाजिक प्रभाव आकलन रिपोर्ट के अनुसार इस परियोजना के कारण किसी भी परिवार के विस्थापन की संभावना नहीं बताई गई है, जो स्थानीय लोगों के लिए राहत का विषय है। हालांकि अधिसूचना लागू होते ही प्रभावित क्षेत्रों में भूमि की खरीद-फरोख्त और हस्तांतरण पर रोक लगा दी गई है। यह प्रावधान भूमि अधिग्रहण कानून 2013 के तहत लागू किया गया है ताकि प्रक्रिया पारदर्शी और व्यवस्थित ढंग से पूरी की जा सके।

प्रभावित नागरिकों को अधिसूचना जारी होने की तिथि से 60 दिन के भीतर अपनी आपत्तियां या सुझाव दर्ज कराने का अवसर दिया गया है। प्रशासन ने लोगों से आग्रह किया है कि वे निर्धारित समय सीमा के भीतर अपनी बात रखें ताकि सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए निर्णय लिया जा सके। विशेषज्ञों का मानना है कि यह परियोजना न केवल बिजली उत्पादन बढ़ाएगी बल्कि क्षेत्र में रोजगार, सड़क, संचार और अन्य आधारभूत सुविधाओं के विकास को भी गति देगी।

इस परियोजना के पूर्ण होने पर हिमाचल प्रदेश की ऊर्जा आत्मनिर्भरता को नई दिशा मिलने की संभावना है। इससे राज्य को अतिरिक्त बिजली उत्पादन के माध्यम से राजस्व में भी वृद्धि होगी। स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे, विशेषकर निर्माण और रखरखाव के चरण में। साथ ही, परियोजना क्षेत्र में बुनियादी ढांचे के विकास से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। विशेषज्ञों का मानना है कि यह योजना दीर्घकालिक रूप से क्षेत्रीय विकास और ऊर्जा सुरक्षा के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी।

### आर्थिक गतिविधियों को मिलेगी नई ऊंचाई

**अंततः** यह परियोजना जहां एक ओर प्रदेश को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मजबूत कदम है, वहीं दूसरी ओर स्थानीय विकास और आर्थिक गतिविधियों को नई ऊंचाई देने की संभावना भी अपने साथ लेकर आई है, जिससे आने वाले समय में यह क्षेत्र प्रगति का महत्वपूर्ण केंद्र बन सकता है।

# खनिज ढोने वाले वाहनों पर चेक पोस्ट शुल्क लागू

- सरकार की सख्ती से अवैध खनन पर कसा शिकंजा
- बाहरी राज्यों से आने वाले खनिज वाहनों पर 1000 से 3000 रुपए तक शुल्क

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश सरकार ने अवैध खनन, परिवहन और भंडारण पर लगाम कसने के लिए बड़ा कदम उठाते हुए राज्य में प्रवेश करने वाले खनिज ढोने वाले वाहनों पर चेक पोस्ट संचालन एवं आधारभूत संरचना शुल्क लागू कर दिया है। इस नई व्यवस्था के तहत बाहरी राज्यों से खनिज लेकर आने वाले वाहनों को अब प्रवेश के समय निर्धारित शुल्क अदा करना होगा, जिससे अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण और परिवहन व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सकेगी।

सरकार ने यह निर्णय तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया है, जिसके बाद सीमावर्ती क्षेत्रों में निगरानी और सख्ती बढ़ने की संभावना है। नई अधिसूचना के अनुसार ट्रैक्टर-ट्रॉली और छोटे वाहनों से 1000 रुपये, एक धुरी (सिंगल एक्सल) वाहनों से 1500 रुपये तथा बहु-धुरी (मल्टी एक्सल) वाहनों से 3000 रुपये प्रति प्रवेश शुल्क लिया जाएगा। उद्योग विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव आर.डी. नजीम द्वारा जारी आदेशों में स्पष्ट किया गया है कि प्रत्येक वाहन चालक को प्रवेश के समय शुल्क जमा करने के बाद एक सत्यापन रसीद प्रदान की जाएगी। यह रसीद राज्य के भीतर विभिन्न चेक पोस्ट और जांच के दौरान प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा, ताकि पारदर्शिता बनी रहे और अवैध परिवहन पर प्रभावी रोक लगाई जा सके।

सरकार का मानना है कि इस कदम से न केवल अवैध खनन गतिविधियों पर अंकुश लगेगा, बल्कि राजस्व में भी वृद्धि होगी। साथ ही, चेक पोस्ट व्यवस्था को मजबूत कर खनिज परिवहन की निगरानी प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा।

# पंचायत चुनाव को लेकर मतदाता सूचियां फाइनल, जल्द जारी होगा चुनावी शेड्यूल

## अब निर्वाचन आयोग की ओर से चुनाव कार्यक्रम की औपचारिक घोषणा का इंतजार

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में पंचायत चुनाव को लेकर अब तस्वीर पूरी तरह साफ होती नजर आ रही है। राज्यभर में मतदाता सूचियों के अंतिम प्रकाशन के साथ ही चुनावी तैयारियां निर्णायक चरण में पहुंच गई हैं। अब निर्वाचन आयोग की ओर से चुनाव कार्यक्रम की औपचारिक घोषणा का इंतजार है, जिसके साथ ही पूरे प्रदेश में चुनावी माहौल तेज हो जाएगा।

जानकारी के अनुसार प्रदेश की 3773 पंचायतों में इस बार पंचायत प्रधान, उपप्रधान, वार्ड सदस्य, पंचायत समिति सदस्य और जिला परिषद सदस्य सहित पांच प्रमुख पदों के लिए मतदान कराया जाएगा। सभी जिलों में मतदाता सूचियों को अंतिम रूप दे दिया गया है, जिससे यह सुनिश्चित हो गया है कि पात्र मतदाता ही लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग ले सकें। प्रशासनिक स्तर पर भी सभी आवश्यक औपचारिकताएं लगभग पूरी कर ली गई हैं।

जिला हमीरपुर सहित अन्य जिलों में संशोधित मतदाता सूचियां एक अप्रैल 2026 की अर्हता तिथि के आधार पर तैयार की गई हैं। अधिकारियों के अनुसार, पंचायतों के पुनर्गठन और सीमांकन से प्रभावित क्षेत्रों में भी सूचियों का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है। इससे चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता और सटीकता बनाए रखने में मदद मिलेगी। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे अपनी-अपनी पंचायतों में जाकर सूचियों का अवलोकन करें और किसी भी त्रुटि की जानकारी समय रहते दें।

चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के बाद आदर्श आचार संहिता लागू हो जाएगी, जिसके तहत सभी राजनीतिक गतिविधियों पर नियमन रहेगा। संभावित उम्मीदवारों ने भी अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं और गांव स्तर पर संपर्क अभियान शुरू हो गए हैं। पंचायत चुनाव को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में उत्साह का माहौल बनता जा रहा है। प्रशासन ने शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा और व्यवस्थाओं को लेकर भी रणनीति तैयार कर ली है, ताकि लोकतांत्रिक प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न हो सके।

### ग्रामीण क्षेत्र में पहले से ही सरगर्मियां तेज

**अब** सबकी निगाहें राज्य निर्वाचन आयोग पर टिकी हैं, जो कभी भी पंचायत चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर सकता है। माना जा रहा है कि घोषणा के साथ ही प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लागू हो जाएगी और चुनावी सरगर्मियां चरम पर पहुंच जाएंगी। ग्रामीण क्षेत्रों में पहले ही राजनीतिक गतिविधियां तेज होने लगी हैं और संभावित उम्मीदवारों ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं, जिससे आने वाले दिनों में चुनावी माहौल और अधिक गर्माने के आसार हैं।

◆ 3773 पंचायतों में पांच पदों के लिए होगा मतदान

# सीएम सुक्खू ने कसुम्पटी को दी 51 करोड़ की सौगात

## मुख्यमंत्री ने एक दिवसीय दौरे के दौरान किए 15 परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास

अनंत ज्ञान



कसुम्पटी में सीएम सुक्खू 15 परियोजनाओं के शिलान्यास-उद्घाटन करते हुए। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सोमवार को ज़िला शिमला के कसुम्पटी विधानसभा क्षेत्र के एक दिवसीय दौरे के दौरान विकास कार्यों को गति देने के लिए 51.10 करोड़ रुपये की लागत वाली 15 परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। यह कार्यक्रम धरेच और चियोग क्षेत्रों में आयोजित किया गया, जहां बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री ने जिन परियोजनाओं का शिलान्यास किया, उनमें सड़क निर्माण से जुड़े कई अहम काम शामिल हैं। इनमें 15.23 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली फागू-धरेच सड़क, 7.85 करोड़ रुपये की धरेच-चटोग वाया मांडा सड़क, 4.81 करोड़ रुपये की डरन-जुब्बड़ सड़क और 1.50 करोड़ रुपये की खेती जुब्बड़-खद्ररव सड़क शामिल हैं। इसके अलावा 2 करोड़ रुपये की फागू-सरिऊ सड़क, 2.70 करोड़ रुपये की बंगापानी-चडैल सड़क, 3 करोड़ रुपये की चियोग-जठाई सड़क, 2.50 करोड़ रुपये की धलेऊ-जनू नाला सड़क और 2.60 करोड़ रुपये की न्होग-कनेशी सड़क का भी शिलान्यास किया गया।

अन्य परियोजनाओं में 1 करोड़ रुपये की धलैऊ-धार सड़क, 2 करोड़ रुपये की क्यानाला-सरोग सड़क, 90 लाख रुपये की चियोग बाजार से गांव मेहाना सड़क और 1 करोड़ रुपये की तलाई-देहना से गांव करयाल सड़क शामिल हैं। इसके साथ ही 1.14 करोड़ रुपये की लागत से धरेच में सामुदायिक केंद्र और पंचायत घर बनाने की योजना भी शुरू की गई। दौरे के दौरान मुख्यमंत्री ने 2.85 करोड़ रुपये की लागत से बनी चियोग बाईपास सड़क का उद्घाटन भी किया, जिससे क्षेत्र में यातायात व्यवस्था बेहतर होने की उम्मीद है।

# ऊना में लूट की वारदातों का खुलासा जालंधर से दो आरोपी किए गिरफ्तार

अनंत ज्ञान

◆ शराब ठेका लूट और पेट्रोल पंप पर हमले का राज खुला

◆ पुलिस की ने तीसरे आरोपी की तलाश जारी

**ऊना।** जिले में हाल ही में हुई लूट की घटनाओं का पुलिस ने सफलतापूर्वक खुलासा कर दिया है। त्यूड़ी में शराब ठेके पर लूट और बहडाला स्थित पेट्रोल पंप पर लूट के प्रयास के मामले में पुलिस ने पंजाब के जालंधर से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि तीसरे आरोपी की तलाश जारी है।

सोमवार को आयोजित पत्रकारवार्ता में पुलिस अधीक्षक सचिन हिरेमठ ने बताया कि 23 अप्रैल की देर रात त्यूड़ी में दोपहिया वाहनों पर सवार होकर आए आरोपियों ने शराब ठेके से करीब 35 हजार रुपए की नकदी और शराब की बोतलें लूट ली थीं। इसके दो दिन बाद 25 अप्रैल को इसी गिरोह ने बहडाला स्थित पेट्रोल पंप पर देर रात लूट का प्रयास किया।

पुलिस के अनुसार, दोनों घटनाओं में इस्तेमाल किए गए हथियार और वाहन एक जैसे पाए गए, जिससे संदेह हुआ कि दोनों वारदातों को एक ही गिरोह ने अंजाम दिया है। इसी आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सदर थाना प्रभारी गौरव के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की और पंजाब के जालंधर में दबिश दी।

इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने अनमोल दत्त पुत्र विजय कुमार निवासी संतोखपुरा, जालंधर और सुरजीत सिंह पुत्र बलवीर सिंह निवासी नकोदर, जालंधर को गिरफ्तार कर लिया। इनमें से सुरजीत सिंह को दोनों वारदातों का मुख्य आरोपी बताया जा रहा है।

गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों को रविवार रात ऊना लाया गया है। पुलिस अब तीसरे आरोपी की तलाश में जुटी हुई है और मामले की गहनता से जांच जारी है।

## प्रदेश कांग्रेस की बैठक में चुनावी रणनीति पर मंथन, पंचायत से विधानसभा चुनाव तक तैयारी तेज

# जनता तक पहुंच का मुख्य माध्यम ब्लॉक अध्यक्ष : रजनी पाटिल

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश कांग्रेस नेतृत्व ने आगामी पंचायत और विधानसभा चुनावों को लेकर संगठनात्मक तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी कड़ी में प्रदेश अध्यक्ष द्वारा नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्षों की एक अहम बैठक धर्मशाला में आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न जिलों से करीब 30-30 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने और चुनावी रणनीति को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।

ब्लॉक अध्यक्षों के जरिए जनता तक पहुंचती है पार्टी बैठक उपरांत मीडिया से बातचीत में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी रजनी पाटिल ने कहा कि ब्लॉक अध्यक्ष संगठन की रीढ़ होते हैं, जिनके माध्यम से पार्टी सीधे जनता तक पहुंचती है इसलिए आगामी चुनावों को देखते हुए प्रत्येक स्तर पर कार्यकर्ताओं को सक्रिय किया जाएगा । उन्होंने कहा कि पार्टी जल्द ही जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं और नाराजगी के कारणों को समझेगी तथा उसी आधार पर मुद्दों को तय किया जाएगा। बैठक में प्रदेश की आर्थिक स्थिति पर भी चर्चा की गई।

### प्रदेश में बनी हैं आर्थिक चुनौतियां

**नेताओं** ने कहा कि हिमाचल जैसे लैंडलॉक राज्य को केंद्र सरकार से पर्याप्त सहयोग की आवश्यकता होती है, लेकिन वर्तमान परिस्थितियों में आर्थिक चुनौतियां बनी हुई हैं ।

### प्रत्याशी चयन को लेकर कमेटी गठित

**उम्मीदवार** चयन प्रक्रिया को लेकर भी मंथन हुआ । रजनी पाटिल ने कहा कि इसके लिए एक समिति गठित की गई है, जो विभिन्न स्तरों पर फीडबैक लेकर अंतिम निर्णय प्रदेश नेतृत्व के साथ चर्चा के बाद करेगी ।

### महिलाओं को मिलेगी प्राथमिकता

**उन्होंने** संकेत दिए हैं कि महिलाओं को प्राथमिकता देने की नीति को आगे भी जारी रखा जाएगा । नेताओं ने कहा कि लोकतंत्र में जनता को सवाल पूछने का अधिकार है और पार्टी इन सवालों का जवाब देने के लिए जनता के बीच जाएगी । साथ ही सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को भी लोगों तक पहुंचाया जाएगा । अंत में प्रदेश प्रभारी ने कहा कि पार्टी एकजुट होकर चुनावी मैदान में उतरेगी और संगठन को और अधिक मजबूत बनाते हुए जनता का विश्वास जीतने का प्रयास करेगी।

# प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा का शिमला दौरा बना चुनावी संकेत

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, शिमला।** भाजपा के प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा के शिमला आगमन ने राज्य की सियासत में नई हलचल पैदा कर दी है। चक्कर स्थित पार्टी मुख्यालय 'दीप कमल' पहुंचने पर उनका पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से भव्य स्वागत किया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। स्वागत कार्यक्रम के माध्यम से भाजपा ने संगठनात्मक मजबूती और चुनावी तैयारियों को लेकर अपनी एकजुटता का स्पष्ट संदेश दिया।

प्रदेश प्रभारी का यह दौरा खास तौर पर आगामी नगर निगम और नगर परिषद चुनावों के मद्देनजर बेहद अहम माना जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, मंगलवार को पार्टी द्वारा प्रबंधन टोलियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जा सकती है, जिसमें चुनावी रणनीति को अंतिम रूप देने पर गहन मंथन होगा। बैठक में बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय करने, जनसंपर्क अभियानों को तेज करने और प्रत्येक क्षेत्र की राजनीतिक परिस्थिति के अनुसार रणनीति तय करने पर विशेष जोर रहेगा।

इसके साथ ही चारों नगर निगम क्षेत्रों के लिए गठित प्रबंधन टोलियों के साथ अलग-अलग बैठकों की भी संभावना है, जहां उम्मीदवार चयन, स्थानीय मुद्दों की पहचान और प्रचार-प्रसार की विस्तृत कार्ययोजना पर चर्चा होगी। भाजपा नेतृत्व को विश्वास है कि मजबूत संगठन, कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी और जनकल्याणकारी नीतियों के आधार पर पार्टी चुनावी मैदान में मजबूती से उतरेगी।

# रोहडू-नारकंडा में आचार संहिता लागू

## अब सभी सरकारी गतिविधियों पर रखी जाएगी कड़ी निगरानी

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** प्रदेश में स्थानीय निकाय चुनावों को लेकर बड़ा प्रशासनिक कदम उठाते हुए राज्य निर्वाचन आयोग ने रोहडू नगर परिषद और नारकंडा नगर पंचायत के लिए मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया है।

आयोग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार 27 अप्रैल 2026 को चुनाव कार्यक्रम घोषित होते ही संबंधित क्षेत्रों में आचार संहिता प्रभावी हो गई है, जिससे अब सभी सरकारी गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी और चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष बनाने की दिशा में सख्त कदम उठाए जाएंगे।

राज्य निर्वाचन आयोग ने संविधान के अनुच्छेद 243जेडए और हिमाचल प्रदेश नगर निगम अधिनियम 1994 के तहत प्राप्त शक्तियों का उपयोग करते हुए यह निर्णय लिया है। आयोग ने स्पष्ट किया है कि आचार संहिता के लागू होते ही किसी भी प्रकार की नई सरकारी घोषणाएं, योजनाओं का उद्घाटन या राजनीतिक लाभ के उद्देश्य से किए जाने वाले कार्यों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे निष्पक्षता बनाए रखते हुए चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करवाएं।

इस अधिसूचना के साथ ही प्रदेश के उच्च प्रशासनिक तंत्र को भी सक्रिय कर दिया गया है। राज्यपाल, मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक सहित सभी वरिष्ठ अधिकारियों को इसकी जानकारी भेजी गई है ताकि समन्वय के साथ चुनाव प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा सके। जिला प्रशासन शिमला, पुलिस विभाग और सूचना एवं जनसंपर्क विभाग को भी विशेष रूप से सतर्क रहने और हर गतिविधि पर नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं।

चुनाव की घोषणा के बाद रोहडू और नारकंडा क्षेत्र में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। संभावित प्रत्याशी सक्रिय हो गए हैं और जनसंपर्क अभियान की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। ऐसे में आचार संहिता का सख्ती से पालन सुनिश्चित करना प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती माना जा रहा है। निर्वाचन आयोग ने यह भी संकेत दिया है कि किसी भी प्रकार के उल्लंघन पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

### अधिकारियों को निष्पक्ष कार्य करने के निर्देश

**मॉडल** कोड ऑफ कंडक्ट लागू होने के बाद अब चुनावी क्षेत्रों में सरकारी मशीनरी पूरी तरह निर्वाचन आयोग के नियंत्रण में रहेगी। अधिकारियों और कर्मचारियों को निष्पक्ष रहकर कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं, वहीं राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों को भी नियमों का पालन करना अनिवार्य होगा। इससे चुनावी माहौल में पारदर्शिता और अनुशासन आने की उम्मीद जताई जा रही है।

# अनुराग ठाकुर ने पीएसी बैठक में धर्मशाला व शिमला एयरपोर्ट की समस्याओं पर की चर्चा




हिमाचल में पर्यटन और बुनियादी ढांचे पर मंथन करते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग ठाकुर ने लोक लेखा समिति (पीएसी-2025-26) धर्मशाला में आयोजित बैठक में विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों, हिमाचल सरकार तथा संबंधित संगठनों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ चर्चा में सक्रिय रूप से भाग लिया। पर्यटन मंत्रालय और हिमाचल सरकार के साथ हुई बैठक में अनुराग ठाकुर ने स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के तहत चिंतपूर्णी मंदिर के पुनर्विकास सहित राज्य में पर्यटन क्षेत्र की अन्य महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर चर्चा की।

उन्होंने इन परियोजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया ताकि हिमाचल प्रदेश में पर्यटन के बुनियादी ढांचे को मजबूत किया जा सके और सांस्कृतिक व धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिल सके। साथ ही अनुराग ठाकुर ने राज्य के पर्यटन अधिकारियों के साथ एडवेंचर टूरिज्म से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा की। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, एनएचएआई, एनएचआईडीसीएल तथा अन्य एजेंसियों के साथ बैठक में अनुराग ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश में सार्वजनिक बुनियादी ढांचे और सड़कों पर शुल्क, टैरिफ तथा यूजर चार्जेस के आरोपण एवं विनियमन से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की। इसके साथ ही उन्होंने हिमाचल राज्य द्वारा हाल में लागू किए गए रोड टैक्स के मुद्दे को भी उठाया। नागरिक उड्डयन मंत्रालय, डीजीसीए, एएआई तथा अन्य हितधारकों के साथ रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम-उड़ान पर चर्चा के दौरान अनुराग ठाकुर ने क्षेत्र में हवाई कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए धर्मशाला एयरपोर्ट के विस्तार और शिमला एयरपोर्ट की चल रही समस्याओं को उठाया।

# प्रदेश में कानून व्यवस्था का निकला जनाजा: जयराम ठाकुर

अनंत ज्ञान



पंडित सुखराम को श्रद्धांजलि देते हुए पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर। अनंत ज्ञान

**अनिल शर्मा, मंडी।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश की वर्तमान सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि सुक्खू सरकार पूरी तरह सुप्त अवस्था में है और प्रदेश की कानून व्यवस्था चरमरा चुकी है। मंडी में मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि हाल के समय में अपराध के ग्राफ ने पुराने सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं, जो शांत और देवभूमि के रूप में पहचाने जाने वाले हिमाचल के लिए चिंताजनक है। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को सीधे तौर पर जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि गृह विभाग उनके पास होने के बावजूद अपराध नियंत्रण को लेकर अपेक्षित गंभीरता नहीं दिखाई दे रही।

जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में लगातार हत्या जैसी घटनाएं सामने आ रही हैं और अपराधियों में कानून का भय समाप्त होता जा रहा है। उन्होंने मांग की कि सरकार तुरंत उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक बुलाए और प्रदेशभर में पुलिस की सख्त मौजूदगी सुनिश्चित करे, ताकि अपराधों पर लगाम लगाई जा सके। साथ ही रोहडू क्षेत्र में हाल ही में हुई घटना पर दुख व्यक्त करते हुए मृतक महिला के परिजनों के प्रति संवेदनाएं भी प्रकट कीं।

इससे पूर्व जयराम ठाकुर ने पूर्व केंद्रीय संचार मंत्री पंडित सुखराम की पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने पंडित सुखराम को 'संचार क्रांति का मसीहा' बताते हुए कहा कि उनके प्रयासों से ही हिमाचल के दूरदराज क्षेत्रों तक संचार सुविधाएं पहुंच पाईं। इस अवसर पर विधायक अनिल शर्मा और आश्रय शर्मा भी उपस्थित रहे।

**असमंजस** केवाईसी न कराने पर सब्सिडी बंद, मैसेज व एक्चुअल बिल में भी अंतर

# बिजली बिलों ने परेशानी में डाले उपभोक्ता

अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

◆ अप्रैल से दो से ज्यादा मीटर कनेक्शन पर नहीं मिलेगा 125 यूनिट का फायदा

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** सूबे में बिजली बिलों के नए टैरिफ के फेर बदल से उपभोक्ता परेशानी में आ गए हैं। दो से ज्यादा कनेक्शन वाले उपभोक्ताओं को इसी महीने से 125 यूनिट फ्री बिजली का फायदा नहीं मिलने का सिलसिला शुरू हो गया है। इस रेंज में ज्यादातर उपभोक्ता फंस गए हैं, लेकिन उपभोक्ताओं के लिए एक और समस्या यह भी है। जिन्होंने केवाईसी नहीं करवाई है, उन्हें इस माह बढ़े हुए बिल थमाए गए हैं। यानी राज्य सरकार से जिस सब्सिडी का उन्हें फायदा मिलना था, वह नहीं मिल पाया है। प्रति यूनिट ज्यादा वसूली मुकम्मल रेट टैरिफ के आधार पर उनसे की जा रही है।

यही नहीं, काफी तादाद में उपभोक्ताओं को यह दिक्कत भी सामने आ रही हैं कि उन्हें फोन पर जो एसएमएस संदेश मिल रहे हैं, उसमें और एक्चुअल बिल जो उनके घर में मशीन से निकालकर आउटसोर्स कर्मचारियों ने दिया है उसमें भी फर्क आया है।

इन तमाम समस्याओं को लेकर उपभोक्ताओं ने बिजली बोर्ड के कार्यालय का रुख भी कर रखा है। पिछले तीन-चार दिनों से बड़ी तादाद में लोग संबंधित बोर्ड के कार्यालयों में पहुंच रहे हैं। इस असमंजस में उन्हें ज्यादा तसल्ली तो नहीं हो रही, लेकिन साफ तौर पर यही कहा जा रहा है कि जब तक केवाईसी नहीं होगी? सब्सिडी नहीं मिलेगी और उन्हें यह भी बताना होगा कि उनके किन-किन मीटरों के कनेक्शन पर 125 यूनिट का फायदा जारी रहे। कारण यह है कि ज्यादातर उपभोक्ताओं के घरों में दो से ज्यादा मीटर कनेक्शन हैं। अब 125 यूनिट फ्री बिजली का लाभ केवल 2 मीटर कनेक्शनों तक ही यू टर्न ले चुका है।

कारण साफ है कि अब नए हालात सिस्टम और बिजली व्यवस्था का नया दौर शुरू हो चुका है, लेकिन कई उपभोक्ताओं की यह भी शिकायत है कि अप्रैल माह के बिलों में भारी भरकम इजाफा हुआ है। जबकि इस महीने ठंड का प्रकोप भी बहुत कम था ऐसे में बिजली बोर्ड की भीतरी व्यवस्था की प्रणाली पर भी संदेह होना स्वाभाविक हो चुका है। क्योंकि जिनके बिल पिछले काफी समय से जीरो के हिसाब से आ रहे थे, लेकिन अप्रैल माह में अचानक ज्यादा यूनिट कंज्यूमर बताए गए हैं। यह स्थिति भी उपभोक्ताओं को परेशानी में डाल रही है। गड़बड़ी कहां है अब इसका पता तो बिजली बोर्ड के अधिकारी तकनीकी पहलू को देखकर ही बता पाएंगे। हर महीने के हिसाब से जो बिजली के बिल उपभोक्ताओं को मिलते हैं, उसमें इस बार 36 दिनों की अवधि भी बताई गई है। अब यह सारी असमंजस कैसे दूर होगी। इस पर इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड के अधिकारियों को स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए।

### 125 यूनिट फ्री बिजली को लेकर स्पष्टता जरूरी

**हमीरपुर** के सब डिवीजन नंबर दो के एसडीओ सौरव राय का कहना है कि कुछ उपभोक्ताओं की शिकायतें आ रही हैं। उन्हें इस बाबत बताया जा रहा है जिन्होंने केवाईसी नहीं करवाई है वह करवा लें और 2 मीटर उनके 125 फ्री बिजली के दायरे में कौन-कौन से आएंगे? उनकी जानकारी भी बोर्ड के कार्यालय में जमा करवा दें। इसके अलावा यदि किसी की और दिक्कत है, ज्यादा खपत की शिकायत है तो वे भी कार्यालय में पहुंचकर इस असमंजस को दूर कर सकते हैं। उनकी दिक्कत हर हाल में दूर की जाएगी।

# 12.95 ग्राम हेरोइन सहित हरियाणा का युवक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** पुलिस चौकी शहर की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक होटल से 12.95 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) बरामद कर एक युवक को गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार, सोमवार सुबह लगभग 7:55 बजे सउनि विजय सिंह अपनी टीम के साथ गश्त पर थे। इसी दौरान उन्हें सूचना मिली कि बाहरी राज्य का एक व्यक्ति बिलासपुर के एक होटल में ठहरा हुआ है और उसके पास भारी मात्रा में नशीला पदार्थ मौजूद है।

सूचना की पुष्टि के बाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए संबंधित होटल के कमरे की तलाशी ली। तलाशी के दौरान आरोपी तेजवीर (34), पुत्र अजमेर सिंह, निवासी गांव बाहु जगालपुर, थाना सदर रोहतक (हरियाणा) के कब्जे से 12.95 ग्राम चिट्टा/हेरोइन बरामद की गई। पुलिस थाना सदर में आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच जारी है।

# सिंचाई योजनाओं को लेकर केंद्र से मांगा सहयोग

## जल शक्ति विभाग ने रखी चुनौतियां, भौगोलिक परिस्थितियों से प्रभावित योजनाएं

अनंत ज्ञान



नई दिल्ली में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में सिंचाई योजनाओं पर चर्चा करते अधिकारी। अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में सिंचाई ढांचे को मजबूत बनाने के उद्देश्य से जल शक्ति विभाग ने केंद्र सरकार से अतिरिक्त सहयोग का आग्रह किया है। विभाग के सचिव डॉ. अभिषेक जैन ने नई दिल्ली में आयोजित एक उच्च स्तरीय बैठक में प्रदेश की जरूरतों और चुनौतियों को विस्तार से रखा। यह बैठक केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना की प्रगति की समीक्षा के लिए आयोजित की गई थी। बैठक में जानकारी दी गई कि प्रदेश में 169 सतही लघु सिंचाई योजनाओं में से 149 योजनाएं सफलतापूर्वक पूरी हो चुकी हैं, जबकि शेष 20 योजनाओं पर कार्य प्रगति पर है।

सचिव ने बताया कि विभाग समयबद्ध तरीके से योजनाओं को पूरा करने के लिए निरंतर प्रयासरत है, लेकिन प्रदेश की कठिन भौगोलिक परिस्थितियां इसमें बाधा बन रही हैं। राज्य का लगभग 66 प्रतिशत क्षेत्र वन भूमि के अंतर्गत आता है, जिससे वनाधिकार और वन संरक्षण कानूनों के तहत स्वीकृतियां प्राप्त करने में विलंब होता है। इससे परियोजनाओं की गति प्रभावित होती है और समयसीमा बढ़ जाती है। इसके अतिरिक्त वर्ष 2023 और 2025 में आई प्राकृतिक आपदाओं के कारण कई परियोजनाएं प्रभावित हुईं। छह पूर्ण हो चुकी और छह निर्माणाधीन योजनाएं गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गईं, जिसके चलते परियोजनाओं को दोबारा डिजाइन करना पड़ा और भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया भी फिर से करनी पड़ी। इससे योजनाओं की लागत और समय दोनों पर असर पड़ा है।

### लागत बढ़ाने और केंद्रीय सहायता का प्रस्ताव

**बैठक** के दौरान राज्य सरकार ने कठिन क्षेत्रों में परियोजनाओं को टिकाऊ बनाने के लिए निर्माण लागत बढ़ाने का प्रस्ताव रखा। प्रति हैक्टेयर लागत को 4 लाख रुपए से बढ़ाकर 6 लाख रुपए करने की मांग की गई। साथ ही एसएमआई-111, एसएमआई-14 और एसएमआई-4 के तहत 60.41 करोड़ रुपए की केंद्रीय सहायता तथा एमआईएस के तहत 273.78 करोड़ रुपए के नए प्रस्तावों को मंजूरी देने का आग्रह भी किया गया। केन्द्रीय मंत्री ने राज्य द्वारा उठाए गए मुद्दों को गंभीरता से लेते हुए सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया।

# धर्मशाला कॉलेज के शताब्दी वर्ष पर होगा भव्य कार्यक्रम

## सिने अभिनेता देवानंद के परिवार के सदस्य आएंगे धर्मशाला, ओएसए के पदाधिकारी साध रहे पूर्व छात्रों से संपर्क

◆ नए शैक्षणिक सत्र से होगी शुरुआत, नवंबर में होगा मुख्य कार्यक्रम

अनंत ज्ञान

**राजेश कुमार, धर्मशाला।** प्रदेश के हेरिटेज कॉलेज में शुमार धर्मशाला कॉलेज जो कि इस वर्ष अपने सौ वर्ष का सफर पूरा करने जा रहा है। कॉलेज के सौ वर्ष पूरा होने पर भव्य कार्यक्रम होगा, जिसमें कॉलेज के पूर्व छात्रों को विशेष तौर पर आमंत्रित किया जाएगा।

भारतीय सिनेमा जगत के प्रख्यात अभिनेता स्व. देवानंद की भी धर्मशाला कॉलेज से यादें जुड़ी हैं, ऐसे में उनके परिवार सदस्यों को भी आमंत्रित किया जाएगा, जिसके लिए कॉलेज की ओल्ड स्टूडेंट एसोसिएशन (ओएसए) के पदाधिकारी लगातार उनके परिवार से संपर्क बनाए हुए हैं। कॉलेज के आगामी शैक्षणिक सत्र से सौ वर्ष के कार्यक्रम का आगाज होगा, जबकि मुख्य कार्यक्रम नवंबर माह में आयोजित किया जाएगा, जिसकी तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। धर्मशाला कॉलेज के पूर्व छात्रों, जो कि देश के विभिन्न राज्यों सहित विदेशों में बसे हैं, उन्हें आमंत्रित किया जा रहा है।



### कार्यक्रम की तैयारियां शुरू



**धर्मशाला** कॉलेज के प्रिंसिपल प्रो. राकेश पठानिया ने विशेष बातचीत में बताया कि धर्मशाला कॉलेज का सौ वर्ष का सफर पूरा होने पर भव्य कार्यक्रम की तैयारी शुरू हो चुकी है। आगामी शैक्षणिक सत्र की शुरूआत में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें करटेन रेजर प्रोग्राम होगा, उसके बाद मुख्य कार्यक्रम नवंबर माह में कॉलेज की ओल्ड स्टूडेंट एसोसिएशन की ओर से आयोजित किया जाएगा। उसमें कॉलेज प्रशासन भी पूरा सहयोग करेगा।

### देवानंद के परिवार से मिल चुकी है ओल्ड स्टूडेंट एसोसिएशन

**कॉलेज** के सौ वर्ष के कार्यक्रम में धर्मशाला कॉलेज के पूर्व में छात्र रहे सिने अभिनेता स्वर्गीय देवानंद के परिवार को भी कार्यक्रम में बुलाया जाएगा। इसको लेकर ओएसए के पदाधिकारी, स्व. देवानंद के परिवार के साथ संपर्क में हैं। कुछ समय पूर्व भी ओएसए के पदाधिकारी, स्वर्गीय देवानंद के परिवार से मिले थे। धर्मशाला कालेज से जुड़ी देवानंद की यादों को ओएसए की ओर से सहेजा जा रहा है। उन्होंने बताया कि कई पूर्व छात्र देश के बाहर भी बसे हुए हैं, उनके भी कांटेक्ट प्राप्त किए गए हैं, साथ ही उनसे कार्यक्रम में भाग लेने के लिए संपर्क साधा जा रहा है।

### सेमेस्टर सिस्टम के तौर पर होगी एनईपी 2020

**प्रदेश** के सभी कॉलेजों में आगामी शैक्षणिक सत्र से राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 को सेमेस्टर सिस्टम के तौर पर लागू किया जाएगा। इसके विस्तृत प्रारूप को लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन जल्द बैठक करके इसका खुलासा करेगा।

### यूजीसी की रैगिंग और हैरेसमेंट पर जीरो टॉलरेंस

**यूजीसी** की गाइडलाइन को लेकर प्रो. राकेश पठानिया ने कहा कि यूजीसी की ओर से सख्त गाइडलाइन जारी की गई है, कई जगह तो रैगिंग व हैरेसमेंट को जीरो टॉलरेंस की बात कही गई है। यूजीसी गाइडलाइन को प्रभावी तरीके से लागू करने की कॉलेज के आगामी शैक्षणिक सत्र में प्रयास किए जाएंगे। यूजीसी की गाइडलाइंस में स्पष्ट है कि विद्यार्थियों से संबंधित की समस्याओं का समाधान शिक्षकों की प्राथमिकता में शामिल होना चाहिए। यूजीसी गाइडलाइन के अनुसार शिक्षकों को पढ़ाई के साथ अन्य कार्यों को भी प्राथमिकता देनी चाहिए।

## वेद मंदिर योल में 78 दिवसीय यज्ञानुष्ठान में वेदों का संदेश

**अनंत ज्ञान, मनोज चंदेल, योल।** वेद मंदिर योल में 78 दिवसीय चारों वेदों के यज्ञानुष्ठान के अवसर पर स्वामी राम स्वरूप योगाचार्य ने श्रद्धालुओं को वेदों से उपदेश दिया कि ऋग्वेद मंत्र 4/25/6 में कहा कि जो प्रजा से चुना गया राजा है, उसके राज्य में अन्न, धन आदि की कमी न होने पाए, जिससे प्रजा सुखी रहे। राजा दुष्टों का नाश करे और सज्जनों की रक्षा करे।

ऐसे राज्य में दरिद्रता और पराजय कभी प्राप्त नहीं होती। राजा धनवानों एवं गरीबों से समान व्यवहार करे और दुष्टों को कठोर दंड दे तथा विद्वानों की निरंतर रक्षा करे, तो वेद कहते हैं कि ऐसे राजा के राज्य में कभी दु:ख प्राप्त नहीं होते। अत: राजा वेदानुसार राज्य करे, क्योंकि सृष्टि का राजा स्वयं परमेश्वर है एवं सृष्टि में व्यवहार करने के लिए परमेश्वर का संविधान चारों वेद हैं।

# ब्वॉयज स्कूल धर्मशाला में एडमिशन को लेकर असमंजस

◆ 11वीं-12वीं में एडमिशन लेने आए बच्चों के हाथ लगी निराशा

◆ उच्च अधिकारी स्थिति करें स्पष्ट, स्कूल प्रशासन ने किया आग्रह

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला के ब्वॉयज स्कूल में एडमिशन को लेकर असमंजस की स्थिति पैदा हो गई है। सोमवार को 11वीं व 12वीं कक्षा में एडमिशन लेने पहुंचे स्टूडेंट्स को निराशा हाथ लगी। वहीं स्कूल प्रशासन ने उच्च अधिकारियों से स्कूल को लेकर स्थिति स्पष्ट करने का आग्रह किया है। सोमवार को 11वीं व 12वीं में एडमिशन लेने पहुंचे स्टूडेंटस को बताया कि शनिवार को शाम को प्रशासन ने ब्वॉयज स्कूल का दर्जा घटाकर इसे हाई स्कूल कर दिया है। अब ऐसे में 11वीं व 12वीं में इस स्कूल में पढ़ने वाले स्टूडेंट्स को कैसे एडमिशन मिल पाएगी। प्रधानाचार्य ने बताया कि उन्होंने अधिकारियों से स्कूल को असमंजस की स्थिति से बाहर निकाला जाए तथा आवश्यक दिशानिर्देश जारी किए जाएं, ताकि स्टूडेंटस की एडमिशन में कोई बाधा न आए। स्टूडेंटस का कहना था कि वे दुर्गम क्षेत्रों से यहां पढ़ने आए हैं तथा वे अपनी आगे की पढ़ाई इसी स्कूल से करना चाहते हैं। वहीं,अभिभावकों ने सरकार से आग्रह किया है कि स्कूल को पुन: सीनियर सेकेंडरी किया जाए, जिससे कि उनके बच्चों की पढ़ाई इसी स्कूल से पूरी हो सके।

2 अप्रैल से ही सुचारु रूप से कक्षाएं ली जा रही हैं और बच्चों की एडमिशन बढ़ रही है, लेकिन सरकारी आदेशों ने स्टूडेंट्स सहित उनके अभिभावकों को भी असमंजस में डाल दिया है। कई लोगों को यह भी पता नहीं है कि पहले इस सकूल को सीबीएसई में कन्वर्ट कर दिया गया था, जबकि अब इसे पुन: एचपी बोर्ड कर दिया गया है।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीड़ में रोगी कल्याण समिति ने की बैठक

# स्वास्थ्य सेवाएं सुदृढ़ करने पर जोर

अनंत ज्ञान

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** विधायक किशोरी लाल की अध्यक्षता में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीड़ में रोगी कल्याण समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में अस्पताल की व्यवस्थाओं, आय-व्यय, विकास कार्यों तथा भविष्य की योजनाओं को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। समिति ने अस्पताल की आय एवं व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया और उपलब्ध संसाधनों के बेहतर एवं पारदर्शी उपयोग पर जोर दिया।



विधायक किशोरी लाल की अध्यक्षता में हुई बैठक। अनंत ज्ञान

बैठक में आगामी आवश्यकताओं के अनुरूप बजट प्रबंधन और कार्यों की प्राथमिकताएं तय करने पर भी विचार किया गया। मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विभिन्न मरम्मत एवं रखरखाव कार्यों पर विशेष चर्चा हुई। इसमें जल आपूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ करना, वाटर फिल्टर की स्थापना, ड्रेनेज सिस्टम की नियमित देखरेख तथा अस्पताल परिसर की स्वच्छता को सर्वोच्च प्राथमिकता देने जैसे मुद्दे शामिल रहे। इसके साथ ही अस्पताल परिसर में हर्बल गार्डन विकसित करने पर भी सहमति बनी, जिससे पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ मरीजों को स्वच्छ और हरित वातावरण मिल सके। परिसर के सौंदर्यीकरण और बागवानी कार्यों को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया गया। बैठक में पुराने एवं खराब उपकरणों को बदलने, नए चिकित्सा उपकरण खरीदने, फर्नीचर की व्यवस्था और कायाकल्प योजना के दिशा-निर्देशों को प्रभावी रूप से लागू करने पर चर्चा की गई। विधायक किशोरी लाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अस्पताल में मरीजों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और सभी सेवाएं समयबद्ध एवं सुचारु रूप से उपलब्ध करवाई जाएं। उन्होंने आपातकालीन सेवाओं को मजबूत करने, आवश्यक दवाइयों की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा मशीनरी के नियमित रखरखाव पर विशेष जोर दिया।

# गोवंश अत्याचार के खिलाफ उठाई आवाज, सौंपा ज्ञापन



शिवांगी ठाकुर की अगुवाई में सौंपा ज्ञापन। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**गरली।** गो सम्मान आह्वान अभियान के तहत उपमंडल देहरा में उस समय माहौल गरमा गया, जब राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी जिला कांगड़ा की अध्यक्षा शिवांगी ठाकुर के नेतृत्व में महिलाओं ने मोर्चा संभाल लिया। करियाडा-रजोल निवासी शिवांगी ठाकुर की अगुवाई में मातृशक्ति ने एकजुट होकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा और गोवंश पर हो रहे कथित अत्याचारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

इस अभियान में जिला सोशल मीडिया प्रभारी मीना कुमारी, निशा धीमान, उषा धीमान सहित कई महिलाओं ने भाग लिया। महिलाओं ने कहा कि गो माता केवल आस्था का विषय नहीं, बल्कि समाज की संस्कृति और संवेदनशीलता की पहचान हैं। शिवांगी ने कहा कि गो माता पर अत्याचार मानवता पर भी प्रहार है। उन्होंने कहा कि जो पशु समाज को सेवा और पोषण देते हैं, उनके साथ क्रूरता अस्वीकार्य है। उन्होंने चेतावनी दी कि अब भी समाज और प्रशासन नहीं जागा तो आने वाली पीढ़ियां इसे माफ नहीं करेंगी। गोवंश की सुरक्षा के लिए सख्त कानून, बेसहारा पशुओं के लिए स्थायी व्यवस्था और दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की गई।

# किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में देहरा और ढलियारा के बच्चों ने चमकाया क्षेत्र का नाम

अनंत ज्ञान

**पिंकी, डाडासीबा।** शाहपुर में आयोजित किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप में देहरा और ढलियारा के बच्चों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए कई पदक जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया। विभिन्न आयु वर्ग की इस प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी प्रतिभा, तकनीक और साहस का शानदार परिचय दिया।

फाइनल मुकाबलों में कड़ा संघर्ष देखने को मिला, जहां नन्हे खिलाड़ियों ने अपने किक्स और पंच के सटीक तालमेल से दर्शकों को प्रभावित किया। मेहनत और अनुशासन के बल पर कई प्रतिभागियों ने स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक अपने नाम किए। स्वर्ण पदक विजेताओं में अरहत, सौम्या, छेकित, अंगद, कैरावी, नव्या, नक्श भट्टी, अविग्ना, युवान और अरह शर्मा शामिल रहे, जबकि सिल्वर पदक तेनजिन और यक्ष ने जीते।



किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप में पदक जीतने वाले बच्चे। अनंत ज्ञान

अमोघ ने ब्रॉन्ज पदक हासिल किया।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि ने विजेता बच्चों को मेडल और सर्टिफिकेट प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास और शारीरिक मजबूती बढ़ाते हैं। कोच पवन ने बताया कि बच्चों ने महीनों की कड़ी ट्रेनिंग के बाद यह सफलता हासिल की है। इस उपलब्धि से न केवल खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ा है, बल्कि अन्य बच्चे भी खेलों की ओर प्रेरित होंगे। अभिभावकों और खेल प्रेमियों ने भी बच्चों की इस उपलब्धि पर खुशी जताई।

## धर्मशाला में आईवीएफ जागरुकता और परामर्श शिविर का आयोजन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** भारत में फर्टिलिटी केयर नेटवर्क व इंदिरा आईवीएफ के सहयोग से साई महिमा शुक्ला हॉस्पिटल, राम नगर, धर्मशाला में निशुल्क आईवीएफ जागरुकता एवं परामर्श शिविर आयोजित किया गया। डॉ. रोशनी शुक्ला ने बताया कि शिविर का उद्देश्य बांझपन से जूझ रहे दंपतियों को जागरूक करना और समय पर जांच व उपचार के महत्व को समझाना था। विशेषज्ञों ने पुरुष व महिला बांझपन, उम्र के प्रभाव, बार-बार गर्भपात तथा आईवीएफ और आईयूआई जैसी तकनीकों पर विस्तृत जानकारी दी। शिविर में दंपतियों को व्यक्तिगत परामर्श भी दिया गया, जिससे कई लोगों ने आगे की उपचार योजना के लिए सहमति जताई। आयोजकों ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम सामाजिक भ्रांतियों को दूर कर सही इलाज तक पहुंच आसान बनाते हैं। साई महिमा शुक्ला हॉस्पिटल प्रबंधन ने इंदिरा आईवीएफ के सहयोग की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे जागररुकता कार्यक्रम जारी रखने की बात कही।

# विधायक मलेंद्र ने 4.50 करोड़ के 2 पुलों का किया शिलान्यास

## बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों को मिलेगी बड़ी राहत, विकास को मिलेगी नई गति

अनंत ज्ञान

**अशोक ठाकुर, इंदौरा।** विधायक मलेंद्र राजन ने क्षेत्र के समग्र विकास को नई दिशा देते हुए पराल-भोगरवां मार्ग पर दो महत्वपूर्ण पुलों का शिलान्यास किया। इनमें 64 मीटर स्पैन का पुल, जिसकी अनुमानित लागत लगभग 2.50 करोड़ रुपए है तथा 30 मीटर स्पैन का पुल, जिसकी लागत लगभग 2 करोड़ रुपए है, शामिल हैं।



पुल का शिलान्यास करते विधायक मलेंद्र राजन। अनंत ज्ञान

उन्होंने कहा कि हाल ही में आई बाढ़ के कारण कई सड़कें और मार्ग क्षतिग्रस्त हो गए थे, जिससे आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इन परिस्थितियों को देखते हुए इन पुलों का निर्माण रिकॉर्ड समय में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है, ताकि लोगों को जल्द से जल्द राहत मिल सके और आवागमन सुचारु हो सके। विधायक ने बताया कि त्यौड़ा पत्तन पुल और ठाकुरद्वारा-मलकाना पुल को भी प्राथमिकता के आधार पर लिया गया है। इन परियोजनाओं के पूरा होने से प्रभावित क्षेत्रों में संपर्क व्यवस्था मजबूत होगी और स्थानीय लोगों की दैनिक आवाजाही आसान बनेगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता और समयसीमा दोनों का विशेष ध्यान रखा जाए और किसी भी प्रकार की ढिलाई न बरती जाए। उन्होंने बताया कि मंड-बरोटा सड़क का निर्माण कार्य तेज गति से चल रहा है और इसे शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। बाईं इंदौरिया से पराल तक क्षतिग्रस्त सड़क को पूरी तरह दुरुस्त कर दिया गया है, जिससे क्षेत्र में यातायात बहाल हो गया है। उन्होंने जानकारी दी कि मिलवां से बरोटा सड़क का निर्माण लगभग 20 करोड़ रुपए की लागत से किया जा रहा है, जो लंबे समय से क्षेत्र की प्रमुख मांग रही है। इस अवसर पर कई जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# पराशर ने सरस्वती विद्या मंदिर के विद्यार्थियों को दिया उपहार

## विद्यार्थियों का सफर सुगम बनाने के लिए 13 लाख रुपए की वैन खरीदकर की स्कूल को भेंट

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** कैप्टन संजय पराशर ने शिक्षा के प्रति समर्पण, सामाजिक उत्तरदायित्व और संवेदनशील नागरिकता उदाहरण देते हुए एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि यदि समाज के सक्षम लोग शिक्षा का हाथ थाम लें, तो बच्चों का भविष्य कहीं अधिक सुरक्षित, सहज और उज्ज्वल बन सकता है।

सरस्वती विद्या मंदिर परागपुर के विद्यार्थियों के लिए संजय पराशर ने सोमवार को स्कूल वैन भेंट की, जिससे बच्चे अब अधिक सुरक्षित, समयबद्ध और सुविधाजनक तरीके से अपने विद्यालय तक पहुंच सकेंगे। संजय पराशर द्वारा विद्यालय को लगभग 13 लाख रुपए की लागत से यह स्कूल वैन दान स्वरूप प्रदान की गई है। इस वैन में एक समय में 12 विद्यार्थी सफर कर सकते हैं। पहाड़ी और ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा प्राप्त कर रहे बच्चों के लिए यह सुविधा किसी बड़ी राहत से कम नहीं मानी जा रही है। अब तक कई विद्यार्थियों को विद्यालय



सरस्वती विद्या मंदिर को वैन भेंट करते संजय पराशर। अनंत ज्ञान

पहुंचने के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती थी। कुछ बच्चों को निजी साधनों पर निर्भर रहना पड़ता था, जबकि कई अभिभावकों के लिए प्रतिदिन बच्चों को स्कूल छोड़ना और वापस लाना एक चुनौतीपूर्ण जिम्मेदारी थी। ऐसे में यह वैन बच्चों के लिए राहत लेकर आई है और अभिभावकों के मन में भी विश्वास और संतोष का भाव जगाने वाली पहल बन गई है।

विद्यालय परिसर में जब यह नई स्कूल वैन पहुंची, तो वह दृश्य औपचारिक नहीं था। बच्चों की आंखों में चमक थी, अभिभावकों के चेहरों पर संतोष था और विद्यालय परिवार के मन में कृतज्ञता का भाव स्पष्ट दिखाई दे रहा था। विद्यार्थियों हर्षित, कनिष्का, अनव, आरूही और आराध्या ने बताया कि यह क्षण उनके लिए विशेष है। पराशर ने उनके सपनों को महत्व दिया है। स्कूल प्रबंधन कमेटी के वरिष्ठ सदस्य बलदेव अत्री ने कहा कि संजय पराशर का यह योगदान कोई एक दिन की प्रेरणा या क्षणिक सामाजिक औपचारिकता नहीं है। शिक्षा के क्षेत्र में उनका यह समर्पण पहले भी कई बार सामने आ चुका है। इससे पूर्व भी वह सरस्वती विद्या मंदिर परागपुर में लगभग चालीस लाख रुपए की लागत से एक आधुनिक प्रयोगशाला का निर्माण अपने संसाधनों से करवा चुके हैं। ग्रामीण अंचल के विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा संसाधनों से जोड़ने की दिशा में यह प्रयास अत्यंत महत्वपूर्ण माना गया था। इतना ही नहीं, संजय पराशर विद्यालय के विद्यार्थियों को अपने निजी संसाधनों से छात्रवृत्तियां भी प्रदान करते रहे हैं। आर्थिक रूप से सामान्य परिवारों से आने वाले अनेक विद्यार्थियों के लिए यह सहयोग वित्तीय सहायता के साथ मनोबल का आधार भी रहा है। जब किसी बच्चे को यह एहसास होता है कि उसकी प्रतिभा को पहचाना जा रहा है और उसकी पढ़ाई में समाज सहभागी है, तो उसके भीतर आगे बढ़ने की प्रेरणा और मजबूत हो जाती है। प्रबंधन कमेटी के सदस्य नानक चंद और स्थानीय वासियों होशियार सिंह, सुमन लता सूद और संजय कुमार ने भी इस पुनीत सहयोग के लिए संजय पराशर के प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त की है।

**रोजगार** बड़ोह में हीरो मोटर कंपनी में चयनित युवाओं से मिलकर दी शुभकामनाएं

# आरएस बाली ने चयनित युवाओं के साथ किया संवाद

अनंत ज्ञान

**कपिल वासुदेवा, नगरोटा बगवां।** हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष व पर्यटन विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष आरएस बाली ने बड़ोह में हीरो मोटर कंपनी द्वारा लगाए गए रोजगार मेले में चयनित युवाओं के साथ संवाद किया। कंपनी की ओर से नगरोटा बगवां में लगाए इस रोजगार मेले में 31 युवाओं का चयन किया गया था, जिन्हें ले जाने के लिए सोमवार को कंपनी द्वारा बस भेजी गई इस विशेष मौके पर आरएस बाली युवाओं के बीच पहुंचे और उन्हें उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने कहा युवाओं को रोजगार दिलाना उनका दायित्व है और इसके निर्वहन के लिए वह निरंतर प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि आज निजी क्षेत्र में भी रोजगार के बेहतर विकल्प उपलब्ध हैं जो युवाओं को अच्छे



आरएस बाली ने युवाओं से मिलकर दी शुभकामनाएं। अनंत ज्ञान

वेतन के साथ-साथ पीएफ, बोनस, रहने की सुविधा सहित अन्य सुविधाएं देते हैं और इन कंपनी में काम करने वाले युवा बेहतर भविष्य बना सकते हैं। उन्होंने कहा उनके द्वारा चलाई गई रोजगार मुहिम के अंतर्गत युवाओं को देश के साथ-साथ विदेश में भी रोजगार उपलब्ध करवाया गया है जहां युवा आज बेहतर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने हीरो मोटर कंपनी सहित समस्त उन कंपनियों का आभार व्यक्त किया जिन्होंने नगरोटा में आयोजित रोजगार मेलों में बच्चों को चयनित किया है। हीरो मोटर कंपनी ने इससे पूर्व भी नगरोटा में तीन रोजगार मेलों में 50 बच्चों को रोजगार दिया जिनमें से साहिल सुपुत्र अशोक कुमार गांव जसाई मौके पर मौजूद रहा। साहिल ने समस्त बच्चों तथा लोगों से अपना अनुभव साझा किया उसने बताया कंपनी का वातावरण बहुत अच्छा है और हम जितने भी बच्चे यहां से इस कंपनी में चयनित हुए थे वे सभी खुश हैं और बेहतर काम कर रहे हैं। कंपनी द्वारा इन युवाओं को 20 हजार से 22500 रुपए तक वेतन, पीएफ, बोनस और रहने की सुविधा दी जा रही है। आरएस बाली ने जिला रोजगार अधिकारी अक्षय कुमार, आरएस बाली की रोजगार मुहिम के कोऑर्डिनेटर अमित सूद, कंपनी के एचआर अधिकारी मनोज मेहता और खंड रोजगार अधिकारी रमनदीप के कार्य की प्रशंसा की।

आरएस बाली ने चयनित युवाओं को बस में बैठाकर, फ्लैग ऑफ करके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ रवाना किया। आरएस बाली की रोजगार मुहिम के को-ऑर्डिनेटर अमित सूद ने बताया बहुत जल्द युवाओं के चयन के लिए वर्धमान ग्रुप नगरोटा बगवां में रोजगार मेला आयोजित करने जा रहा है। बाली ने कहा युवाओं को रोजगार दिलाने की मुहिम आने वाले समय में और तेज गति से कार्य करेगी उन्होंने युवाओं से इन रोजगार मेलों में पहुंचकर इनका लाभ उठाने की अपील की।

## माधोपुर कैंट के पास तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से महिला की मौत

**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** पठानकोट जिले के माधोपुर कैंट के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने पैदल जा रही दो महिलाओं को टक्कर मार दी। इस हादसे में सिमरनजीत कौर की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई, जबकि बंदना शर्मा गंभीर रूप से घायल हो गईं। जानकारी के अनुसार, दोनों महिलाएं बस से उतरकर अपने गांव न्यू थरियाल जा रही थीं, तभी चढ़ाई पर यह हादसा हुआ। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों सड़क पर गिर पड़ीं। घायल बंदना शर्मा ने बताया कि हादसे के बाद वे बेहोश हो गई थीं और बाद में उनके बेटे अभिनंदन ने स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को अस्पताल पहुंचाया। हादसे के बाद बाइक सवार मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आरोपी चालक की तलाश जारी है।

# युवा कांग्रेस अध्यक्ष अभिषेक आनंद भाजपा में शामिल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** भाजपा विधायक सुधीर शर्मा ने बताया कि धर्मशाला विधानसभा क्षेत्र के युवा कांग्रेस अध्यक्ष एवं मनोनीत पार्षद अभिषेक आनंद (शेखू) ने सोमवार को भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। सुधीर ने कहा कि यह भाजपा की नीतियों, नेतृत्व और जनहित के प्रति बढ़ते विश्वास का प्रतीक है।

उन्होंने अभिषेक आनंद का पार्टी परिवार में स्वागत करते हुए कहा कि उनके अनुभव, ऊर्जा और जनसंपर्क से संगठन को मजबूती मिलेगी तथा धर्मशाला के विकास को नई गति प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि भाजपा एक ऐसी पार्टी है जो युवाओं को नेतृत्व के अवसर प्रदान करती है और उनके विचारों को आगे बढ़ाने का मंच देती है। अभिषेक आनंद जैसे सक्रिय युवा के जुड़ने से संगठनात्मक शक्ति और मजबूत होगी तथा क्षेत्र में विकास कार्यों को गति मिलेगी। सुधीर शर्मा ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और भाजपा की नीतियों



◆ धर्मशाला में संगठन को मिलेगी नई ऊर्जा : सुधीर

◆ युवा नेतृत्व का जुड़ना विकास की नई दिशा का संकेत

से प्रभावित होकर लगातार विभिन्न दलों के कार्यकर्ता पार्टी से जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा का मूल मंत्र 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' है और पार्टी हर वर्ग को साथ लेकर आगे बढ़ रही है।

## गोरक्षा सम्मान रैली निकाली एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, कोहली, शाहपुर।** क्षेत्र में गोमाता के सम्मान और संरक्षण को लेकर सोमवार को रैली का आयोजन किया गया। यह रैली नितिन कौशल और समाजसेवी सुनील वर्मा की अगुआई में शाहपुर बाजार से लघु सचिवालय तक निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों, गोभक्तों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। रैली के दौरान प्रतिभागियों ने गोवंश की सुरक्षा, संरक्षण और राष्ट्रीय सम्मान को लेकर जागरूकता फैलाने के साथ जोरदार नारेबाजी की। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल ने उपमंडलाधिकारी डॉ. गणेश को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में केंद्र सरकार से मांग की गई कि देशभर में गोवंश की विधिवत सेवा, पूर्ण सुरक्षा और राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान सुनिश्चित करने के लिए सख्त कानून बनाया जाए। साथ ही गोपालन मंत्रालय की स्थापना की भी मांग उठाई गई। रैली में रजनीश शर्मा, मनजीत कुमार, भूपिंदर ठाकुर, सौरभ, ऋषु, अनु वर्मा, किरण महाजन, मीनाक्षी कौशल और जतिंदर सोंधी आदि शामिल रहे।

# हीटवेव व आग से निपटने के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय से करें कार्य : डीसी

## कहा- टोल-फ्री नंबर 1800-180-1916 पर दें वनों में लगने वाली आग की सूचना

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** डीसी हेमराज बैरवा ने उपायुक्त कार्यालय स्थित एनआईसी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग हॉल में हीटवेव, वनाग्नि एवं संभावित जल संकट से निपटने की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ पूर्व तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



बैठक की अध्यक्षता करते डीसी हेमराज बैरवा। अनंत ज्ञान

उन्होंने कहा कि संभावित चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए त्वरित सूचना आदान-प्रदान, संसाधनों की उपलब्धता और विभागीय तालमेल अत्यंत आवश्यक है। वनों में आग की घटनाओं, हीटवेव अलर्ट तथा जल संकट से संबंधित सूचनाओं के त्वरित संप्रेषण के लिए सुदृढ़ टू-वे इन्फॉर्मेशन डिसेमिनेशन सिस्टम विकसित किया जाए, ताकि जिला आपदा परिचालन केंद्र (डीईओसी) और फील्ड स्तर के बीच बेहतर समन्वय स्थापित हो सके। उन्होंने वन विभाग, अग्निशमन सेवाएं, एसडीआरएफ, गृह रक्षक, पंचायतों तथा जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के बीच एकीकृत आपदा प्रतिक्रिया तंत्र विकसित करने पर बल दिया, जिससे आपात स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित हो सके। उपायुक्त ने वनाग्नि संभावित क्षेत्रों की मैपिंग, उपलब्ध संसाधनों जैसे फायर स्टेशन, जल स्रोत, वाहन एवं मानव संसाधन की सूची तैयार कर आपदा प्रबंधन तंत्र को और सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। उन्होंने हीटवेव के दृष्टिगत संवेदनशील वर्गों की पहचान, पेयजल उपलब्धता, कूलिंग स्पेस और स्वास्थ्य सेवाओं की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि किसी भी स्थिति से निपटने के लिए सभी विभाग पूर्ण सतर्कता रखें। पेयजल की स्थिति को देखते हुए जल शक्ति विभाग को संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान कर वैकल्पिक प्रबंध, टैंकर तैनाती और जल वितरण व्यवस्था मजबूत करने के निर्देश दिए गए।

**विभागीय नियंत्रण कक्षों को करें अपडेट:** सभी विभाग अपने नियंत्रण कक्षों की अपडेट संपर्क सूची जिला आपदा परिचालन केंद्र के साथ साझा करें और उन्हें चैबीसों घंटे सक्रिय रखा जाए। उन्होंने बताया कि वनाग्नि की घटनाओं से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए एक राज्य स्तरीय टोल-फ्री नंबर 1800-180-1916 स्थापित किया गया है। यह टोल-फ्री नंबर प्रदेश में वनाग्नि से संबंधित शिकायतों एवं सूचनाओं के लिए उपयोग में लाया जाएगा, जिससे घटनाओं पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। जनता किसी भी वनाग्नि की घटना की सूचना इस पर दे सकती है।

# गर्मी से बचाव के लिए स्कूलों को एसडीएम ने दिए निर्देश

अनंत ज्ञान

◆ **नियमित अंतराल पर बच्चों को पानी पीने के लिए वॉटर ब्रेक किया जाए लागू**

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** उपमंडलाधिकारी (ना.) बैजनाथ संकल्प गौतम ने बढ़ते तापमान को देखते हुए क्षेत्र के सभी विद्यालयों के लिए विशेष दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने विद्यार्थियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए स्कूल समय प्रात:कालीन करने, बाहरी गतिविधियां सीमित रखने और प्रार्थना सभाएं कक्षाओं या छायादार स्थानों पर आयोजित करने को कहा। विद्यालयों में स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने, नियमित वॉटर ब्रेक देने तथा कक्षाओं में उचित वेंटिलेशन बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं।

यूनिफॉर्म में ढील देते हुए हल्के सूती कपड़े पहनने और टाई-ब्लेजर से छूट देने को भी कहा गया है। स्कूल बसों में ओवरलोडिंग रोकने और सुरक्षित परिवहन व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने मिड-डे मील में ताजा व पौष्टिक भोजन परोसने, ओआरएस और प्राथमिक उपचार की व्यवस्था रखने तथा स्टाफ को हीट स्ट्रोक से निपटने के लिए प्रशिक्षित करने पर जोर दिया। एसडीएम ने कहा कि स्कूलों में गर्मी से बचाव संबंधी जागरूकता बढ़ाई जाए और अभिभावकों के सहयोग से बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। वशेष रूप से टिन की छत वाले स्कूलों और अधिक ह्यूमिडिटी वाले क्षेत्रों में अतिरिक्त सावधानी बरतने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने प्रशासनिक स्तर पर भी पूरी तैयारी और आकस्मिक योजनाएं बनाए रखने के निर्देश दिए हैं कि किसी भी आपात स्थिति में प्रभावी ढंग से निपटा जा सके। उन्होंने अपील की है कि इन दिशा-निर्देशों का गंभीरता से पालन कर बच्चों को गर्मी के दुष्प्रभावों से सुरक्षित रखा जाए।

# तिनबड़ में इलेक्ट्रिक दुकान में लगी आग लाखों का नुकसान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** बैजनाथ क्षेत्र के तिनबड़ में एक इलेक्ट्रिक सामान की दुकान में अचानक आग लगने से भारी नुकसान हुआ। आग लगने के बाद स्थानीय लोगों और अग्निशमन विभाग ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। दुकान मालिक केहर सिंह और दुकानदार देवेंद्र कुमार की दुकान में रखा इलेक्ट्रिक सामान, मीटर, वायरिंग, पंखे सहित अन्य सामग्री जलकर राख हो गई। हादसे में करीब 35-40 लाख रुपए के सामान का नुकसान हुआ, जबकि दुकान को भी 2-3 लाख रुपए की क्षति पहुंची। आग से दुकान के शटर जल गए और छत पर दरारें भी आ गईं। प्रारंभिक जांच में आग का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है, हालांकि अंतिम रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट होगा। मामले की पुष्टि एएसपी वीर बहादुर ने की है।

## सालगिरह मुबारक



निचली भटेड़ के अनिल शर्मा नील और मीरां देवी को शादी की 30वीं सालगिरह पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

## न्यूज ब्रीफ

### गगल में सड़क हादसे में बाइक सवार घायल

**अनंत ज्ञान, गगल।** पुलिस थाना गगल क्षेत्र में रविवार रात एक सड़क हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, एक बलेनो कार चालक ने अचानक खिड़की खोली, जिससे पीछे आ रहा मोटरसाइकिल सवार लाल सिंह टकराकर सड़क पर गिर गया। इसी दौरान गग्गल की ओर से आ रही महिंद्रा थार उसके ऊपर चढ़ गई। घायल को तुरंत मेडिकल कॉलेज टांडा ले जाया गया। पुलिस ने बलेनो चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, जबकि फरार थार चालक की तलाश जारी है। मामले की पुष्टि एएसपी वीर बहादुर ने की।

### अक्षय बने कड़ाहू बाबा छिंज मेले के विजेता



**अनंत ज्ञान, राकेश डोगरा, डरोह।** जय कड़ाहू बाबा छिंज मेले के तीसरे दिन मुख्यातिथि डॉ. ऋषि राम भाटिया ने मेले को संस्कृति और आस्था का प्रतीक बताया तथा युवाओं को नशे से दूर रहने की सलाह दी। उन्होंने मेला कमेटी को 31,000 रुपए दिए। अखाड़े में रोमांचक मुकाबले हुए, जहां कड़ाहू केसरी के लिए अक्षय कड़ाहू ने मनु कड़ाहू को हराकर खिताब जीता। मेले में बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी रही। आयोजन समिति के प्रधान अनूप राणा ने सफल आयोजन के लिए सभी का आभार जताया।

### जयसिंहपुर के कांग्रेस युवाओं में भरा जोश



**अनंत ज्ञान, नरेंद्र डोगरा, जयसिंहपुर।** सोमवार को जयसिंहपुर के युवा कांग्रेस अध्यक्ष हिमांशु राणा की अध्यक्षता में जयसिंहपुर विधानसभा की प्रथम बैठक लोक निर्माण विभाग विश्राम ग्रह में आयोजित की गई। इसमें प्रदेश के युवा उपाध्यक्ष चंद्रमणि कुलेटी मुख्यातिथि रहे तथा अभिषेक सूद विशेष रूप से उपस्थित रहे। चंद्रमणि कुलेटी ने युवाओं में भरा जोश, उन्होंने नवनियुक्त अध्यक्ष हिमांशु राणा कि प्रथम बैठक कि बधाई दी तथा हिमांशु राणा पर विश्वास प्रकट करते हुए कहा कि इनके नेतृत्व में जयसिंहपुर में युवा कांग्रेस को मजबूती मिलेगी।

### धर्मशाला में गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पुलिस मैदान धर्मशाला में शुरू हुए अखिल भारतीय शहीद मेजर दुर्गा मल, कैप्टन दल बहादुर मेमोरियल गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट के पहले दिन तीन मुकाबले खेले गए। इसमें जेसीटी फगवाड़ा, 16 गढ़वाल राइफल्स और सीआईएसएफ ने जीत दर्ज की। पहले मैच में जेसीटी फगवाड़ा ने 5/5 गोरखा राइफल्स को 7-0 से हराया। दूसरे मुकाबले में 16 गढ़वाल राइफल्स ने एचपीएफए को 3-1 से मात दी। वहीं तीसरे मैच में सीआईएसएफ ने डू-लाइक स्पोटर्स क्लब जालंधर को 4-0 से शिकस्त दी। टूर्नामेंट का शुभारंभ संदीप कुमार ने किया। उन्होंने आयोजन की सराहना की। 28 अप्रैल को राजस्थान पुलिस, आरसीएफ कपूरथला, 3/5 गोरखा राइफल्स और आरबीआई मुंबई सहित कई टीमों के बीच मुकाबले खेले जाएंगे।

# नामांकन से लेकर चुनाव परिणाम तक की प्रक्रिया शांतिपूर्व करवाने के निर्देश

◆ **उपायुक्त ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से अधिकारियों से की चर्चा**

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला कांगड़ा के आठ शहरी निकायों में 17 मई को होने वाले मतदान को लेकर जिला प्रशासन ने आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। डीसी हेमराज बैरवा ने सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिग के जरिए जिले के अधिकारियों से चुनावों को लेकर चर्चा की, साथ ही नामांकन से लेकर चुनाव परिणाम तक की प्रक्रिया को शांतिपूर्वक पूर्ण करवाने के निर्देश भी दिए। इसके साथ ही पोलिंग बूथों पर कर्मचारियों की तैनाती, मूलभूत सुविधाओं, कानून व्यवस्था व चुनावों को लेकर की गई तैयारियों का जायजा लेने के साथ चुनाव से पहले रहती औपचारिकताओं को पूरा करने के निर्देश दिए। गौरतलब है कि कांगड़ा जिले में जिले के 8 शहरी निकायों में 17 मई को मतदान किए जाने हैं और मतगणना 31 मई को होगी। इनमें नगर निगम धर्मशाला 17 व पालमपुर में 15 वार्डों में मतदान होंगे। वहीं नगर परिषद कांगड़ा और नूरपुर व ज्वालामुखी में नौ-नौ, नगर परिषद नगरोटा बगवां व देहरा में सात और नगर पंचायत शाहपुर के सात वार्डों में चुनाव होगा। नगर परिषद व पंचायत चुनावों की मतगणना 17 मई को ही शाम को की जाएगी। उधर, डीसी कांगड़ा हेमराज बैरवा ने बताया कि नगर निकाय चुनावों को लेकर रिव्यू बैठक में चुनावी तैयारियों पर चर्चा की गई। साथ ही निर्देश जारी किए गए कि शांतिपूर्वक व पारदर्शी तरीके से पूरी चुनावी प्रक्रिया पूरी करवाई जाए।

# कांगड़ा नगर परिषद चुनाव को भाजपा ने जारी की प्रत्याशियों की पहली सूची



पहली लिस्ट में घोषित उम्मीदवार विधायक पवन काजल के साथ। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**कांगड़ा।** नगर परिषद कांगड़ा चुनाव को लेकर भाजपा ने बढ़त बनाते हुए प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी है, जबकि कांग्रेस में उम्मीदवार चयन को लेकर मंथन जारी है। भाजपा ने सात वार्डों के लिए प्रत्याशियों की घोषणा की है।

प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष एवं विधायक पवन काजल ने शहरी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक के बाद सूची जारी की। वार्ड-1 से राखी शर्मा, वार्ड-2 से नीता कुमारी, वार्ड-3 से इंजीनियर आशुतोष परवान, वार्ड-4 से अनुराधा, वार्ड-6 से सुधा त्रिवेदी, वार्ड-8 से शुभम कुमार और वार्ड-9 से रितेश सोनी को प्रत्याशी बनाया गया है। अनुराधा मौजूदा पार्षद हैं, जबकि रितेश सोनी पूर्व पार्षद रह चुके हैं। काजल ने कहा कि इस बार भाजपा ने युवा, शिक्षित और अनुभवी उम्मीदवार उतारे हैं। उन्होंने दावा किया कि पार्टी परिवारवाद समाप्त कर शहर के विकास को नई दिशा देगी और नगर परिषद में जीत दर्ज करेगी।

# चुनाव के दौरान व्यवस्थाओं को चाक चौबंद रखें अधिकारी : एसडीएम

अनंत ज्ञान

◆ **नगर निगम पालमपुर चुनाव को लेकर सेक्टर अधिकारियों को दिए निर्देश**

**अजय पाल, पालमपुर।** नगर निगम पालमपुर के आगामी चुनावों को सफलतापूर्वक संपन्न करवाने के लिए चुनाव आयोग की तैयारियां तेज हो गई हैं। सोमवार को सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम पालमपुर डॉ. ओपी यादव की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में चुनाव प्रक्रिया से जुड़े विभिन्न सेक्टर अधिकारियों और नोडल ऑफिसर्स ने भाग लिया, जिन्हें चुनाव के दौरान व्यवस्थाओं को चाक-चौबंद रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। डॉ. ओपी यादव ने स्पष्ट किया कि आयोग का मुख्य लक्ष्य निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करना है।

उन्होंने निर्देश दिए कि क्षेत्र के अति संवेदनशील और संवेदनशील वार्डों पर कड़ी नजर रखी जाए और वहां सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं। अधिकारियों से कहा कि मतदान केंद्रों पर यदि किसी भी प्रकार की तकनीकी या भौतिक रुकावट है, तो उसे तत्काल दूर किया जाए। किसी भी समस्या की स्थिति में उच्चाधिकारियों को समय रहते अवगत करवाया जाए, ताकि मतदान के दिन किसी भी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। इस दौरान सेक्टर ऑफिसर्स के साथ 14 महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। इन बिंदुओं में मतदान केंद्रों पर बिजली, पानी, रैंप और अन्य बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता शामिल है। डॉ. यादव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे व्यक्तिगत रूप से बूथों का निरीक्षण करें और सुनिश्चित करें कि मतदाताओं को किसी भी असुविधा का सामना न करना पड़े। निर्वाचन विभाग ने स्पष्ट किया है कि चुनाव ड्यूटी में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी नोडल अधिकारियों को अपनी रिपोर्ट समय पर प्रस्तुत करनी होगी।

# चुनाव आयोग से की आदर्श आचार संहिता उल्लंघन की शिकायत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला शहरी भाजपा के अध्यक्ष ने नगर निगम चुनावों के बीच धर्मशाला में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत की है। राज्य चुनाव आयुक्त को लिखे शिकायत पत्र में मंडलाध्यक्ष डॉ. विशाल नेहरिया ने कहा कि वह धर्मशाला में नगर निगम चुनावों के कारण वर्तमान में लागू आदर्श आचार संहिता के प्रथम दृष्टया उल्लंघन की ओर ध्यान दिलवाना चाहते हैं। सूत्रों से पता चला है कि नगर निगम धर्मशाला ने आदर्श आचार संहिता के प्रभावी रहने की अवधि के दौरान सोमवार को कुल 17 विकास कार्यों से संबंधित निविदाएं जारी की हैं। ये कदम चुनाव आयोग की ओर से जारी किए गए निर्धारित दिशानिर्देशों और निर्देशों के सीधे तौर पर विपरीत है। ये दिशानिर्देश स्पष्ट रूप से किसी भी नए कार्य की घोषणा या शुरुआत, वित्तीय प्रतिबद्धताओं, अथवा ऐसे नीतिगत निर्णयों पर रोक लगाते हैं, जिनका मतदाताओं को प्रभावित करने का प्रभाव हो सकता है। ऐसे में नगर निगम का यह आचरण निष्पक्षता, न्यायसंगतता और समान अवसर के उन सिद्धांतों का उल्लंघन करता है, जो एक स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावी प्रक्रिया की आधारशिला हैं। यदि ऐसे कार्यों पर अंकुश न लगाया गया, तो इनमें चुनाव की पवित्रता को गंभीर रूप से क्षति पहुंचाने की क्षमता है। शहरी भाजपा अध्यक्ष डा. विशाल नैहरिया ने आदर्श आचार संहिता के वर्तमान उल्लंघन का तत्काल संज्ञान लेने तथा निगम द्वारा जारी 17 कार्यों की निविदाओं की विस्तृत जांच के आदेश जारी करने की मांग की है।

# जागा विभाग, आरा चौक में खतरनाक यू-टर्न पर चेतावनी व शैवरन बोर्ड लगे




आरा चौक पर लगाए चेतावनी संकेत। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**पिंकी, डाडासीबा।** डाडासीबा क्षेत्र के आरा चौक स्थित खतरनाक यू-टर्न मोड़ पर लगातार हो रहे सड़क हादसों के बाद लोक निर्माण विभाग ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम शुरू कर दिए हैं।

यहां चेतावनी साइन बोर्ड और शैवरन बोर्ड लगाए गए हैं, जिससे वाहन चालकों को पहले ही मोड़ और गहरी उतराई की जानकारी मिल सके। लंबे समय से स्थानीय लोग इस दुर्घटना संभावित स्थान पर सुरक्षा उपायों की मांग कर रहे थे। तीखे मोड़ और ढलान के कारण यहां हादसों का खतरा बना रहता था। लगाए गए बोर्ड पर स्पष्ट लिखा है कि आगे खतरनाक मोड़ है, कृपया धीरे चलें। लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता नितेश कौंडल ने बताया कि इस स्थान को प्राथमिकता के आधार पर चिन्हित किया गया है और जल्द ही यहां स्पीड ब्रेकर भी लगाए जाएंगे। स्थानीय लोगों ने इस पहल का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई कि अब इस मोड़ पर हादसों में कमी आएगी।

# एयरफोर्स ने दिए कोसरी स्कूल छात्रों को करियर मार्गदर्शन के टिप्स

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, कोसरी में एयरफोर्स सिलेक्शन सेंटर अंबाला कैंट की टीम द्वारा एक प्रेरणादायक मार्गदर्शन सत्र आयोजित किया गया। इस दौरान सार्जेंट ए.के. तिवारी, सार्जेंट मदन, सार्जेंट शिशुपाल और कॉर्पोरल प्रकाश ने विद्यार्थियों को भारतीय वायुसेना में करियर से जुड़ी जानकारी दी। टीम ने चयन प्रक्रिया, पात्रता, लिखित परीक्षा, शारीरिक मानकों और तैयारी के तरीकों पर विस्तार से चर्चा की। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान किया। प्रधानाचार्य रजनीश कुमार अत्री ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास और देशभक्ति की भावना विकसित करते हैं। अंत में छात्रों ने वायु सेना में शामिल होकर देश सेवा का संकल्प लिया। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य डॉ. चंदर ज्योति, प्रवक्ता अरुण कुमार, नवीन, सतीश, विकास चंद, रोहित कुमार, सरिता, पूनम, शांति देवी, नमेश कुमार, राकेश कुमार, विजय कुमार आदि मौजूद रहे।

# भारतीय ज्ञान परंपरा पर संगोष्ठी शिक्षा में मूल्यों के पुनर्स्थापन पर जोर



**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** भारतीय शिक्षण मंडल, हिमाचल प्रांत और जीजीडीएसडी महाविद्यालय राजपुर के संयुक्त तत्वावधान में 57वें स्थापना दिवस पर उच्च शिक्षा में भारतीय ज्ञान परंपरा विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ना और पारंपरिक मूल्यों को आधुनिक शिक्षा में समाहित करना रहा। मुख्य अतिथि प्रो. अशोक कुमार सरयाल ने कहा कि भारत को विश्वगुरु बनने के लिए अपनी शिक्षा परंपराओं का संरक्षण आवश्यक है। उन्होंने ज्ञानार्जन, संरक्षण, संवर्धन और अनुकूलन को शिक्षा के प्रमुख स्तंभ बताया। प्राचार्य डॉ. विवेक शर्मा ने भारतीय ज्ञान परंपरा को वर्तमान और भविष्य का मार्गदर्शक बताया। वहीं प्रो. संदीप कुलश्रेष्ठ ने प्रभावी अध्ययन पद्धति पर बल दिया। डॉ. ओम प्रकाश प्रजापति, प्रांत सह मंत्री, भारतीय शिक्षण मंडल, हिमाचल प्रांत ने शिक्षा में परिवर्तन की आवश्यकता पर बल देते हुए मातृभाषा में शिक्षा के महत्व को रेखांकित किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. संगीता सिंह, प्राचार्या, राजकीय महाविद्यालय शिवनगर ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा के समन्वय पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

**लापरवाही** खटियाड़ पंचायत की पेयजल योजना को लेकर लोगों में बढ़ा रोष, उठे कई सवाल

# करोड़ों खर्चने के बाद भी फेज-2 ट्यूबवेल बंद

अनंत ज्ञान

**अनंत ज्ञान मुद्दा**



**रविंद्र चौधरी, फतेहपुर।** फतेहपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत जल शक्ति विभाग मंडल व उपमंडल फतेहपुर के अधीन आने वाली खटियाड़ पंचायत की पेयजल योजना को लेकर स्थानीय लोगों में रोष बढ़ता जा रहा है।

जानकारी के अनुसार, चाट्टा स्रोत से संचालित इस योजना के तहत फेज-1 और फेज-2 (दो ट्यूबवेल) के साथ अलग-अलग स्थानों पर टैंकों का निर्माण लगभग 9 करोड़ रुपए की लागत से किया गया था, लेकिन निर्माण कार्य पूरा होने के 4-5 वर्ष बाद भी फेज-2 (ट्यूबवेल-2) आज तक चालू नहीं हो पाया है। बताया जा रहा है कि संबंधित स्थल पर बिजली कनेक्शन न होने के कारण यह ट्यूबवेल कार्यरत नहीं हो पा रहा है, जिससे करोड़ों रुपए की योजना का पूरा लाभ जनता को नहीं मिल पा रहा। वर्तमान में खटियाड़ पंचायत और पोलियां को केवल फेज-1 (ट्यूबवेल चाट्टा-1) से ही जल आपूर्ति दी जा रही है, जो कि पर्याप्त नहीं है। ग्रामीणों के अनुसार, गर्मियों की शुरुआत होते ही फेज-1 (ट्यूबवेल चाट्टा-1) की क्षमता भी घट जाती है और यह केवल 6 से 7 घंटे ही सुचारु रूप से चल पाता है, जिससे जल संकट और अधिक गहरा जाता है। स्थानीय निवासी राज कुमार, सतपाल, रमेश, मनोज, रमेश कुमार, सुरेश चंद, राजेश सिंह, पवन कुमार सहित अन्य लोगों ने बताया कि पानी की समस्या के कारण उन्हें रोजाना परेशानियों का सामना करना पड़ता है। महिलाओं सुनीता देवी, रीना देवी, आशा देवी, कविता देवी, रज्जी बाला, सनीता ने कहा कि पानी की कमी के चलते घर का कामकाज प्रभावित हो रहा है और उन्हें दूर-दूर से पानी लाना पड़ता है।

## विभागों में तालमेल की कमी आई सामने

**सहायक** अभियंता, जल शक्ति विभाग उपमंडल फतेहपुर अभिलाष सनौरिया ने बताया कि फेज-2 को चालू करने के लिए बिजली विभाग को ट्रांसफॉर्मर लगाने के लिए कहा गया है, लेकिन अभी तक ट्रांसफॉर्मर स्थापित नहीं किया गया है। वहीं, सहायक अभियंता, विद्युत विभाग उपमंडल फतेहपुर अभिजीत सिंह ने कहा कि कनेक्शन के लिए अभी तक संबंधित विभाग की ओर से कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है।

## अब विधायक भवानी पठानिया से जनता की गुहार

**लगातार** बढ़ती पानी की समस्या से परेशान खटियाड़ और पोलियां पंचायत के लोगों ने अब सीधे तौर पर स्थानीय विधायक भवानी सिंह पठानिया से हस्तक्षेप की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि विभागों के बीच तालमेल की कमी का खामियाजा आम जनता भुगत रही है, इसलिए विधायक स्वयं इस मामले में संज्ञान लें और जल्द से जल्द समाधान सुनिश्चित करें। ग्रामीणों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द ही फेज-2 (ट्यूबवेल-2) को चालू नहीं किया गया, तो जल संकट और गंभीर हो जाएगा और लोग आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। लोगों ने उम्मीद जताई है कि विधायक भवानी सिंह इस गंभीर समस्या को प्राथमिकता देते हुए संबंधित विभागों को निर्देश देंगे और जल्द राहत दिलाएंगे।

# विधायक ने 50 लाख के विकास कार्यों का किया भूमि पूजन

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** विधायक किशोरी लाल ने सोमवार को पशुपालन विभाग के तहत 50 लाख रुपये के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। उन्होंने बीड़ में 30 लाख और करनाथु में 20 लाख रुपये की लागत से आधुनिक भेड़ स्नानागार टैंकों के निर्माण की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों में भेड़ पालन आजीविका का प्रमुख साधन है, ऐसे में पशुओं के स्वास्थ्य की सुरक्षा बेहद जरूरी है। इन स्नानागार टैंकों से बाहरी परजीवी संक्रमणों पर नियंत्रण होगा, जिससे भेड़ों की उत्पादकता और ऊन की गुणवत्ता में सुधार आएगा। उन्होंने अधिकारियों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निर्माण के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने स्थानीय लोगों से भी अपील की कि वे इन सुविधाओं का अधिक से अधिक उपयोग करें और पशुपालन को एक सशक्त आर्थिक गतिविधि के रूप में अपनाएं।

# परागपुर में सबसे बड़ी पेयजल योजना के बावजूद बूंद-बूंद को तरसे लोग

अनंत ज्ञान

**अनंत ज्ञान मुद्दा**

**प्रवेश शर्मा, परागपुर।** धरोहर गांव परागपुर और इसके आस-पास की पंचायतों में इन दिनों पानी की किल्लत ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। सोमवार का सूरज उगते ही ग्रामीणों को उम्मीद थी कि आज उनके सूखे पड़े नलों में पानी की धार लौटेगी, लेकिन ढलियारा के पास धनोटू-बल्ला पेयजल योजना की मुख्य पाइपलाइन फटने की खबर ने उनकी उम्मीदों पर फिर से पानी फेर दिया। आलम यह है कि जहां विभाग तीसरे दिन आपूर्ति का दावा कर रहा है।

वहीं, कई मोहल्लों में पिछले चार दिनों से पानी की एक बूंद तक नहीं टपकी है। गर्मी के इस तपते मौसम में जब गले को तर करने के लिए पानी सबसे बड़ी जरूरत है, तब परागपुर के योगिंदर पाल, कृष्ण गोपाल, दीपक, मनीष, अमित, अजय, संदीप, राजेश, संजय, पवन, सुरेश और राजिंदर जैसे दर्जनों ग्रामीणों का दर्द छलक उठा। इनका कहना है कि घर के बर्तन खाली पड़े हैं और रोजमर्रा के काम ठप हो गए हैं। ग्रामीणों ने भारी मन से सवाल उठाया कि जब उनके क्षेत्र को प्रदेश की दूसरी सबसे बड़ी पेयजल योजना का लाभ मिल रहा है, तो फिर उन्हें नियमित पानी क्यों नहीं मिल पा रहा? लोगों का यह दर्द तब गुस्से में बदल गया जब उन्होंने विभाग पर पानी के वितरण में भेदभाव करने का आरोप लगाया। उनका कहना है कि कुछ खास हिस्सों में पानी दिया जा रहा है, जबकि आम आदमी प्यास बुझाने के लिए इधर-उधर भटकने को मजबूर है। लोगों की इस बेबसी और गुस्से के बीच विभाग की ओर से मरम्मत का काम जारी होने की बात कही गई है। हालांकि, सरकारी आश्वासनों से उन सूखे कंठों को राहत नहीं मिल रही जो पिछले कई दिनों से अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। अब देखना यह है कि विभाग कब तक इस व्यवस्था को दुरुस्त कर पाता है और कब परागपुर की जनता को इस भीषण गर्मी में भेदभाव रहित और सुचारु पेयजल मिल सकेगा। स्थानीय निवासियों ने विभाग के आला अधिकारियों से गुहार लगाई है कि समस्या का स्थायी हल किया जाए।

> **परागपुर** क्षेत्र में आज पानी की आपूर्ति इसलिए बाधित हुई क्योंकि ढलियारा के पास धनोटू-बल्ला पेयजल योजना की पाइप टूट गई थी। इसे ठीक किया जा रहा है और जल्द ही सप्लाई शुरू कर दी जाएगी।
>
> **-प्यारे लाल, अधिशाषी अभियंता, जल शक्ति विभाग मंडल, परागपुर।**

## न्यूज ब्रीफ

### संशोधित मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** जिला की सभी ग्राम पंचायतों की संशोधित मतदाता सूचियां एक अप्रैल 2026 की अर्हक तिथि के आधार पर अंतिम रूप से प्रकाशित कर दी गई हैं। डीसी गंधर्वा राठौड़ ने बताया कि विभाजन एवं पुनर्गठन से प्रभावित 33 ग्राम पंचायतों की सूचियों का प्रकाशन पहले लंबित था, जिसे अब पूर्ण कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि यदि किसी पात्र व्यक्ति का नाम सूची में शामिल नहीं हुआ है, तो वह चुनाव अधिसूचना जारी होने तक निर्धारित प्रपत्र भरकर दो रुपये शुल्क के साथ जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) कार्यालय में आवेदन कर सकता है।

### गो माता को किया जाए राष्ट्र माता घोषित

**अनंत ज्ञान, संजीव चौहान, टौणी देवी।** बमसन में तहसील कार्यालय में गो प्रेमियों ने तहसीलदार के माध्यम से प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, मुख्यमंत्री को गो हत्या रोकने व गो माता को राष्ट्र माता घोषित करने के लिए ज्ञापन सौंपा। इस उपलक्ष्य में गो प्रेमी भूमि देवी शास्त्री, रजनीश ठाकुर, सुरेश कुमार, राजेश कुमार, लकी ठाकुर, सुरज ठाकुर, विनोद ठाकुर, निखिल, प्रशांत, कल्पना, संतोष कुमारी, राकेश कुमार, एडवोकेट अविनाश, आदि ने सरकार व प्रशासन से मांग की कि भारत में गो हत्या बंद हो और गो माता को राष्ट्र माता घोषित किया जाए।

### लोगों ने एसडीएम बड़सर को सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, एसके ठाकुर, बड़सर।** बड़सर उपमंडल में सोमवार को गौ सम्मान आव्हान अभियान के तहत लोगों ने बाबा घनश्याम पुरी महाराज की अगुवाई में अपनी मांगों को लेकर आवाज उठाई। इस दौरान एसडीएम स्वाति डोगरा को राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल व मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में गौ माता को राष्ट्रीय माता घोषित करने, देशभर में गौहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध, गौ सेवा हेतु समान कानून, गोचर बोर्ड गठन व केंद्रीय गौपालन मंत्रालय की मांग उठाई गई। सेवा भारती के जिला महामंत्री बीरेंद्र शर्मा ने बताया कि यह अभियान देशभर में जागरूकता बढ़ा रहा है।

### हीरानगर व अन्य क्षेत्रों में आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल-2 हमीरपुर के अंतर्गत हीरानगर और इसके साथ लगते क्षेत्रों में 28 अप्रैल को लाइनों के आस-पास पेड़ों की काट-छांट के कार्य के चलते इन क्षेत्रों में सुबह 9 बजे से दोपहर बाद 3 बजे तक बिजली पूर्ण रूप से बाधित रहेगी। सहायक अभियंता सौरभ राय ने इस दौरान सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### टौणीदेवी के चारों अनुभागों में कल बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विद्युत उपकेंद्र टौणी देवी में उपकरणों की आवश्यक मरम्मत के चलते 29 अप्रैल को विद्युत उपमंडल टौणीदेवी के चारों अनुभागों टौणीदेवी, टिक्करी, काले अंब और कोट के अंतर्गत आने वाले गांवों में सुबह 9 से सायं 5 बजे तक बिजली बाधित रहेगी। विद्युत उपमंडल टौणीदेवी के सहायक अभियंता दीपक चैहान ने इस दौरान क्षेत्र के उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### केंद्र और प्रदेश सरकार को भेजा ज्ञापन

**अनंत ज्ञा, गलोड़।** 'गो सम्मान आह्वान अभियान' के तहत गो माता की सुरक्षा, सेवा और सम्मान के लिए सख्त केंद्रीय कानून बनाने की मांग उठाई गई। साथ ही निराश्रित गोवंश की समस्या पर चिंता जताते हुए गोशालाओं को अधिक सरकारी सहायता देने और देशी गौवंश को राष्ट्रीय सम्मान प्रदान करने की अपील की गई। गलोड़ क्षेत्र की 15 पंचायतों के पदाधिकारियों ने ज्ञापन सौंपकर केंद्र व प्रदेश सरकार से ठोस नीति और प्रभावी क्रियान्वयन की मांग की।

### वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. ओपी शर्मा का सम्मान

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल दिवस पर रिकांगपिओ में आयोजित राज्य समारोह में हिमाचल गौरव पुरस्कार से सम्मानित हमीरपुर के वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. ओपी शर्मा के सम्मान में सलासी स्थित जिला भाषा अधिकारी कार्यालय एवं संस्कृति सदन में समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान जिला भाषा अधिकारी संतोष कुमार पटियाल सहित कई साहित्यकारों ने डॉ. शर्मा एवं उनकी धर्मपत्नी को शॉल, टोपी और स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। डॉ. शर्मा ने सरकार व साहित्यकारों का आभार जताते हुए साहित्य सेवा जारी रखने का संकल्प लिया।

### डीएवी स्कूल भड़ोली में बताए सड़क सुरक्षा नियम

**अनंत ज्ञान, नादौन।** डीएवी स्कूल भड़ोली में पुलिस विभाग के सहयोग से कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए ड्रग एब्यूज, ट्रैफिक नियमों और रोड सेफ्टी पर जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। इस अवसर पर नाजिर सिंह, एएसआई रवि कुमार व टीम ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभाव और सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दी। प्रधानाचार्य सुरजीत कुमार राणा ने कहा कि ऐसी कार्यशालाएं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

### नन्हे विद्यार्थियों को तिलक लगाकर किया स्वागत

**अनंत ज्ञान, नादौन।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय नादौन में कक्षा प्रथम के 31 विद्यार्थियों के लिए 'विद्या प्रवेश' कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य सुनील दत्त लखनपाल ने बच्चों का तिलक कर, स्कार्फ पहनाकर एवं पुष्प भेंटकर स्वागत किया। दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई और विद्यार्थियों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। प्राचार्य ने अभिभावकों को सकारात्मक वातावरण में बच्चों के समग्र विकास के लिए प्रेरित किया तथा जल संरक्षण पर भी जागरूक किया।

### डीएवी स्कूल में करवाई क्लास डेकोरेशन स्पर्धा



**अनंत ज्ञान, नादौन।** डीएवी पब्लिक स्कूल भड़ोली में नर्सरी से पांचवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए क्लास डेकोरेशन प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसका उद्देश्य रचनात्मकता, टीमवर्क और सौंदर्यबोध को बढ़ावा देना था। प्रतियोगिता दो समूहों में हुई। प्रथम समूह में कक्षा पहली (लिली) प्रथम, दूसरी (लिली) द्वितीय और एलकेजी (लिली) तृतीय रही। द्वितीय समूह में कक्षा चौथी (लाल) प्रथम, पाँचवी (हरी) द्वितीय और तीसरी (नीली) तृतीय रही। प्रधानाचार्य सुरजीत कुमार राणा ने विद्यार्थियों को बधाई दी और पर्यावरण संरक्षण व टीमवर्क पर जोर दिया।

# सलौणी-दियोटसिद्ध रोड अपग्रेडेशन टेंडर प्रोसेस जारी, 1 हफ्ते में हो जाएगा फाइनल

## दो अलग-अलग हुए हैं टेंडर, एक साल से पेंडिंग है काम, अब नाबार्ड के तहत होगा

अनंत ज्ञान

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** सलौणी-दियोटसिद्ध सड़क अपग्रेडेशन के नए टेंडर का रुका हुआ प्रोसेस शुरू हो गया है। पिछले तकरीबन एक साल से इस महत्वपूर्ण सड़क का आधा-अधूरा काम वाहन चालकों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है, लेकिन अभी टेंडर अवार्ड होने के बाद भी कुछ दिक्कतें रहेंगी, क्योंकि बिटूमेन के रेट्स 95 रुपए प्रति किलो ग्राम तक पहुंच चुके हैं और इस समस्या से अभी पार पाना इतना आसान नहीं है।

यह सड़क उत्तर भारत की प्रमुख सिद्धपीठ बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध को जोड़ती है। इसका 2 साल पहले जो टेंडर हुआ था, वह स्टेट हेड में था यानी कि राज्य सरकार ने इसका निर्माण अपने बजट से करवाना था, लेकिन अब इसे नाबार्ड के तहत करवाया जाएगा। तकरीबन 20 किलोमीटर लंबे इस सड़क मार्ग को टू-लेन टाइप किया जाना है। इसके लिए जो काम हुआ है, वह जगह-जगह पर आधा-अधूरा पड़ा है। अब इसके दो अलग-अलग हिस्से बनाए गए हैं। एक हिस्से पर 9 करोड़ और दूसरे पर 16 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे।

टेंडर ओपन हो गया है और इसकी टेक्निकल विड खुल गई है। फिर उसके बाद यह अवार्ड हो जाएगा। यह प्रोसेस संभवत: एक या डेढ़ सप्ताह के भीतर मुकम्मल हो जाएगा।



सड़क का आधा-अधूरा काम बना परेशानी का सबब। अनंत ज्ञान

### सड़क निर्माण में बाधा बने चीड़ के पेड़


**हालांकि,** इसके अलावा अभी एक और समस्या भी है। चीड़ पेड़ों का काटा जाना भी मुश्किल है। सड़क को खुला करने के लिए कई पेड़ अभी भी बाधा बने हुए हैं। 2 साल से कटे नहीं हैं और ना ही मार्क हुए हैं। यह समस्या भी ठेकेदार और पीडब्ल्यूडी के लिए मुंह फैलाकर खड़ी हुई है। बड़सर के एक्शन डीसी ठाकुर का कहना है कि टेंडर खुल चुका है और बाकी का काम जारी है एकाध सप्ताह के भीतर सारी प्रक्रिया मुकम्मल हो जाएगी। बिटूमेन के रेट्स भी काफी बढ़ चुके हैं, उसके लिए कोई दिक्कत नहीं है, अलग से अप्रूवल ली जाएगी। बहुत जल्दी यह काम अब सड़क का रफ्तार के साथ शुरू हो जाएगा।

# कांग्रेस सरकार ने जानबूझकर विकास कार्य लटकाए : कमलेश

- चैंथ खड्ड के तटीकरण कार्य में अनियमितताओं व देरी पर साधा निशाना

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** भोरंज विधानसभा क्षेत्र की पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री महिला मोर्चा कमलेश कुमारी ने चैंथ खड्ड तटीकरण कार्य में हो रही देरी और कथित अनियमितताओं को लेकर प्रदेश की कांग्रेस सरकार तथा स्थानीय विधायक सुरेश कुमार पर गंभीर आरोप लगाए हैं।



उन्होंने कहा कि इस परियोजना के लिए 7 करोड़ 42 लाख 82 हजार रुपए की राशि वर्ष 2021-22 में भाजपा सरकार के कार्यकाल में स्वीकृत हुई थी। नाबार्ड के सहयोग से स्वीकृत यह परियोजना चार वर्षों में भी पूरी नहीं हो सकी है, जो सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करती है। आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार जानबूझकर कार्य में देरी कर रही है ताकि इसका राजनीतिक श्रेय लिया जा सके।

उन्होंने कहा कि परियोजना में अवैध खनन की आशंका भी है, क्योंकि तटीकरण में उपयोग होने वाले पत्थर और बोल्डर खड्ड से ही निकाले जा रहे हैं, जिससे नियमों की अनदेखी हो रही है। उन्होंने कहा कि यह कार्य कुछ लोगों को लाभ पहुंचाने और सरकारी धन के दुरुपयोग का माध्यम बनता जा रहा है। साथ ही उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि कार्य में देरी से चैंथ खड्ड किनारे बसे ग्रामीणों की सुरक्षा को गंभीर खतरा बना हुआ है और बरसातों में लोग भय के माहौल में जीने को मजबूर हैं।

### गाय को राष्ट्रीय दर्जा देने के लिए राष्ट्रपति, पीएम मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** गाय को राष्ट्र माता का दर्जा देने के लिए गाय माता नंदी महाराज के नेतृत्व में संतों के आह्वान पर पूरे देश की 5259 तहसीलों एवं प्रदेश की 110 तहसीलदारों के माध्यम से देश के प्रधानमंत्री, देश के महामहिम राष्ट्रपति, प्रदेश के मुख्यमंत्री व प्रदेश के राज्यपाल को गाय को राष्ट्रीय दर्जा देने के लिए सोमवार को सनातनीयों, गो भक्तों के हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन सौंपे। इसी कड़ी में हमीरपूर तहसील के गौभक्तों द्वारा जगदीश चंद तहसीदार हमीरपुर को हजारों हस्ताक्षरों युक्त महामहिम राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, महामहिम राज्यपालं व मुख्यमंत्री को गाय माता को राष्ट्रमाता का दर्जा देने का निवेदन किया।

इस अवसर पर भारी संख्या में गो भक्त व सनातनी इक्कड़े हुए और बिना बैनर बिना नारेबाजी के ज्ञापन सौपा जिनमें प्यारे लाल शर्मा, सोम नाथ शर्मा, दिनेश शर्मा, कुलदीप शर्मा, राजेश शर्मा, दीक्षित गौतम, बालक राम, कुलदीप, सजीव शर्मा, पृथ्वी राज, सुनील कुमार, होशियार सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# प्रदेश के सबसे बड़े बस स्टैंड में होगा आधुनिक और पहाड़ी वास्तुकला मेल

## हमीरपुर में 125 करोड़ रुपए की लागत से बन रहा आधुनिक अंतरराज्यीय बस स्टैंड

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के गृह जिले के मुख्यालय हमीरपुर में बन रहे प्रदेश के सबसे बड़े बस स्टैंड में अत्याधुनिक वास्तुकला और पारंपरिक पहाड़ी वास्तु शैली का एक शानदार समावेश देखने को मिलेगा।

सोमवार को सोशल मीडिया में वायरल हुए इस बस स्टैंड के प्रस्तावित मॉडल के फोटो को देखकर सभी लोग इसकी काफी तारीफ कर रहे हैं। इस मॉडल में आधुनिक वास्तुकला और उस पर पारंपरिक पहाड़ी वास्तु शैली की एक शानदार झलक दिखाई गई है। इसकी पहाड़ी शैली की ढलानदार छत काफी सुंदर लग रही है। सोशल मीडिया में इन फोटो को खूब शेयर किया जा रहा है। लगभग 125 करोड़ रुपए की लागत से बन रहा यह आधुनिक अंतरराज्यीय बस अड्डा प्रदेश का सबसे बड़ा बस अड्डा होगा। प्रदेश के मध्य में स्थित हमीरपुर शहर में पिछले दो दशकों से एक नए एवं बड़े अंतरराज्यीय बस अड्डे की जरुरत महसूस हो रही थी, लेकिन किन्हीं कारणों से यहां नए बस अड्डे का कार्य आरंभ नहीं हो पा रहा था। लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व जब हमीरपुर में नए अंतरराज्यीय बस अड्डे का निर्माण कार्य आरंभ हुआ तो जिलावासियों की एक बहुत बड़ी मांग पूरी होती नजर आई। बस अड्डे का कार्य युद्धस्तर पर जारी है और इस पर लगभग 125 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं। प्रदेश सरकार ने इसी वर्ष इसका लोकार्पण करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इस बहुमंजिला बस स्टैंड में बसों और अन्य वाहनों के लिए पार्किंग के अलावा कई सरकारी और अर्ध सरकारी कार्यालयों के संचालन के लिए भी बेहतरीन व्यवस्था रहेगी। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद इस भवन में कुछ विभागों एवं सार्वजनिक उपक्रमों के कार्यालयों को भी शिफ्ट करने का प्रस्ताव है।





सोशल मीडिया में बस स्टैंड के प्रस्तावित मॉडल के फोटो वायरल। अनंत ज्ञान

### भोरंज क्षेत्र को बड़ी जिम्मेदारी सोनिया रानी बनी मानवाधिकार संस्था की जिला अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** मानवाधिकार संगठन द्वारा प्रदेश में की गई नई नियुक्तियों के तहत भोरंज क्षेत्र को भी महत्वपूर्ण प्रतिनिधित्व मिला है। संस्था के प्रदेश अध्यक्ष शिवकुमार वर्मा ने हमीरपुर जिले के लिए भोरंज से संबंधित सोनिया रानी को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। भोरंज क्षेत्र से आने वाली सोनिया रानी की नियुक्ति को स्थानीय स्तर पर भी एक अहम उपलब्धि माना जा रहा है। संस्था के राष्ट्रीय प्रभारी राजेंद्र भाटिया और प्रदेशाध्यक्ष शिवकुमार वर्मा ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि वे अपनी जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा के साथ निभाएंगी। उन्होंने कहा कि सोनिया रानी समाज के सभी वर्गों, विशेषकर कमजोर और जरूरतमंद लोगों के अधिकारों की रक्षा के लिए सक्रिय भूमिका निभाएंगी। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष सोनिया रानी ने संगठन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे भोरंज सहित पूरे हमीरपुर जिले में मानवाधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगी। स्थानीय लोगों ने भी इस नियुक्ति पर खुशी जाहिर करते हुए उम्मीद जताई है कि भोरंज क्षेत्र में अब सामाजिक सरोकारों से जुड़े मुद्दों को और मजबूती के साथ उठाया जाएगा।

# जलाड़ी पंचायत के दोसड़का में 80 लाख रुपए से बनेगा कमर्शियल कांप्लेक्स

## मुख्यमंत्री ने स्वीकृत की राशि, जल्द कार्य शुरू करने के दिए निर्देश

अनंत ज्ञान

**नादौन।** नादौन से करीब दो किलोमीटर दूर जलाड़ी पंचायत के दोसड़का में कमर्शिल कांप्लेक्स बनाए जाने का रास्ता साफ हो गया है। प्रस्तावित भूमि में निर्माण कार्य में बाधा बन रहे करीब आधा दर्जन पेड़ थे, जिन्हें सोमवार को विभाग की ओरसे कटवा दिया है।

इस करीब 2.5 कनाल भूमि में पंचायत समिति का तीन मंजिला कमर्शियल कांप्लेक्स बनेगा, जिसमें एक शी हट भी बनेगा, जिसमें महिला स्वंय सहायता समूहों को अपनी गतिविधियों को चलाने में सुविधा रहेगी। महिला स्वंय सहायता समूहों को रोजगार के लिए विभिन्न प्रकार के उत्पादों का प्रशिक्षण दिए जाने के लिए प्रशिक्षण केंद्र भी होगा। इसके अलावा करीब एक दर्जन दुकानों का निर्माण भी किया जाएगा। इन दुकानों में स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार का अवसर मिलेगा। इस कांप्लेक्स के निर्माण के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने 80 लाख रुपए की स्वीकृति देकर विभाग को शीघ्र निर्माण कार्य शुरू करने के निर्देश जारी किए हैं। एसडीएम निशांत शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर 2.5 कनाल भूमि ग्रामीण विकास विभाग के नाम स्थानांतरित कर दी गई है। प्रस्तावित भूमि से पेड़ कटवा दिए गए हैं। प्रस्तावित कमर्शियल कांप्लेक्स के कार्य में तेजी से कार्य हो रहा है। इसके निर्माण के लिए अधिशाषी अभियंता ग्रामीण विकास बंगाणा को 80 लाख रुपए ट्रांसफर कर दिए हैं। शीघ्र निर्माण कार्य शुरू करने के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू करने को कहा गया है।



- स्वयं सहायता समूहों को उत्पादों के प्रशिक्षण की होगी सुविधा

### एनक्यूएएस टीम ने किया सलोआ पीएचसी का निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) के तहत जिला बिलासपुर के नयना देवी ब्लॉक में टीम ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर सलोआ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के पहले दिन जरी स्वास्थ्य ब्लॉक के तहत डॉ. सुरेंद्र सिंह डोगरा (मेडिकल ऑफिसर, जंगल बेरी) और डॉ. विजय (मेडिकल ऑफिसर, भदरबाड़) ने संयुक्त रूप से समीक्षा की। डॉ. सुरेंद्र डोगरा ने बताया कि एनक्यूएएस स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर स विकसित एक गुणवत्ता ढांचा है, जो सेवा, रोगी अधिकार, क्लिनिकल देखभाल और संक्रमण नियंत्रण जैसे 12 मानकों पर आधारित है। इसका उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं में गुणवत्ता, सुरक्षा और रोगी-केंद्रित देखभाल सुनिश्चित करना है। इस अवसर पर डॉ. सोनालिका मेडिकल ऑफिसर इंचार्ज हॉस्पिटल , ब्लॉक प्रोग्राम मनेजर बाल कृष्ण शर्मा विपिन स्टाफ ने डॉ. सुरिंदर, डॉ. विजय का स्वागत और सम्मानित किया।

# जिस तरह भैंस कीचड़ में बैठकर सब पर कीचड़ उछालती है, वही हाल राणा व आशीष का : कुलदीप



हमीरपुर में प्रेसवार्ता करते प्रदेश मार्केटिंग बोर्ड के अध्यक्ष कुलदीप। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, हमीरपुर।** हिमाचल मार्केटिंग बोर्ड की अध्यक्ष कुलदीप पठानिया ने एक प्रेस वार्ता में भाजपा नेताओं राजेंद्र राणा और आशीष शर्मा पर तीखा हमला बोला। उन्होंने दोनों नेताओं की तुलना करते हुए कहा कि जिस तरह भैंस कीचड़ में बैठकर सबको गंदा करने का प्रयास करती है, वैसे ही ये नेता भी बेबुनियाद आरोप लगाकर माहौल खराब कर रहे हैं।

पठानिया ने राजेंद्र राणा पर आरोप लगाते हुए कहा कि वे कभी प्रेम कुमार धूमल के साथ रहे, फिर वीरभद्र सिंह के साथ जुड़े और बाद में सुखविंद्र सिंह सुक्खू के साथ भी रहे, लेकिन अंत में जेपी नड्डा के नेतृत्व वाली भाजपा में चले गए। उन्होंने कहा कि राणा केवल अपने स्वार्थ के लिए दल बदलते रहे हैं और जनता अब उन्हें पहचान चुकी है।

आशीष शर्मा पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि उनके मामलों में न्यायालय कार्रवाई कर रहा है, फिर भी वे सरकार पर आरोप लगाते हैं। पठानिया ने कहा कि भाजपा नेता झूठे वादों और भ्रम फैलाने की राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश में हो रहा विकास वास्तविक व्यवस्था परिवर्तन है, जिसे विपक्ष स्वीकार नहीं कर पा रहा। उन्होंने यह भी कहा कि जनता ने ऐसे नेताओं को पहले ही नकार दिया है और अब वे छटपटाहट में अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं।

**कार्यशाला** डीसी गंधर्वा ने किया फील्ड ट्रेनरों की 3 दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ, कहा-

# जनगणना के दौरान डाटा का हो सही एकत्रीकरण व एंट्री

- लोगों को स्वयं ऑनलाइन एंट्री के लिए भी करें प्रेरित इससे होगी सुविधा

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** जनगणना-2027 के कार्य को सुचारु रूप से पूर्ण करवाने तथा इसमें नियुक्त होने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रशिक्षण के लिए सोमवार को हमीर भवन में फील्ड ट्रेनरों की कार्यशाला आरंभ हुई। तीन दिवसीय कार्यशाला के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए उपायुक्त एवं जिला हमीरपुर की प्रधान जनगणना अधिकारी गंधर्वा राठौड़ ने कहा कि जनगणना-2027 का कार्य एक बहुत ही महत्वपूर्ण एक्सरसाइज है और इसमें फील्ड स्तर पर सही डाटा एकत्रीकरण एवं एंट्री सबसे जरूरी है, क्योंकि इसी डाटा के आधार पर ही भविष्य की योजनाएं तैयार की जाती हैं। डीसी ने बताया कि भारत की यह 16वीं जनगणना पूरी तरह डिजिटल होगी तथा इसके लिए तीन डिजिटल प्रक्रियाएं निर्धारित की गई हैं। लोग स्वयं भी सेल्फ एन्यूमरेशन पोर्टल यानी स्व-प्रगणना पोर्टल पर ऑनलाइन अपनी जानकारी भर सकेंगे। गंधर्वा राठौड़ ने सभी मास्टर ट्रेनरों और फील्ड ट्रेनरों से कहा कि वे इस कार्यशाला के बाद अपने-अपने क्षेत्रों में सुपरवाइजरों और प्रगणकों को प्रशिक्षित करें तथा उनकी हर शंका या समस्या का त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने बताया कि जनगणना के पहले चरण में सभी मकानों एवं अन्य भवनों की लिस्टिंग की जा रही है और जिला में इसकी प्रगति काफी संतोषजनक है। उन्होंने कहा कि कई जिलावासियों के मकान या अन्य परिसंपत्तियां एक से अधिक स्थानों पर हैं। इनकी गणना में विशेष सावधानी बरती जानी चाहिए, एक व्यक्ति की गणना एक ही स्थान पर होनी चाहिए, ताकि जनसंख्या का सही आंकड़ा सामने आ सके। कार्यशाला के पहले दिन मास्टर ट्रेनर एवं बमसन की खंड विकास अधिकारी वैशाली शर्मा और दूसरे मास्टर ट्रेनर रमेश कुमार ने जनगणना से संबंधित अधिनियम एवं नियमों तथा फील्ड ट्रेनरों की जिम्मेदारियों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की।



कार्यशाला के उद्घाटन सत्र को संबोधित करती डीसी। अनंत ज्ञान

### जनजागरूकता बढ़ाने पर विशेष जोर

**डीसी** ने कहा कि हमीरपुर जिला देश के सबसे साक्षर एवं जागरूक जिलों में से एक है और अगर फील्ड स्तर पर आम लोगों को जनगणना के बारे में जागरूक किया जाए तथा उन्हें स्वयं अपनी जानकारी भरने के लिए प्रेरित किया जाए तो यह कार्य काफी आसान हो सकता है, इसलिए सभी अधिकारी जन जागरुकता पर विशेष रूप से फोकस करें।

### आरसेटी ने 29 महिलाओं को सिखाया मोमबत्ती का उत्पादन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) द्वारा महिलाओं के लिए आयोजित 12 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर सोमवार को संपन्न हो गया। शिविर में 29 महिलाओं ने मोमबत्ती बनाने का प्रशिक्षण प्राप्त किया। शिविर के समापन अवसर पर प्रतिभागी महिलाओं को शुभकामनाएं देते हुए आरसेटी के निदेशक अजय कतना ने कहा कि संस्थान के माध्यम से प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद वे व्यक्तिगत रूप से या समूह का गठन करके अपना उद्यम स्थापित कर सकती हैं। उद्यम स्थापित करने के लिए बैंकों से ऋण लेने के लिए आरसेटी भी उनकी मदद कर सकता है। शिविर के समापन अवसर पर वित्तीय साक्षरता सलाहकार जी सी भट्टी, शिविर के मूल्यांकनकर्ता सोमदत्त शर्मा, मुकेश कुमार, फैकल्टी मेंबर विनय चौहान, ट्रेनर किरण और अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

# बदतर हालात में जी रहा रत्तन लाल का परिवार

## बरसात में गिरा था मकान का एक हिस्सा, अब खुले में रहने को मजबूर

अनंत ज्ञान

**भोरंज।** भोरंज उपमंडल के तहत आने वाले बडैहर गांव निवासी रत्तन लाल पुत्र सरवन राम का परिवार आज भी अत्यंत दयनीय स्थिति में जीवन यापन करने को मजबूर है। रत्तन लाल अपने दो भाइयों के साथ एक ही मकान में अलग-अलग रहते हैं, लेकिन परिवार की आर्थिक स्थिति इतनी कमजोर है कि वे बुनियादी जरूरतें पूरी करने में भी असमर्थ हैं।

जानकारी के अनुसार, बीती बरसात में उनके मकान का एक हिस्सा गिर गया था, जो आज तक दोबारा नहीं बन पाया है। परिवार खुले और असुरक्षित हालात में रहने को विवश है। हालात इतने खराब हैं कि घर में खाने तक के लिए पर्याप्त पैसे नहीं हैं।

रत्तन लाल की दो बेटियां हैं, जिनकी परवरिश भी बेहद कठिन परिस्थितियों में हो रही है। परिवार की आर्थिक एकमात्र सहारा गधा था, जो पिछले वर्ष से लापता है। बार-बार गुहार लगाने के बावजूद अब तक किसी भी जनप्रतिनिधि द्वारा ठोस सहायता नहीं मिल पाई है। हर बार केवल आश्वासन ही इस गरीब परिवार के हिस्से में आया है। इस संबंध में पंचायत सचिव घनश्याम ने बताया कि विभागीय टीम द्वारा परिवार का सर्वे किया जा चुका है। रत्तन लाल का नाम प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत भेजा गया है। जैसे ही योजना को मंजूरी मिलती है, परिवार को मकान निर्माण के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। फिलहाल, रत्तन लाल और उनका परिवार सरकारी सहायता की उम्मीद में दिन गिन रहा है। लोगों का कहना है कि प्रशासन को ऐसे जरूरतमंद परिवारों की तत्काल मदद के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए, ताकि उन्हें सुरक्षित आवास और सम्मानजनक जीवन मिल सके।



बार-बार गुहार के बावजूद नहीं मिली खास सहायता। अनंत ज्ञान

## चंबा के बगीचों में खिला 'सफेद सोना', रिकॉर्ड पैदावार की उम्मीद

**अनंत ज्ञान, चंबा।** चंबा जिले के पहाड़ी इलाकों में इन दिनों सेब के बगीचे उम्मीदों से लदे नजर आ रहे हैं। पेड़ों पर आई जबरदस्त फ्लावरिंग ने बागवानों के चेहरों पर मुस्कान लौटा दी है। इस बार सर्दियों में हुई भरपूर बर्फबारी को बागवान किसी वरदान से कम नहीं मान रहे, क्योंकि इसका सीधा असर सेब की फसल पर दिखाई दे रहा है। पिछले साल के मुकाबले इस बार बगीचों में अधिक फूल खिले हैं, जो आने वाले सीजन में बेहतर और रिकॉर्ड पैदावार की ओर इशारा कर रहे हैं। खास बात यह है कि अब तक मौसम पूरी तरह अनुकूल बना हुआ है।

पहाड़ी क्षेत्रों में ओलावृष्टि न होने से फसल सुरक्षित है, जिससे बागवानों की उम्मीदें और भी मजबूत हो गई हैं। चंबा के इन इलाकों में सेब की खेती ही लोगों की आजीविका का मुख्य आधार है। पूरे साल की मेहनत व परिवार की आर्थिक स्थिति इसी फसल पर टिकी होती है, ऐसे में इस बार अच्छी पैदावार की संभावना ने बागवानों में नया जोश भर दिया है। स्थानीय बागवानों का कहना है कि यदि आने वाले दिनों में भी मौसम इसी तरह मेहरबान रहा व ओलावृष्टि से बचाव होता रहा, तो इस साल सेब की फसल रिकॉर्ड स्तर तक पहुंच सकती है। फिलहाल बागवान अपने बगीचों की देखभाल में पूरी तरह जुटे हुए हैं और भरपूर फसल की उम्मीद लगाए बैठे हैं।

## बाढ़ व बादल फटने को आधार मानकर 28 को मेगा मॉक ड्रिल



मेगा मॉक ड्रिल के संबंध में बहु-एजेंसी टेबलटॉप अभ्यास आयोजित। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**चंबा।** अचानक बाढ़ व बादल फटने जैसी संभावित आपदाओं से प्रभावी ढंग से निपटने की तैयारियों को परखने के उद्देश्य से 28 अप्रैल को एनएचपीसी करियां स्थित चमेरा विद्युत परियोजना-2 और 3 में एक मेगा मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा। उक्त मेगा मॉक ड्रिल के सफल संचालन के दृष्टिगत एक बहु-एजेंसी टेबलटॉप अभ्यास आयोजित किया गया।

इसमें विभिन्न विभागों व एजेंसियों के अधिकारियों ने भाग लेकर आपदा प्रबंधन से संबंधित योजनाओं एवं रणनीतियों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया। मेगा मॉक ड्रिल के दौरान अचानक बाढ़ व बादल फटने की स्थिति को आधार मानते हुए जिला चंबा के करियां क्षेत्र में रावी नदी के किनारे जलस्तर में अचानक वृद्धि, राष्ट्रीय राजमार्ग-154ए पर स्थित रजेरा क्षेत्र में भारी भूस्खलन तथा हिमाचल प्रदेश बिजली बोर्ड के बिजली केंद्र में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगने जैसी संभावित परिस्थितियों में राहत एवं बचाव कार्यों का पूर्वाभ्यास किया जाएगा। इस बहु-एजेंसी टेबलटॉप अभ्यास में जिला प्रशासन, चमेरा बिजली परियोजना-2 एवं 3, राष्ट्रीय एवं राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग, जल शक्ति विभाग तथा गृह रक्षक दल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। इस दौरान महाप्रबंधक चमेरा पावर स्टेशन-2 पंकज कुमार सिंह, परियोजना प्रमुख बिजली, अजय श्रीवास्तव चमेरा पावर स्टेशन-2 व परियोजना प्रमुख विद्युत टीकेश्वर प्रसाद चमेरा पावर स्टेशन-3 सहित विभिन्न विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# सड़क सुविधा से वंचित ब्रेही पंचायत के आधा दर्जन गांव

अनंत ज्ञान

**देशराज कश्यप, धरवाला।** जिला चंबा से मात्र 35 किलोमीटर की दूरी पर स्थित विकासखंड मैहला की ग्राम पंचायत ब्रेही के कई गांव आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। आजादी के दशकों बाद भी यहां के ग्रामीण सड़क सुविधा के अभाव में कठिन और जोखिम भरा जीवन जीने को मजबूर हैं।

ग्राम पंचायत ब्रेही के सादुन वार्ड के अंतर्गत आने वाले पालई, अप्पर सादुन, लोअर सादुन, त्रोड़ू, दूरकुंड और चोभूराला गांव के सैकड़ों लोग आज भी दैनिक जरूरतों के लिए असुरक्षित पैदल मार्गों पर निर्भर हैं। इन रास्तों की स्थिति इतनी खराब है कि यहां सफर करना किसी खतरे से कम नहीं। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क मार्ग का अभाव न केवल उनके रोजमर्रा के जीवन को प्रभावित कर रहा है, बल्कि बच्चों की शिक्षा व बीमार लोगों की स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच भी गंभीर रूप से बाधित हो रही है। एक ओर जहां दूरकुंड-करेरी टनल परियोजना को लेकर बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर इन गांवों की बुनियादी समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं। सबसे गंभीर समस्या नदी पर बनी अस्थायी पुलियों की है, जो अत्यंत जर्जर व जानलेवा है। बरसात के दौरान जब नदी का जलस्तर बढ़ता है, तो ये पुलियां बह जाती हैं, जिससे पूरा क्षेत्र बाहरी दुनिया से कट जाता है। ऐसे में खाद्य सामग्री, दवाइयों और अन्य आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति भी बाधित हो जाती है। यह मार्ग केवल स्थानीय लोगों के लिए ही नहीं, बल्कि प्रसिद्ध धार्मिक स्थल लमडल जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए भी एकमात्र रास्ता है। हर वर्ष हजारों श्रद्धालु यहां स्थित पवित्र डल झील में स्नान करने पहुंचते हैं, लेकिन खराब मार्ग के कारण उन्हें भी भारी जोखिम उठाना पड़ता है। स्थानीय निवासी पंडित पवन शर्मा, योगेश राणा, जय राम, प्यार सिंह, मचलू राम, धर्मराज, भागी राम व निशा देवी सहित अन्य ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि इन गांवों को जल्द सड़क मार्ग से जोड़ा जाए व पैदल रास्तों को सुरक्षित बनाया जाए, ताकि लोगों को सुरक्षित व सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते इस गंभीर समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो आने वाले समय में कोई बड़ा हादसा भी हो सकता है।



जोखिम भरे पैदल रास्तों से गुजरने को मजबूर लोग। अनंत ज्ञान

## ब्रेक फेल होने से बेकाबू हुई एचआरटीसी बस, चालक की सूझबूझ से टला बड़ा हादसा

अनंत ज्ञान



**राहुल सहगल, चंबा।** हिमाचल पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी) की जर्जर व्यवस्था ने एक बार फिर यात्रियों की जान को खतरे में डाल दिया। सोमवार सुबह चंबा डिपो की एक बस अचानक ब्रेक एफिशिएंसी डाउन होने के कारण बेकाबू हो गई और कुछ ही पलों में एक भयानक हादसा होने की आशंका पैदा हो गई। बस में महिलाएं, छोटे बच्चे और स्कूली छात्र सवार थे—हर किसी की सांसें थम गई थीं।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, झुमार आगहर से चंबा की ओर आ रही यह बस सुबह करीब 7:45 बजे जैसे ही ढलान पर पहुंची, तभी प्रेशर पाइप फटने से ब्रेक ने काम करना बंद कर दिया। बस तेजी से नीचे की ओर दौड़ने लगी। चीख-पुकार और अफरा-तफरी के बीच चालक ने अद्भुत साहस और सूझबूझ का परिचय देते हुए फैसला लिया और बस को पहाड़ी की तरफ मोड़ दिया। तेज रफ्तार बस जोरदार टक्कर के साथ पहाड़ी से जा टकराई और वहीं थम गई। यह टक्कर ही सवारियों के लिए जिंदगी की डोर बन गई। बस रुकते ही यात्री अपनी जान बचाने के लिए नीचे कूदने लगे। इस खौफनाक मंजर को बस में बैठे एक यात्री ने अपने मोबाइल में कैद कर लिया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। एचआरटीसी अधिकारी ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि ब्रेकिंग एफिशिएंसी कम होने और ढलान के दबाव के कारण यह स्थिति बनी। मौके पर तकनीकी टीम भेजी गई थी और अब बस को ठीक कर फिर से रूट पर चला दिया गया है। घबराने की कोई जरूरत नहीं है, लेकिन बड़ा सवाल यह है कि आखिर कब तक 'घबराने की जरूरत नहीं' कहकर यात्रियों की सुरक्षा से समझौता किया जाएगा? एचआरटीसी की बदहाल बसों और लगातार सामने आ रही तकनीकी खामियों को लेकर विपक्षी दलों और स्थानीय लोगों ने कई बार धरना-प्रदर्शन किए हैं, चेतावनियां दी हैं, लेकिन हालात जस के तस बने हुए हैं। आज चालक की बहादुरी ने दर्जनों परिवारों को उजड़ने से बचा लिया, लेकिन अगर यही लापरवाही जारी रही तो अगली बार किस्मत इतना साथ देगी, यह कहना मुश्किल है।

## बैरा स्यूल में मजदूरों का बिगुल: सातवें दिन उग्र हुआ आंदोलन

# नौकरी बहाल करो की गूंज से हिला प्रबंधन



नौकरी बहाली को लेकर छिड़ा मजदूर आंदोलन। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सुरंगानी।** बैरा स्यूल परियोजना में दुनी चंद की नौकरी बहाली को लेकर छिड़ा मजदूर आंदोलन अब निर्णायक मोड़ पर पहुंचता नजर आ रहा है। बैरा स्यूल प्रोजेक्ट वर्कर्स यूनियन (सीटू) के बैनर तले जारी धरना-प्रदर्शन सोमवार को सातवें दिन और अधिक उग्र रूप में सामने आया।

परियोजना परिसर 'नौकरी बहाल करो' के नारों से गूंज उठा, जिससे प्रबंधन पर दबाव साफ तौर पर बढ़ता दिखा। सोमवार को हुए प्रदर्शन में सीटू जिला कमेटी की महासचिव सुदेश ठाकुर तथा अध्यक्ष नरेंद्र विरुद्ध की मौजूदगी ने आंदोलन को नई धार दी। कार्यक्रम की शुरुआत एक विशाल गेट मीटिंग से हुई, जिसमें 150 से अधिक मजदूरों ने जोश और एकजुटता के साथ भाग लिया। मजदूरों ने साफ संकेत दिया कि अब यह लड़ाई सिर्फ एक कर्मचारी की नहीं, बल्कि पूरे श्रमिक वर्ग के सम्मान और अधिकारों की है। गेट मीटिंग के बाद शुरू हुआ धरना-प्रदर्शन देर तक जारी रहा।

यूनियन महासचिव कुशल ठाकुर ने तीखे शब्दों में प्रबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि एनएचपीसी की मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ आक्रोश अब अन्य परियोजनाओं में भी फैल रहा है। 'यह लड़ाई अब व्यापक रूप ले रही है और मजदूर अपने हक के लिए हर स्तर पर संघर्ष को तैयार हैं। उन्होंने बताया कि बढ़ते दबाव के बीच प्रबंधन बातचीत के लिए आगे आया है, लेकिन चेतावनी दी कि यदि मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो आंदोलन और उग्र होगा। आवश्यक हुआ तो चक्का जाम और हड़ताल जैसे कड़े कदम भी उठाए जाएंगे, उन्होंने दो टूक कहा।

यूनियन ने स्पष्ट कर दिया है कि दुनी चंद की नौकरी बहाली उनकी पहली और अंतिम प्राथमिकता है, जब तक यह मांग पूरी नहीं होती, तब तक आंदोलन रुकने वाला नहीं है। बैरा स्यूल परियोजना में बढ़ती हलचल ने अब एक बड़े श्रमिक संघर्ष का संकेत दे दिया है।

## डलहौजी में बिजली पेंशनर्स की बैठक नई कार्यकारिणी पर फैसला टला

अनंत ज्ञान



**अजीत सिंह, डलहौजी।** बिजली परिषद पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन, डलहौजी इकाई की मासिक बैठक सोमवार को बिजली बोर्ड के विश्राम गृह में आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता एचएस चौहान ने की, जिसमें करीब 20 सदस्यों ने भाग लेकर संगठन से जुड़े विभिन्न अहम मुद्दों पर चर्चा की। बैठक में नई कार्यकारिणी के गठन का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया, लेकिन अपेक्षित संख्या में सदस्यों की उपस्थिति न होने के कारण इस विषय पर कोई निर्णय नहीं लिया जा सका। इसे अगली बैठक तक स्थगित कर दिया गया। इसके अलावा, 5 मई 2026 को सोलन में आयोजित होने वाले वार्षिक अधिवेशन में भागीदारी को लेकर भी विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। सदस्यों की सहमति से तय किया गया कि डलहौजी इकाई के पांच सदस्य 4 मई को सोलन के लिए रवाना होंगे, ताकि अधिवेशन में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जा सके। बैठक के अंत में संगठन को और अधिक मजबूत बनाने, सदस्यों की भागीदारी बढ़ाने और भविष्य की गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित करने पर जोर दिया गया।

# युवती को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में चाचा-चाची सहित तीन गिरफ्तार

अनंत ज्ञान



**भटियात।** जिला चंबा के भटियात क्षेत्र की पंचायत तुनुहट्टी के जंद्राह गांव में एक युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले ने तूल पकड़ लिया है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए युवती को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में उसके चाचा, चाची और चचेरे भाई को गिरफ्तार कर लिया है। शनिवार को डॉ. राजेंद्र प्रसाद राजकीय आयुर्विज्ञान महाविद्यालय एवं अस्पताल, टांडा में पोस्टमार्टम के बाद युवती का शव परिजनों को सौंपा गया।

शाम करीब 4:30 बजे शव के गांव पहुंचते ही थाना प्रभारी चुवाड़ी अखलेश सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। पुलिस ने घर और आसपास के क्षेत्र की गहन तलाशी ली, जिसमें युवती द्वारा सेवन किए गए जहरीले पदार्थ की शीशी और एक स्कूल की नोटबुक बरामद की गई। इसी नोटबुक में युवती द्वारा लिखा गया सुसाइड नोट भी मिला है, जिसे पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि युवती लंबे समय से पारिवारिक विवाद व जमीन-जायदाद के झगड़े से परेशान थी। इसी तनाव के चलते उसने कुछ दिन पहले जहरीला पदार्थ खा लिया था। पहले उसे नजदीकी क्लिनिक में दिखाया गया, लेकिन हालत बिगड़ने पर चुबाड़ी के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां भी सुधार न होने पर डॉक्टरों ने उसे टांडा रेफर कर दिया, जहां उपचार के दौरान शाम करीब 3:30 बजे उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने सुसाइड नोट के आधार पर कार्रवाई करते हुए भारतीय न्याय संहिता की धारा 108 के तहत युवती के चाचा अरुण, चाची तपस्या और उनके बेटे रूसेल को हिरासत में लेकर गिरफ्तार कर लिया है। मामले की जांच जारी है और पुलिस हर पहलू को ध्यान में रखकर साक्ष्य जुटा रही है। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों ने निष्पक्ष जांच की मांग की है ताकि पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके।

# ग्रामीणों को कानून व सड़क सुरक्षा की दी गई जानकारी



सुंगल में विधिक जागरूकता शिविर में मौजूद लोग। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**चंबा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, चंबा द्वारा सोमवार को ग्राम पंचायत सुंगल में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

यह शिविर हिमाचल प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार आयोजित किया गया, जिसमें स्थानीय ग्रामीणों और पंचायत प्रतिनिधियों ने भाग लिया। शिविर में सहायक विधिक सहायता रक्षा अधिवक्ता नवीन सिंह ठाकुर ने संसाधन व्यक्ति के रूप में उपस्थित होकर लोगों को सड़क सुरक्षा व मोटर वाहन अधिनियम, 2022 के प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने हेलमेट और सीट बेल्ट के उपयोग, ओवरस्पीडिंग, नशे में वाहन चलाने और वाहन चलाते समय मोबाइल फोन के प्रयोग से बचने की आवश्यकता पर जोर दिया। इसके साथ ही राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा उपलब्ध निशुल्क कानूनी सहायता, हेल्पलाइन नंबर 15100, लीगल सर्विसेज मोबाइल ऐप तथा विभिन्न योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी गई।

शिविर सहभागितापूर्ण रहा, जिसमें उपस्थित लोगों ने सवाल पूछे और उन्हें संतोषजनक उत्तर दिए गए। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से आम जनता को जागरूक कर न्याय तक उनकी पहुंच सुनिश्चित की जा रही है।

# अनुप कुमार बने सेना में लेफ्टिनेंट

## गांव के लाल ने बढ़ाया मान: विद्यालय में गूंजा देशभक्ति का उत्साह

अनंत ज्ञान

**बखतपुर।** ग्राम पंचायत बखतपुर के छोटे से गांव चुंगाड़ी के बेटे अनुप कुमार ने भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट बनकर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन कर दिया है। उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बखतपुर में एक भव्य और भावनात्मक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों व शिक्षकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के

प्रधानाचार्य बलदेव राम व समस्त शिक्षक वर्ग ने अनुप कुमार को पुष्प गुच्छ और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। पूरे परिसर में तालियों की गड़गड़ाहट के बीच इस होनहार युवा का स्वागत किया गया, जिसने अपनी मेहनत और लगन से सफलता की नई मिसाल कायम की। सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए लेफ्टिनेंट अनुप कुमार ने अपने संघर्ष व सफलता की प्रेरणादायक यात्रा विद्यार्थियों के साथ साझा की।



उन्होंने बताया कि सीमित संसाधनों के बावजूद यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत सच्ची हो, तो कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है।

उन्होंने विद्यार्थियों को सेना में अधिकारी बनने के लिए अभी से तैयारी शुरू करने का आह्वान किया और राष्ट्रीय रक्षा अकादमी तथा संयुक्त रक्षा सेवा परीक्षाओं के माध्यम से सेना में जाने की पूरी प्रक्रिया विस्तार से समझाई। उन्होंने कहा, 'सपने वही सच होते हैं, जिनके लिए हम दिन-रात मेहनत करते हैं। कठिनाइयां जरूर आती हैं, लेकिन हार मानना विकल्प नहीं होना चाहिए।' उनके इन शब्दों ने विद्यार्थियों के मन में देश सेवा के प्रति नई ऊर्जा और जज्बा भर दिया। अनुप कुमार जुलाई 2026 में देहरादून स्थित भारतीय सैन्य अकादमी देहरादून में प्रशिक्षण प्राप्त करने जाएंगे। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि भविष्य में भी वे विद्यालय आकर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते रहेंगे। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य बलदेव राम ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अनुप कुमार की सफलता पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणा है। उन्होंने विद्यार्थियों से उनके पदचिन्हों पर चलकर अपने लक्ष्य निर्धारित करने और देश सेवा के लिए आगे आने का आह्वान किया। इस गौरवपूर्ण अवसर ने न केवल विद्यालय, बल्कि पूरे क्षेत्र में देशभक्ति और प्रेरणा की नई लहर पैदा कर दी है।

# 38 मामले दर्ज, चरस-चिट्टा समेत भारी मात्रा में नशीले पदार्थ बरामद

अनंत ज्ञान



**चंबा।** डीसी मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में सोमवार को उपायुक्त कार्यालय में नार्को समन्वय समिति की जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिले में नशीली दवाओं, मादक द्रव्यों की रोकथाम तथा उनकी धरपकड़ के लिए कार्यतंत्र को और अधिक प्रभावी बनाने के संबंध में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की गई।

डीसी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने कार्यक्षेत्र में, विशेष रूप से स्कूलों व कॉलेजों में चिट्टा एवं अन्य मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए ठोस और प्रभावी कदम उठाएं। पुलिस अधीक्षक विजय सिंह सकलानी ने बैठक की कार्रवाई का संचालन करते हुए बताया कि जिले में नशा विरोधी अभियान के तहत वर्ष 2026 में अब तक 38 मामले दर्ज किए गए हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस द्वारा कुल 14.612 किलोग्राम चरस, 141.92 ग्राम चिट्टा तथा 2.169 किलोग्राम पॉपी प्लांट बरामद की गई है। इन मामलों में कुल 55 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें से 9 मामले अप्रैल माह में दर्ज किए गए हैं। उन्होंने बताया कि एनडीपीएस मामलों में संलिप्त 5 सरकारी कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है, जिनमें से 2 को निलंबित, 1 सेवानिवृत्त तथा 2 को सेवा से बर्खास्त किया गया है। उन्होंने बताया कि अब तक दर्ज मामलों में से 31 मामलों की जांच जारी है, जबकि 7 मामले न्यायालय में विचाराधीन हैं। बैठक में एसडीएम प्रियांशु खाती, उपायुक्त आबकारी एवं कराधान नूतन महाजन, जिला कार्यक्रम अधिकारी स्वास्थ्य डॉ हरित पुरी सहित विभिन्न विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## जयराम ठाकुर को अपनी पार्टी पर ध्यान देना चाहिए: चंपा ठाकुर

**अनंत ज्ञान, मंडी।** भाजपा नेता और पूर्व मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर के उस बयान पर, जिसमें उन्होंने कहा था कि कांग्रेस नगर निगम चुनाव के लिए प्रत्याशियों से आवेदन के नाम पर पांच-पांच हजार रुपए मांग रही है, कांग्रेस की जिला अध्यक्ष चंपा ठाकुर ने कड़ा जवाब दिया है। चंपा ठाकुर ने कहा कि जय राम ठाकुर को अपनी पार्टी पर ध्यान देना चाहिए। कांग्रेस क्या कर रही है, यह हमारा अधिकार क्षेत्र है। जो भी आवेदन लिए जा रहे हैं, वह पार्टी की विचारधारा और कार्य करने की नीति के आधार पर लिए जा रहे हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल पर निशाना साधते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि हाल ही में भाजपा की एक महिला रैली के दौरान डॉ. बिंदल ने आक्रोश में महिलाओं के लिए अभद्र टिप्पणी की थी, जिसकी हर जगह निंदा हो रही है। चंपा ठाकुर ने आगे कहा कि भारतीय जनता पार्टी पूंजीपतियों की पार्टी है, जबकि कांग्रेस जनता के हित के लिए काम करने वाली जनता की पार्टी है।

# पंडित सुखराम के श्राद्ध कार्यक्रम में एक मंच पर दिखे भाजपा-कांग्रेस के दिग्गज

अनंत ज्ञान

**मंडी।** पूर्व केंद्रीय मंत्री व कांग्रेस नेता पंडित सुखराम के चतुर्वार्षिक श्राद्ध के अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा व प्रीति भोज में भाजपा व कांग्रेस के कई दिग्गज एक ही मंच पर नजर आए।

रानी बाई स्थित एक होटल में आयोजित इस कार्यक्रम में उनके पुत्र व भाजपा विधायक अनिल शर्मा, उनकी पत्नी और पुत्र आश्रय शर्मा मेहमानों की अगवानी करते दिखे। कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने भी शिरकत की, वहीं कांग्रेस की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह भी श्रद्धांजलि देने पहुंचीं। हालांकि, प्रतिभा सिंह की मौजूदगी संक्षिप्त रही। वह अपने सहयोगियों के साथ कार्यक्रम स्थल पर पहुंचीं, सीधे पंडित सुखराम के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की, कुछ मिनट बैठीं, भोजन ग्रहण किया और फिर प्रस्थान कर गईं। उनकी इस संक्षिप्त उपस्थिति ने राजनीतिक

**◆ प्रतिभा सिंह की संक्षिप्त मौजूदगी से सियासी हलचल तेज**

गलियारों में नई चर्चाओं को जन्म दे दिया है। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री प्रकाश चौधरी, पूर्व सीपीएस सोहन लाल ठाकुर, कांग्रेस नेता पुष्पराज शर्मा, देवेंद्र शर्मा, राजेंद्र मोहन और योगराज योगा सहित कई नेताओं ने भाग लिया।

वहीं, भाजपा की ओर से बिलासपुर के विधायक जीत राम कटवाल, रणवीर रणिया, हेमराज राणा व सरिता हांडा सहित अन्य नेता भी मौजूद रहे। गौरतलब है कि वीरभद्र सिंह और पंडित सुखराम के बीच राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता रही थी, लेकिन वर्तमान परिदृश्य में सुखराम का परिवार भाजपा में होने के बावजूद प्रतिभा सिंह की उपस्थिति को सियासी दृष्टि से अहम माना जा रहा है, जिससे प्रदेश की राजनीति में नई सुगबुगाहट तेज हो गई है।


अनंत Classifieds

NAME CHANGE

I Mahima Bhardwaj D/O Ramesh Chand R/O Village Chandmari Ward no.07, PO Dharamshala cantt,Tehsil Dharamshala, Distt Kangra HP .Declare that I have changed my name from Mahima to Mahima Bhardwaj. All concern please note.


**अदालती नोटिस**

**व अदालत तहसीलदार एंव सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी पालमपुर जिला काँगड़ा हि0प्र0 ।**

मुकदमा नं.- 81358/2026
किस्म मुकदमा- नाम दरुस्ती
तारीख पेशी- 05-05-26
अर्जुन दास पुत्र सीतू राम निवासी गांव सरसावा डा़ भदरैणा, तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा हि0प्र0 ।

**बनाम आम जनता**

**विषयः- नाम की दरुस्ती करवाने बारे ।**

प्रार्थी अर्जुन दास पुत्र सीतू राम निवासी गांव सरसावा डा़ भदरैणा, तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा हि.प्र. ने इस अदालत में प्रार्थना पत्र द्वारा सूचित किया है कि उनका असल नाम अर्जुन दास पुत्र सीतू राम है उनके सभी दस्तावेजों में भी उनका नाम अर्जुन दास पुत्र सीतू राम है, परन्तू राजस्व रिकॉर्ड महाल सरसावा में काका राम पुत्र सीतू व महाल पढियारखर में काकू राम पुत्र सीतू दर्ज कागजात माल है, जोकि गलत है। अब प्रार्थी के नाम की दरुस्ती करने उपरान्त सही नाम दर्ज कागजात माल किया जाए। सर्व सधारण / आम जनता को सधारण तरीके से ईलताल नहीं हो सकती। इसलिए इस इश्तहार द्वारा आम जुजता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त नाम की दरुस्ती बारे किसी को कोई ऐतराज हो तो वह दिनांक 05-05-26 को असालतन व वकालतन इस कार्यालय में हाजिर होकर उजर पेश कर सकता है। हाजिर न आने की सूरत में एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।
आज दिनांक 20. 04.2026 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी किया गया।

**सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी पालमपुर।**

**अदालती नोटिस**

**व अदालत नायव-तहसीलदार एंव कार्यकारी दण्डाधिकारी तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा हि0 प्र0।**

मुकदमा न. 16/NT/25
तारीख पेशी - 5/5/26
श्रीमति कौशल्या पुत्री स्व. शिव राम वर्तमान पता प्रीतम चन्द पुत्र निवासी गांव होल्यू दियोग्रा, तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा हि0प्र0।

**बनाम आम जनता**

प्रार्थना पत्र अधिनियम धारा 13 (III) जन्म एंव मत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969
श्रीमति कौशल्या पुत्री स्व. शिव राम वर्तमान पता प्रीतम चन्द पुत्र निवासी गाय होल्सू दियोग्रा, तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा हि0प्र0 ने इस कार्यालय में प्रार्थना पत्र पेश किया है कि उसका जन्म गांव चौकी खलेट, में दिनांक 07.01.1977 को हुआ है लेकिन ग्राम पंचायत चौकी खलैट वर्तमान नगर निगम के अभिलेख में दर्ज न है। अतः अब इश्तहार द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस बारे किसी व्यक्ति को कोई भी एतराज हो तो वह दिनांक 5.5.26 को अधोहस्ताक्षरी की अदालत में प्रातः 11:00 बजे असालतन या वकालतन हाजिर होकर अपनी आपती दर्ज करवा सकता है। बाद गुजरने मियाद कोई भी उजर या एतराज काविले समायत न होगा तथा जन्म पंजीकरण के आदेश संबंधित नगर निगम को पारित कर दिये जायेंगे। आज दिनांक 20.04.2026 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी किया गया।

**कार्यकारी दण्डाधिकारी पालमपुर।**

**अखबारी ईश्तहार**

**व अदालत नायव तहसीलदार एवं कार्यकारी दण्डाधिकारी, भदरोता जिला मण्डी हि0प्र0 ।**

मुकदमा संख्याः 03/2026
तारीख मजरूआः- 18-02-2026
आगामी तारीख 23-05-2026
प्रकाश चन्द पुत्र सैनू राम निवासी व डाकघर जमणी उप तहसील भदरोता जिला मण्डी हि0प्र0 ।
...प्रार्थी

**बनाम आम जनता।**

**प्रार्थना पत्र बराये मक्खफूल उल्लखबरी**

उपरोक्त प्रार्थी प्रकाश चन्द पुत्र सैनू राम निवासी व डाकघर जमणी उप तहसील भदरोता जिला मण्डी हि0 प्र0। ने इस अदालत में अपना प्रार्थना पत्र वावत किए जाने सत्यापित इन्तकाल मक्खफूल उल्लखबरी अपने लापता ताया श्री प्रभदयाल पुत्र फतू निवासी व डाकघर जमणी उप तहसील भदरोता जिला मण्डी हि0 प्र0 जो कि 15-20 बर्षो से लापता हो चुके है को दर्ज करने हेतू दावा दायर किया है। अतः प्रतिवादीगण आम जनता को बजरिया अखवारी इश्तहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में उक्त मुकदमें की पैरवी दिनांक 23-05-2026 को निश्चित की गई है। अतः आप स्वंय उपरोक्त मुकर्रर दिनांक व समय 11.00 बजे प्रातः इस न्यायालय में असालतन या वकालतन हाजिर होकर पैरवीं मुकदमा करे अन्यथा गैर हाजिरी की सूरत में आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। इस बात की ताकीव जाने। उक्त अखबारी ईश्तहार आज दिनांक 23-04-2026 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर सहित अदालत से जारी हुआ।

**सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी उप तहसील भदरोता जिला मण्डी हि0 प्र0 ।**

**अदालती नोटिस**

**व अदालत सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी पामलपुर जिल काँगड़ा हि0प्र0।**

किस्म मुकदमा- तकसीम
मुकदमा न.- 79/NT/2025
तारीख पेशी- 14.05.2026

**कंचना देवी वनाम अमर सिंह आदि**

समन बनामः- 1. (क) अदित्या कुमार 1 (ख) अतिमा पुत्र व 1 (ग) अंकिता देवी 1 (ग) नंदिता 1 (घ) स्वेता पुत्री व 1 (ड़) रंजना देवी विध्वा अमर सिंह पुत्र सरन 2 (क) अक्षित पुत्र व 2 (ख) कुमारी अकांक्षा 2(ग) कुमारी अमीक्षा 2(घ) कुमारी अनिक्षा पुत्रिया व 2(ड़) मन्जू देवी विध्वा अमित कुमार पुत्र दुलो राम 3 मनीश कुमार पुत्र पाल सिंह 4 अजय सिंह पुत्र विजय सिंह 5 कुलदीप पुत्र हरी राम 6 श्रीमति अनिता कुमारी पुत्री कृष्ण कुमार 7 रमेश चन्द पुत्र ध्यान सिंह 8 अनिल वर्मा पुत्र विश्वेशवर लाल 9 रुचि महाजन पुत्र सुमित सूद निवासी झलरेहड़, तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा हि. प्र.

**विषयः-** भूमि तकसीम खाता न. 312 खतौनी न.452, खसरा किता -5 रकवा तादादी 0-37-96 हैक्ट. स्थित महाल झलरेहड़ मौजा बनूरी तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा हि0प्र0 जमाबन्दी वर्ष 2022-23
उपरोक्त मुकदमा इस न्यायालय में विचाराधीन है। इसमें प्रतिवादी को कई बार समन किये गये परन्तू साधारण तरीके से तामील न हो रही है। अतः अब इश्तहार द्वारा प्रतिवादी उपरोक्त को सूचित किया जाता है कि इस केस बारे कोई भी एतराज पेश करना हो तो वह दिनांक 14.05.2026 को अधोहस्ताक्षरी की अदालत में हाजिर होकर पेश कर सकता है। गैर हाजिर की सूरत में एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। आज दिनांक 20.04.2026 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी हुआ।

**सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी पालमपुर जिला काँगड़ा हि0प्र0।**

**अदालती नोटिस**

**व अदालत नायव-तहसीलदार एंव सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी पालमपुर जिला काँगड़ा हि0 प्र0 ।**

किस्म मुकदमा -नाम दरुस्ती
मुकदमा न. 8135101/2026
तारीख पेशी- 21.05.2026
स्वरुप नरायण शर्मा पुत्र दीना नाथ शर्मा निवासी गांव व डा. सिद्धपुर, तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा हि.प्र.।

**बनाम आम जनता**

**विषयः- नाम दरुस्ती करवाने बारे।**

द्वारा जमेदार पालमपुर
प्रार्थी श्री स्वरुप नरायण शर्मा पुत्र दीना नाथ शर्मा निवासी गांव व डा. सिद्धपुर, तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा हि0 प्र0 ने इस अदालत में प्रार्थना पत्र मय व्यान हलफी द्वारा सूचित किया है कि उसका व उनके पिता का असल नाम स्वरुप नारायण शर्मा पुत्र दीना नाथ है परन्तू कागजात माल महाल सिद्धपुर सरकारी, भरैड़ लोहारल मौजा में प्रार्थी का नाम स्वरुप नाथ पुत्र दीपू उपनाम दीना नाथ दर्ज किया गया है जोकि गलत है। स्वरुप नाथ व स्वरुप नारायण शर्मा एक ही व्यक्ति के दो नाम है। अब उनके नाम की दरुस्ती करने उपरान्त सही नाम दर्ज कागजात माल किया जाए। अतः प्रतिवादियों को इतलाह वजरिया अखवारी ईश्तहार करवा कर एक आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त विषय में कोई उजर / एतराज हो तो अधोहस्ताक्षरी के समक्ष दिनांक 21.05.2026 को असालतन या वकालतन पेश होकर अपना पक्ष रखा सकता है गैर हाजरी की सुरत में प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाएगा। उसके बाद को उज्र/एतराज न सुनी जाएगी। आज दिनांक 27.04.2026 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी किया गया।

**सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी पालमपुर जिला काँगड़ा हि0प्र0।**

**वअदालत राहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी-शाहपुर जिला कांगड़ा हि.प्र.।**

मुकदमा इन्द्राज रोहत नाग
पेशी- 19.05.2026
राकेश कुमार पुत्र श्री चन्दु राम निवासी गांव वैदी डाकखाना वन्डी तहसील, शाहपुर जिला कांगड़ा हि0प्र0 ।

**बनाम आम जनता**

**विषय - दरुस्ती नाम हि0 प्र0 रा0 अधिनियम 1954 की जेर धारा 37 के तहत महाल केटलू मौजा रजोल में नाम दरुस्ती वारे।**

उपरोक्त मुकदमा वारे प्रार्थी ने इस न्यायालय में प्रार्थना पत्र गुजारा है जिसमें लिखा है उनके पिता का सही नाम चन्दु राम पुत्र श्री दिवाना निवासी गांव वैदी डाकखाना वन्डी तहसील शाहपुर जिला कांगडा हि0प्र0 है। जबकि महाल केटलू मौजा रजोल में उनका नाम हरि चन्द दर्ज है जो कि गलत इन्द्रराज हुआ है। प्राथी उक्त नाम को दरुस्त करके चन्दु राम पुत्र श्री दिवाना महाल केटलू मौजा रजोल में दर्ज करवाना चाहता है। अतः उक्त प्रार्थना पत्र के संदर्भ में उपरोक्त नाम की दरुस्ती वारे किसी को कोई एतराज हो तो वह असालतन या वकालतन इस अदालत में दिनांक 19.05.2026 को दोपहर बाद 2 बजे हाजिर आ सकता है। हाजिर न आने की स्थिती में एकतरफा कार्यवाही अम्ल में लाई जाकर आगामी आदेश पारित कर दिए जाएंगे और बाद में कोई भी उजर या एतराज जेरे समायत न होगा। आज दिनांक को मेरी मोहर व हस्ताक्षर सहित जारी हुआ।

**सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी शाहपुर जिला कांगड़ा हि0 प्र0 ।**

मानव जीवन धूल की तरह है, रो-धोकर हम इसे कीचड़ बना देते हैं।
-बकुल वैद्य

## संपादकीय

# हिमाचल के जंगलों की पीड़ा

गर्मियों के आगमन के साथ ही हिमाचल प्रदेश के हरे-भरे जंगलों में एक बार फिर से दर्द और विनाश का सिलसिला शुरू हो गया है। फायर सीजन के आरंभ होते ही प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से जंगलों में आग लगने की खबरें सामने आने लगी हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, पिछले तीन वर्षों में 3823 बार जंगलों में आग लगी, जिससे लगभग 48,947 हेक्टेयर वन क्षेत्र प्रभावित हुआ। यह आंकड़े केवल संख्या नहीं हैं, बल्कि यह उस पारिस्थितिकीय संकट की चेतावनी हैं, जो धीरे-धीरे हिमाचल की प्राकृतिक धरोहर को निगल रहा है।

विडंबना यह है कि वन विभाग हर वर्ष लोगों को जागरूक करने के लिए अभियान चलाता है। इस साल भी फायर सीजन से पहले दिशा-निर्देश जारी किए गए, फॉरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया के फायर अलर्ट सिस्टम का उपयोग किया जा रहा है, और वन मंडलों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। इसके बावजूद आग की घटनाओं में कमी आने के बजाय बढ़ोतरी हो रही है। यह स्थिति स्पष्ट संकेत देती है कि समस्या केवल प्राकृतिक नहीं, बल्कि मानवीय लापरवाही और स्वार्थ से भी गहराई से जुड़ी हुई है।

दरअसल, हिमाचल के जंगलों में लगने वाली अधिकांश आग प्राकृतिक कारणों से नहीं, बल्कि मानवीय गतिविधियों का परिणाम होती है। ग्रामीण क्षेत्रों में कुछ लोग यह मानते हैं कि जंगलों में आग लगाने से बारिश के बाद नई और हरी घास उगती है, जिससे पशुओं के लिए चारा उपलब्ध होता है। इस छोटे से लाभ के लिए वे यह भूल जाते हैं कि आग केवल सूखी घास को नहीं जलाती, बल्कि हजारों वन्य जीवों का जीवन भी खत्म कर देती है। बड़े जानवर तो किसी तरह भागकर अपनी जान बचा लेते हैं, लेकिन छोटे जीव-जंतु और उनके बच्चे इस आग की भेंट चढ़ जाते हैं। यह एक तरह से हमारी संवेदनहीनता और प्रकृति के प्रति गैर-जिम्मेदाराना रवैये को उजागर करता है।

जंगलों में आग का प्रभाव केवल वन्य जीवन तक सीमित नहीं रहता। इसका सीधा असर पर्यावरण और जलवायु पर भी पड़ता है। हर साल बढ़ती आग की घटनाएं हिमाचल के तापमान में वृद्धि का कारण बन रही हैं। वनों के जलने से कार्बन डाइऑक्साइड का उत्सर्जन बढ़ता है और ऑक्सीजन का स्तर घटता है, जिससे प्रदूषण में इजाफा होता है। इसके अलावा, वन क्षेत्र के कम होने से वर्षा चक्र भी प्रभावित होता है। यही कारण है कि प्रदेश में कहीं सूखा तो कहीं अत्यधिक वर्षा जैसी चरम स्थितियां देखने को मिल रही हैं। वनों का महत्व केवल पर्यावरण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारे सामाजिक और आर्थिक जीवन का भी अभिन्न हिस्सा हैं।

ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को जंगलों से घास, लकड़ी और अन्य वन उत्पाद लेने के अधिकार दिए गए हैं, लेकिन इन अधिकारों का दुरुपयोग भी हो रहा है। रात के अंधेरे में अवैध कटान और जानबूझकर आग लगाने की घटनाएं इस बात का प्रमाण हैं कि कुछ लोग व्यक्तिगत लाभ के लिए सामूहिक नुकसान करने से भी नहीं हिचकते। ऐसे में यह जरूरी हो जाता है कि कानूनों का सख्ती से पालन कराया जाए। भारतीय वन अधिनियम 1927 और राज्य के वन कानूनों में जंगलों को नुकसान पहुंचाने पर जुर्माना और सजा का प्रावधान है, लेकिन इनका प्रभाव तभी दिखेगा जब इनका कड़ाई से क्रियान्वयन हो। वन विभाग को केवल जागरूकता अभियानों तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि निगरानी और कार्रवाई को भी मजबूत करना होगा। आधुनिक तकनीकों जैसे ड्रोन निगरानी, सैटेलाइट ट्रैकिंग और रियल-टाइम अलर्ट सिस्टम का व्यापक उपयोग किया जाना चाहिए।

हालांकि, केवल सरकारी प्रयासों से इस समस्या का समाधान संभव नहीं है। इसमें आम लोगों की भागीदारी भी उतनी ही आवश्यक है। स्थानीय समुदायों को यह समझना होगा कि जंगल केवल संसाधन नहीं, बल्कि जीवन का आधार हैं। यदि जंगल नहीं रहेंगे, तो वन्य और मानव जीवन भी संकट में पड़ जाएगा। ■

## आज की प्रमुख हस्ती

### प्रतिष्ठित कॉस्ट्यूम डिजाइनर



भानु अथैया
जन्म : 28 अप्रैल, 1929
मृत्यु : 15 अक्तूबर,2020

**भानु अथैया** (पूरा नाम: भानुमति अन्नासाहेब राजोपाध्येय) भारतीय सिनेमा की एक अत्यंत प्रतिष्ठित कॉस्ट्यूम डिजाइनर थीं, जिन्होंने अपने रचनात्मक योगदान से फिल्म जगत में एक नया मानदंड स्थापित किया। उनका जन्म 28, अप्रैल 1929 को कोल्हापुर में हुआ और 15 अक्तूबर, 2020 को मुंबई में उनका निधन हुआ। वे भारत की पहली महिला थीं जिन्हें ऑस्कर पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

भानु अथैया ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा के बाद सर जेजे स्कूल ऑफ आर्ट से स्नातक की उपाधि स्वर्ण पदक के साथ प्राप्त की। उनकी कलात्मक प्रतिभा ने उन्हें प्रसिद्ध प्रोग्रेसिव आर्ट ग्रुप से भी जोड़ा। शुरुआत में उन्होंने फैशन पत्रिकाओं के लिए काम किया, लेकिन जल्द ही वे फिल्म उद्योग की ओर आकर्षित हुईं।

उन्होंने 1950 के दशक में फिल्मों के लिए कॉस्ट्यूम डिजाइनिंग शुरू की और लगभग 56 वर्षों के अपने करियर में 100 से अधिक फिल्मों में काम किया। श्री 420 में अभिनेत्री नादिरा के लिए डिजाइन किया गया गाउन बेहद लोकप्रिय हुआ। इसके अलावा साधना के लिए उनकी डिजाइन की गई सलवार-कमीज ने फैशन की दुनिया में नया ट्रेंड स्थापित किया।

उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि 1983 में आई, जब उन्हें रिचर्ड एटनबरो की फिल्म गांधी के लिए सर्वश्रेष्ठ कॉस्ट्यूम डिजाइन का ऑस्कर पुरस्कार मिला। यह न केवल उनके लिए बल्कि पूरे भारत के लिए गर्व का क्षण था। इसके अलावा उन्होंने गुरुदत्त, राज कपूर और यश चोपड़ा जैसे दिग्गजों के साथ भी काम किया। भानु अथैया को लगान और लेकिन जैसी फिल्मों के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार भी प्राप्त हुए। उनकी पुस्तक 'The Art of Costume Design' उनके अनुभव और कला का महत्वपूर्ण दस्तावेज है। अंततः, भानु अथैया ने भारतीय सिनेमा में कॉस्ट्यूम डिज़ाइनिंग को एक नई पहचान दी। उनका योगदान आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्रोत बना रहेगा। ■



कविता

## लेकिन इस बार

अमित मैहरा, एचएएस
एडीसी, चंबा

**वक्त** जाता रहा, हर आरजू को छुपाए रखा मैंने-तकिए तले,
जैसे सबको उनका दिखना, मेरे भीतर झांकना होगा!
क्यों चाहता था छुपाना, क्यों पर्देदारी थी?
आज सोचता हूं, जिनसे छुपाता था, वही चश्मदीद हैं!
और हां, बेपरवाह चश्मदीद हैं! मेरे ख्वाबों का होना या न होना,
मेरी आरजू का जिंदा रहना, जरूरी नहीं उनके लिए,
जिनको सोचकर, सोच अपनी बांधे रखी थी मैंने!
अब, समझ आता है-खुद से बड़ा कोई गवाह नहीं,
और खुद से बड़ी कोई पनाह नहीं! अब अगर कुछ छुपाना है,
तो दुनिया से नहीं, अपनी कमजोरियों को छुपाऊंगा!
और बचाना है अगर कुछ, तो अपने ही ख्वाबों को बचाऊंगा!
वक्त जाता रहेगा, पर, इस बार-मैं खुद को नहीं छुपाऊंगा!

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रियाएं सुझाव, आलेख और कविताएं *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# 'सही धूप, सुरक्षित जीवन : विटामिन डी से सनस्क्रीन तक'



प्रो. (डॉ.) महेंद्र सिंह आशावत
निदेशक एवं प्राचार्य, लॉरेट इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी ज्वालाजी, हिमाचल प्रदेश



जब हम सूरज के बारे में सोचते हैं, तो सबसे पहले उसके नुकसान दिमाग में आते हैं-त्वचा जलना, टैनिंग या कैंसर का खतरा। यह सच भी है कि अधिक मात्रा में सूर्य के संपर्क में रहना कई गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकता है, लेकिन पूरी तस्वीर इससे अलग है।
नियंत्रित और सीमित मात्रा में, विशेषकर सुबह के समय, धूप हमारे शरीर के लिए अत्यंत लाभकारी हो सकती है। सुबह की धूप लेना सुरक्षित और फायदेमंद माना जाता है। यह समय आमतौर पर सुबह 8 बजे से पहले या हल्की धूप के दौरान होना चाहिए। सामान्य तौर पर, वैज्ञानिकों का मानना है कि 5 से 15 मिनट और अगर आपकी त्वचा का रंग गहरा है तो 30 मिनट तक सूरज की रोशनी में रहने से बिना किसी स्वास्थ्य समस्या के इसका अधिकतम लाभ उठाया जा सकता है।

सूर्य की पराबैंगनी किरणें आपके शरीर को इस पोषक तत्व को बनाने में मदद करती हैं, जो आपकी हड्डियों, रक्त कोशिकाओं और प्रतिरक्षा प्रणाली के लिए महत्वपूर्ण है। यह कैल्शियम और फास्फोरस जैसे कुछ खनिजों को अवशोषित करने और उनका उपयोग करने में भी मदद करती है। और जबकि अधिकांश लोगों को भोजन से पर्याप्त विटामिन डी मिल जाता है, जिन बच्चों को यह नहीं मिलता उन्हें रिकेट्स हो सकता है, जिससे उनकी हड्डियां नरम और कमजोर हो जाती हैं। सुबह की धूप वजन कम करने में भी मददगार साबित होती है। सुबह 8 बजे से दोपहर 11 बजे के बीच 20 से 30 मिनट की धूप से फर्क महसूस होता है, लेकिन जितनी जल्दी धूप मिले, उतना ही बेहतर परिणाम मिलता है। वैज्ञानिकों का मानना है कि सूरज की किरणें त्वचा के नीचे मौजूद वसा कोशिकाओं को सिकोड़ सकती हैं। हल्का धूप लेने से आपके लिए फायदेमंद है, यह एक तरह का हल्का व्यायाम है जिसमें वजन कम करना भी शामिल है।

त्वचा संबंधी कुछ समस्याओं के अलावा, छनी हुई धूप का उपयोग पीलिया नामक स्थिति के इलाज में भी किया जा सकता है, जो ज्यादातर नवजात शिशुओं को प्रभावित करती है। यह तब होता है जब रक्त में बिलीरुबिन नामक रसायन की मात्रा अधिक हो जाती है, जिससे शिशु की त्वचा हल्की पीली दिखने लगती है। शिशु को खिड़की के पीछे धूप में रखने से (हानिकारक किरणों को छानने के लिए) बिलीरुबिन को कम करने में मदद मिल सकती है, लेकिन ध्यान रखें कि नवजात शिशु को कभी भी सीधे धूप में बाहर न रखें। मार्च के मध्य से अक्तूबर के मध्य तक सूरज की रोशनी अक्सर इतनी तेज होती है कि त्वचा को नुकसान पहुंचा सकती है। सूरज की रोशनी सबसे तेज दिन के मध्य में होती है जब वह आकाश में सबसे ऊंचा होता है, जो कि सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक का समय होता है।

हम रोजमर्रा के बाहरी कामों से बच नहीं सकते, इसलिए ऐसी पराबैंगनी किरणों से खुद को बचाना जरूरी है। इसे इस तरह समझा जा सकता है कि सूर्य की किरणों को उनकी तीव्रता के अनुसार अलग-अलग श्रेणियों में बांटा जा सकता है। मुझे आगे स्पष्ट करने दीजिए यूवी इंडेक्स स्तर के पैमाने और सुरक्षा के बारे में :

सूर्य का प्रकाश मानव जीवन के लिए आवश्यक है, क्योंकि यह विटामिन D के निर्माण, मनोस्थिति में सुधार और समग्र स्वास्थ्य में योगदान देता है। हालांकि, सूर्य से निकलने वाली पराबैंगनी (V) किरणें त्वचा के लिए हानिकारक भी हो सकती हैं। इन किरणों को मुख्यतः V-A और UV-B श्रेणियों में विभाजित किया जाता है। UV-A किरणें त्वचा की गहरी परतों में प्रवेश कर फोटोएजिंग, झुर्रियां और समय से पहले बुढ़ापा लाती हैं, जबकि UV-B किरणें अधिक तीव्र होती हैं और सीधे DNA को नुकसान पहुंचाकर सनबर्न, हाइपरपिगमेंटेशन और त्वचा कैंसर का कारण बन सकती हैं।

UV इंडेक्स के आधार पर सूर्य के संपर्क से बचाव आवश्यक होता है। जब सूचकांक 0-2 (कम) होता है, तब विशेष सुरक्षा की आवश्यकता नहीं होती। 3-5 (मध्यम) पर सनस्क्रीन, टोपी और धूप का चश्मा जरूरी हैं। 6-7 (उच्च) होने पर SPF 30+ सनस्क्रीन और छाया में रहना चाहिए, जबकि 8-10 (अत्यधिक उच्च) स्तर पर सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक धूप से बचना और SPF 50+ का उपयोग करना आवश्यक है।

सनस्क्रीन त्वचा को V किरणों से बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह किरणों को अवशोषित या परावर्तित करके सनबर्न, समय से पहले बुढ़ापा और त्वचा कैंसर के जोखिम को कम करता है। हालांकि, इसके कुछ संभावित दुष्प्रभाव भी हो सकते हैं, जैसे एलर्जी, त्वचा में जलन, मुंहासे और आंखों में चुभन।

रासायनिक सनस्क्रीन के कुछ घटक, जैसे ऑक्सीबेंजोन, हार्मोनल असंतुलन और अंतःस्रावी तंत्र में गड़बड़ी से भी जुड़े हो सकते हैं। इसके अलावा, कुछ तत्व रक्तप्रवाह में अवशोषित होकर दीर्घकालिक प्रभाव डाल सकते हैं।

त्वचा की संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए सही सनस्क्रीन का चयन आवश्यक है। हल्के, नॉन-कॉमेडोजेनिक और कम रसायन वाले उत्पाद बेहतर विकल्प हो सकते हैं। साथ ही, केवल सनस्क्रीन पर निर्भर रहना पर्याप्त नहीं है। छाया में रहना, सुरक्षात्मक कपड़े पहनना और धूप के चरम समय से बचना भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

सूर्य का संतुलित उपयोग ही स्वास्थ्य के लिए सर्वोत्तम है। सुबह की हल्की धूप लाभदायक हो सकती है, लेकिन अत्यधिक संपर्क से बचना चाहिए।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# भारत-न्यूजीलैंड एफटीए विकास व नौकरियों के लिए ऐतिहासिक समझौता



पीयूष गोयल
केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री




भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए), विकसित दुनिया के साथ भारत की सहभागिता में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह वैश्विक आर्थिक साझेदारियों को किसानों, महिलाओं, युवाओं और रोजगार सृजक उद्योगों के लिए ठोस लाभ में बदलने से जुड़े प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण में हुई निर्णायक प्रगति को प्रतिबिंबित करता है।

यह एफटीए प्रमुख विकसित अर्थव्यवस्थाओं, जिसमें यूनाइटेड किंगडम और यूरोपीय संघ शामिल हैं, के साथ हुए कई ऐतिहासिक व्यापार समझौतों के बाद हुआ है। ये समझौते वैश्विक बाजारों में भारत की स्थिति को मजबूत करते हैं और निर्यातकों को दुनिया की कुछ सबसे लाभकारी अर्थव्यवस्थाओं में, यहां तक कि वर्तमान वैश्विक अनिश्चितता और उथल-पुथल के बीच भी, प्रतिस्पर्धा आधारित बढ़त प्रदान करते हैं। दोनों पक्षों के लिए समान रूप से लाभकारी इस समझौते के केंद्र में न्यूजीलैंड की यह प्रतिबद्धता है कि वह तुरंत ही सभी भारतीय उत्पादों पर शुल्क समाप्त कर देगा, जिससे उस बाजार में एक महत्वपूर्ण बाधा दूर होगी, जहां हमारे प्रमुख निर्यात पर वर्तमान में 10% शुल्क लगाया जाता है।

यह वस्त्र, कालीन, धागे, कपड़े, फुटवियर, बैग, बेल्ट, वाहन घटक, मशीनरी, उपकरण, रत्न और आभूषण तथा हस्तशिल्प जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों के लिए एक बड़ा प्रोत्साहन है। रोजगार के अवसरों का सृजन करने वाले ये उद्योग भारत के एमएसएमई ईको सिस्टम की रीढ़ हैं और इन्हें मूल्य प्रतिस्पर्धा और बाजार पहुंच से लाभ मिलेगा। इससे निर्यात बढ़ेगा और निर्माण केंद्रों, कारीगर समुदायों और लघु उद्यमों में बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन को बढ़ावा मिलेगा।

यह समझौता उस व्यापक दर्शन को प्रतिबिंबित करता है, जो 2014 में मोदी सरकार के गठन के बाद से भारत की व्यापार नीति का मार्गदर्शन कर रहा है। यह समावेश, सशक्तिकरण और साझा समृद्धि में निहित है। व्यापार को राष्ट्रीय परिवर्तन के उपकरण के रूप में देखा जाता है, जो किसानों, श्रमिकों, महिलाओं, युवाओं और वंचित समुदायों को लाभ पहुंचाता है।

यह समझौता न केवल आर्थिक सहयोग को मजबूत करता है, बल्कि यह समावेशी विकास और आधुनिक व्यापार रणनीति का भी प्रतीक है। इस समझौते की एक विशेष उपलब्धि यह है कि इसे भारत का पहला महिला-नेतृत्व वाला एफटीए माना जा रहा है। वार्ता टीम में मुख्य वार्ताकार, उप मुख्य वार्ताकार, क्षेत्र प्रमुख और न्यूजीलैंड में भारत की राजदूत सहित अधिकांश सदस्य महिलाएं थीं। यह पहल शासन और नीति-निर्माण में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी को दर्शाती है तथा नारी शक्ति को राष्ट्रीय विकास के केंद्र में स्थापित करती है।

इस एफटीए की संरचना कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने के उद्देश्य से तैयार की गई है। न्यूजीलैंड द्वारा कीवी, सेब और शहद जैसे उत्पादों के लिए कृषि उत्पादकता बढ़ाने हेतु सहयोग प्रदान किया जाएगा। इसमें उन्नत बीज, अनुसंधान सहयोग, किसानों के लिए प्रशिक्षण, बेहतर बागवानी प्रबंधन, कटाई के बाद की तकनीक और खाद्य सुरक्षा प्रणाली शामिल हैं। साथ ही, भारत ने अपने संवेदनशील कृषि क्षेत्रों की सुरक्षा सुनिश्चित की है। डेयरी उत्पादों, प्याज, दालों, मकई, चीनी और कुछ तेलों को शुल्क छूट से बाहर रखा गया है, ताकि घरेलू किसानों को विदेशी प्रतिस्पर्धा से नुकसान न हो।

यह संतुलित दृष्टिकोण दर्शाता है कि भारत व्यापार विस्तार के साथ-साथ अपने कृषि हितों की रक्षा के लिए भी प्रतिबद्ध है। समझौते का महत्वपूर्ण पहलू छात्रों और पेशेवरों के लिए बढ़ी हुई गतिशीलता है। भारतीय छात्रों को न्यूजीलैंड में अध्ययन के दौरान प्रति सप्ताह 20 घंटे काम करने और पढ़ाई के बाद एसटीईएम स्नातकों के लिए तीन तथा पीएचडी शोधार्थियों के लिए चार वर्ष तक काम करने की अनुमति होगी। इसके अलावा, हर वर्ष 1,000 युवाओं के लिए वर्किंग हॉलीडे वीजा योजना भी लागू होगी, जो अंतरराष्ट्रीय अनुभव को बढ़ावा देगी।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# लाइक और सब्सक्राइब का खेल : डिजिटल लोकप्रियता का भ्रम



विशाल कल्याण
सहायक प्रोफेसर, महाराजा अग्रसेन यूनिवर्सिटी, बद्दी, सोलन




आज डिजिटल युग में 'लाइक, शेयर और सब्स क्राइब' केवल सोशल मीडिया की सामान्य गतिविधियां नहीं रह गई हैं, बल्कि ये एक नई सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक शक्ति के रूप में उभरी हैं।

आज किसी व्यक्ति, संस्था, नेता या प्रभावशाली व्यक्तित्व की लोकप्रियता उसके विचारों, कार्यों या योगदान से कम और उसके फॉलोअर्स, लाइक्स तथा सब्सक्राइबर्स से अधिक मापी जाने लगी है। मानो प्रभाव और प्रतिष्ठा का नया पैमाना डिजिटल आंकड़े बन गए हों।

सोशल मीडिया ने अभिव्यक्ति को लोकतांत्रिक बनाया, लेकिन इसके साथ 'लाइक-सब्सक्राइब का खेल' भी शुरू हुआ, जहां लोकप्रियता कई बार वास्तविक न होकर निर्मित होती है। जो अधिक दिखाई देता है, वही अधिक प्रभावशाली माना जाने लगता है। हाल के दिनों में राघव चड्ढा से जुड़ी खबरों में उनके सोशल मीडिया सब्सक्राइबर्स घटने की चर्चा ने इस बहस को और तेज किया कि क्या डिजिटल संख्या वास्तव में राजनीतिक समर्थन का सही पैमाना है, या यह केवल राजनीति की धारणा का हिस्सा है।

लाइक और सब्सक्राइब अब केवल एक क्लिक नहीं, बल्कि सामाजिक स्वीकृति और निष्ठा के प्रतीक बन चुके हैं। लोग लाइक के माध्यम से समर्थन, सहमति और पहचान व्यक्त करते हैं, जबकि सब्सक्राइब किसी व्यक्ति या विचार से स्थायी जुड़ाव को दर्शाता है। इससे सामाजिक प्रमाण की ऐसी मानसिकता बनी है, जिसमें लोग वही महत्वपूर्ण मानने लगते हैं जिसे अधिक लोग पसंद कर रहे हों, लेकिन प्रश्न यह है कि क्या अधिक लाइक्स और सब्सक्राइबर्स वास्तविक लोकप्रियता का प्रमाण हैं? आवश्यक नहीं।

कई बार वायरल सामग्री गुणवत्ता या गंभीरता के कारण नहीं, बल्कि एल्गोरिद्म, विवाद या चलन के कारण लोकप्रिय होती है। इसी संदर्भ में राघव चड्ढा के सब्सक्राइबर कम होने की खबर को कई लोगों ने जनसमर्थन में गिरावट के रूप में देखा, जबकि कई विश्लेषकों ने इसे डिजिटल प्रतिक्रिया, एल्गोरिद्मिक बदलाव या प्रतीकात्मक असहमति के रूप में समझा। यह उदाहरण बताता है कि डिजिटल लोकप्रियता कई बार एक भ्रम भी हो सकती है।

सोशल मीडिया के एल्गोरिद्म इस खेल के बड़े संचालक हैं। वे तय करते हैं कि कौन-सी सामग्री किसे और कितनी दिखाई जाएगी। भावनात्मक, विवादित या ध्रुवीकरण पैदा करने वाली सामग्री को अक्सर अधिक पहुंच मिलती है, जबकि गंभीर विमर्श पीछे छूट जाता है। इस तरह कई बार जनता नहीं, बल्कि एल्गोरिद्म लोकप्रियता का निर्माण करता है। डिजिटल युग में प्रभाव का अर्थ तेजी से बदल गया है, जहां अक्सर दृश्यता को वास्तविक प्रभाव मान लिया जाता है।

आज ध्यान-आधारित अर्थव्यवस्था में कंटेंट और व्यक्तित्व अधिक लाइक्स, व्यूज और फॉलोअर्स पाने की दौड़ में लगे रहते हैं। इस कारण कई बार सामग्री की गुणवत्ता से अधिक उसका आकर्षण और वायरल होने की क्षमता महत्वपूर्ण हो जाती है। यह प्रवृत्ति राजनीति में भी स्पष्ट दिखती है। उदाहरण के लिए राघव चड्ढा के सोशल मीडिया सब्सक्राइबर घटने की खबर को राजनीतिक संकेत की तरह प्रस्तुत किया गया, जबकि डिजिटल आंकड़े हमेशा वास्तविक जनसमर्थन को नहीं दर्शाते। फर्जी फॉलोअर्स, बॉट्स और प्रायोजित ट्रेंड इस अंतर को और बढ़ा देते हैं।

इस संस्कृति का प्रभाव आम लोगों पर भी पड़ता है। लोग लाइक्स के जरिए मान्यता खोजते हैं और कम प्रतिक्रिया मिलने पर असुरक्षा महसूस करते हैं। धीरे-धीरे संख्या को गुणवत्ता मान लिया जाता है, जबकि वायरल होना सत्य का प्रमाण नहीं होता।

फिर भी सोशल मीडिया पूरी तरह नकारात्मक नहीं है। यह जागरूकता बढ़ाने और नई आवाजों को मंच देने में सहायक है। आवश्यकता इस बात की है कि हम डिजिटल लोकप्रियता और वास्तविक प्रभाव के बीच अंतर समझें। अंततः लोकतंत्र क्लिक से नहीं, बल्कि विचार, संवाद और जागरूकता से चलता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह नेपाल में कर रहे ऐतिहासिक परिवर्तन



वीरेन ठाकुर
गांव भैला, जिला मंडी, हिमाचल प्रदेश



नेपाल में रैप म्यूजिक से राजनीति में आए इंजीनियर बालेंद्र (बालेन) शाह ने हाल ही में प्रधानमंत्री पद की शपथ ले ली। मार्च महीने में हुए आम चुनाव में राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) दो-तिहाई से ज्यादा सीटें पाकर सत्ता में आई है और उसके 35 वर्षीय नेता बालेंद्र शाह देश के सबसे लोकप्रिय और युवा नेता बनकर उभरे हैं। वह सबसे कम उम्र में नेपाल के प्रधानमंत्री बने हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शाह को प्रधानमंत्री बनने पर बधाई दी है और साथ मिलकर दोनों देशों के संबंधों में विकास करने की इच्छा जताई है। युवा पीढ़ी को इस लोकप्रिय नेता से बहुत उम्मीदें हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर बालेंद्र शाह को संबोधित पोस्ट में लिखा-प्रधानमंत्री पद पर आपकी नियुक्ति नेपाल की जनता में आपके नेतृत्व के प्रति विश्वास को प्रदर्शित करती है। भरोसा है कि हम साथ कार्य करते हुए भारत-नेपाल मैत्री और सहयोग को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाएंगे। इससे दोनों देशों के लोगों को लाभ होगा। विदित हो कि भारत और नेपाल के बीच रोटी-बेटी का संबंध है और किसी अन्य देश की तुलना में नेपाल रणनीतिक रूप से भारत के लिए ज्यादा महत्वपूर्ण है। अब उम्मीद यही की जा रही है कि नेपाल के साथ भारत के ऐतिहासिक संबंधों में मजबूती आएगी। प्रधानमंत्री बनने के बाद ही बालेंद्र शाह ने महत्वपूर्ण निर्णय लेने शुरू कर दिए हैं। इसी संदर्भ में उन्होंने सरकारी कर्मचारियों से संबंधित एक निर्णय लिया है जिसके अंतर्गत अब हर 15 दिन में वेतन मिलेगा। 17 अप्रैल को वित्त मंत्री स्तर पर लिए गए निर्णय के अनुसार, सरकारी कर्मचारियों को अब हर 15 दिन में (महीने में दो बार) वेतन दिया जाएगा और इस निर्णय को लागू करने के लिए संबंधित सरकारी एजेंसियों को परिपत्र जारी किया जा चुका है। इसे वहां के लोगों ने एक सकारात्मक निर्णय बताया है। पिछले काफी समय से अर्थव्यवस्था में आई मंदी को सुनियोजित ढंग से ठीक करने के लिए यह सही कदम बताया जा रहा है।

अधिकारियों ने कहा कि यह निर्णय अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने के लिए लिया गया है। उनका कहना है कि कर्मचारियों के लिए नकदी प्रवाह में सुधार से नियमित आर्थिक गतिविधि को बढ़ावा मिल सकता है। यह अभी स्पष्ट नहीं है कि सरकार इस निर्णय को कब से लागू करना शुरू करेगी, पर यह उम्मीद जरूर की जा सकती है कि यह निर्णय जल्दी ही लागू किया जाएगा।

सरकारी कर्मचारियों को वेतन भुगतान करने के लिए जिम्मेदार वित्तीय नियंत्रक कार्यालय के प्रवक्ता दीपक लामिछाने ने कहा, हम सिविल सेवकों, सेना, पुलिस, सशस्त्र पुलिस बल और अन्य सरकारी कर्मचारियों का वेतन किसी भी समय जारी कर सकते हैं।

बालेंद्र शाह द्वारा विश्वविद्यालयों में राजनीतिक दलों से जुड़े छात्र संगठनों को समाप्त करने का निर्देश एक महत्वपूर्ण और साहसिक कदम माना जा रहा है। इसका उद्देश्य शैक्षणिक संस्थानों को राजनीति और हिंसा से मुक्त कर छात्रों को उनके भविष्य निर्माण, कौशल विकास और शिक्षा पर केंद्रित करना है। अक्सर देखा गया है कि ऐसे छात्र संगठन कई बार टकराव और हिंसात्मक गतिविधियों में शामिल हो जाते हैं, जिससे पढ़ाई का माहौल प्रभावित होता है।

इस निर्णय के लागू होने से उम्मीद है कि विश्वविद्यालयों में अनुशासन और शांति का वातावरण बनेगा, जिससे छात्र अपनी ऊर्जा सकारात्मक कार्यों में लगा सकेंगे। भारत में भी कई बार छात्र राजनीति हिंसक रूप ले लेती है, जिससे शैक्षणिक संस्थान प्रभावित होते हैं। इसलिए इस तरह के कदम पर विचार करना उपयोगी हो सकता है, ताकि शिक्षा संस्थानों का मूल उद्देश्य-उच्च गुणवत्ता की शिक्षा और कौशल विकास-सुनिश्चित हो सके।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद धर्मशाला न्यायालय के अधीन होंगे।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# जरल संपर्क मार्ग पर बिना चेतावनी स्पीड ब्रेकर, दुर्घटना का खतरा बढ़ा

## किरतपुर-मनाली फोरलेन पर अधूरी सुरक्षा व्यवस्था, ग्रामीणों में नाराजगी

अनंत ज्ञान

**भीम बसेड़ू राजपूत, महादेव।** किरतपुर-मनाली फोरलेन के निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को लेकर लंबे समय से सवाल उठते रहे हैं। इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना में कथित खामियों और अधूरे कार्यों को लेकर संबंधित प्राधिकरण की कार्यप्रणाली पर भी अक्सर प्रश्नचिन्ह लगते रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क निर्माण और उससे जुड़े कार्यों में अपेक्षित मानकों का पालन पूरी तरह नहीं हो रहा है, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है।

इसी बीच, हाल ही में फोरलेन से जुड़े ग्राम जरल के संपर्क मार्ग पर एक नया गति अवरोधक (स्पीड ब्रेकर) तो बना दिया गया है, लेकिन उस पर किसी प्रकार का चेतावनी संकेत या रिफ्लेक्टिव मार्किंग नहीं लगाई गई है। नियमानुसार ऐसे स्थानों पर दूर से दिखाई देने वाले संकेत चिन्ह और चेतावनी बोर्ड लगाए जाने चाहिए, ताकि वाहन चालकों को पहले से सावधानी मिल सके।

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस लापरवाही के कारण बाहरी वाहन चालक अचानक ब्रेकर पर आकर संतुलन खो बैठते हैं और दोपहिया वाहन अक्सर तेज झटके के साथ उछल जाते हैं। इससे दुर्घटना की आशंका लगातार बनी रहती है और कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों ने बताया कि इस समस्या को लेकर पहले भी कई बार मांग उठाई जा चुकी है कि सड़क किनारे स्पष्ट चेतावनी बोर्ड और सुरक्षा संकेत लगाए जाएं।

लोगों ने उपायुक्त मंडी से मांग की है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभाग को निर्देश दिए जाएं ताकि जल्द से जल्द गति अवरोधक के पास उचित रिफ्लेक्टिव निशान और चेतावनी संकेत लगाए जाएं। इससे न केवल स्थानीय लोगों को राहत मिलेगी, बल्कि बाहरी वाहनों की सुरक्षित आवाजाही भी सुनिश्चित हो सकेगी।



जरल संपर्क मार्ग पर बिना चेतावनी लगा स्पीड ब्रेकर। अनंत ज्ञान

◆ लोगों ने कई बार सड़क किनारे सुरक्षा संकेत लगाए जाने की उठाई मांग

## नाकाबंदी के दौरान टैक्सी चालक चरस संग पकड़ा

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** जिला मंडी पुलिस द्वारा नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुंघ फोरलेन क्षेत्र में गश्त, यातायात चेकिंग और नाकाबंदी के दौरान एक बड़ी सफलता हाथ लगी। पुलिस टीम ने सुबह सुंदरनगर की ओर से आ रही टैक्सी कार (नंबर एचपी 01केए 1080) को जांच के लिए रोका, जिसमें चालक दुर्गा सिंह (30), निवासी तहसील बंजार, जिला कुल्लू के कब्जे से 420 ग्राम चरस बरामद की गई। पुलिस ने आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर वाहन को कब्जे में ले लिया है। मामले में थाना सुंदरनगर में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी गई है।

## ट्रैफिक नियमों की अवहेलना करने पर किए 244 चालान

**अनंत ज्ञान, मंडी।** जिला पुलिस मंडी ने विभिन्न क्षेत्रों में अभियान चलाते हुए मोटर वाहन अधिनियम के तहत 244 चालान किए हैं। इसके अलावा कोटपा अधिनियम के तहत 25 चालान कर 2500 रुपए जुर्माना वसूला गया, जबकि माइनिंग एक्ट के तहत 4 चालान किए गए। पुलिस की इस कार्रवाई का उद्देश्य कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ नियमों की अनदेखी करने वालों पर शिकंजा कसना है। एसपी मंडी विनोद कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि आगे भी इस तरह के अभियान लगातार जारी रहेंगे ताकि आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# खुली नालियों और चैंबर से फैली सड़ांध

## गंदे पानी के जोहड़ बने खतरा, महादेव में स्वास्थ्य पर मंडराया संकट

अनंत ज्ञान

**भीम बसेड़ू, महादेव।** प्राचीन शिव मंदिर के सामने से गांव महादेव को जाने वाले संपर्क मार्ग के समीप घनी आबादी के बीच स्थित सरकारी संस्थान के आसपास गंदगी और कूड़े-कचरे के कारण स्थानीय लोग काफी परेशान हैं। पुरानी नाली, जिसे जन्मजोगी कूहल के नाम से भी जाना जाता है, इसमें प्लास्टिक सहित अन्य प्रदूषणकारी कचरा भारी मात्रा में जमा हो चुका है। वहीं इसी क्षेत्र में एक अन्य नाली पाइप डालकर बनाई गई है, जिसके चैंबर कई जगह से टूटे और खुले पड़े हैं, जिससे गंदा पानी आसपास की आबादी में फैल रहा है और गंभीर स्थिति उत्पन्न हो गई है।



महादेव में गंदगी के तालाब से लोग परेशान। अनंत ज्ञान

स्थानीय लोगों के अनुसार यह गंदा पानी जमा होकर छोटे-छोटे जोहड़ों का रूप ले चुका है, जिससे पूरे क्षेत्र में दुर्गंध फैल रही है और वातावरण दूषित हो रहा है। इससे लोगों के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका जताई जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि पहले केवल पुरानी कूहल के माध्यम से ही निकासी की व्यवस्था थी, जिसे बदले जाने की आवश्यकता नहीं थी, लेकिन कुछ प्रभावशाली लोगों के दबाव में अतिरिक्त नाली बनाकर गांव की ओर मोड़ दी गई, जिससे समस्या और बढ़ गई है।

अब स्थिति यह है कि गांव में दोहरी नालियों से गंदा पानी बह रहा है और प्रदूषण लगातार बढ़ता जा रहा है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो यह और गंभीर रूप ले सकती है। बुद्धिजीवी वर्ग और स्थानीय निवासियों ने उपायुक्त मंडी से मांग की है कि घनी आबादी के बीच फैली इस गंदगी और अव्यवस्थित जल निकासी व्यवस्था को तुरंत दुरुस्त किया जाए तथा क्षेत्र को स्वच्छ और सुरक्षित बनाया जाए।

## न्यूज ब्रीफ

### धनोटू कृषि केंद्र में स्टाफ न होने से किसान परेशान

**अनंत ज्ञान, महादेव।** सुंदरनगर क्षेत्र में कृषि विक्रय केंद्रों पर स्टाफ की कमी किसानों के लिए बड़ी समस्या बनती जा रही है। नकदी और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के दावों के बीच धरातल पर हालात अलग नजर आ रहे हैं। नाचन विधानसभा क्षेत्र के धनोटू स्थित कृषि विक्रय केंद्र में कृषि प्रसार अधिकारी की तैनाती न होने से किसान बीज व अन्य सामग्री के बिना ही लौट रहे हैं। यही स्थिति डैहर, कांगू और निहरी केंद्रों में भी बनी हुई है। स्थानीय किसानों ने इन केंद्रों में जल्द अधिकारियों की नियुक्ति की मांग उठाई है। इस बारे में एसएमएस डॉ. समशेर सिंह ने बताया कि फिलहाल वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है, हालांकि इससे अतिरिक्त कार्यभार बढ़ रहा है।

### छात्रों को टीकाकरण के महत्व की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गहरा में विश्व टीकाकरण दिवस के उपलक्ष्य पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप प्रधानाचार्य देव राज कौशल ने की। इस दौरान स्वास्थ्य शिक्षक अचला कुमारी ने विद्यार्थियों को टीकाकरण के महत्व के बारे में विस्तार से बताया और विभिन्न बीमारियों से बचाव में इसकी भूमिका समझाई। उन्होंने बताया कि टीकाकरण से टीबी, पोलियो, हेपेटाइटिस बी, खसरा, डिप्थीरिया और टेटनस जैसी गंभीर बीमारियों से बचाव संभव है। साथ ही एचपीवी वैक्सीन के बारे में जानकारी देते हुए 9 से 14 वर्ष की लड़कियों के लिए इसे जरूरी बताया। कार्यक्रम में भाषण प्रतियोगिता भी आयोजित हुई, जिसमें आरोही जंबाल प्रथम, भारती द्वितीय और शिवानी तृतीय रहीं। विजेताओं को सम्मानित किया गया।

### बडसू छिंज मेला: सिद्धार्थ ने जीती बड़ी माली

**अनंत ज्ञान, नेरचौक।** नेरचौक बल्ह विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत बडसू में वार्षिक छिंज मेला धूमधाम और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। मेले की सबसे प्रतिष्ठित कुश्ती 'बड़ी माली' में सुंदरनगर के सिद्धार्थ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। उन्हें गुर्ज और 11 हजार रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया। पंजाब के बादशाह पट्टी उपविजेता रहे, जिन्हें 10 हजार रुपये की राशि मिली। समापन समारोह में ट्रक यूनियन बल्ह वैली के प्रधान मनोज कुमार ठाकुर ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। छिंज कमेटी के पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। कार्यक्रम में विभिन्न वर्गों की कुश्तियों ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। 'छोटी माली' में धीरज ने जीत दर्ज की, जबकि 'बल्ह कुमार' श्रेणी में विजय विजेता रहे। सभी मुकाबलों में खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन किया।

### छोटाभंगाल-चौहार घाटी में खुले सिविल अस्पताल

**अनंत ज्ञान, बरोट।** दुर्गम छोटाभंगाल और चौहार घाटी क्षेत्र में सिविल अस्पताल की स्थापना की मांग एक बार फिर जोर पकड़ रही है। धरमान पंचायत के पूर्व प्रधान संजय ठाकुर और बरोट पंचायत के पूर्व प्रधान सुभाष ठाकुर ने बताया कि हजारों की आबादी वाले इन क्षेत्रों में आज तक बड़ा अस्पताल नहीं बन पाया है, जिससे लोगों को इलाज के लिए 40 से 60 किलोमीटर दूर जाना पड़ता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार समय पर उपचार न मिलने से मरीजों की स्थिति गंभीर हो जाती है। हालांकि बरोट में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहित अन्य प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मौजूद हैं, लेकिन विशेषज्ञ डॉक्टरों और आधुनिक सुविधाओं की कमी के कारण ये पूरी तरह सक्षम नहीं हैं। प्रतिनिधियों ने सरकार से मांग की है कि बरोट जैसे केंद्रीय स्थान पर सिविल अस्पताल स्थापित किया जाए और मौजूदा स्वास्थ्य संस्थानों को भी मजबूत किया जाए, ताकि क्षेत्र की बड़ी आबादी को बेहतर चिकित्सा सुविधा मिल सके।

### लघु बचत समिति की दुकानों की नीलामी अब 30 को

**अनंत ज्ञान, पधर।** उपमंडल पधर में लघु बचत समिति द्वारा नव निर्मित दुकानों की खुली बोली की तिथि में बदलाव किया गया है। एसडीएम पधर सुरजीत सिंह ने बताया कि दुकान संख्या 12, 13 और 15 की नीलामी पहले 27 अप्रैल को निर्धारित थी, लेकिन प्रशासनिक कारणों और आवेदन पत्रों की कम संख्या के चलते इसे स्थगित कर दिया गया है। अब यह नीलामी 30 अप्रैल को प्रातः 11 बजे उपमंडल कार्यालय पधर के मीटिंग हॉल में आयोजित होगी। इच्छुक आवेदक 29 अप्रैल तक अपने आवेदन पत्र, आधार कार्ड और पैन कार्ड कार्यालय में जमा कर सकते हैं। नीलामी से संबंधित सभी नियम और शर्तें पूर्व की तरह लागू रहेंगी।

# मंडी जिले में पंचायत चुनाव की तैयारियां तेज

## पुनर्गठित, विभाजित, नवगठित पंचायतों की मतदाता सूचियां अंतिम रूप में प्रकाशित

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं उपायुक्त अपूर्व देवगन ने आज यहां बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूचियों के प्रारूप प्रकाशन कार्यक्रम सम्बन्धी जारी अधिसूचना के अनुसार 01 अप्रैल, 2026 को अर्हता तिथि मानते हुए जिला मंडी की पुनर्गठित/विभाजित तथा नवगठित ग्राम पंचायतों की निर्वाचन नामावली के अन्तिम प्रकाशन की सूचना प्रकाशित कर दी गई है।

◆ पंचायत स्तर पर उपलब्ध कराई जानकारी

उन्होंने बताया कि जिला मण्डी के विकास खण्ड धर्मपुर, निहरी, धनोटू, बालीचौकी, द्रंग स्थित पद्धर, गोहर, चौंतड़ा, सदर मंडी, बल्ह, करसोग, सुंदरनगर तथा गोपालपुर के (ग्राम पंचायत घिड़ी विकास खण्ड धनोटू, ग्राम पंचायत रोहांडा विकास खंड निहरी, ग्राम पंचायत ब्रांग, बनाल, पपलोग व बसन्तपुर, लौंगणी, ग्रयोह, सरस्कान, लंगेहड़, डरबाड़, घरवासड़ा, बिंगा व सधोट विकास खण्ड धर्मपुर, ग्राम पंचायत रखोह विकास खंड गोपालपुर, ग्राम पंचायत नेरघरवासड़ा, मसौली व भराड़ू विकास खंड द्रंग स्थित पद्धर, ग्राम पंचायत शिल्हू विकास खंड गोहर, ग्राम पंचायत बेलू विकास खंड चौंतड़ा, ग्राम पंचायत जनेड विकास खंड सदर मंडी, ग्राम पंचायत भडयाल, गलमा व सकरोहा विकास खंड बल्ह, ग्राम पंचायत ममेल विकास खंड करसोग, ग्राम पंचायत जाम्बला व कांगू विकास खण्ड सुन्दरनगर तथा ग्राम पंचायत खोलानाल, खाहरी, नलबागी व कून विकास खंड बालीचौकी तथा जिला मंडी की नवगठित ग्राम पंचायतें विकास खंड द्रंग स्थित पद्धर, ग्राम पंचायत छतर सपैड़ू व मनोह, विकास खंड गोहर, ग्राम पंचायत बाड़ू, विकास खंड निहरी ग्राम पंचायत चौकी, विकास खण्ड चौतड़ा, ग्राम पंचायत योरा व डोहन, विकास खंड सदर मंडी, ग्राम पंचायत तान्दी, विकास खंड करसोग, ग्राम पंचायत वताला देहल, विकास खंड सुन्दरनगर, ग्राम पंचायत ज्योर व दयोही, विकास खंड गोपालपुर ग्राम पंचायत जन्दरुकलां, विकास खंड धर्मपुर, ग्राम पंचायत हुक्कल, कांगो का गैहरा, ठाणा (बरोटी), गियुण, चसवाल, डबरोट तथा रोसो तथा विकास खंड बल्ह, ग्राम पंचायत टिक्कर कलां, करनेहडा, चतरौर) के निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूचियों का प्रारूप प्रकाशन जनसाधारण के दावे व आक्षेप आमंत्रित करने के लिए 4 अप्रैल को प्रकाशित कर दिया गया था।

उपायुक्त ने बताया कि इस बारे दावे और आक्षेपों का निपटारा करने के उपरान्त निर्वाचन नामावली के अन्तिम प्रकाशन की सूचना प्रारूप 15 पर 27 अप्रैल को प्रकाशित कर दी गई है। मतदाता सूचियों के सम्बन्धित भाग की प्रति उपायुक्त कार्यालय में तथा ग्राम पंचायतों, पंचायत समितियों व जिला परिषद मण्डी के कार्यालय में निःशुल्क निरीक्षण के लिए कार्यालय समय में उपलब्ध रहेंगी।

## अब रसोई गैस सिलेंडर की आपूर्ति के समय भी हो सकेगी केवाईसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** जिला नियंत्रक, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले बिजेंद्र सिंह पठानिया ने बताया कि जिला में गैस सिलेंडर का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और विभाग द्वारा नियमित रूप से एलपीजी सिलेंडर की निगरानी की जा रही है। उन्होंने बताया कि जिला में कार्यरत 24 गैस एजेंसियों में लगभग 7501 घरेलू सिलेंडर उपलब्ध हैं जोकि जिला की दैनिक खपत के अनुसार पर्याप्त हैं। इसके अतिरिक्त जिला में कार्यरत समस्त गैस एजेंसियों को रूट चार्ट के अनुसार ही सभी क्षेत्रों में गैस की आपूर्ति करने बारे एवं उपभोक्ताओं की ई-केवाईसी को पूर्ण करवाने के लिए भी निर्देशित किया गया है। उन्हें निर्देश दिए गए हैं कि वह जब भी वह गैस रीफिल के वितरण के लिए विस्तार बिंदुओं पर जाते हैं तो यहां पर उपभोक्ताओं की ई-केवाईसी करना भी सुनिश्चित करें। उन्होंने उपभोक्ताओं से अनुरोध किया है कि जब भी गैस एजेंसी के कर्मचारी आपके विस्तार बिंदुओं पर गैस आपूर्ति करने आते हैं तो उनसे अपने कनेक्शन की केवाईसी पूर्ण करवाना सुनिश्चित करें।

# छोटाभंगाल और चौहार घाटी में शिक्षा व्यवस्था चरमराई, कई पद वर्षों से रिक्त

अनंत ज्ञान

◆ स्कूलों में प्रधानाचार्य व शिक्षकों की कमी से छात्रों का भविष्य अधर में

**रूपी ठाकुर, बरोट।** प्रदेश सरकार के शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के दावे दुर्गम छोटाभंगाल और चौहार घाटी में खोखले साबित हो रहे हैं। जानकारी के अनुसार इन घाटियों के अधिकांश स्कूलों में कई वर्षों से प्रधानाचार्य, प्रवक्ता और अध्यापकों के पद खाली पड़े हैं, जिससे शिक्षा व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हो रही है। स्थानीय स्कूल प्रबंधन समितियों और पंचायत प्रतिनिधियों ने कई बार विधायक और शिक्षा विभाग को लिखित प्रस्ताव भेजे तथा व्यक्तिगत रूप से भी इस समस्या को उठाया, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मुल्थान के स्कूल प्रबंधन समिति अध्यक्ष मंगत राम और पूर्व प्रधान दुर्गेश कुमारी ने बताया कि विद्यालय में प्रधानाचार्य सहित कई विषयों के प्रवक्ताओं के पद लंबे समय से रिक्त हैं। पहले एकमात्र राजनीति शास्त्र प्रवक्ता स्कूल का कार्य संभाल रहा था, लेकिन उसके तबादले के बाद स्थिति और गंभीर हो गई है। वर्तमान में यहां करीब 120 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं, जिनकी पढ़ाई पर सीधा असर पड़ रहा है। इसी तरह प्राथमिक पाठशाला बड़ा ग्रां और नलहौता में भी वर्षों से केवल एक-एक शिक्षक ही पूरे स्कूल का जिम्मा संभाल रहे हैं। मजबूरी में स्कूल प्रबंधन समिति ने अपने स्तर पर एक स्थानीय शिक्षित युवक को पढ़ाने के लिए नियुक्त किया है। अभिभावकों में बच्चों के भविष्य को लेकर चिंता बढ़ती जा रही है। समिति ने सरकार से जल्द रिक्त पद भरने की मांग की है, अन्यथा आंदोलन की चेतावनी दी है।

# जमसाई दंगल में शरीफ चंबा और विशू नौबाही बने विजेता



विजेता पहलवानों को सम्मानित करते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट के जमसाई में आयोजित विशाल दंगल इस बार रोमांच और जोश से भरपूर रहा। बड़ी माली का खिताब शरीफ चंबा के नाम रहा, जबकि छोटी माली में विशू नौबाही ने बाजी मारी। दोनों पहलवानों ने कड़े मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों की खूब सराहना हासिल की। छोटी माली के फाइनल में विशू नौबाही ने प्रदीप जाहू को हराकर जीत दर्ज की। वहीं बड़ी माली के मुकाबले में शरीफ चंबा ने हरियाणा के शेरू को पराजित कर खिताब अपने नाम किया। उपविजेताओं ने भी दमदार खेल दिखाया, जिससे देर रात तक मुकाबले रोमांचक बने रहे।

दंगल का आयोजन दंगल कमेटी जमसाई के प्रधान प्रशांत राणा, उपप्रधान विजय राणा, सचिव रवि राणा और अन्य सदस्यों के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। देशभर से आए पहलवानों ने अपनी ताकत और कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। विजेताओं को गुर्ज और उपविजेताओं को गागर के साथ नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। आयोजकों ने घोषणा की कि अगला दंगल 25 अप्रैल 2027 को इसी स्थान पर आयोजित किया जाएगा।

## बल्ह इलेवन टीम का सेमीफाइनल में प्रवेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ मंडी के सौजन्य से एमएलएसएम कॉलेज मैदान में आयोजित राजा हरी सेन स्मारक क्रिकेट प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में बल्ह इलेवन ने डेहर इलेवन को 66 रन से हराकर शानदार जीत दर्ज की। मुकाबले में बल्ह इलेवन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 202 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया, जिसमें कश्मीर ने 73, लाभ सिंह ने 49, विक्की राणा ने 22 और जतिन ने 20 रन का योगदान दिया। डेहर इलेवन की ओर से जसवीर और प्रिंस ने दो-दो विकेट जबकि निखिल और मनीष ने एक-एक विकेट हासिल किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी डेहर इलेवन की टीम 132 रन पर सिमट गई, जिसमें अरुण ने 43 और मनीष ने 35 रन बनाए। बल्ह इलेवन की ओर से जतिन ने 3 विकेट, पवन और लाभ सिंह ने दो-दो विकेट जबकि बनू, विक्की राणा और राहुल ने एक-एक विकेट लेकर टीम की जीत सुनिश्चित की। इस जीत के साथ बल्ह इलेवन ने प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है।

# सरकाघाट में धर्मपाल कौंडल को ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष की मिली कमान, 7 लोगों ने थामा हाथ

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** सरकाघाट विधानसभा क्षेत्र में लंबे समय से रिक्त चल रहे ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पद पर बलद्वाड़ा के बरोट निवासी धर्मपाल कौंडल की नियुक्ति के साथ ही संगठन में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। खास बात यह है कि पहली बार अनुसूचित वर्ग से जुड़े नेता को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है, जिससे कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखा गया।

सोमवार को सरकाघाट आयोजित सम्मान समारोह में पहुंचने पर धर्मपाल कौंडल का कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। कांग्रेस महासचिव पवन ठाकुर की अगुवाई में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने बैंड-बाजों के साथ उनका अभिनंदन किया। होटल विरगो में आयोजित पदभार ग्रहण समारोह के दौरान उन्हें पारंपरिक टोपी व शॉल पहनाकर सम्मानित किया गया और विधिवत रूप से कार्यभार सौंपा गया।



सरकाघाट पहुंचने पर स्वागत करते हुए। अनंत ज्ञान

इस मौके पर आयोजित बैठक में आगामी पंचायत चुनावों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर चुनाव मैदान में उतरने तथा प्रधान, वार्ड सदस्य, बीडीसी और जिला परिषद सीटों पर जीत हासिल करने का संकल्प लिया। साथ ही क्षेत्र के विकास के लिए मिलकर कार्य करने का भरोसा भी जताया गया।

नवनियुक्त अध्यक्ष धर्मपाल कौंडल ने अपने संबोधन में कहा कि वे भाषणों से ज्यादा काम करने में विश्वास रखते हैं। उनका लक्ष्य हर बूथ स्तर पर कांग्रेस संगठन को मजबूत करना और वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशी पवन ठाकुर को भारी मतों से विजयी बनाना है।

कार्यक्रम के दौरान भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल होने वालों में दामोदर दास कौंडल, कैप्टन ज्ञान चंद राणा, सुरेंद्र पाल, हेत राम बरोट, चमन लाल, पृथ्वी चंद तताहर और संजय कुमार प्रमुख रहे। इसके अलावा अश्विन कुमार गुलेरिया, अजय कुमार, नरेश कुमार, जगदीश चंद, हल्कू खान, संतोष कुमार, सुनीता देवी, रिंकू चंदेल, शकुंतला देवी और चुनी लाल सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर आयोजन को सफल बनाया।

## सरकाघाट से उठी 'गो सम्मान' की आवाज केंद्र और प्रदेश सरकार को सौंपे ज्ञापन



एसडीएम राजेंद्र गौतम को ज्ञापन सौंपते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट में सोमवार को 'गो सम्मान आह्वान अभियान' के तहत गोभक्तों, संत समाज और जागरूक नागरिकों ने गोवंश की सुरक्षा, सेवा और सम्मान को लेकर आवाज बुलंद की। अभियान से जुड़े प्रतिनिधियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यपाल व मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम राजेंद्र गौतम के माध्यम से सौंपे।

कार्यक्रम में शिव मंदिर के महंत लक्ष्मीनारायण गिरी, औमानंद गिरी और मधुमोहन ठाकुर सहित करीब 100 गौ सेवक उपस्थित रहे। सभी ने गोवंश संरक्षण के लिए सख्त कानून बनाने और 'गो पालन मंत्रालय' की स्थापना की मांग उठाई।

ज्ञापन में गो तस्करी, सड़क हादसों और लावारिस पशुओं की समस्या पर चिंता जताई गई। साथ ही गोवंश को राष्ट्रीय सम्मान देने और हिमाचल में 'राज्य माता' घोषित करने की मांग भी रखी गई। प्रतिनिधियों ने कहा कि गोवंश संरक्षण से ग्रामीण अर्थव्यवस्था और प्राकृतिक खेती को मजबूती मिलेगी।

## गोमाता को 'राष्ट्र माता' का दर्जा देने की मांग तेज

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** प्रदेश में गोवंश संरक्षण और संवर्धन को लेकर 'गो सम्मान आह्वान अभियान' के तहत एक महत्वपूर्ण पहल की गई। राष्ट्रीय गौरक्षा दल की हिमाचल शाखा के उपाध्यक्ष रमाकांत अवस्थी के नेतृत्व में स्थानीय पदाधिकारियों ने तहसीलदार संधोल प्रिंस धीमान के माध्यम से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में गौमाता की विधिवत सेवा, सुरक्षा और उसे 'राष्ट्र माता' का दर्जा देने की मांग प्रमुख रूप से उठाई गई। रमाकांत अवस्थी ने कहा कि हिमाचल प्रदेश की संस्कृति, ग्रामीण जीवन और कृषि व्यवस्था में गौवंश की अहम भूमिका रही है। यह न केवल आस्था का प्रतीक है बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ भी है। उन्होंने गो-आधारित कृषि को बढ़ावा देने की जरूरत पर जोर दिया। प्रतिनिधियों ने कहा कि इस दिशा में ठोस कदम उठाने से जैविक खेती को प्रोत्साहन मिलेगा, पर्यावरण संरक्षण मजबूत होगा और लोगों को शुद्ध व स्वास्थ्यवर्धक आहार उपलब्ध हो सकेगा।

**अभियान** छोटी काशी में संत समाज की अगुवाई में जुटे संगठन, राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

# मंडी में गो सम्मान दिवस बना जनांदोलन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** छोटी काशी मंडी में गौ सम्मान दिवस के अवसर पर सनातनी, सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों ने एकजुट होकर बाबा भूतनाथ मंदिर से लेकर एसडीएम कार्यालय तक पदयात्रा की। गौर हो कि संत समाज के मार्गदर्शन में चल रहे इस राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत देशभर की करीब 5500 तहसीलों में एक साथ ज्ञापन सौंपे गए, जिसके तहत मंडी में भी एसडीएम सदर के माध्यम से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया गया। कार्यक्रम में श्री मलूक पीठ, वृंदावन से गौ सम्मान के प्रदेश प्रभारी तपस्वी जी महाराज विशेष रूप से उपस्थित रहे।

उनके साथ श्री नाथ धाम, वृंदावन से पंडित मनोज मोहन और वेदांत कुटीर से स्वामी प्रणवानंद सहित मंडी शहर की विभिन्न संस्थाओं के प्रमुखों ने भाग लिया।



गोमाता को 'राष्ट्र माता' का दर्जा देने को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए। अनंत ज्ञान

बड़ी संख्या में उपस्थित गौ भक्तों ने गौ संरक्षण के समर्थन में एकजुटता दिखाई। ज्ञापन में गौमाता के संरक्षण और संवर्धन के लिए ठोस नीति बनाने, गौमाता को 'राष्ट्र माता' का दर्जा देने और देशभर में गो हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग उठाई गई। वक्ताओं ने कहा कि भारतीय संस्कृति और परंपरा में गोमाता का विशेष स्थान है और ग्रामीण अर्थव्यवस्था से लेकर प्राकृतिक खेती तक में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है।

संत समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि यह केवल एक धार्मिक नहीं, बल्कि सामाजिक और राष्ट्रीय महत्व का विषय है। यदि सरकार इस दिशा में ठोस कदम उठाती है तो इससे न केवल सांस्कृतिक मूल्यों का संरक्षण होगा, बल्कि जैविक खेती और पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। कार्यक्रम में शहर की अनेक संस्थाओं और संगठनों की सक्रिय भागीदारी रही, जिससे यह आयोजन जनआंदोलन का रूप लेता नजर आया। आयोजकों ने कहा कि जब तक मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक यह अभियान देशभर में जारी रहेगा।

## जौड़ू बाबा की 30वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम 10 मई को

**अनंत ज्ञान, मंडी।** परम श्रद्धेय बाबा मंगलानंद सरस्वती (जौड़ू बाबा) की 30वीं पुण्यतिथि के अवसर पर 10 मई को श्री बाला जी भूतनाथ मठ ग्राम बदेहड़ जोगिंद्रनगर मंडी जिला में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रातः 11 बजे से दोपहर साढे 12 बजे तक सुंदरकांड का पाठ किया जाएगा। इसके उपरांत दोपहर साढे 12 बजे से श्रद्धालुओं द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी तथा दोपहर 1 बजे से भंडारे का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजक महंत देवानंद सरस्वती, महंत बाबा भूतनाथ महादेव मठ मंदिर मंडी एवं बाबा श्री बाला जी भूतनाथ महादेव मठ, बदेहड़ जोगिंद्रनगर हैं। इस आयोजन में श्री पंच दशनाम जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय प्रचार मंत्री का विशेष सहयोग रहेगा। आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में पहुंचकर पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करने का आग्रह किया है।

## न्यूज ब्रीफ

### कल्याण कला मंच संगोष्ठी तीन मई को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** कल्याण कला मंच बिलासपुर की मासिक संगोष्ठी आगामी 3 मई को बाबा बालक नाथ ट्रस्ट शाहतलाई के बैठक कक्ष में आयोजित की जा रही है। यह जानकारी देते हुए बीना चौधरी ने बताया कि 11 से 2 बजे तक दो सत्रों में आयोजित होने वाली संगोष्ठी के प्रथम सत्र विचार मंथन में ट्रस्ट शाहतलाई के एसडीओ विजय ठाकुर व कृष्णा अस्पताल के डॉ. राकेश कुमार को मंच द्वारा समाज सेवा व चिकित्सा पुरस्कारों से नवाजा जाएगा तथा इस सत्र की अध्यक्षता मंच के निदेशक सुरेंद्र सिंह मिन्हास करेंगे, जबकि द्वितीय सत्र कला कलम संगोष्ठी की अध्यक्षता मंच की प्रधान तृप्ता कौर मुसाफिर करेंगी। बैठक में उपस्थित कला और कलमकार अपनी बहुरंगी प्रस्तुतियां पेश करेंगे।

### खबड़ी देवी मंदिर में सामुदायिक भवन का किया लोकार्पण

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता उपमंडल के बरठीं क्षेत्र स्थित प्रसिद्ध खबड़ी देवी मंदिर में विधायक जीत राम कटवाल ने सामुदायिक भवन का विधिवत लोकार्पण किया। इस दौरान मंदिर परिसर में धार्मिक व सामाजिक वातावरण रहा और स्थानीय लोगों ने विधायक का स्वागत किया। मंदिर के महंत रूपेश्वर गिरी जी महाराज ने बताया कि श्रद्धालुओं व स्थानीय लोगों की सुविधा के लिए सामुदायिक भवन का निर्माण किया गया है। इससे धार्मिक आयोजनों और सामाजिक कार्यक्रमों के आयोजन में सुविधा मिलेगी। उन्होंने जानकारी दी कि मंदिर में पानी की समस्या के समाधान के लिए बोरवेल का कार्य भी शुरू कर दिया गया है, जिससे भविष्य में श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा मिल सकेगी। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य लोग, मंदिर कमेटी के सदस्य व बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। विधायक जीत राम कटवाल ने मंदिर विकास के लिए हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया।

### गो माता को 'राष्ट्रमाता' का दर्जा दिया जाए

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता में सोमवार को गो सम्मान आह्वान अभियान के तहत विभिन्न गोशालाओं के प्रतिनिधियों ने उपमंडलीय अधिकारी अर्शिया शर्मा को ज्ञापन सौंपा। अभियान का नेतृत्व कर रहे देवानंद ने इसे संत समाज का राष्ट्रव्यापी आंदोलन बताया। देवानंद ने कहा कि यह मुहिम देशभर में संत समाज द्वारा चलाई जा रही है। उन्होंने बताया कि गो माता भारतीय संस्कृति, कृषि व्यवस्था व ग्रामीण अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार रही है, इसलिए गो संरक्षण केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक दृष्टि से भी अत्यंत आवश्यक है। ज्ञापन में प्रमुख रूप से मांग की गई कि गो माता को 'राष्ट्रमाता' का दर्जा दिया जाए, गो संरक्षण के लिए सख्त केंद्रीय कानून बनाया जाए तथा पूरे देश में गो हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लागू किया जाए। प्रतिनिधियों का कहना था कि एक समान कानून बनने से अवैध गतिविधियों पर रोक लगेगी और गोशालाओं को संरक्षण मिलेगा। प्रतिनिधिमंडल ने उम्मीद जताई है कि उनकी मांगों को प्राथमिकता के साथ सरकार तक पहुंचाया जाएगा। उपमंडलीय अधिकारी अर्शिया शर्मा ने आश्वस्त किया कि ज्ञापन को उच्च अधिकारियों तक भेजा जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न गोशालाओं के प्रतिनिधि, गौसेवक और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### गोरक्षा संकल्प को लेकर राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** गोरक्षा के वचनबद्ध विभिन्न संगठनों द्वारा आज गो सम्मान दिवस मनाया गया। देश भर में मनाए गए इस अभियान के तहत गोरक्षा को लेकर गो सेवकों द्वारा उपमंडल अधिकारी व तहसीलदार के माध्यम से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री हिमाचल सरकार को ज्ञापन प्रेषित किया गया। जिला मीडिया प्रभारी हिंदू रक्षा मंच बिलासपुर धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि प्रेषित ज्ञापन में मांग उठाई गई कि गो हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध हो और गो माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिया जाए। उन्होंने कहा कि यह अभियान गो माता के संरक्षण के लिए चलाया जा रहा है, जिसके अध्यक्ष नंदी महाराज जी हैं व यह किसी व्यक्ति विशेष का अभियान न होकर यह अभियान संपूर्ण भारतवर्ष के समस्त गो सेवक, पुज्य संतों का है। इस अभियान में घुमारवीं क्षेत्र के जितने भी गो सेवक हैं, सभी ने भाग लिया व यह पूरा अभियान पूज्य संतों के मार्गदर्शन में पूरे भारतवर्ष में चला है। धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि इस प्रतिनिधिमंडल में पूज्य महंत मुन्ना दास महाराज, प्रीतम सिंह ठाकुर, अश्वनी कुमार, विशाल नड्डा आदि समस्त गौ सेवक मौजूद रहे।

### शारीरिक शिक्षा अध्यापक के 39 पदों पर होगी भर्ती

**अनंत ज्ञान, ऊना।** उपनिदेशक शिक्षा ऊना द्वारा शारीरिक शिक्षा अध्यापक(सी एंड वी) के बैच आधार पर जॉब ट्रेनी के 39 पद भरे जाएंगे। जिला रोजगार अधिकारी अक्षय शर्मा ने बताया कि भर्ती प्रक्रिया विभिन्न श्रेणियों एवं बैच के अनुसार निर्धारित की गई है। इनमें अनारक्षित श्रेणी के 7 पद 31 दिसंबर 2005 बैच, अनारक्षित श्रेणी के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग में 2 पद 31 दिसंबर 2006 बैच से, अनुसूचित जाति की अनारक्षित श्रेणी में 6 पद 31 दिसंबर 2007 बैच से, अनुसूचित जाति की बीपीएल श्रेणी में 3 पद 31 दिसंबर 2008 बैच से, अनुसूचित जाति की स्वतंत्रता सेनानी वार्ड श्रेणी में 2 पद 31 दिसंबर, 2025 बैच, एसटी श्रेणी के अनारक्षित वर्ग में 4 पद 31 दिसंबर, 2007 बैच और बीपीएल श्रेणी में 2 पद 31 दिसंबर, 2008 बैच तथा अन्य पिछड़ा वर्ग की अनारक्षित श्रेणी में 7 पद 31 दिसंबर, 2007 बैच से, अन्य पिछड़ा वर्ग की बीपीएल श्रेणी में 5 पद 31 दिसंबर 2008 बैच तथा अन्य पिछड़ा वर्ग की स्वतंत्रता सेनानी श्रेणी से 1 पद 31 दिसम्बर, 2025 बैच शामिल है। जिला रोजगार अधिकारी ऊना अक्षय शर्मा ने बताया कि पात्र अभ्यर्थी, जिनका नाम अभी तक रोजगार कार्यालय में पंजीकृत नहीं हैं, वे 29 अप्रैल से पहले अपना नाम संबंधित रोजगार कार्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर दर्ज करवा लें, ताकि भर्ती प्रक्रिया में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकें। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक अभ्यर्थी जिला रोजगार कार्यालय ऊना के दूरभाष नंबर 01975-226063 पर संपर्क कर सकते हैं।

### इंजीनियर एनआर शर्मा बने ट्रस्ट के नए प्रधान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** व्यास चैरिटेबल ट्रस्ट की आम सभा बैठक की अध्यक्षता ट्रस्ट के प्रधान अधिवक्ता पवन चंदेल ने की। इस दौरान ट्रस्ट के मुख्य संरक्षक नंद प्रकाश बोहरा विशेष रूप से मौजूद रहे। इस आम सभा में ट्रस्ट की विभिन्न सामाजिक गतिविधियों पर चर्चा की गई। वित्त सचिव विजय चंदेल ने साल भर का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। तत्पश्चात प्रधान पवन चंदेल ने ट्रस्ट की कार्यकारिणी का कार्यकाल पूरा हो जाने के चलते कार्यकारिणी को भंग कर दिया व सभा के प्रधान पद के चुनाव करवाए गए। इस चुनावी बैठक की अध्यक्षता व्यवसायी शमशेर गौतम ने की। सर्वसम्मति से हुए इस चुनाव में इंजीनियर एनआर शर्मा को ट्रस्ट का नया प्रधान चुन लिया गया। साथ ही उन्हें शेष कार्यकारिणी चुनने का अधिकार भी दे दिया गया। नवनिर्वाचित प्रधान एनआर शर्मा ने कहा कि सभी ट्रस्टियों के सहयोग से सोसायटी के कार्य को आगे बढ़ाया जाएगा। वर्ष 2019 में गठित व्यास चैरिटेबल ट्रस्ट एम्स कोठीपुरा में दिन-रात का लंगर चला रहा है। इसके अतिरिक्त ट्रस्ट के द्वारा किए गए प्रमुख कार्यों में मंडी माणवां व रघुनाथपुरा स्कूलों में बच्चों को स्वैटर देना, कोरोना महामारी काल में रैडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से लोगों के बीच खाद्य सामग्री बांटना, दयोली वृद्धाश्रम को वित्तीय सहायता के साथ ही अन्य दैनिक वस्तुएं देना शामिल है। बैठक में ट्रस्ट के अध्यक्ष विजय कुमार, निवर्तमान सचिव सुरेश चौधरी, टीसी सैणी, सलाहकार अशोक सैणी, संतोष भारद्वाज, संजीव वात्स्यायन, वासुदेव, सुखदेव, कृष्णकांत, इंद्र राज, जगदीश शर्मा, रमेश गुप्ता, बीडीटीएस पूर्व महासचिव रजनीश ठाकुर, सेवानिवृत्त जिला शिक्षा उपनिदेशक दीप चंद, ललित शर्मा, उपप्रधान दिनेश शर्मा सहित अन्य सदस्यगण मौजूद रहे।

### कबड्डी और वॉलीबाल के हुए रोमांचक मुकाबले

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर क्षेत्र में आयोजित आईटीआई खेल प्रतियोगिता के तहत कबड्डी और वॉलीबॉल के मुकाबले बेहद रोमांचक रहे। कबड्डी के पहले मुकाबले में आईटीआई बेरथिन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए आईटीआई बिलासपुर को 35-23 के अंतर से हराकर जीत अपने नाम की। मैच के दौरान बेरथिन की टीम ने आक्रामक खेल दिखाते हुए शुरुआत से ही बढ़त बनाए रखी और अंत तक मुकाबले पर पकड़ मजबूत रखी। वहीं वॉलीबाल प्रतियोगिता में आईटीआई बिलासपुर ने दमदार खेल का प्रदर्शन करते हुए आईटीआई बेरथिन को सीधे सेटों में 2-0 से पराजित किया। बिलासपुर की टीम ने बेहतरीन समन्वय और मजबूत सर्विस के दम पर मुकाबला अपने पक्ष में किया। एक अन्य वॉलीबाल मैच में आईटीआई भराड़ी और प्राइवेट आईटीआई संतोषी के बीच खेले गए मुकाबले में संतोषी आईटीआई ने 2-0 से जीत दर्ज की। संतोषी की टीम ने संतुलित और सधी हुई रणनीति के साथ खेलते हुए विरोधी टीम को कोई खास मौका नहीं दिया। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का उत्साह देखने लायक रहा और दर्शकों ने भी मैचों का भरपूर आनंद उठाया। आयोजकों ने बताया कि आने वाले मुकाबले और भी रोमांचक होने की उम्मीद है।

# गोमाता को घोषित करो राष्ट्र माता और गो हत्या पर लगाओ प्रतिबंध

अनंत ज्ञान



**बंगाणा।** गो सम्मान अभियान के तहत राष्ट्रव्यापी अभियान के अंतर्गत सोमवार 27 अप्रैल को बंगाणा में भी विशाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इसके अंतर्गत बंगाणा शहर में गो रक्षक व गो भक्त मिलकर तहसील ऑफिस पहुंचे, गो सेवकों ने बताया कि यह गो सम्मान दिवस यात्रा सोमवार को बंगाणा चौक से सुबह 10:30 बजे शुरुहुई व एसडीएम दफतर बंगाणा के प्रांगण में समाप्त हुई। इसके बाद नायब तहसीलदार के माध्यम से देश के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री व राज्यपाल को ज्ञापन भेजा गया। गो सेवक चंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि यह गो सम्मान दिवस पूरे भारत में आयोजित किया जा रहा है। इसके तहत समस्त कुटलैहड़ के गो भक्तों की मांग है कि गोहत्या पर पूर्णतय प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए, जिससे देशी गोवंश पूर्णतय सुरक्षित हो। इसके अलावा गोमाता को राष्ट्र माता, राष्ट्र देव, राष्ट्र आराध्या, राष्ट्र धरोहर अथा राष्ट्र धरोहर घोषित कर सम्मान दिया जाना चाहिए। गो सेवा के लिए केंद्रीय कानून लागू हो व केंद्रीय गो संरक्षण मंत्रालय का गठन हो। गोचर बोर्ड बने, चारा सुरक्षा नीति बने, गो आधारित कृषि सुनिश्चित हो व वेदलक्षणा गोवंश से प्राप्त पंचगव्य उत्पादों का निर्माण एवं विपणन बढ़े। गो रक्षकों ने गो सेवा व गो रक्षा के माध्यम से होने वाले राष्ट्र रक्षा एवं संस्कृति रक्षा के इस निष्काम और पवित्र अभियान में सम्मिलित होने का आह्वान किया। इस आयोजन में कुटलैहड़ विधानसभा के गौ सदनों के प्रमुख सहित सैनिकों गौसेवक व गोरक्षक उपस्थित रहे।

## राष्ट्रपति-प्रधानमंत्री व सीएम को भेजा ज्ञापन

अनंत ज्ञान

**अंब।** गो सम्मान आह्वान अभियान के अंतर्गत सोमवार को विभिन्न हिंदू संगठनों के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने तहसीलदार अंब राहुल शर्मा के माध्यम से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री व राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। इस दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे और उन्होंने गो माता को राष्ट्रीय गो माता का दर्जा देने की मांग उठाई।

कार्यक्रम के दौरान जानकारी साझा करते हुए संजीव चौहान बजरंगी ने बताया कि यह अभियान पूरे देश में एक साथ चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत की लगभग 5000 तहसीलों में एक ही समय पर ज्ञापन सौंपे गए हैं, जिससे इस मुद्दे को राष्ट्रीय स्तर पर उठाया जा सके। उन्होंने बताया कि यह आंदोलन किसी एक क्षेत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे देश के हिंदू समाज की भावनाओं से जुड़ा हुआ है। संजीव चौहान ने कहा कि गो माता सनातन धर्म में आस्था और श्रद्धा का प्रमुख केंद्र है। इसके बावजूद अब तक इसे राष्ट्रीय गो माता का दर्जा नहीं दिया गया है, जो कि करोड़ों लोगों की भावनाओं के अनुरूप नहीं है। उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा कि जल्द से जल्द इस विषय पर सकारात्मक निर्णय लिया जाए, ताकि समाज में संतोष का माहौल बने।

उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार द्वारा इस मांग को अनदेखा किया गया, तो यह अभियान शांतिपूर्ण तरीके से लगातार जारी रहेगा व इसे और व्यापक रूप दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि आंदोलन पूरी तरह अहिंसात्मक रहेगा, लेकिन आवश्यकता पड़ने पर कार्यकर्ता कठोर कदम उठाने के लिए भी बाध्य हो सकते हैं। संजीव चौहान ने यह भी स्पष्ट किया कि यह अभियान किसी राजनीतिक दल से प्रेरित नहीं है। यह समस्त हिंदू समाज की ओर से चलाया जा रहा एक सामाजिक व धार्मिक अभियान है। इंजीनियर रामपॉल ने भी उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि गो माता भारतीय संस्कृति व सनातन परंपरा की पहचान है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि इस अभियान को शांतिपूर्ण व संगठित तरीके से आगे बढ़ाया जाए।

# जय मां नैणा जागरण मंडली अर्की के सुरीले कलाकारों ने बांधा समां

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, बिलासपुर।** नगर अराध्य देव बाबा नाहर सिंह मंदिर धौलरा में बीती शाम विशाल भगवती जागरण का आयोजन किया गया।

इसमें सोलन जिले के अर्की से आई जय मां नैणा जागरण मंडली के सुरीले कलाकारों ने ऐसा समां बांधा कि श्रद्धालु सुबह होने तक मां की भक्ति में डूबे रहे। आयोजक भगवती प्रसाद व कविता तथा अन्य लोगों द्वारा शाम आठ बजे मां भगवती के भव्य दरबार में विधिवत रूप से मंत्रोच्चारण के साथ मां की ज्योति प्रज्वलित की गई। इसके बाद मां के भजनों का सिलसिला शुरू हुआ। इस ग्रुप के भजन गायक संजय कौशल, धनपत, 1प्रीत भट्टी, कर्म चंद आदि ने एक से बढ़कर एक भजन गाकर माहौल को भक्तिमय बनाया। उन्होंने मैया जग जननी, मां भवानी तेरी ज्योत जगाए महारानी, गुरू वंदना में गुरूदेव तुम्हारे चरणों में हम ध्यान लगाकर बैठे हैं, गणपति वंदना, सर्वेश्वरी जगदेश्वरी, जय जय बजरंगबली आदि भेंटे गाईं। इसके अलावा उन्होंने पहाड़ी व पंजाबी भेंटे भी गाईं। सुर व ताल के बेहतरीन संगम में जागरण में उपस्थित श्रद्धालुओं ने खूब नाच गाकर मां के चरणों में हाजिरी लगाई। वहीं, जय मां नैणा जागरण मंडली द्वारा विभिन्न झांकियां निकालीं, जिन्हें श्रद्धालुओं ने खूब सराहा। इन झांकियों में हनुमान जी की, सरस्वती मैया, शंकर भगवान, कृष्ण जी और गौरी शंकर आदि की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। जागरण के दौरान विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया। इसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इसे भक्तिमय माहौल बनाने के लिए नीरज, संजय, कर्मचंद, हेमंत कुमार, धनपत सिंह, नरेंद्र विक्कू, किरण कुमार, बलराम आदि ने पूर्ण सहयोग किया, जबकि कार्यक्रम के सफल आयोजन में श्री विश्वकर्मा सुंदरकांड मंडली, बलदेव राज रघुवंशी, सुनीता रघुवंशी, विनोद राणा, खुशी व अन्य लोगों ने अहम भूमिका निभाई। जागरण समापन पर आरती के बाद प्रसाद भी वितरित किया गया।

## ऊना कॉलेज के स्टूडेंट्स ने किया ग्रामीण क्षेत्रों का सामाजिक व आर्थिक सर्वेक्षण

अनंत ज्ञान



**ऊना।** राजकीय महाविद्यालय ऊना के स्नातकोत्तर अर्थशास्त्र विभाग द्वारा तहसील बंगाणा के गांव रायपुर मैदान और मंदली में एक विस्तृत सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। इस सर्वेक्षण का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों की आर्थिक, सामाजिक व आधारभूत संरचनात्मक स्थिति का गहन अध्ययन करना था। यह पहल कॉलेज की प्राचार्य डॉ. मीता के मार्गदर्शन में आयोजित की गई, जिसमें विभाग के प्राध्यापक डॉ. भगवान दास, डॉ. शाम सिंह और प्रो. मनजीत सिंह मान के निर्देशन में 45 स्टूडेंट्स ने भाग लिया।

विद्यार्थियों ने करीब 140 परिवारों से घर-घर जाकर संवाद स्थापित किया और परिवार संरचना, शिक्षा स्तर, रोजगार, आय के स्रोत, कृषि गतिविधियां, आवास की स्थिति तथा पेयजल, बिजली, शौचालय, एलपीजी और इंटरनेट जैसी मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता संबंधी जानकारी एकत्रित की। इसके साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति और आयुष्मान भारत, मनरेगा, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री आवास योजना, जनधन योजना तथा सार्वजनिक वितरण प्रणाली जैसी सरकारी योजनाओं की पहुंच का भी आकलन किया गया। सर्वेक्षण के दौरान विद्यार्थियों को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा, जिनमें लोगों की प्रारंभिक झिझक, दुर्गम क्षेत्रों तक पहुंच और संचार संबंधी समस्याएं शामिल रहीं। हालांकि टीमवर्क और मार्गदर्शन से इनका समाधान किया गया। निष्कर्षों में ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के सीमित अवसर, स्वास्थ्य व शिक्षा सेवाओं की कमी उजागर हुई, वहीं पर्यटन आधारित आय की संभावनाएं भी सामने आईं। प्राचार्य ने इस पहल को विद्यार्थियों के व्यावहारिक ज्ञान और शोध कौशल के लिए उपयोगी बताया।

## एम्स की बड़ी उपलब्धि, इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी सीएमई में डॉ. दीपेश प्रसाद को प्रथम पुरस्कार

अनंत ज्ञान

**अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर।** एम्स बिलासपुर ने एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता का परचम लहराया है। संस्थान के रेडियोलॉजी विभाग के द्वितीय वर्ष के स्नातकोत्तर



रेजिडेंट डॉ. दीपेश प्रसाद ने नई दिल्ली में 25-26 अप्रैल को आयोजित इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी निरंतर चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम में ई-पोस्टर श्रेणी में प्रथम पुरस्कार हासिल कर प्रदेश का नाम रोशन किया है।

यह प्रतिष्ठित आयोजन इंडियन सोसायटी ऑफ वैस्कुलर एंड इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी (दिल्ली एनसीआर अध्याय) द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें देशभर के विशेषज्ञों व युवा चिकित्सकों ने भाग लिया। डॉ. प्रसाद के विजेता शोध 'सुरक्षित मस्तिष्क: उत्तरी हिमालयी क्षेत्र में कैरोटिड धमनी स्टेंटिंग में एंबोलिक सुरक्षा उपकरणों के प्रारंभिक अनुभव' में कैरोटिड धमनी स्टेंटिंग के दौरान एंबोलिक सुरक्षा उपकरणों के उपयोग से मरीजों की सुरक्षा और बेहतर परिणामों पर प्रकाश डाला गया।

डॉ. प्रसाद ने कार्यक्रम में परिधीय धमनी रोग पर मौखिक प्रस्तुति देने के साथ-साथ सामान्य इलियाक धमनी के नियंत्रित फटने के एंडोवास्कुलर उपचार पर एक अन्य ई-पोस्टर भी प्रस्तुत किया, जिससे उनकी व्यापक विशेषज्ञता सामने आई। इस सफलता के पीछे रेडियोलॉजी विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. रेशम सिंह का मार्गदर्शन रहा, जिन्होंने कार्यक्रम में 'वैरिकोज नसों का उन्मूलन' विषय पर व्याख्यान भी दिया। विभागाध्यक्ष डॉ. नरवीर सिंह चौहान के नेतृत्व और संकाय सदस्यों डॉ. लोकेश राणा, डॉ. वरुण बंसल और डॉ. शिखा भाटिया के सहयोग को भी इस उपलब्धि का श्रेय दिया गया है। एम्स बिलासपुर के कार्यकारी निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल (डॉ.) दलजीत सिंह के नेतृत्व में संस्थान इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी के क्षेत्र में तेजी से प्रगति कर रहा है।

वर्तमान में विभाग उन्नत न्यूरोवास्कुलर और शारीरिक इंटरवेंशनल सेवाएं प्रदान कर रहा है तथा शीघ्र ही आपातकालीन सेवाएं भी शुरू करने की दिशा में अग्रसर है। यह उपलब्धि न केवल एम्स बिलासपुर की शैक्षणिक क्षमता को दर्शाती है, बल्कि हिमाचल प्रदेश में उन्नत और समयबद्ध स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी है।

## प्रदेश सरकार और बिजली बोर्ड तानाशाही रवैया अपना रहे : जम्वाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल ने बिजली उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर लगाने के लिए नोटिस जारी करने व 24 घंटे में कनेक्शन काटने की चेतावनी को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कड़ी निंदा की है।



उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार और बिजली बोर्ड तानाशाही रवैया अपना रहे हैं। जम्वाल ने कहा कि जब पुराने मीटर सही ढंग से काम कर रहे हैं, तो उन्हें जबरन बदलने का कोई औचित्य नहीं है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या पहले से लगे मीटर प्रमाणित नहीं हैं। उनके अनुसार, उपभोक्ताओं, कर्मचारियों व पेंशनर्स के विरोध के बावजूद सरकार दबाव बना रही है, जिससे चहेती कंपनियों को लाभ पहुंचाने की आशंका पैदा होती है। उन्होंने दावा किया कि स्मार्ट मीटर योजना में भारी आर्थिक गड़बड़ी नजर आ रही है व इससे उपभोक्ताओं पर हजारों करोड़ रुपए का बोझ डाला जा रहा है। जम्वाल ने चेतावनी दी कि यदि उपभोक्ताओं को डराने-धमकाने का सिलसिला बंद नहीं हुआ, तो जनता के साथ मिलकर इसका जोरदार विरोध किया जाएगा।

## देहलां स्कूल में पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान, मैहतपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय देहलां में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के अंतर्गत एकदिवसीय विशेष वर्ग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस प्रभारी विजय भारद्वाज व आरती शर्मा के नेतृत्व में सफलतापूर्वक किया गया। इस दौरान स्वयंसेवियों ने विद्यालय परिसर तथा आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाकर श्रमदान किया। उन्होंने परिसर की साफ-सफाई की, क्यारियों को व्यवस्थित किया व पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। स्वयंसेवियों ने पूरे उत्साह, अनुशासन व समर्पण के साथ भाग लेते हुए विद्यालय को स्वच्छ व सुंदर बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम के समापन पर सभी स्वयंसेवियों को रिफ्रेशमेंट प्रदान की गई। स्कूल प्रशासन ने एनएसएस स्वयंसेवियों के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## धार टटोह में 20 लाख रुपए ईनामी राशि का दंगल 3 जून को : अमरनाथ ठाकुर

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, बिलासपुर।** जिले की ग्राम पंचायत धार टटोह में आगामी तीन जून को विशाल दंगल का आयोजन होगा। इस दंगल के आयोजन को लेकर दंगल कमेटी धार टटोह की बैठक प्रधान अमरनाथ ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसमें कमेटी पदाधिकारियों के अलावा अन्य सहयोगियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

यह जानकारी देते हुए दंगल कमेटी प्रधान अमरनाथ ठाकुर ने बताया कि इस दंगल में करीब बीस लाख रूपए की ईनामी राशि पहलवानों में वितरित की जाएगी। उन्होंने बताया कि बड़ी माली करीब अढ़ाई लाख रुपए की होगी, जबकि दूसरी माली दो लाख व तीसरी माली के विजेता पहलवानों को एक लाख पचहत्तर हजार रुपए बतौर ईनाम दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि बैठक में दंगल की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई तथा सुझाव आमंत्रित किए गए। उन्होंने बताया कि दंगल का स्तर देखते हुए इस बार अंतरराष्ट्रीय स्तर के पहलवानों को भी निमंत्रण देने को लेकर चर्चा हुई। मुख्य पहलवानों में उमेश मथुरा, दिनेश गुलिया, सिकंदर शेख, अजय बॉरन, जौंटी, सुमित (ऊना होस्टल) नवीन मंडी आदि बड़े पहलवानों को बुलाने का निर्णय लिया गया। राम लीला प्रांगण में होने वाले इस दंगल को लेकर समितियों का गठन भी किया गया तथा जिम्मेदारियां सौंपी गई। इस बैठक में सचिव अनिल, रणजीत सिंह, ख्याली राम ठाकुर, सुभाष ठाकुर, राजेश ठाकुर, संजीव कुमार, प्रमोद कुमार, प्रेम लाल, दलेल सिंह सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

## मानव कल्याण सेवा समिति का सराहनीय कार्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** मानव कल्याण सेवा समिति रैली निहाण ने समाज सेवा के क्षेत्र में एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। समिति द्वारा आज दिन तक कुल 29,06,600 रुपए जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए दान किए जा चुके हैं। समिति के पदाधिकारियों के अनुसार यह राशि विभिन्न सामाजिक कार्यों जैसे गरीब परिवारों की मदद, इलाज के लिए आर्थिक सहयोग, शिक्षा सहायता तथा अन्य मानवीय कार्यों में खर्च की गई है। समिति का उद्देश्य समाज के कमजोर वर्गों को सहारा देना व मानवीय मूल्यों को बढ़ावा देना है। स्थानीय लोगों ने समिति के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे संगठन समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। समिति के सदस्यों ने भविष्य में भी इसी तरह सेवा कार्य जारी रखने का संकल्प दोहराया है।

## शुभम कुमार ने संयुक्त प्रवेश परीक्षा की परीक्षा उत्तीर्ण की

अनंत ज्ञान

**अंब।** उपमंडल अंब के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बेहड जसवां के छात्र शुभम कुमार ने संयुक्त प्रवेश परीक्षा (मुख्य) 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए 87.34 प्रतिशत अंक (पर्सेंटाइल) प्राप्त कर संयुक्त प्रवेश परीक्षा (उन्नत) के लिए पात्रता हासिल कर ली है।



शुभम की इस उपलब्धि से न केवल विद्यालय, बल्कि पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। शुभम कुमार की सफलता इसलिए भी खास है, क्योंकि उन्होंने किसी भी प्रकार की कोचिंग का सहारा नहीं लिया। उन्होंने घर पर रहकर ही यूट्यूब व अन्य ऑनलाइन माध्यमों से पढ़ाई की और अपनी मेहनत व लगन के दम पर यह मुकाम हासिल किया। सीमित संसाधनों के बावजूद शुभम ने यह साबित कर दिया कि अगर इरादे मजबूत हों, तो किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। विद्यालय की प्रधानाचार्य सपना ठाकुर ने शुभम कुमार, उनके माता-पिता व परिवार को इस उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि शुभम की सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने शुभम के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि विद्यालय को अपने इस होनहार छात्र पर गर्व है। इस अवसर पर विद्यालय के सभी अध्यापक भी उपस्थित रहे व उन्होंने शुभम को शुभकामनाएं देते हुए उसके प्रयासों की सराहना की। शिक्षकों ने बताया कि शुभम शुरू से ही मेहनती और लगनशील छात्र रहा है। शुभम कुमार एक बेहद साधारण व आर्थिक रूप से कमजोर परिवार से संबंध रखते हैं। उनके पिता दिहाड़ी मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते हैं।

## टैलेंट दे दन दना दन : बिलासपुर ऑडिशन में 35 ने लिया भाग



आयोजकों के साथ भाग लेने वाले प्रतिभागी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** पना कांगड़ा एंटरटेनमेंट के बैनर तले 'चिट्टे को भगाना है, देश को बचाना है' अभियान के अंतर्गत टैलेंट दे दन दना दन के ऑडिशन बिलासपुर के हार्मोनी ऑफ हिमालयन पब्लिक स्कूल में आयोजित किए गए।

ऑडिशन में लगभग 35 प्रतिभागियों ने भाग लिया। निर्णायक मंडल में अभिषेक कुमार, यश कुमार व एआईएफडी फैशन डिजाइनिंग से रीना ठाकुर शामिल रहीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल के एमडी नरेंद्र दत्त शर्मा, मैनेजर गायत्री शर्मा तथा रीना ठाकुर का विशेष योगदान रहा। जिला बिलासपुर की ब्रांड प्रमोटर रिया शर्मा ने भी कार्यक्रम में प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के संचालक सुमित गुप्ता ने बताया कि युवाओं को मंच प्रदान करना और उन्हें नशे से दूर रखना इस पहल का मुख्य उद्देश्य है। कार्यक्रम में भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागी 9736454656 पर संपर्क कर सकते हैं।

## ऊना में पंचायतीराज चुनावों की तैयारियां तेज, डीसी जतिन लाल ने की समीक्षा बैठक

# निष्पक्ष व शांतिपूर्ण चुनाव के लिए सुरक्षा व प्रशिक्षण पर जोर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, ऊना।** ऊना जिले में प्रस्तावित पंचायतीराज संस्थाओं के चुनावों को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष व सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न करवाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं।

इसी कड़ी में सोमवार को जिला परिषद बैठक कक्ष में समीक्षा बैठक आयोजित कर डीसी जतिन लाल ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने पंचायतीराज संस्थाओं से जुड़े अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में होने वाले चुनावों को लेकर सभी आवश्यक प्रबंध समयबद्ध ढंग से सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने बताया कि जिले की 249 पंचायतों और उनके 1515 वार्डों के लिए संबंधित अधिकारियों द्वारा वार्डवार मतदाता सूचियां तैयार कर ली गई हैं। उन्होंने चुनाव से पूर्व आरओ/एआरओ व मतदान दलों की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने के साथ-साथ ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों के व्यापक प्रशिक्षण पर बल दिया। इसके अलावा चुनाव के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा नामांकन केंद्रों पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। डीसी ने कहा कि निर्वाचन संबंधी किसी भी पूछताछ अथवा जानकारी का समयबद्ध उत्तर दिया जाए, ताकि चुनाव प्रक्रिया में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। बैठक में एसडीएम ऊना अभिषेक मित्तल, एसडीएम अंब पारस अग्रवाल, एसडीएम गगरेट सौमिल गौतम, एसडीएम हरोली विशाल शर्मा, एसडीएम बंगाणा सोनू गोयल, जिला पंचायत अधिकारी श्रवण कुमार सहित सभी विकास खंड अधिकारी, पंचायत निरीक्षक व उपनिरीक्षक उपस्थित रहे।



पंचायती चुनावों की तैयारियों को लेकर समीक्षा करते हुए डीसी। अनंत ज्ञान

## सस्ती व निर्बाध गैस सुविधा के लिए पीएनजी कनेक्शन जारी करवाएं उपभोक्ता : उपायुक्त

**ऊना।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में पीएनजी के अंतर्गत पाइपलाइन का विस्तार किया गया है। इसके तहत अब तक लगभग 13 हजार घरेलू कनेक्शन जारी किए जा चुके हैं, जिनका उपभोक्ता बिना किसी रुकावट के 24 घंटे घरेलू गैस सुविधा का लाभ उठा रहे हैं। इसी कड़ी में डीसी ने बताया कि औद्योगिक क्षेत्र अंब व गगरेट को भी पीएनजी पाइपलाइन लाइन से जोड़ा गया है। उन्होंने उद्योग मालिकों से अपील की है कि वे अपनी आवश्यकता अनुसार पीएनजी के तहत व्यावसायिक कनेक्शन प्राप्त करके बिना किसी रुकावट के सस्ती दर पर गैस का प्रयोग करें। डीसी ने बताया कि पीएनजी सुविधा उपभोक्ताओं को निरंतर व सुरक्षित गैस आपूर्ति प्रदान कर रही है, जिससे सिलेंडर बदलने की परेशानी से भी राहत मिली है। साथ ही यह सुविधा गैस सिलेंडर की तुलना में अधिक किफायती दरों पर उपलब्ध करवाई जा रही है, जिससे आम नागरिकों को सीधा आर्थिक लाभ मिल रहा है। उन्होंने जिन क्षेत्रों को पीएनजी पाइपलाइन से जोड़ा गया है वहां के सभी नागरिकों से आग्रह किया कि वे इस सुविधा का लाभ उठाते हुए जल्द अपना पीएनजी कनेक्शन प्राप्त कर सस्ती तथा निर्बाध गैस सेवा का लाभ लें।

# आनी में नशे के खिलाफ महाअभियान विधायक लोकेंद्र कुमार ने संभाली कमान



अभियान के दौरान आनी के विधायक लोकेंद्र कुमार। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**जितेंद्र गुप्ता, आनी।** आनी विधानसभा क्षेत्र में बढ़ते नशे के मामलों को लेकर आनी के विधायक लोकेंद्र कुमार ने अवैध शराब और चिट्टा जैसे घातक नशों के खिलाफ महाअभियान की शुरुआत की।

इस अभियान की शुरुआत सोमवार को उपमंडल मुख्यालय आनी के विश्राम गृह से किया गया। इस दौरान विधायक लोकेंद्र कुमार ने युवाओं के साथ बैठक कर नशे के दुष्प्रभावों पर विस्तार से चर्चा की और समाज से इसे जड़ से खत्म करने का आह्वान किया। बैठक के बाद युवाओं के साथ मिलकर कोर्ट रोड पर एक सांकेतिक जागरूकता रैली भी निकाली गई। विधायक लोकेंद्र कुमार ने कहा कि आनी और निरमंड क्षेत्र में चिट्टा जैसे जानलेवा नशे का प्रचलन तेजी से बढ़ रहा है, जो युवाओं के भविष्य के लिए गंभीर खतरा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस समस्या से निपटने के लिए यह अभियान लगातार जारी रहेगा और इसमें समाज के हर वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे नशे से दूर रहकर अपने भविष्य को सुरक्षित बनाएं और इस मुहिम में बढ़-चढ़कर सहयोग दें। साथ ही प्रशासन और पुलिस से भी सख्त कार्रवाई करने का आग्रह किया गया, ताकि क्षेत्र को नशामुक्त बनाया जा सके।

# राष्ट्रपति के लाहौल दौरे के लिए सुरक्षा कड़ी

## डीआईजी ने राष्ट्रपति के लाहौल दौरे के मद्देनजर सुरक्षा व यातायात व्यवस्था बारे दी जानकारी

अनंत ज्ञान

**मनाली।** भारत की राष्ट्रपति के आगामी लाहौल-स्पीति दौरे को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस विभाग ने अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने मनाली पहुंचे डीआईजी सेंट्रल रेंज (मंडी) राहुल नाथ ने स्पष्ट किया कि राष्ट्रपति की गरिमा और सुरक्षा के मद्देनजर पुख्ता प्रबंध किए गए हैं, ताकि किसी भी स्तर पर कोई चूक न हो। पत्रकारों से बातचीत करते हुए डीआईजी राहुल नाथ ने बताया कि 29 अप्रैल को राष्ट्रपति के अटल टनल रोहतांग (नॉर्थ और साउथ पोर्टल) के दौरे के दौरान यातायात व्यवस्था में बड़े बदलाव किए गए हैं। उन्होंने बताया कि मनाली की ओर से सुबह 6:00 बजे से ही पलचान में पुलिस नाका लगा दिया जाएगा। यहां से आगे किसी भी पर्यटक वाहन को जाने की अनुमति नहीं होगी। सोलंगनाला के निवासी पहचान पत्र दिखाकर अपने गांव तक जा सकेंगे, लेकिन सोलंगनाला से आगे (अटल टनल की ओर) किसी भी निजी या सार्वजनिक वाहन का प्रवेश वर्जित रहेगा। वहीं, लाहौल की ओर से घाटी से मनाली की ओर आने वाले वाहनों को सुबह 7 बजे के बाद सिस्सू में ही रोक दिया जाएगा। डीआईजी ने साफ किया कि राष्ट्रपति के काफिले की आवाजाही के दौरान टनल और संपर्क मार्गों पर किसी भी प्रकार के वाहन को चलने की अनुमति नहीं दी जाएगी। सुरक्षा के लिहाज से पूरे मार्ग को 'नो ट्रैफिक जोन' में तब्दील किया जाएगा।

राष्ट्रपति के दौरे के लिए पूरे क्षेत्र को विभिन्न सुरक्षा क्षेत्रों में बांटा गया है। मनाली से लेकर अटल टनल और लाहौल के सिस्सू तक भारी पुलिस बल की तैनाती की गई है। इसके अलावा संवेदनशील इलाकों में निगरानी के लिए तकनीक का सहारा लिया जा रहा है। पलचान और सिस्सू जैसे प्रवेश द्वारों पर हर आने-जाने वाले की गहन तलाशी ली जा रही है। एम्बुलेंस और अग्निशमन दल को अलर्ट पर रखा गया है। प्रशासन ने पर्यटकों और ट्रैवल एजेंटों से अपील की है कि वे 29 अप्रैल के लिए अपने टूर प्लान में बदलाव करें, क्योंकि दोपहर तक अटल टनल मार्ग पूरी तरह बंद रह सकता है। राष्ट्रपति के प्रस्थान के बाद ही यातायात को सुचारू रूप से बहाल किया जाएगा।



प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए डीआईजी सेंट्रल रेंज राहुल नाथ व साथ में एसपी कुल्लू व एसपी लाहौल-स्पीति। अनंत ज्ञान

> हमारा मुख्य उद्देश्य सुरक्षा व्यवस्था को अभेद्य बनाना है, लेकिन साथ ही हम यह भी सुनिश्चित कर रहे हैं कि आम जनता और स्थानीय निवासियों को कम से कम असुविधा हो।'
>
> राहुल नाथ, डीआईजी सेंट्रल रेंज।

# आनी में निर्वाचन अधिकारी ने लिया चुनाव तैयारियों का जायजा



आनी में निर्वाचन अधिकारी बैठक के दौरान चुनावी तैयारियों का जायजा लेते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**आनी।** पंचायतीराज चुनाव की तैयारियों का जायजा लेने के लिए पंचायत समिति आनी के सभागार में निर्वाचन अधिकारी एसडीएम आनी लक्ष्मण कनेट की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया।

निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि चुनाव की अधिसूचना जारी होने के साथ ही आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो जाएगी। उन्होंने आचार संहिता के लागू होते ही इसकी कड़ाई से पालन करने के अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आनी विकास खंड के अंतर्गत सभी 38 पंचायतों तथा 208 वार्डों के लिए निर्वाचन स्थल निर्धारित कर दिए गए हैं। उन्होंने चुनाव से जुड़े सभी अधिकारियों तथा कर्मियों से राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप अपने दायित्व का पालन करने के निर्देश दिए। पंचायत निरीक्षक जोगेंदर ने सहायक निर्वाचन अधिकारियों तथा सेक्टर अधिकारियों के निर्वाचन दायित्वों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने नामांकन प्रक्रिया आरंभ होने से छंटनी, नाम वापसी, चुनाव चिन्ह आवंटन, मतपत्र तैयार करने से लेकर मतगणना के दौरान अपनाई जाने वाली प्रक्रिया पर पूर्ण जानकारी दी। बैठक में चुनाव के लिए नियुक्त सेक्टर मजिस्ट्रेट तहसीलदार आनी रत्नेश्वर शर्मा, बीडीओ आनी विवेक कुमार, सेक्टर ऑफिसर, सहायक चुनाव अधिकारी सहित विभिन्न चुनाव कर्मियों ने भाग लिया।

## न्यूज ब्रीफ

### चिकित्सा शिविर में आएं और निशुल्क जांच करवाएं

**अनंत ज्ञान, मनाली।** मनाली शहर के रैन बसेरा के आयुष्मान आरोग्य सेंटर में निशुल्क चिकित्सा शिवर आयोजित किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से लगाए गए इस शिविर में मरीजों के स्वास्थ्य की निशुल्क जांच की जा रही है साथ ही दवाइयां भी निशुल्क वितरित की जा रही हैं। इन शिविरों में विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा परामर्श, टीबी व कैंसर स्क्रीनिंग, मधुमेह, उच्च रक्तचाप की जांच और मुफ्त दवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए शिविर के पहले दिन दो सौ से अधिक लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। बीएमओ नग्गर डॉक्टर कर्ण ने मनाली शहर के लोगों से आग्रह किया कि एक सप्ताह तक चलने वाले निशुल्क चिकित्सा शिवर का लाभ उठाएं। उन्होंने बताया कि शिविर में छाती का एक्सरे, खून की जांच, शुगर, बीपी की निशुल्क जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि मनाली शहर में स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने के बाद हर पंचायत में शिविर आयोजित किए जाएंगे। विधायक भुवनेश्वर गौड ने मनाली शहर के लोगों से आग्रह किया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए इस निशुल्क शिविर का लाभ उठाएं व अपने स्वास्थ्य की अवश्य जांच करवाएं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर गंभीर हैं। उन्होंने कहा प्रदेश सरकार प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत कर रही है।

### कुल्लू में आज पहुंचेंगी माता सुदीक्षा महाराज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** देवभूमि कुल्लू में आध्यात्मिक उत्साह अपने चरम पर है, क्योंकि सदगुरू माता सुदीक्षा महाराज मंगलवार को कुल्लू पहुंच रही हैं। उनके आगमन को लेकर पूरे क्षेत्र में निरंकारी भक्तों के बीच भारी उत्साह देखा जा रहा है। आयोजकों द्वारा भव्य स्वागत की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। सदगुरू माता सुदीक्षा जी महाराज 3 मई तक कुल्लू प्रवास पर रहेंगी। इस दौरान वे नेशनल यूथ सेमिनार कार्यक्रम में जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश से आए लगभग 10 हजार युवाओं को संबोधित करेंगी। खेलकूद प्रतियोगिता व सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। यह आयोजन युवाओं को आध्यात्मिकता, नैतिक मूल्यों और समाज सेवा के प्रति प्रेरित करने का एक महत्वपूर्ण मंच साबित होगा। निरंकारी मिशन के मंडी जोन के प्रभारी आरके अभिलाषी ने जानकारी देते हुए बताया कि 3 मई को भव्य संत समागम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें हजारों श्रद्धालु भाग लेंगे। कार्यक्रम स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया गया है और व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित बनाने के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। उन्होंने बताया कि नेशनल यूथ सेमिनार का आयोजन देश-विदेश के कई प्रमुख स्थानों पर सफलतापूर्वक किया जा चुका है। इनमें दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, हैदराबाद, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान-गुजरात, मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और पूर्वोत्तर राज्य शामिल हैं। इसके अलावा ऑस्ट्रेलिया-न्यूजीलैंड, यूके-यूरोप, दुबई और नॉर्थ अमेरिका में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं। यह आयोजन न केवल आध्यात्मिक चेतना को बढ़ावा देगा, बल्कि युवाओं को सकारात्मक दिशा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उधर, ढालपुर मैदान में सैकड़ों सेवा दल और अन्य भक्तजन पहुंच चुके हैं और यहां पर श्रद्धालुओं के लिए हर सुविधाओं का प्रावधान किया गया है।

### सर्वसम्मति से दूसरी बार चमन बने एसएमसी अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, आनी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय आनी में सोमवार को अभिभावकों की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता प्रधानाचार्य डॉ. जवाहर ठाकुर ने की। बैठक में विद्यालय के शैक्षणिक स्तर को सुधारने, अनुशासन को मजबूत करने व विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान वर्ष 2026 से 2029 तक के लिए विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन सर्वसम्मति से किया गया। चमन शर्मा को लगातार दूसरी बार अध्यक्ष चुना गया, जबकि पप्पू सत्या को मुख्य सलाहकार बनाया गया। समिति में बहादुर सिंह, उत्तमचंद, बीना काजा, शीला देवी, मधु शर्मा, नीना देवी, जीवा नंद शर्मा, मीना कुमारी, राज कुमार, प्रवीन कुमारी, ताबे राम और मोहित ठाकुर को सदस्य के रूप में शामिल किया गया। विद्यालय की ओर से रणधीर ठाकुर, सुनिता ठाकुर, बृजलाल ठाकुर और देवी सिंह ठाकुर ने भी भाग लेकर शिक्षा की गुणवत्ता सुधार के लिए सुझाव दिए। अभिभावकों ने विद्यालय के विकास कार्यों में सक्रिय सहयोग देने का आश्वासन दिया। प्रधानाचार्य ने कहा कि विद्यालय व अभिभावकों के बीच समन्वय से ही विद्यार्थियों का उज्ज्वल भविष्य संभव है। बैठक का समापन सकारात्मक माहौल में हुआ।

# 29 अप्रैल को बंद रहेगी अटल टनल व सिस्सू मार्ग

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, केलांग।** राष्ट्रपति के प्रस्तावित लाहौल दौरे को देखते हुए जिला प्रशासन लाहौल-स्पीति ने सुरक्षा व यातायात व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए हैं। सुरक्षा कारणों से 29 अप्रैल को अटल टनल के नॉर्थ पोर्टल से सिस्सू तक का पूरा मार्ग आम जनता व पर्यटकों के लिए पूरी तरह बंद रहेगा। प्रशासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार, नॉर्थ पोर्टल (अटल टनल) से सिस्सू तक आवाजाही पर निम्नलिखित प्रतिबंध लागू रहेंगे।

सुबह 7 से दोपहर 1 बजे तक। इस दौरान सभी तरह के निजी व व्यावसायिक वाहनों और पैदल आवाजाही पर पूर्ण रोक रहेगी। केवल सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी वैध पास वाले वाहनों और अधिकारियों को ही प्रवेश की अनुमति होगी। जिला प्रशासन ने अपील की है कि लोग निर्धारित समय के दौरान इस क्षेत्र में यात्रा की योजना न बनाएं। इसके अलावा प्रशासन ने कुछ महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश भी जारी किए हैं कि अनावश्यक यात्रा से बचें व सुरक्षा बैरिकेड्स या नाकों को पार करने का प्रयास न करें। पुलिस व प्रशासन द्वारा दिए गए निर्देशों का सख्ती से पालन करें। किसी भी तरह की अफवाहों पर विश्वास न करें, केवल आधिकारिक जानकारी पर ही भरोसा करें। सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें। इस दौरान किसी भी आपात स्थिति में नागरिक प्रशासन द्वारा जारी टोल-फ्री नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं। जिला आपातकालीन केंद्र: 1077 हेल्पलाइन नंबर: 9459461355 व इसके अलावा नजदीकी पुलिस स्टेशन या प्रशासनिक अधिकारी से भी संपर्क किया जा सकता है।

**राष्ट्रपति के दौरे को लेकर प्रशासन ने जारी की एडवाइजरी**

# साधकों ने लिया योग-ध्यान का लाभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** आर्ट ऑफ लिविंग संस्था कुल्लू ने वैष्णो देवी रामशिला में एक रिफ्रेशर प्रोग्राम का आयोजन किया। यह प्रोग्राम विशेष रूप से उन लोगों के लिए आयोजित की जाती है, जिन्होंने पूर्व में हैप्पीनेस प्रोग्राम किया होता है। वरिष्ठ प्रशिक्षक सुंदर ठाकुर ने बताया कि इस तरह का आयोजन बहुत महत्वपूर्ण होता है, ताकि साधक योग ध्यान की दिव्य प्रक्रिया से जुड़े रहें । वर्तमान समय की आपाधापी में स्वयं को शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रखना अति आवश्यक है। इस तरह के शिविर से साधक को अध्यात्म उन्नति की तरफ भी अग्रसर रखने में सहयोग मिलता है। वरिष्ठ प्रशिक्षक सुंदर ने बताया कि भविष्य में इस तरह का प्रोग्राम आयोजित किया जाता रहेगा, ताकि साधकों को स्वस्थ्य, शांति व आनंद की अनुभति होती रहे व समाज की भलाई के लिए भी सेवारत रह सकें। इस रिफ्रेशर प्रोग्राम में वरिष्ठ प्रशिक्षक सुंदर ठाकुर ,सोनम डोल्मा तथा प्रशिक्षक कविता शर्मा के साथ कई वरिष्ठ स्वयंसेवकों तथा कुल्लू जिले के भविन्न स्थानों से आए हुए भिविन्न श्रेणी के प्रतिभागी जैसे डॉक्टर, प्रिंसिपल, मैनेजर, प्रशिक्षक , व्यवसायी एवं गृहिणी ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

# गो माता को 'राष्ट्र माता' का दर्जा देने की मांग संत समाज व भारतीय गो क्रांति मंच ने सौंपा ज्ञापन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** गो सम्मान आह्वान अभियान के तहत कुल्लू में संत समाज व भारतीय गो क्रांति मंच ने गौ माता को राष्ट्रीय सम्मान दिलाने की मांग को लेकर जोरदार आवाज उठाई।

इस अवसर पर संत समाज के सदस्य ऐतिहासिक भूतनाथ मंदिर में एकत्रित हुए और गो संरक्षण व सम्मान को लेकर विस्तृत चर्चा की। संत समाज व भारतीय गो क्रांति मंच के प्रतिनिधियों ने कहा कि भारतीय संस्कृति और परंपरा में गौ माता का विशेष महत्व रहा है। उन्होंने गौ माता को 'राष्ट्र माता' का दर्जा देने की मांग करते हुए कहा कि यह आस्था, कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार है। गो माता को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित करने से सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूती मिलेगी और गो संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। कार्यक्रम में सनातन समाज के कई लोग भी शामिल हुए। सभी ने एक स्वर में गौ संरक्षण और सम्मान के समर्थन में अपनी आवाज बुलंद की और इसे जन-आंदोलन बनाने का आह्वान किया। इस दौरान संत समाज के प्रतिनिधियों ने उपायुक्त (डीसी) के माध्यम से प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति और मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में गौ माता को राष्ट्रीय सम्मान देने, उनके संरक्षण के लिए ठोस नीतियां बनाने और धरातल पर प्रभावी कदम उठाने की मांग की गई। संत समाज ने प्रशासन से आग्रह किया कि उनकी मांगों को गंभीरता से लेते हुए केंद्र और राज्य सरकार तक पहुंचाया जाए, ताकि गौ संरक्षण और सम्मान को लेकर ठोस निर्णय लिए जा सकें।



डीसी को ज्ञापन सौंपते हुए गो सेवक। अनंत ज्ञान

# गौहरी देवता के आगमन के साथ पीपल जातर मेला आज से

अनंत ज्ञान

**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** गौहरी देवता के आगमन के साथ ही मंगलवार को राज्य स्तरीय पीपल जातर मेले का आगाज हो जाएगा।

तीन दिवसीय इस मेले को लेकर जहां तैयारियां पूरी कर ली गई हैं वहीं विभिन्न बाहरी राज्यों के व्यापारियों ने भी ढालपुर व परेड मैदान सहित सड़क के साथ मार्केट सज गई है। ऐतिहासिक लाल चंद प्रार्थी कलाकेंद में भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मेले में सिड्डू, मोमो, मक्की की रोटी, कचौरी, चना भटूरा, जलेबी सहित खाद्य वस्तुओं की दुकानें भी सज गई हैं। साल का पहला बड़ा मेला होने के कारण जिला भर के लोगाो के अलावा खासकर दूरदराज क्षेत्रों के ग्रामीण जहां सांस्कृतिक कार्यक्रमों का खूब लुत्फ उठाएंगे वहीं जमकर खरीददारी भी करते हैं। लिहाजा, आज से कुल्लू में तीन दिनों तक पीपल जातर मेले की खूब रौनक रहेगी और जिला के लोगों के साथ-साथ देश व विदेश के लोग भी इस मेले का आनंद उठाएंगे और खाद्य सामग्री व अन्य उत्पादों का खूब व्यापार होगा। तीन दिवसीय इस मेले का शुभारंभ उपायुक्त कुल्लू अनराग चंद्र शर्मा करेंगे।



पीपल जातर मेले को लेकर सजी अस्थायी दुकानें। अनंत ज्ञान

### रमेश ठाकुर के नाम रहेगी पहली सांस्कृतिक संध्या

**वसंतोत्सव** पीपल जातर मेले की पहली सांस्कृतिक संध्या में स्टार कलाकार लोकगायक रमेश ठाकुर के नाम रहेगी। मंगलवार को मेले के पहले दिन सायंकालीन सांस्कृतिक संध्या में स्टार कलाकार रमेश ठाकुर अपनी आवाज से मनोरंजन करेंगे। इसके अलावा दूसरे दिन लोकगायक कुशल वर्मा धमाल मचाएंगे। तीसरी व अंतिम सांस्कृतिक संध्या नाटी किंग ठाकुर दास राठी के नाम रहेगी।

# सांस्कृतिक संरक्षण में मेलों की भूमिका अहम : चमन कपूर

अनंत ज्ञान



**मनाली।** भाजपा पर्यटन प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक व पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष चमन कपूर ने कहा कि सांस्कृतिक संरक्षण में मेलों की भूमिका अहम है। मेले समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, देव परंपराओं, लोक कलाओं व सामाजिक एकता के जीवंत प्रतीक हैं।

मेलों के आयोजन पीढ़ियों से चली आ रही सांस्कृतिक परंपराओं को सहेजने व उन्हें अगली पीढ़ी तक पहुंचाने का काम करते हैं। चमन कपूर भेखली में आयोजित चार दिवसीय बैसाखी मेले के समापन समारोह में बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मेले में लोकनृत्य, लोक गीत, पारंपरिक वेशभूषा और स्थानीय कलाओं का प्रदर्शन होता है, जिससे संस्कृति जीवित रहती है। मेले में माता भुवनेश्वरी व देवता सारी नारायण के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। घाटी वासियों ने देवी-देवताओं के दर्शन कर सुख-समृद्धि का आशीर्वाद लिया। फ्रेंड्स युवक मंडल भेखली द्वारा भाषा एवं संस्कृति विभाग जिला कुल्लू के सहयोग से सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। इस दौरान स्कूली बच्चों के द्वारा मनमोहक प्रस्तुति प्रदान की गई। देर शाम को आयोजित सांस्कृतिक संध्या में स्थानीय गायक दीवान कुल्लवी, डिंपल और संजय ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति देकर लोगों को झूमने पर विवश किया। इस दौरान फ्रेंड्स युवा संगठन के प्रधान पुनीत शर्मा और क्लब के अन्य सदस्यों ने मुख्यतिथि चमन कपूर का स्वागत किया व सहयोग देने के लिए आभार जताया।

# उदयपुर में 29 को भव्य धर्म सम्मेलन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** लाहौल-स्पीति के त्रिलोकनाथ धाम में 29 अप्रैल को एक भव्य धर्म सम्मेलन का आयोजन होने जा रहा है, जो कि धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक जागरूकता व सांस्कृतिक मूल्यों को भी नई दिशा देने का कार्य करेगा। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य 'धर्मो रक्षति रक्षित के सिद्धांत को जन-जन तक पहुंचाना है। सम्मेलन में समाज को सशक्त बनाने वाले पांच प्रमुख मूल्यों-स्वदेशी, सामाजिक समरसता, नागरिक कर्तव्य, पर्यावरण संरक्षण व कुटुंब प्रबोधन पर विशेष जोर दिया जाएगा। इस अवसर पर बतौर मुख्यतिथि रूपेश उपस्थित रहेंगे व अपने विचारों से जनसमूह को प्रेरित करेंगे। सम्मेलन के दौरान धार्मिक अनुष्ठानों, यज्ञ व आध्यात्मिक प्रवचनों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। धर्म सम्मेलन आयोजन समिति ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे अपने परिवार और मित्रों सहित इस पुण्य अवसर में भाग लेकर धर्म और समाज के प्रति अपने कर्तव्यों को समझें और निभाने का संकल्प लें।

# पर्यटकों और स्थानीय लोगों को बेहतरीन सेवाएं देने पर बनाई सहमति




राज कमल राजा मनु गुड्स कैरियर के छठी बार अध्यक्ष बनने पर प्यारु राम व उनकी नई कार्यकारिणी को सम्मानित करते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**मनाली।** हिम आंचल टैक्सी यूनियन व मनु गुड्स कैरियर आटो मैक्सिमो यूनियन के पदाधिकारियों ने पर्यटकों व स्थानीय लोगों को बेहतरीन सेवाएं देने पर बल दिया। सभी पदाधिकारियों ने मिल जुलकर मनाली के विकास में अपना योगदान देने की बात कही।

इस दौरान टैक्सी यूनियन के प्रधान राज कमल राजा ने मनु गुड्स कैरियर के छठी बार अध्यक्ष बनने पर प्यारु राम व उनकी नई कार्यकारिणी को सम्मानित किया। प्यारू राम ने सम्मानित करने के लिए टैक्सी यूनियन का आभार जताते हुए कहा कि वह यूनियन के सदस्यों की दिक्कतों को दूर करने के साथ साथ लोगों को बेहतरीन सेवाएं देने का प्रयास करेंगे। टैक्सी यूनियन मनाली के अध्यक्ष राज कमल ने कहा कि यूनियन पर्यटकों को बेहतरीन टैक्सी सेवाएं देने का प्रयास कर रही है। उन्होंने वाहन चालकों से भी आग्रह किया कि सस्ते दाम न लेकर निर्धारित दाम ही पर्यटकों से लें व बदले में बेहतरीन सेवाएं पर्यटकों को दें। उन्होंने कहा कि सभी ऑपरेटर पर्यटकों को बेहतरीन टैक्सी सेवाएं देने के साथ सतह मिल जुलकर मनाली को साफ व सुथरा बनाने में अपना योगदान देंगे।

**लेखा-जोखा** भुट्टि-वीवर्ज सहकारी सभा का 86वां वार्षिक अधिवेशन संपन्न

# 13.49 करोड़ के उत्पाद बेचकर स्थापित किया नया कीर्तिमान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** बुनकर क्षेत्र की देश की अग्रणी सहकारी संस्था 'भुट्टि-वीवर्ज हैंडलूम एंड हैंडीक्राफ्ट कोआप्रेटिव सोसायटी' का 86वां वार्षिक साधारण अधिवेशन सोमवार को सभा के अध्यक्ष एवं पूर्व बागवानी मंत्री सत्य प्रकाश ठाकुर की अध्यक्षता में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

इस अवसर पर सभा की उपलब्धियों का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया व भविष्य की रणनीतियों पर मुहर लगाई गई। वर्ष 2025-26 की कार्ययोजना साझा करते हुए अध्यक्ष ने कहा कि सभा अपने बाजार का विस्तार करने के लिए आनी (कुल्लू) में नया शोरूम खोलेगी। इसके अतिरिक्त बिक्री बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रदर्शनियों में भाग लिया जाएगा। घाटे में चल रहे शोरूमों को बंद करने की योजना है, ताकि आर्थिक ढांचा मजबूत रहे। ग्राहकों की मांग को देखते हुए स्थानीय ऊन और 'वूल ब्लेंड' से सस्ते व आकर्षक उत्पाद तैयार किए जाएंगे। सभा के अधिकारियों और कर्मचारियों की कार्यकुशलता बढ़ाने के लिए विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे। इसके लिए एनसीडीसी के पूर्व निदेशक टीआर कपूर, पूर्व निरीक्षक शेर सिंह, पूर्व अधीक्षक शिव चन्द और आरआईसीएम चंडीगढ़ के विशेषज्ञों की सेवाएं ली जाएंगी। इस प्रशिक्षण का खर्च सहकारी शिक्षा कोष से वहन किया जाएगा। बैठक में कार्यवाहक मुख्य महाप्रबंधक सुरती देवी ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस अवसर पर जिला परिषद की पूर्व सदस्य प्रेम लता ठाकुर, उपाध्यक्ष रोहित ठाकुर, मुख्य सलाहकार रमेश ठाकुर सहित निदेशक मंडल के सदस्य और कुल 338 में से 166 सदस्य उपस्थित रहे। सभा के अध्यक्ष सत्य प्रकाश ठाकुर ने सदस्यों को संबोधित करते हुए बताया कि सभा ने इस वर्ष 13.49 करोड़ रुपए के उत्पादों की बिक्री कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 26 लाख रुपए अधिक है।

इस सफलता पर खुशी जताते हुए उन्होंने विभिन्न घोषणाएं कीं कि बेहतर प्रदर्शन करने वाले 15 कर्मचारियों को पदोन्नत किया गया। कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई। बुनकर सदस्यों की बुनाई दरों में भी 10 प्रतिशत की वृद्धि का निर्णय लिया गया।





भुट्टि-वीवर्ज सहकारी सभा के 86वें वार्षिक अधिवेशन के दौरान गणमान्य लोग। अनंत ज्ञान

# सड़क सुरक्षा केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं आमजन की सहभागिता भी आवश्यक : डीसी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक उपायुक्त कुल्लू अनुराग चंद्र शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में डीसी ने कुल्लू जिले की सड़कों को बेहतर व सुरक्षित बनाने की आवश्यकता पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि आमजन की सहभागिता भी उतनी ही आवश्यक है। बैठक में मनिकरण-बरशैणी, सिउंड-रैला तथा एनएच-305 सड़क मार्गों पर विस्तृत चर्चा की गई, जहां ट्रैफिक व पर्यटकों की आवाजाही अधिक रहती है।



इन सड़कों की वर्तमान स्थिति, यातायात दबाव व संभावित जोखिमों का आकलन करते हुए सुधारात्मक कदम उठाने पर जोर दिया गया। समिति ने इन सड़कों के सुधार के लिए विस्तृत प्रस्ताव तैयार कर सरकार को प्रेषित करने का सुझाव दिया। डीसी ने जिले के सभी अधिशाषी अभियंताओं को संबंधित पुलिस अधिकारियों के साथ प्रमुख सड़कों का संयुक्त निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के उपरांत विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाए, ताकि आवश्यक स्थानों की पहचान कर इन सड़कों को अधिक सुगम व सुरक्षित बनाया जा सके।

डीसी ने एनएचएआई के अधिकारियों को सड़क सुधार कार्यों में तेजी लाने तथा यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही, संबंधित विभागों को सड़क संकेतक, क्रैश बैरियर, उचित रोशनी व अन्य सुरक्षा उपायों को प्राथमिकता के आधार पर लागू करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने एनएच के किनारे से अवैध कब्जे हटाने के भी निर्देश दिए, ताकि संभावित दुर्घटनाओं को रोका जा सके व यातायात सुचारू रूप से संचालित हो सके। बैठक का संचालन समिति के सदस्य सचिव व अधिशाषी अभियंता बीसी नेगी ने किया। बैठक में क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी आकांक्षा शर्मा, डीएसपी शेर सिंह ठाकुर, संदीप कुमार सहित समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

बरसाती नाले की तबाही से जूझता गांव, डीसी तक पहुंची गुहार

# ग्रामीणों की आवाज बनी उम्मीद समाधान के लिए मजबूत पहल

अनंत ज्ञान

**नाहन।** जिला सिरमौर के नाहन विकास खंड की ग्राम पंचायत देवनी के कौन्थरो वार्ड में बरसाती नाले की समस्या अब एक गंभीर चिंता का विषय बन चुकी है। हर साल बरसात के मौसम में नाले का पानी गांव में घुस जाता है, जिससे घरों को नुकसान पहुंचता है और खेतों में खड़ी फसलें बर्बाद हो जाती हैं। ग्रामीणों की सालभर की मेहनत कुछ ही समय में पानी के साथ बह जाती है। इस समस्या से परेशान होकर गांव के लोगों का एक प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त से मिला और अपनी परेशानी उनके सामने रखी।

### आरोप : शिकायत के बावजूद स्थायी समाधान नहीं

*प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे रोहित शर्मा ने गांव के लोगों की आवाज मजबूती से उठाई। उन्होंने प्रशासन को स्पष्ट रूप से बताया कि यह समस्या केवल एक वार्ड की नहीं, बल्कि पूरे गांव के जीवन से जुड़ी हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने पहले भी कई बार शिकायत की, लेकिन कोई स्थायी समाधान नहीं हुआ, जिससे उनमें निराशा बढ़ती जा रही थी।*

### समस्या के समाधान के लिए प्रयासरत : रोहित शर्मा

*रोहित शर्मा ने भरोसा दिलाया कि वे इस मुद्दे को किसी राजनीति से नहीं जोड़ते, बल्कि इसे गांव के विकास और लोगों की सुरक्षा से संबंधित मानते हैं। उन्होंने कहा कि वे हर हाल में इस समस्या के समाधान के लिए प्रयास करते रहेंगे। ग्रामीणों में रोहित शर्मा के प्रति विश्वास बढ़ा है। एक सफल पेशेवर होने के साथ-साथ उन्होंने क्षेत्र के युवाओं को रोजगार दिलाने में भी योगदान दिया है। अब गांव के लोगों को उम्मीद है कि उनकी यह लड़ाई रंग लाएगी और उन्हें जल्द ही राहत मिलेगी।*

# 250 प्रतिबंधित कैप्सूल, 60 अल्प्राजोलम गोलियों की खेप बरामद, आरोपी गिरफ्तार

## नशीले पदार्थ कहां से लाए गए व कहां होना था वितरण, जांच शूरू

अनंत ज्ञान

**नाहन।** एसआईयू नाहन की टीम को विश्वसनीय सूचना प्राप्त हुई कि मोहम्मद रिहान पुत्र मोहम्मद अयाज, निवासी सैनवाला तहसील नाहन तथा वर्तमान में बड़ा चौक नाहन में रह रहा है, नशीले कैप्सूल और प्रतिबंधित दवाइयों के अवैध वितरण में संलिप्त है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम संबंधित क्षेत्र में पहुंचकर निगरानी की और निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार कार्रवाई को अंजाम दिया। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 250 नशीले कैप्सूल और 60 अल्प्राजोलम की गोलियां बरामद कीं। बरामद सामग्री को जब्तकर आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं पूरी की गईं और आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है, ताकि नेटवर्क और अन्य संबंधित व्यक्तियों के बारे में जानकारी जुटाई जा सके।

जांच के दौरान यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि बरामद नशीले पदार्थ कहां से लाए गए थे और इन्हें किन क्षेत्रों में वितरित किया जा रहा था। पुलिस ने बताया कि उपलब्ध साक्ष्यों और पूछताछ के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी और आवश्यक होने पर अन्य संबंधित व्यक्तियों को भी जांच के दायरे में लाया जाएगा।

## खजुरना पुल के पास बस-ट्रक टक्कर 30 यात्रियों ने शीशा तोड़कर बचाई जान

**अनंत ज्ञान, नाहन।** नेशनल हाईवे देहरादून-चंडीगढ़ पर खजुरना पुल के नजदीक एक सरकारी यात्री बस व ट्रक की टक्कर हो जाने से बस में सवार यात्रियों में अफरातफरी मच गई। जानकारी के मुताबिक उत्तराखंड ट्रांसपोर्ट की बस और ट्रक के बीच टक्कर हो गई। जिले के एसपी एनएस नेगी ने पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस टीम मौके पर भेजी गई थी। टक्कर के बाद यात्रियों में अफरातफरी होने के कारण अगला शीशा तोड़कर उन्हें बाहर निकला गया। बस के सभी यात्री सुरक्षित थे, आपसी समझौते के बाद बस रवाना कर दी गई है।

बताया जाता है कि बस में करीब 35 यात्री सवार थे। अचानक हुई टक्कर से बस का डोर अंदर से लॉक हो गया, इस दौरान बस में यात्री फंस कर रह गए। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने बताया कि सभी यात्री पूरी तरह से सुरक्षित हैं। पुलिस जांच में जुटी है।

## सड़क निर्माण के दौरान हादसा : रोलर लुढ़कने से चालक की मौत

**अनंत ज्ञान, अर्की।** उपमंडल अर्की के चम्यावल कोलका रोड पर सरी नाला के पास रोलर के नीचे दबने से 35 वर्षीय युवक की मृत्यु हो गई। जानकारी के अनुसार चम्यावल-कोलका सड़क मार्ग पर सरी नाला के समीप लगभग साढ़े पांच बजे सड़क निर्माण कार्य के दौरान निर्माण कार्य में लगा रोड रोलर अचानक अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे लुढ़क गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार रोलर चला रहे चंद्रभान पुत्र मुन्ना लाल, निवासी गांव फतेहुल्लाह गंज (उत्तर प्रदेश), मशीन पर नियंत्रण खो बैठे, जिससे वह रोलर के नीचे दब गए। इस हादसे में उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस द्वारा दुर्घटना के कारणों की विस्तृत जांच की जा रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### गौवंश को राष्ट्रीय माता का दर्जा देने की मांग

**अनंत ज्ञान, सोलन।** गौ रक्षा सेवा दल ने संत समाज के सहयोग से गौ सम्मान आव्हान अभियान के तहत एक कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान गौ वंश की सुरक्षा और सम्मान को लेकर केंद्र सरकार से ठोस कदम उठाने की मांग की गई। संगठन के अनुसार देशभर में तहसील स्तर पर राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजे जा रहे हैं। सोलन में भी पदयात्रा निकालकर तहसीलदार के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया। संगठन ने प्रमुख मांगों में गौ माता को राष्ट्रीय माता का दर्जा देने, सख्त कानून बनाने और गौ तस्करी पर पूरी तरह रोक लगाने की बात कही। साथ ही हाल की घटनाओं पर नाराजगी जताते हुए चेतावनी दी कि यदि मांगें पूरी नहीं हुईं तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

### जंगलों में आग लगने की घटनाओं की रोकथाम से संबंधित आदेश जारी

**अनंत ज्ञान, सोलन।** ज़िला सोलन में ग्रीष्म ऋतु के दौरान जंगलों में लगने वाली आग के कारण सार्वजनिक संपत्ति और जंगलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के दृष्टिगत उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने हिमाचल प्रदेश ग्राम एवं लघु नगर गश्त अधिनियम, 1964 की धारा 3 के तहत आदेश जारी किए हैं। आदेशों के अनुसार ग्रीष्म ऋतु के दौरान सोलन जिला के समस्त गांवों के निवासी सभी सक्षम पुरुष जंगलों में आग से बचाव के लिए गश्त लगाने के लिए उत्तरदायी होंगे। यह आदेश 15 जुलाई, 2026 तक लागू रहेंगे।

### राजकीय महाविद्यालय दाड़लाघाट को मिले नियमित सहायक आचार्य

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** राजकीय महाविद्यालय दाड़लाघाट के लिए 27 अप्रैल का दिन महत्वपूर्ण एवं हर्ष का रहा, जब महाविद्यालय के तीन सहायक आचार्य नियमित सेवाओं में सम्मिलित हुए।उल्लेखनीय है कि सहायक आचार्य अक्षय कुमार (अर्थशास्त्र), भूवि शर्मा (इतिहास) तथा रचना तनवर (हिंदी) ने विगत दो वर्षों तक अनुबंध आधार पर अपनी सेवाएं प्रदान कीं, जिसके उपरांत उन्हें नियमित नियुक्ति प्रदान की गई। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रुचि रमेश ने बताया कि सभी अनुबंध आचार्यों ने निर्धारित प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद नियमित ग्रुप से ज्वाइनिंग दी है। उन्होंने कहा कि इन आचार्यों ने अपने कार्यकाल के दौरान उत्कृष्ट शैक्षणिक योगदान, अनुशासन और समर्पण का परिचय दिया है। इस अवसर पर आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के प्रभारी सहायक आचार्य पुनीत ठाकुर ने नव-नियमित आचार्यों को कंडक्ट रूल्स व सेवा संबंधी महत्वपूर्ण दिशानिर्देशों की जानकारी दी, ताकि वे अपने दायित्वों का प्रभावी ढंग से निर्वहन कर सकें। प्राचार्या ने सभी नियमित हुए आचार्यों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए आशा जताई कि वे भविष्य में भी महाविद्यालय के शैक्षणिक वातावरण को और सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

### हिमाचल एक्स सर्विसेज लीग सायरी ममलीग जुब्बड़हट्टी की त्रैमासिक बैठक

**अनंत ज्ञान, सोलन।** हिमाचल एक्स सर्विसेज लीग सायरी ममलीग जुब्बड़हट्टी ज़िला सोलन-शिमला (पंजीकृत) की त्रैमासिक बैठक सोमवार को सायरी में चेयरमैन वेटरन सूबेदार मेजर नरेश कौंडल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। वेटरन सूबेदार मेजर नरेश कौंडल ने सभी से समाज की विसंगतियों और कुरीतियों के खिलाफ एकजुट होने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि सैनिक सामुदायिक भवन निर्माण के लिए सभी का सहयोग अपेक्षित है। सैनिक कल्याण अधिकारी सूबेदार विशाल बराल ने इस अवसर पर विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी साझा की। इस अवसर पर 1 जैक राइफल जतोग से दो सैनिक पदाधिकारियों ने भी वीर नारियों, दिव्यांगों और पूर्व सैनिकों की पात्रता एवं हकदारी पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

### भाजपा के संगठन में 33% महिला आरक्षण का निर्णय ऐतिहासिक : अरुष गुप्ता

**अनंत ज्ञान, सोलन।** भारतीय जनता पार्टी हिमाचल प्रदेश के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य (आईटी विभाग) अरुष गुप्ता ने भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाकर 33 प्रतिशत करने के निर्णय का स्वागत किया है। उन्होंने इस कदम को भारतीय राजनीति में एक युगांतकारी और क्रांतिकारी बदलाव करार दिया। अरुष गुप्ता ने कहा कि भाजपा न केवल महिलाओं के सम्मान की बात करती है, अपितु उसे धरातल पर क्रियान्वित भी करती है। उन्होंने कहा कि नितिन नवीन की टीम में 33% महिला पदाधिकारियों को शामिल करने का निर्णय यह दर्शाता है कि भाजपा देश की आधी आबादी को निर्णय लेने वाली मुख्य भूमिका में देखने के लिए प्रतिबद्ध है।

### मानसिक स्वास्थ्य, सचेत विकास पर प्रेरक व्याख्यान का सफल आयोजन

**अनंत ज्ञान, सोलन।** गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय के शिक्षा विद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य एवं सचेत विकास विषय पर एक अत्यंत प्रभावशाली और ज्ञानवर्धक व्याख्यान का आयोजन किया गया। सोहम इंडिया सोलन के सौजन्य से आयोजित इस सत्र का नेतृत्व डीन प्रो. धनंजय जोशी ने किया, जिसमें शोधार्थियों, छात्रों और संकाय सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। प्रख्यात विशेषज्ञ डॉ. दमन आहूजा ने अपने व्यापक अनुभव के आधार पर मानसिक संतुलन, आत्म-जागरूकता और मूल्य-आधारित जीवन पर गहन विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने 'दिव्यता के साथ विकास' की अवधारणा को रेखांकित करते हुए सामूहिक कल्याण के महत्व को समझाया। संवादात्मक गतिविधियों और चिंतन अभ्यासों से सत्र और भी प्रभावी बना। यह आयोजन छात्रों के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुआ।

### दाड़लाघाट में यूथ फार्मर क्लब ने की मोक्ष द्वार मार्ग की साफ-सफाई

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** पंचायत दाड़लाघाट के यूथ फार्मर क्लब स्यार की ओर से डोरी (स्यार) स्थित मोक्ष द्वार (श्मशान घाट) तक जाने वाले रास्ते की साफ-सफाई की गई। इस दौरान क्षेत्र के युवाओं और ग्रामीणों ने मिलकर श्रमदान करते हुए न केवल मार्ग को साफ किया, बल्कि आसपास की जगहों में भी सफाई अभियान चलाया। अभियान में यूथ फार्मर क्लब के साथ नुम्हाल कोटला, जावी, स्यार और दयोथी गांवों के युवाओं व ग्रामीणों ने भाग लिया। लंबे समय से झाड़ियों और मलबे से प्रभावित रास्ते को सामूहिक प्रयास से साफ कर सुचारू बनाया गया। सफाई कार्य को तेजी से पूरा करने के लिए जेसीबी मशीन का भी प्रबंध किया गया। युवाओ ने बताया कि भविष्य में भी ऐसे सामाजिक कार्य जारी रखे जाएंगे और लोगों से सहयोग की उम्मीद जताई गई है।

सोलन में 150 से अधिक गली-चौराहों में सीसीटीवी कैमरे लगाने की योजना हवा

# नगर निगम को निर्भया योजना के तहत नहीं मिला 2 करोड़ का फंड

अनंत ज्ञान

**आर मोहन चौहान, सोलन।** महिला सुरक्षा, सार्वजनिक स्थानों में नशावृत्ति और चोरी इत्यादि की घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए सोलनवासियों को शहर में सीसीटीवी कैमरा लगने की योजना तो बनाई पर पांच वर्ष बीत जाने के बावजूद फंड का इंतजाम नहीं हो पाया। नगर निगम सोलन ने शहर के वार्ड क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरा लगाने के लिए पुलिस विभाग की मदद से करीब 2 करोड़ रुपए एस्टीमेट तैयार करवाया है, जिससे निर्भया फंड के तहत केंद्र सरकार की मंजूरी को भेजा था। योजना के तहत शहर की 296 साइट में 148 सीसीटीवी कैमरा लगाने की मांग है। इसके लिए नगर पार्षदों से सुझाव मांगे गए थे। पर निगम इस को सिरे नहीं चढ़ा पाई।

### बिना कैमरों के आपराधिक घटनाओं पर कार्रवाई मुश्किल

**सार्वजनिक** स्थानों, शहर के भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों, तंग गलियों में महिलाओं को छेड़खानी का सामना करना पड़ता है। लेकिन सुबूत के अभाव में आरोपी को पकड़ना मुश्किल हो जाता है। इसी तरह पार्क और अन्य जगह में नशे इत्यादि का सेवन करने वाले तत्वों पर भी बिना कैमरे के कार्रवाई करना मुश्किल हो जाता है। कैमरा लगने की स्थिति में शहर के वार्ड क्षेत्र में जहां महिला सुरक्षा तय होगी वही चोरी इत्यादि की आपराधिक घटनाओं और सार्वजनिक स्थानों में नशा इत्यादि करने वाले तत्वों पर भी अंकुश लगेगा। नगर निगम ने अपने पास से संबंधित क्षेत्र में लगने वाले संभावित स्थानों की सूची मांगी है। जिसमें कैमरा लगाए जाएंगे। इन कैमरों को पुलिस विभाग के सर्विलांस से जोड़ा जाएगा। साथ ही मध्य क्षेत्र के पार्षद भी इसमें 24 घंटे अपने मोबाइल में कैमरे की गतिविधियों को चेक कर सकेंगे। नगर निगम की ने पुलिस को वार्ड क्षेत्रों में लगने वाले कैमरा की सूची सौंपी है।

### पुलिस की मदद से शहर में लगे 8 लाख के कैमरे

*गौर रहे की शहर में इस योजना से पहले भी निगम ने पुलिस विभाग के सहयोग से करीब 8 लाख रुपए खर्च कर सीसीटीवी कैमरा लगाए हैं। यह कैमरा मॉल रोड, ओल्ड डीसी ऑफिस, पुराना बस स्टैंड के आसपास क्षेत्रों में लगाए गए हैं। जो 24 घंटे पुलिस की सर्विलांस पर रहते हैं। इससे ट्रैफिक कंट्रोल, ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले तत्वों पर लगाम कसी जा रही है। साथ ही शहर में घूम रहे संदिग्ध लोगों पर भी कैमरे की नजर से निगरानी की जा रही है।*

## सिरमौर : पंचायत चुनाव को पंचायतों की अंतिम निर्वाचक नामावली जारी

अनंत ज्ञान

**नाहन।** जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं उपायुक्त सिरमौर प्रियंका वर्मा ने बताया कि पंचायती राज संस्थाओं के आम चुनाव हेतु सिरमौर जिला की नवगठित व नव गठन में शामिल ग्राम पंचायतों की निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है।

उपायुक्त द्वारा जारी की गई सुचि में विकास खंड राजगढ़ की

◆ **पुनरीक्षण व शुद्धिकरण के बाद सूची का विधिवत अंतिम प्रकाशन**

ग्राम पंचायत कोटला बांगी, डिब्बर व कडौली दोची, विकास खंड संगड़ाह की ग्राम पंचायत सांगना, गत्ताधार (मुख्यावास स्थित मंडवाच), भवाई व कुफर-कैंथू, विकास खंड ददाहू की ग्राम पंचायत भाटगढ़ व चाडना, विकास खंड नाहन की ग्राम पंचायत कालाआम्ब, मोगीनंद, नगल सुकेती, मात्तर, नलका, नाहन व नाहन-2 (मुख्यावास स्थित खजूरना) शामिल है। इसके अतिरिक्त विकास खंड पच्छाद की ग्राम पंचायत द्राबली, दाडो देवरिया व कोटला बडोग, विकास खंड शिलाई की ग्राम पंचायत बांदली, सियासू, बालीकोटी व चामरा मोहराड़, विकास खंड पांवटा साहिब की ग्राम पंचायत सेनवाला मुब्बारिकपुर व टोकियो तथा विकास खंड कमरऊ स्थित तिलोरधार की ग्राम पंचायत पौका, कुनैर धमौन, दुगाना व मिनल बाग (भटाड) शामिल है।

उन्होंने बताया है कि निर्वाचक नामावली के प्रारूप में पुनरिक्षण प्राधिकारी/अपीलीय प्राधिकारी द्वारा आदेशित परिवर्धन/लोप (हटाया जाना) और शुद्धिकरण को उक्त प्रारूप नामावली में समाविष्ट कर दिया गया है या ऐसे संशोधनों की सुची हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (निर्वाचन) नियम, 1994 के अनुसार तैयार किया गया है। और इस प्रकार शुद्ध (ठीक) की गई निर्वाचक नामावली की एक प्रति संसाधनों की सूची सहित अंतिम रूप में प्रकाशित कर दी गई है।

## कोटडी व्यास के खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय रग्बी प्रतियोगिता में लहराया परचम



अनंत ज्ञान

**अनुराग गुप्ता, पावंटा साहिब।** राजकीय तकनीकी महाविद्यालय सुंदरनगर में पहली बार अंडर-12 बालक एवं बालिका वर्ग की राज्य स्तरीय रग्बी प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में शिमला, कुल्लू, बिलासपुर, सोलन, मंडी एवं सिरमौर जिलों से कुल 104 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिनमें लगभग 45 बालिकाएं शामिल रहीं। इस प्रतियोगिता में कोटडी व्यास सिरमौर टीम के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता बनकर क्षेत्र व पंचयात का नाम गौरवान्वित किया। समापन समारोह में मत्स्य विभाग के निदेशक विवेक चंदेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल बच्चों में अनुशासन, टीम भावना एवं आत्मविश्वास विकसित करने का सशक्त माध्यम है। रग्बी एसोसिएशन हिमाचल प्रदेश के अध्यक्ष डॉ. विकास सूद ने बताया कि प्रदेश में रग्बी खेल को जमीनी स्तर तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अंडर-12 स्तर पर प्रतियोगिताओं का आयोजन भविष्य के खिलाड़ियों को तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस उपलब्धि पर कोटडी व्यास के पूर्व प्रधान सुरेश कुमार, स्कूल प्रबंधन समिति के प्रधान मानसिंह, मुल्क राज, राजकुमार एवं पवन कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने सभी खिलाड़ियों को बधाई एवं आशीर्वाद प्रदान किया।

## संघ यात्रा-व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण की यात्रा : हरीश

अनंत ज्ञान

**नाहन।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का कार्य हिंदू समाज को संगठित, सशक्त एवं समर्थ बनाने के उद्देश्य से निरंतर चल रहा है। यह यात्रा केवल संगठन की नहीं, बल्कि भारत को समरस, समर्थ और सशक्त बनाने की दिशा में एक व्यापक राष्ट्रीय अभियान है। जिला हरिपुरधार द्वारा माता भंगायनी मंदिर के सत्संग भवन में एक प्रमुख जन-संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ वंदे मातरम् के साथ हुआ। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र बौद्धिक शिक्षण प्रमुख हरीश जी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि संघ ने अपने कार्य की 100 वर्ष की गौरवपूर्ण यात्रा पूर्ण कर ली है। इस यात्रा के दौरान संघ ने उपेक्षा, विरोध, सहयोग और सहभाग की की स्थिति को प्राप्त किया। इन वर्षों में सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण की भावना से प्रेरित होकर संघ ने समाज जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में योगदान दिया है।

उन्होंने बताया कि स्वतंत्रता सेनानी एवं संघ के संस्थापक डॉ. हेडगेवार जी ने विजयदशमी 1925 के दिन संघ की स्थापना की, जिसका उद्देश्य भारत को स्वतंत्र, सशक्त और संगठित बनाना था। उन्होंने कहा कि संघ की नित्य शाखा के माध्यम से देशभक्ति से ओत-प्रोत एवं समाजहित में कार्य करने वाले व्यक्तियों का निर्माण हो रहा है। संघ व्यक्ति के व्यक्तिगत एवं राष्ट्रीय चरित्र निर्माण पर समान रूप से कार्य करता है। समाज की उन्नति के लिए संगठन, सामूहिकता और सबको साथ लेकर चलना आवश्यक है।

## जिसमें तनिक भी शांति नहीं वही नशा है : स्वामी विज्ञानानंद

**अनंत ज्ञान, सोलन।** दिव्य ज्योति जागृति संस्थान द्वारा जिला कारागार सोलन में आयोजित कार्यक्रम के तृतीय दिवस संस्थान की ओर से नशा उन्मूलन कार्यक्रम 'बोध' प्रकल्प के अंतर्गत क्विट 'क्विट करो!' वर्कशॉप का आयोजन किया गया, जिसमें दिव्य गुरु आशुतोष महाराज जी के शिष्य स्वामी विज्ञानानंद ने कैदी बंधुओं को नशे के विरुद्ध जागृत करते हुए कहा कि राष्ट्र की रीढ़ की हड्डी कहा जाने वाला आज का युवा वर्ग नशे की दलदल में फंस कर अपने जीवन का पतन कर रहा है। आज के समय में धुम्रपान और चबाने वाले तंबाकू का सेवन बहुत अधिक मात्रा में किया जा रहा है, जो कि चिंता का विषय है। निकोटीन-युक्त धूम्र-पान के आगोश में, कैंसरजन्य विकारों की कालजयी विभीषिका, श्वास-प्रणाली के स्पंदन को मंद कर, अनवरत जीवन-उत्कर्ष को भस्मावशेष में परिवर्तित कर देती है।

## मिड-डे मील वर्कर को फरवरी से नहीं मिला वेतन : उर्मिला

अनंत ज्ञान

**नाहन।** संगडाह नोहराधार जिला सिरमौर के अति दुर्गम क्षेत्र राजकीय प्राथमिक पाठशाला सागंना में कार्यरत मिड-डे मील वर्कर उर्मिला रावत ने बताया कि सरकारी स्कूलों में कार्यरत सभी मिड-डे मील वर्कर को फरवरी से आज तक कोई भी वेतन नहीं मिला है, जिसकी वजह से सभी मिड-डे मील वर्कर को अपने परिवार का पालन पोषण करना बहुत कठिन हो रहा है। उर्मिला रावत ने बताया कि वर्कर को वेतन के रूप में सिर्फ पाच हजार मिलते हैं, वह भी समय पर नहीं मिल रहे हैं। उर्मिला रावत ने केंद्र सरकार एवं प्रदेश की सरकार से मांग करते हुए कहा है कि बढ़ती महंगाई को ध्यान में रखते हुए मिड-डे मील वर्कर का वेतन कम से कम 15 हजार रुपए होना चाहिए, ताकि वह भी अपने परिवार का पालन पोषण आसानी से कर सके।



उन्होंने बताया कि मिड-डे मील वर्कर भी सुबह 10 बजे से 2 बजे तक सरकारी स्कूलों में अपनी सेवाएं देते हैं, लेकिन उनको सिर्फ पाच हजार रुपए ही वेतन मिलता है, जबकि स्कूल में कार्यरत अध्यापक को लाखों रुपए का वेतन मिलता है। केंद्र व राज्य सरकार को इस पर गंभीर विचार करना चाहिए। मिड-डे मील वर्कर भी सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों की सेवा करते हैं, इसलिए उनके वेतन में भी कम से कम 15 हजार रुपए की बढ़ोतरी होनी चाहिए और उन्हें भी अन्य कर्मचारियों की तरह छुट्टियों का भी वेतन मिले और समय पर मिले।

अवैध कब्जों और प्रशासनिक लापरवाही पर स्थानीय लोगों में आक्रोश, आंदोलन की चेतावनी

# शिवपुर कॉलोनी में गंदे पानी की समस्या गंभीर

अनंत ज्ञान

**एसपी जैरथ, नाहन।** पांवटा साहिब नगर क्षेत्र की शिव कॉलोनी, वार्ड नंबर-3 ए, बी और सी वार्ड के लगभग 400 से अधिक परिवार पिछले लंबे समय से गंदे पानी की गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं। तारुवाला के प्रमुख चौराहे पर स्थित पीने के पानी की नहर को अवैध कब्जाधारियों द्वारा बंद कर दिया गया है। इसके ऊपर पंचायत क्षेत्र के लोगों द्वारा घरों और शौचालयों का गंदा पानी इसी नहर में छोड़ा जा रहा है। नहर बंद होने के कारण गंदा पानी ओवरफ्लो होकर ढलान की वजह से शिव कॉलोनी के घरों में घुस जाता है। हालात इतने खराब हैं कि लोगों को मुंह पर मास्क लगाकर यहां से गुजरना पड़ता है। गंदे पानी से उठने वाली बदबू, मच्छरों और मक्खियों के कारण लोगों का जीवन नरक से भी बदतर हो गया है।

### यह हैं हालात

**यह** स्थान तारुवाला का प्रमुख चौराहा है, जहां से स्कूल बसें बच्चों को लेने और छोड़ने आती हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार बच्चे इस गंदे पानी में गिर चुके हैं। बच्चों को स्कूल भेजने के लिए अभिभावकों को उनके जूते और जुराब उतारकर ले जाना पड़ता है, ताकि कपड़े गंदे न हों। स्थानीय निवासियों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि हाउस टैक्स और अन्य सभी टैक्स देने के बावजूद उन्हें बुनियादी सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। लोगों ने चेतावनी दी है कि अगर प्रशासन ने ध्यान नहीं दिया तो वे अपनी मांगों को लेकर सड़क जाम करने पर मजबूर होंगे।



### प्रशासन से अपील : जल्द हो समस्या का निवारण

**स्थानीय** लोगों ने प्रशासन से अपील की है कि जल्द कार्रवाई कर उन्हें इस नारकीय जीवन से राहत दिलाई जाए। पंचायत के सभी लोग अपने-अपने घरों में शौकफिट गड्ढे बनाए। इस अवसर पर बिमला देवी बलवीर सिंह, जवाहर सिंह सुमेर चंद रविंद्र सिंह सुरेंद्र सिंह उदय राम शर्मा वाई के जमवाल चतर सिंह हाक्म सिंह सकुंतला विमला सतनाम कोर बबिता देवी निर्जला देवी मेंहदी शर्मा सत्या देवी रुक्मि देवी इंद्रा सुशीला देवी गुलाब सिंह उमा देवी गुडू राम उपस्थित रहे।

### स्थिति बेहद दयनीय : नाथूराम

**ग्रामीणों** के समर्थन में पहुंचे समाजसेवी नाथूराम चौहान ने मौके का निरीक्षण किया और कहा कि वहां की स्थिति वास्तव में बेहद दयनीय है। उन्होंने कहा कि नहर में इतना गंदा पानी जमा है कि यदि कोई बच्चा उसमें गिर जाए तो उसकी जान भी जा सकती है। गंदगी और बदबू के कारण गंभीर बीमारियां फैलने का खतरा बना हुआ है। नाथूराम चौहान ने सरकार और प्रशासन से मांग की है कि इस समस्या का जल्द से जल्द समाधान किया जाए, क्योंकि सरकार का काम लोगों को सुविधा देना है, दुविधा में डालना नहीं। उन्होंने सवाल उठाया कि जब स्थानीय विधायक, पार्षद और अधिकारी जनता के दुख-दर्द में साथ नहीं खड़े होते, तो उन्हें जनता से वोट मांगने का अधिकार भी नहीं होना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि नहर एक दिन में बंद नहीं हुई और न ही उसके ऊपर एक दिन में निर्माण हुआ होगा। यदि जनता का गुस्सा बढ़ गया तो इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं।

# युद्धविराम के बीच इसराइल का लेबनान पर हमला, 14 की मौत

**एजेंसी, दक्षिणी लेबनान**



**इसराइल** ने लेबनान पर युद्धविराम के बीच हमले एक बार फिर तेज कर दिए हैं। इसराइल ने एक बार फिर दक्षिणी लेबनान के कस्बों को निशाना बनाते हुए उन पर अटैक किया है। इन हमलों के बाद अब इलाके में तनाव बढ़ गया है और हमलों से भारी नुकसान की आशंका जताई जा रही है।

लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि रविवार को इसराइली हमलों में 14 लोगों की मौत हुई, जिनमें दो बच्चे और दो महिलाएं शामिल हैं, जबकि 37 लोग घायल हुए हैं। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इसराइली हमलों में कम से कम 14 लोगों की जान चली गई है।

इस हमले में 37 लोग घायल हुए हैं, जिनमें दो बच्चे और दो महिलाएं भी शामिल हैं। यह हिंसा तब हुई है, जब हाल ही में वॉशिंगटन में दोनों देशों के बीच सीजफायर (युद्धविराम) को तीन हफ्ते के लिए बढ़ाने पर सहमति बनी थी। इसराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) के प्रवक्ता ने हमले से पहले दक्षिण लेबनान के कई गांवों के लिए 'इवैक्युएशन वार्निंग' जारी की थी। सेना ने लोगों से तुरंत जगह खाली करने को कहा था।

बाद में आईडीएफ ने बताया कि उन्होंने हिजबुल्लाह के ठिकानों पर आर्टिलरी और हवाई हमले किए हैं। इसराइल का दावा है कि इन ठिकानों का इस्तेमाल उनके सैनिकों पर हमले के लिए किया जा रहा था। आईडीएफ के मुताबिक, हिजबुल्लाह के ड्रोन हमले में उनके एक 19 साल के सैनिक की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए. जवाब में हिजबुल्लाह ने इजरायल की तरफ तीन ड्रोन भेजे, जिन्हें इसराइली वायुसेना ने सीमा पार करने से पहले ही मार गिराया। (अनंत ज्ञान)

# माली के रक्षा मंत्री सादियो की बम धमाके में मौत



**एजेंसी, बमाको।** पश्चिमी अफ्रीका के देश माली के रक्षा मंत्री सादियो कैमारा की एक आत्मघाती ट्रक धमाके में मौत हो गई। माली के रक्षा मंत्री सादियो कैमारा के परिवार ने बताया कि उनकी मौत राजधानी बमाको के पास उनके घर पर हुए आत्मघाती ट्रक धमाके में हुई। वहां के सरकारी टीवी ने कुछ घंटे बाद पुष्टि करते हुए जानकारी दी कि कैमारा पहले घायल हुए और बाद में उनकी मौत हो गई। रिपोर्टों के मुताबिक माली के राष्ट्रपति असीमी गोइटा को सुरक्षित जगह ले जाया गया क्योंकि उनके घर को भी निशाना बनाया गया था। माली के चरमपंथी संगठन आज़ावाद लिबरेशन फ्रंट ने कहा कि माली की सेना में रखे गए रूसी भाड़े के सैनिकों ने दो दिन की लड़ाई के बाद किदाल से हटने पर सहमति जताई है। फ्रंट ने दावा किया कि अब शहर उनके नियंत्रण में है। माली इस समय बड़े पैमाने पर हिंसा और अस्थिरता से गुजर रहा है। राजधानी बमाको और कई शहरों में चरमपंथी समूहों ने हमले किए हैं। माली के चरमपंथी संगठन आजावाद लिबरेशन फ्रंट ने कहा कि माली की सेना में रखे गए रूसी भाड़े के सैनिकों ने दो दिन की लड़ाई के बाद किदाल से हटने पर सहमति जताई है। (अनंत ज्ञान)

# अमृतसर सीमा पर ड्रोन से हेरोइन तस्करी नाकाम

**एजेंसी, अमृतसर।** अमृतसर के अंतरराष्ट्रीय सीमा क्षेत्र में रविवार रात सीमा सुरक्षा बल को बड़ी सफलता मिली जब बीओपी कलाम डोगर इलाके में ड्रोन के जरिए हेरोइन भेजने की कोशिश को नाकाम कर दिया गया। देर रात सीमा पर तैनात जवानों ने संदिग्ध ड्रोन की आवाज सुनी और तुरंत अलर्ट होकर कार्रवाई शुरू की। जवानों ने ड्रोन को निष्क्रिय करने के लिए उसकी दिशा में फायरिंग की और पूरे इलाके को घेर लिया। इसके बाद चलाए गए सर्च ऑपरेशन में खेतों से ड्रोन और करीब 535 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।

अमृतसर के इस संवेदनशील सीमा क्षेत्र में पहले से ही सुरक्षा एजेंसियां हाई अलर्ट पर थीं। जैसे ही ड्रोन की आवाज सुनाई दी, जवानों ने तुरंत प्रतिक्रिया दी और इलाके की घेराबंदी कर दी। त्वरित कार्रवाई के कारण ड्रोन अपने लक्ष्य तक नहीं पहुंच पाया और तस्करी की कोशिश नाकाम हो गई। (अनंत ज्ञान)

# विदेशी एयरलाइंस के लिए डीजीसीए ने किए नियम सख्त

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**भारत** सरकार ने विदेशी एयरलाइंस के लिए नियम काफी सख्त कर दिए हैं। अब डीजीसीए सुरक्षा मानकों में कमी या उल्लंघनों की स्थिति में किसी भी विदेशी एयरलाइन का ऑपरेटिंग ऑथराइजेशन रद्द या निलंबित कर सकता है।

डीजीसीए प्रमुख वीर विक्रम यादव ने अपने आदेश में कहा है कि विदेशी एयरलाइंस को भारत में एक स्थानीय प्रतिनिधि नामित या नियुक्त करना होगा। यह प्रतिनिधि रेगुलेटर से सभी मामलों में संपर्क का माध्यम होगा। पहले भारतीय एयरलाइंस को ही उपभोक्ता संरक्षण नियमों का पालन करना पड़ता था, लेकिन अब विदेशी एयरलाइंस पर भी डीजीसीए का अधिकार क्षेत्र बढ़ा दिया गया है। विदेशी एयरलाइंस को यात्रियों की शिकायतों के त्वरित निवारण के लिए प्रभावी व्यवस्था बनानी होगी। उन्हें शिकायतों का डेटाबेस रखना

**◆ गलती पर रद्द हो जाएगा ऑथराइजेशन**

होगा और समय-समय पर डीजीसीए को रिपोर्ट जमा करनी होगी। विदेशी एयरलाइन का ऑथराइजेशन रद्द या निलंबित किए जाने के मुख्य आधारों में शामिल है कि एयरलाइन का स्वामित्व और नियंत्रण नामित देश के पास न हो या वह सुरक्षा और संरक्षा मानकों को बनाए रखने में विफल रहे। आपात स्थिति को छोड़कर ऐसी कार्रवाई संबंधित सरकार से परामर्श के बाद ही की जाएगी। अगर कोई विदेशी एयरलाइन किसी भारतीय हवाई अड्डे से चार लगातार ट्रैफिक सीजन तक निर्धारित उड़ानें नहीं चलाती है, तो उस हवाई अड्डे के लिए उसका ऑथराइजेशन स्वत: निलंबित माना जाएगा। विदेशी एयरलाइंस को अतिरिक्त उड़ानों के लिए कम से कम सात कार्य दिवस पहले आवेदन करना होगा। (अनंत ज्ञान)

# सेंसेक्स 639 अंक और निफ्टी में 195 अंक की तेजी

**एजेंसी, मुंबई**



**शेयर** बाजार में सोमवार को बढ़त रही। सेंसेक्स 639 अंक की तेजी के साथ 77,304 पर बंद हुआ। निफ्टी में 195 अंक की बढ़त रही, ये 24,093 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। आज ऑटो, आईटी, मेटल, मीडिया और फार्मा शेयर्स में ज्यादा खरीदारी रही। सन फार्मा के शेयर में आज 6.83% की तेजी रही। कंपनी ने जानकारी दी है कि वह अमेरिका की ऑर्गेनॉन एंड कंपनी को खरीदने जा रही है। यह पूरी डील 11.75 बिलियन डॉलर (करीब 1 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा) की वैल्यू पर पूरी तरह कैश में होगी। ब्रेंट क्रूड ऑयल की कीमतें 106 डॉलर प्रति बैरल के पार निकल गई हैं। बाजार में तेल की मजबूत डिमांड और 'स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज' को लेकर चिंता बढ़ी है जिस वजह से ये तेजी आई है। हॉर्मुज को तेल की सप्लाई के लिए सबसे अहम रास्ता माना जाता है। इससे पहले बीते हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार 24 अप्रैल को सेंसेक्स 1000 अंक (1.29%) की गिरावट के साथ 76,664 पर बंद हुआ था। निफ्टी भी 275 अंक (1.14%) गिरकर 23,898 के स्तर पर आ गया था। (अनंत ज्ञान)

# कनाडा में सिख बुजुर्ग पर हमला आरोपी ने कहा- देश से निकल जाओ

**एजेंसी, ओटावा।** कनाडा के ओंटारियो प्रांत के वुडस्टॉक शहर में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक बुजुर्ग सिख व्यक्ति पर नस्लीय टिप्पणी के साथ हमला किया गया। आरोपी युवक ने पीड़ित को धक्का दिया और चिल्लाते हुए कहा 'मेरे देश से निकल जाओ।' पुलिस ने इस घटना को नफरत-आधारित अपराध मानते हुए जांच शुरू कर दी है। वुडस्टॉक पुलिस के अनुसार, यह घटना 22 अप्रैल की है। जब सिख बुजुर्ग फुटपाथ पर चल रहे थे, तभी एक युवक ने उन्हें बिना किसी उकसावे के रोककर धक्का दे दिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने केवल हमला ही नहीं किया, बल्कि पीड़ित की जातीय पहचान को लेकर आपत्तिजनक और नस्लीय टिप्पणियां भी कीं। हालांकि, इस हमले में बुजुर्ग को गंभीर शारीरिक चोट नहीं आई। जांच में यह भी सामने आया कि घटना के बाद आरोपी युवक ने पास के टर्टल आइलैंड स्कूल की बाउंड्री फांदकर परिसर में प्रवेश किया और फिर वहां से बाहर निकल गया। पुलिस ने स्पष्ट किया कि इस दौरान किसी छात्र को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। पुलिस के अनुसार, सोशल मीडिया पर इस घटना के वीडियो भी वायरल हो रहे हैं, जिनमें आरोपी को बार-बार नस्लीय अपशब्द कहते सुना जा सकता है, जैसे- 'तुम मेरे देश में क्या कर रहे हो?' 'यहां से निकल जाओ।' (अनंत ज्ञान)

# रूस भारत को देगा आर-37एम अल्ट्रा लॉन्ग रेंज की खतरनाक मिसाइलें

**एजेंसी, नई दिल्ली**



भारत-रूस के बीच एक बड़ा रक्षा समझौता हुआ है, जिसके तहत रूस भारत को लंबी दूरी की मिसाइलें देने जा रहा है। रूस की आर-37 एम अल्ट्रा-लॉन्ग-रेंज मिसाइलें भारत को खासतौर पर चीन और पाकिस्तान के खिलाफ बढ़त दिला सकती हैं। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट के मुताबिक, भारत ने रूस से मिसाइल खरीद सौदा किया है, जो एयरक्राफ्ट को निशाना बनाती हैं। रूस ने 1.2 अरब अमेरिकी डॉलर के सौदे में 300 आर-37एम अल्ट्रा-लॉन्ग-रेंज एयर-टू-एयर मिसाइलों के निर्यात को मंजूरी दी है।

बता दें कि ये सौदा ऐसे समय में हुआ है, जब पाकिस्तान और चीन हथियारों में तालमेल बढ़ा रहे हैं। रूसी मीडिया के अनुसार, आर-37 एम सबसे लंबी दूरी की एयर-टू-एयर मिसाइलों में से एक है। इसकी ऑपरेशनल रेंज तकरीबन 300-400 किमी (185-250 मील) है। इस मिसाइल का इस्तेमाल एयर अर्ली-वॉर्निंग और टैंकर एयरक्राफ्ट को निशाना बनाने के लिए किया जा सकता है. ये काफी सटीकता से दुश्मन के जेट को निशाना बनाती है। रूसी मिसाइल साउंड स्पीड से 6 गुना तेज चल सकती है। इसे रूसी एसयू-30 एमकेआई लड़ाकू विमानों से लॉन्च करने के लिए डिजाइन किया गया है। रूस का यह विमान भारतीय वायु सेना का अहम हिस्सा है. रूस ने यूक्रेन के साथ युद्ध में आर-37एम का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किया है। इसकी हाइपरसोनिक स्पीड के कारण टारगेट का इससे बचना मुश्किल हो जाता है। (अनंत ज्ञान)

# चांदी 278 रुपए बढ़कर 2.44 लाख किलो पर पहुंची



**एजेंसी, नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में सोमवार को बढ़त रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार एक किलो चांदी 278 रुपए महंगी होकर 2,44,103 रुपए पर पहुंच गई है। इससे पहले इसकी कीमत 2,43,825 रुपए प्रति किलो थी। वहीं, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 16 रुपए महंगा होकर 1,51,495 रुपए पर बंद हुआ। इससे पहले 23 अप्रैल को इसकी कीमत 1,51,479 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। 2026 में सोना अब तक 18 हजार रुपए महंगा हुआ है। 31 दिसंबर 2025 को 10 ग्राम सोना 1.33 लाख रुपए पर था, जो अब 1.51 लाख रुपए पर पहुंच गया है। इस साल चांदी 10 हजार रुपए महंगी हुई है। 31 दिसंबर 2025 को चांदी 2.30 लाख रुपए किलो थी, जो अब बढ़कर 2.44 लाख रुपए पर पहुंच गई है। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### डॉ. देविंदर सिंह एकेडएलाइट अवार्ड से सम्मानित




**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** ग्लोबल स्कूल लीडर्स कंसोर्टियम द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित एकेडएलाइट अवार्ड्स में एंजेल पब्लिक स्मार्ट स्कूल, बेहलाना, चंडीगढ़ के चेयरमैन डॉ. देविंदर सिंह अरोड़ा को शिक्षा के क्षेत्र में उनके विजन, नेतृत्व और प्रभावशाली योगदान के लिए सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान डॉ. अरोड़ा को ट्रॉफी व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। यह पुरस्कार उन्हें शिक्षा में नवाचार, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए किए गए प्रयासों के लिए दिया गया। इस उपलब्धि पर विद्यालय के निदेशक, प्रधानाचार्या, शिक्षकों, अभिभावकों व छात्रों ने हर्ष व्यक्त करते हुए डॉ. अरोड़ा को बधाई दी। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि यह सम्मान पूरे स्कूल परिवार के लिए गौरव का क्षण है।

### मदनलाल पुष्करणा चैरिटेबल ट्रस्ट ने भेंट किए पंखे



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** गर्मी के मौसम को देखते हुए छात्रों की सुविधा के लिए मदन लाल पुष्करणा चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से राजकीय प्राथमिक पाठशाला, सेक्टर-4 पंचकूला में छत पर लगाने वाले 6 पंखे भेंट किए। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को गर्मी के मौसम में बेहतर एवं सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध कराना है, जिससे वे पढ़ाई पर पूरा ध्यान केंद्रित कर सकें। इस अवसर पर ट्रस्ट के उपप्रधान दुर्गेश पुष्करणा, कोषाध्यक्ष नितिन शर्मा, सदस्य राघव व दिव्य दीप उपस्थित रहे। साथ ही पाठशाला की प्रिंसिपल भी मीना रोज़रा मौजूद रहीं और उन्होंने ट्रस्ट द्वारा किए गए इस नेक व सराहनीय सेवा कार्य के लिए आभार व्यक्त किया। ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने बताया कि संस्था समाज सेवा के क्षेत्र में निरंतर कार्यरत है व भविष्य में भी जरूरतमंद स्थानों पर इसी प्रकार के सेवा कार्य करती रहेगी।

### युवक की गला दबाकर हत्या, शव संदूक में बंद मिला

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** सेक्टर-53 स्थित बंजारा मार्केट के पास एक युवक की हत्या कर दी गई। युवक के भाई की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची व जांच-पड़ताल की। वहां झुग्गी में रखी संदूक में युवक का शव बंद था और बदबू आ रही थी। पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने सोमवार को बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पहचान बिहार के सहरसा निवासी अमन के रूप में हुई। वह गुरुग्राम में डिलीवरी बॉय का काम करता था। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार रविवार 26 अप्रैल को सुनीता ने अमन के छोटे भाई को कॉल करके बताया कि अमन को मारकर झुग्गी में रखी संदूक में बंद किया हुआ है। अमन का भाई जब मौके पर पहुंचा तो वहां कोई नहीं था। वहां से बदबू आ रही थी। उसने संदूक खोलकर देखा तो उसमें उसके भाई अमन की डेड बॉडी थी। इसकी शिकायत उसने सेक्टर-53 पुलिस थाना को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू की। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि युवक की गला दबाकर हत्या कर गई थी। पुलिस की प्राथमिक जांच में पता चला है कि गुरुग्राम में रह रहे अमन निवासी जिला सरहसा बिहार सुनीता नामक एक महिला के साथ रहता था। सुनीता के सोनू नामक अन्य युवक के साथ अवैध संबंध का अमन को शक था। 25 अप्रैल की सुबह साढ़े छह बजे अमन की गला घोंटकर हत्या की गई और शव को संदूक में बंद कर दिया।

# व्यक्ति ने फांसी लगा की आत्महत्या

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** न्यू जवाहर नगर में एक व्यक्ति ने फांसी का फंदा लगा कर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने मृतक को मानसिक रूप से परेशान बताया है। सिविल लाइन थाना पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। न्यू जवाहर नगर निवासी 38 वर्षीय अरूण ने रविवार देर रात अपने कमरे में फांसी का फंदा लगा लिया। कमरे से बाहर न आने पर परिजनों को संदेह हुआ। जब उन्होंने अंदर जाकर देखा तो वह फांसी के फंदे पर लटका हुआ था। परिजनों द्वारा उसे फांसी के फंदे से उतार नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां पर चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। मृतक की पत्नी ने बताया कि उसका पति प्राइवेट नौकरी करता था। पिछले काफी समय से वह डिप्रेशन में चल रहा था। जिसका इलाज भी करवाया जा रहा है। उसी मानसिक परेशानी के चलते उसके पति ने फांसी का फंदा लगा कर आत्महत्या कर ली। सोमवार को जानकारी देते हुए सिविल लाइन थाना की जांच अधिकारी सुमन ने बताया कि मृतक के परिजनों ने उसे मानसिक रूप से परेशान बताया है।

# दसवीं बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र किए सम्मानित



अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़।** माइंड ट्री स्कूल में सोमवार को दसवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में 'हॉल ऑफ फेम' समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों की मेहनत, लगन और उपलब्धियों का उत्साहपूर्वक सम्मान किया गया। समारोह की शुरुआत रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ हुई, जिसने पूरे वातावरण को उत्सवमय बना दिया। इसके बाद शिक्षकों और प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि निरंतर परिश्रम और अनुशासन ही सफलता की कुंजी है। मुख्य आकर्षण के रूप में सभी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान माइंड ट्री स्कूल की टॉपर छात्राओं: युविका सूद (99.2 प्रतिशत), बरुनी चोपड़ा (98.4 प्रतिशत) और याशिका गुप्ता (98.2 प्रतिशत) ने अपने अनुभव अन्य विद्यार्थियों के साथ साझा किए और सफलता के लिए नियमितता व धैर्य को जरूरी बताया। कार्यक्रम में संवाद सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें जूनियर विद्यार्थियों ने परीक्षा की तैयारी, तनाव प्रबंधन और समय के सही उपयोग से जुड़े प्रश्न पूछे। विशेषज्ञों और शिक्षकों ने उनके सवालों के समाधान दिए। विद्यालय का औसत परिणाम 89.34 प्रतिशत रहा, जो विद्यार्थियों की सामूहिक मेहनत का परिणाम है। समारोह के अंत में सभी ने इस उपलब्धि पर गर्व जताते हुए भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई।

# कार से कुचलकर युवक की हत्या

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** जिले में कार से कुचल कर युवक की हत्या कर दी गई है। घायलावस्था में युवक को उपचार के लिए अस्पताल में ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घायल को अस्पताल ले जाते वक्त भी आरोपियों ने हमला किया। मृतक की पहचान सिरसा निवासी सोनू के रूप में हुई है। पुलिस ने शिकायत पर चार-पांच युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि शहर से सटे खाजाखेड़ा में मृतक सोनू की मां रविवार रात को गली में चारपाई लगाकर बैठी थी। एक कार बार-बार गली में तेज गति से चक्कर काट रही थी। कार की स्पीड को लेकर सोनू व कार सवार लोगों में विवाद शुरू हो गया। इसी दौरान कुछ लोग बाइक लेकर मौके पर पहुंच गए। कार सवार युवकों ने सोनू को तीन-चार बार टक्कर मारी जिससे वह घायल हो गया। बीच बचाव करने आए सोनू के भाई पवन को भी हमलावरों ने डंडों से पीटकर घायल कर दिया। नंबरदार बलवंत सिंह ने बताया सूचना पुलिस को दी गई और घायल को उपचार के लिए अस्पताल ले जा रहे थे तो हमलावरों ने फिर रास्ते में हमला बोल दिया।

# राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वे से समृद्ध बौद्धिक विरासत से अगली पीढ़ियों को कराया जाएगा अवगत : डॉ. अंकिता

अनंत ज्ञान

**◗ पांडुलिपियां संरक्षित रखने वाले लोग जिला प्रशासन, साहिबजादा अजीत सिंह नगर से करें संपर्क**

**गुरनाम सागर, चंडीगढ़।** साहिबजादा अजीत सिंह नगर की सहायक आयुक्त (जनरल) डॉ. अंकिता कंसल ने केंद्र सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा शुरू किए गए ज्ञान भारतम मिशन के बारे में जानकारी देते हुए जिले के लोगों से अपील की है कि यदि उनके पास कोई प्राचीन ग्रंथ, हस्तलिखित पांडुलिपि या अन्य ऐतिहासिक दस्तावेज हैं, तो वे राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वे में भाग लेकर उन्हें सुरक्षित करवाने के लिए आगे आएं।

उन्होंने कहा कि जिले के लोग अपनी समृद्ध बौद्धिक विरासत के संरक्षण के लिए इस सर्वे में अवश्य भाग लें। विभिन्न जिला अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए डॉ. कंसल ने बताया कि ऐसी प्राचीन पांडुलिपियां, जिनमें धार्मिक, साहित्यिक, सामाजिक या अन्य विषयों से संबंधित सामग्री हो, उनके सर्वे के लिए डीसी कार्यालय, कमरा नंबर 305, दूसरी मंजिल, जिला प्रशासनिक परिसर, साहिबजादा अजीत सिंह नगर में संपर्क किया जा सकता है। उन्होंने आगे अपील की कि यदि जिले में किसी व्यक्ति या संस्था के पास ऐसी सामग्री उपलब्ध है, तो वे ज्ञान भारतम डॉट कॉम पोर्टल पर जाकर इसकी जानकारी साझा करें और सर्वे में भाग लें। इसके अलावा ज्ञान भारतम मोबाइल ऐप डाउनलोड करके भी इस सर्वे में शामिल हुआ जा सकता है। डॉ. अंकिता कंसल ने कहा कि इस प्रकार की प्राचीन हस्तलिखित सामग्री, धार्मिक एवं साहित्यिक ग्रंथों को भविष्य की पीढ़ियों और शोध कार्यों के लिए सुरक्षित रखने के उद्देश्य से केंद्र सरकार द्वारा यह मिशन शुरू किया गया है, जिसके तहत राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वे कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस पहल के अंतर्गत इन दुर्लभ धरोहरों की पहचान, दस्तावेजीकरण, डिजिटाइजेशन और वैज्ञानिक तरीके से संरक्षण किया जाएगा, ताकि इन्हें आधुनिक तकनीकों के माध्यम से सुरक्षित रखा जा सके। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि इस संबंध में राज्य स्तर पर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में समिति तथा जिला स्तर पर उपायुक्त की अध्यक्षता में समिति का गठन किया जा चुका है।

# पानीपत में बनेगा महिला, वृद्ध, अनाथ व लेबर हॉस्टल

अनंत ज्ञान



**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सैनी ने पानीपत की चार परियोजनाओं को अमलीजामा पहनाते हुए हरी झंडी दे दी है।

औद्योगिक नगरी में अब समाज के हर वर्ग की सुरक्षा व सुविधा के लिए वर्किंग वुमन हॉस्टल, वृद्धाश्रम, अनाथ आश्रम और लेबर हॉस्टल का निर्माण किया जाएगा। ये सभी प्रोजेक्ट्स आईटीआई कच्चा कैंप के विशाल परिसर में बनाए जाएंगे, जिससे शहर के बुनियादी सामाजिक ढांचे को नई मजबूती मिलेगी। पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज ने सोमवार को बताया कि औद्योगिक शहर होने के नाते पानीपत में बड़ी संख्या में महिलाएं विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत हैं। प्रस्तावित वर्किंग वुमन हॉस्टल विशेष रूप से उन महिलाओं के लिए मील का पत्थर साबित होगा, जो देर रात तक फैक्ट्रियों या कार्यालयों में काम करती हैं। यह हॉस्टल उन्हें न केवल सुरक्षित वातावरण प्रदान करेगा, बल्कि रहने के लिए सम्मानजनक स्थान भी सुनिश्चित करेगा। उनके अथक प्रयासों से समाज के संवेदनशील वर्ग के लिए मुख्यमंत्री ने दो महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी है। वृद्धाश्रम, वरिष्ठ नागरिकों के लिए आधुनिक सुविधाओं से लैस इस आश्रम में उन्हें वृद्धावस्था में बेहतर स्वास्थ्य और सम्मानजनक जीवन जीने की सुविधा मिलेगी। अनाथ आश्रम: बेसहारा और जरूरतमंद लड़के-लड़कियों के लिए यह आश्रम उनके उज्ज्वल भविष्य का आधार बनेगा, जहाँ उनकी शिक्षा और परवरिश का ध्यान रखा जाएगा। तथा श्रमिकों के लिए लेबर हॉस्टल का निर्माण किया जाएगा। इससे प्रवासी और स्थानीय श्रमिकों को किफायती और बेहतर आवासीय सुविधा मिल सकेगी, जिससे उनके जीवन स्तर में सुधार होगा। विधायक प्रमोद विज के अनुसार, ये चारों हॉस्टल सर्व सुविधा युक्त होंगे। इनमें आधुनिक किचन, आरामदायक बेडरूम, साफ-सफाई के पुख्ता इंतजाम और मनोरंजन के साधन हॉस्टल के अंदर ही उपलब्ध होंगे। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि यहां रहने वाले लोगों को घर जैसा वातावरण मिल सके।

# एलएंडटी फाइनेंस लिमिटेड ने 14% की बढ़ोतरी के साथ 3,003 करोड़ का मुनाफा दर्ज किया

अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़।** भारत की अग्रणी गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) में से एक, एलएंडटी फाइनेंस लिमिटेड (एलटीएफ) ने 31 मार्च, 2026 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए 3,003 करोड़ रुपए का अब तक का सबसे अधिक समेकित कर पश्चात लाभ दर्ज किया है। 31 दिसंबर, 2025 को समाप्त तीसरी तिमाही में विचार किए गए श्रम संहिता के प्रभाव से पहले), जो पिछले वर्ष की तुलना में 14% अधिक है।

कंपनी ने 31 मार्च, 2026 को समाप्त चौथी तिमाही में सालाना 27% की वृद्धि के साथ 807 करोड़ रुपए का कर पश्चात लाभ दर्ज किया। वित्तीय परिणामों के बारे में, एलएंडटी फाइनेंस (एलटीएफ) के प्रबंध निदेशक और सीईओ सुदीप्ता रॉय ने कहा, 'वित्त वर्ष 2026 हमारे लिए काफी अच्छा रहा। हालांकि, शुरू में माइक्रोफाइनेंस के काम में कुछ मुश्किलें आईं व साल के अंत में वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव की वजह से भी चुनौतियां रहीं। फिर भी, हम अपनी योजना पर टिके रहे। हमने कर्ज देने और जोखिम कम करने के नियमों को सख्त किया, पैसे वसूलने के तरीके को बेहतर बनाया, एआई जैसी तकनीक का इस्तेमाल बढ़ाया और हर सेक्टर में तरक्की पर जोर दिया। माइक्रोफाइनेंस के मामले में हमने बहुत सावधानी से काम किया, जिसका फल हमें मिला है। अब कर्ज बांटने और समय पर पैसा वापस आने की स्थिति संकट से पहले के स्तर के करीब पहुंच गई है। हमें पूरा भरोसा है कि 1 अप्रैल, 2026 से शुरू होने वाला नया वित्त वर्ष (वित्त वर्ष 27) इस कारोबार के लिए बहुत ही स्थिर और सफल साबित होगा। रिटेल बुक अब 1,19,508 करोड़ रुपए पर पहुंच गई है, जो 31 मार्च, 2025 को समाप्त वित्त वर्ष की रिटेल बुक की तुलना में 26% अधिक है। कंपनी ने 39% की वार्षिक बढ़ोतरी के साथ 83,213 करोड़ रुपये का अब तक का सबसे अधिक वार्षिक रिटेल डिस्बर्समेंट दर्ज किया। 31 मार्च, 2026 को समाप्त चौथी तिमाही में रिटेल डिस्बर्समेंट वार्षिक आधार पर 62% बढ़कर 24,107 करोड़ रुपए रहा, जो किसी तिमाही में अब तक का सबसे अधिक डिस्बर्समेंट है।

# बिजली संकट से परेशान लोगों ने लगाया सड़क पर जाम

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** शहर के विनय नगर इलाके में पिछले पांच दिनों से जारी बिजली संकट ने लोगों का सब्र तोड़ दिया। रविवार देर रात स्थानीय निवासियों ने घरों से बाहर निकलकर सड़क जाम कर कई घंटे तक जमकर हंगामा किया। लोगों की मांग है कि इलाके में तीन नए ट्रांसफार्मर लगाए जाएं, ताकि बिजली आपूर्ति सुचारू हो सके। स्थानीय निवासी संदीर, संतोष और जनक ने बताया कि वार्ड नंबर 25-26 के लोग पिछले कई दिनों से भारी परेशानी झेल रहे हैं। बिजली न होने के कारण पीने के पानी की भी किल्लत हो गई है। हालात ऐसे हैं कि बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है और उन्हें स्कूल भेजना भी मुश्किल हो गया है। लोगों का कहना है कि इलाके में लगा ट्रांसफॉर्मर लोड नहीं उठा पा रहा। गर्मी बढने् के साथ समस्या और गंभीर हो गई है। बिजली विभाग ने पिछले एक हफ्ते में तीन बार ट्रांसफॉर्मर बदला, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। हंगामे की सूचना मिलते ही पल्ला थाना पुलिस मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद लोगों को शांत कराया।

## स्पोर्ट्स विंडो

### खराब फॉर्म के बावजूद निकोलस पूरन पर भरोसा सही: जस्टिन लैंगर

**एजेंसी, लखनऊ।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में लगातार पांचवीं हार के बाद लखनऊ सुपर जायंट्स के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर ने सुपर ओवर में निकोलस पूरन को भेजने के फैसले का बचाव किया है। कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मुकाबले में पूरन सुपर ओवर में सुनील नरेन का सामना करने उतरे, लेकिन पहली ही गेंद पर आउट हो गए। मैच के बाद लैंगर ने कहा, 'हमें पता था कि गेंदबाजी सुनील नरेन करेंगे। पूरन ने दुनिया में सबसे ज्यादा बार उनका सामना किया है, इसलिए हमें लगा कि वही सबसे बेहतर विकल्प हैं। भले ही वह इस समय फॉर्म में नहीं हैं, लेकिन बड़े खिलाड़ियों पर भरोसा करना पड़ता है।' उन्होंने यह भी माना कि पूरन आत्मविश्वास की कमी से जूझ रहे हैं। उन्होंने कहा, 'वह लगातार मेहनत कर रहे हैं। यह दिखाता है कि बड़े खिलाड़ी भी इंसान होते हैं। आत्मविश्वास प्रदर्शन से ही आता है।' लैंगर ने हार के लिए पिच को सही तरीके से न समझ पाने को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि काली मिट्टी की पिच धीमी थी और उस पर गेंद ज्यादा घूम रही थी, लेकिन टीम खुद को उसके अनुसार ढाल नहीं पाई। तेज गेंदबाज मोहसिन खान ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए पांच विकेट झटके। (अनंत ज्ञान)

### अंगकृष रघुवंशी पर मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना, डिमेरिट अंक भी मिला

**एजेंसी, नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के 38वें मुकाबले में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ खेलते हुए कोलकाता नाइट राइडर्स के बल्लेबाज और विकेटकीपर अंगकृष रघुवंशी पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई है। रघुवंशी पर उनकी मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और साथ ही उनके खाते में एक डिमेरिट अंक भी जोड़ा गया है। यह कार्रवाई आईपीएल की आचार संहिता के स्तर एक के उल्लंघन के तहत की गई है। रघुवंशी को अनुच्छेद 2.2 का दोषी पाया गया, जो मैच के दौरान क्रिकेट उपकरण, कपड़ों या मैदान से जुड़े सामान के दुरुपयोग से संबंधित है। यह घटना पारी के पांचवें ओवर में हुई, जब रघुवंशी को 'ऑब्सट्रक्टिंग द फिल्ड' के कारण आउट दिया गया। इसके बाद उन्होंने गुस्से में बल्ले से बाउंड्री कुशन पर प्रहार किया और फिर अपना हेलमेट भी आक्रामक तरीके से डगआउट की ओर फेंक दिया। रघुवंशी ने अपनी गलती स्वीकार कर ली है और मैच रेफरी द्वारा दी गई सजा को मान लिया है। (अनंत ज्ञान)

### बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में सुरक्षा में चूक, कई सीसीटीवी कैमरे बंद

**एजेंसी, बेंगलुरु।** बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में सुरक्षा में बड़ी चूक सामने आई। 24 अप्रैल को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और गुजरात टाइटंस के मैच में 240 कैमरे बंद पाए गए। इससे मैच के दिन स्टेडियम के कई इलाकों की निगरानी ठप हो गई थी। मैच के दिन दो लोगों ने स्टेडियम के सुरक्षा उपकरणों को नुकसान पहुंचाया। इससे 240 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे बंद हो गए। घटना के बाद बेंगलुरु पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, दोनों व्यक्तियों ने जानबूझकर नेटवर्क वीडियो रिकॉर्डर सिस्टम और जरूरी फाइबर ऑप्टिक लिंक को नुकसान पहुंचाया। इससे स्टेडियम के 240 से ज्यादा कैमरे ऑफलाइन हो गए। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान 37 साल के मंजूनाथ और 19 साल के अब्दुल कलाम के रूप में हुई है। मंजूनाथ कर्नाटक के चित्रदुर्ग जिले के हिरियूर का रहने वाला है। अब्दुल कलाम उत्तर प्रदेश का निवासी बताया गया है। दोनों एक सब-वेंडर कंपनी के कर्मचारी थे, जिसे स्टेडियम की डिजिटल और निगरानी सेवाओं का काम दिया गया था। (अनंत ज्ञान)

### ओलिविया के 10 मिलियन फॉलोअर्स

**ओलिविया** पेज डन एक अमेरिकी इन्फ्लुएंसर और पूर्व आर्टिस्टिक जिम्नास्ट हैं । 2017 में, उन्हें यूएस जूनियर महिला राष्ट्रीय टीम के सदस्य के रूप में नामित किया गया था। डन के सोशल मीडिया पर 10 मिलियन से अधिक फॉलोअर्स हैं।



# अजेय पंजाब का आज राजस्थान से सामना

## आरआर के कप्तान रियान पराग को आगे बढ़कर करना होगा टीम का नेतृत्व

**एजेंसी, मुल्लांपुर**

पिछले कुछ मैचों में अपेक्षित परिणाम हासिल नहीं कर पाने वाले राजस्थान रॉयल्स को मंगलवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में अगर पंजाब किंग्स का अजेय रथ रोकना है तो रन बनाने के लिए जूझ रहे कप्तान रियान पराग को आगे बढ़कर नेतृत्व करना होगा। राजस्थान रॉयल्स पिछले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ अपने मजबूत स्कोर का बचाव नहीं कर पाया था। उसकी फील्डिंग काफी खराब रही और सनराइजर्स ने 239 रन का लक्ष्य आसानी से हासिल कर दिया। पराग ने कहा, 'मुझे लगता है कि हर दिन अलग-अलग मैदान, अलग-अलग मैच और उनसे निपटने के अलग-अलग तरीके होते हैं। अभी हमें नहीं पता कि चंडीगढ़ में क्या होगा। मेरे कहने का मतलब यह है कि उन्होंने दिल्ली में बड़ा लक्ष्य हासिल कर लिया था लेकिन चंडीगढ़ एक नया मैदान है, नई पिच है, नई मिट्टी है। इसलिए उम्मीद है कि मैच उस स्थिति तक नहीं जाएगा।'



शाम 7.30 बजे शुरू होगा

वहीं, रिकी पोंटिंग का मुख्य कोच का पद संभालने और श्रेयस अय्यर के कप्तान बनने के बाद पंजाब किंग्स में आमूलचूल बदलाव देखने को मिले हैं और उसने तब से लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। पिछले साल उसकी टीम उप विजेता रही थी और इस साल उसने शुरू से ही अच्छा प्रदर्शन किया है। कप्तान और बल्लेबाज के रूप में उन्होंने बेहद दबाव वाली परिस्थितियों में सराहनीय धैर्य का प्रदर्शन करते हुए पंजाब किंग्स के टूर्नामेंट में अब तक अजेय रहने में अहम भूमिका निभाई है।

अय्यर ने शानदार कप्तानी की है, लेकिन उनकी पूरी टीम ने एकजुट होकर अपना योगदान दिया है। पंजाब किंग्स ने पिछले सत्र में आईपीएल के इतिहास के सबसे कम स्कोर का बचाव किया था और अब उसने नयी दिल्ली में शनिवार को भीषण गर्मी के बावजूद रिकॉर्ड 265 रन के लक्ष्य को बेहद आसानी से हासिल कर लिया था।

पंजाब किंग्स की सात मैचों में छह जीत (एक मैच बारिश के कारण रद्द) प्रियांश आर्य और प्रभसिमरन सिंह की विस्फोटक सलामी जोड़ी की बदौलत संभव हो पाई हैं। इन दोनों ने दिल्ली के खिलाफ पावरप्ले में 116 रन बनाकर अपनी टीम को कोटला में रिकार्ड लक्ष्य हासिल करने में मदद की। उस मैच में पंजाब किंग्स के गेंदबाजों की जमकर धुनाई हुई थी, लेकिन बल्लेबाजी के लिए अनुकूल परिस्थितियों और सीमा रेखा छोटी होने के कारण उन्हें ज्यादा दोषी नहीं ठहराया जा सकता। (अनंत ज्ञान)

#### पंजाब और राजस्थान की संभावित टीमें

**पंजाब किंग्स:** श्रेयस अय्यर (कप्तान), प्रियांश आर्य, हरनूर सिंह, प्रभसिमरन सिंह, मिचेल ओवेन, नेहल वढेरा, अजमतुल्लाह उमरजई, मार्को यानसन, मुशीर खान, शशांक सिंह, मार्कस स्टोइनिस, सूर्यांश शेडगे, अर्शदीप सिंह, जेवियर बार्टलेट, युजवेंद्र चहल, लॉकी फर्ग्यूसन, हरप्रीत बराड़, विजयकुमार विशाक, यश ठाकुर, कूपर कोनोली, बेन ड्वार्शुइस, प्रवीण दुबे, विशाल निशाद, पाइला अविनाश, विष्णु विनोद।

**राजस्थान रॉयल्स:** शुभम दुबे, शिमरोन हेटमायर, यशस्वी जायसवाल, ध्रुव जुरेल, लुआन-ड्रे प्रिटोरियस, रियान पराग (कप्तान), वैभव सूर्यवंशी, डोनोवन फरेरा, रवींद्र जड़ेजा, जोफ्रा आर्चर, नांद्रे बर्गर, तुषार देशपांडे, क्वेना मफाका, संदीप शर्मा, युद्धवीर सिंह चरक, रवि बिश्नोई, अमन राव पेराला, एडम मिल्ने, कुलदीप सेन, दासुन शनाका, सुशांत मिश्रा, विग्नेश मिश्रा पुथुर, रवि सिंह, ब्रिजेश शर्मा।

### पीवी सिंधू ने बीडब्ल्यूएफ की परिषद सदस्य के रूप में काम करना किया शुरू

**एजेंसी, होर्सेंस।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) की परिषद के सदस्य के रूप में अपना कार्यकाल शुरू कर दिया है और उन्होंने दुनिया भर के खिलाड़ियों के मसलों को उठाने का वादा किया। बैडमिंटन की सबसे सफल खिलाड़ियों में से एक सिंधू ने दिसंबर में बीडब्ल्यूएफ खिलाड़ी आयोग की अध्यक्ष के रूप में चुने जाने के बाद बीडब्ल्यूएफ परिषद में पूर्ण मतदान का अधिकार हासिल कर लिया है। सिंधू आधिकारिक तौर पर 2025 के आखिर में परिषद में शामिल हुई थी। उन्होंने 25 अप्रैल को यहां वार्षिक आम बैठक में पहली बार हिस्सा लिया और इस तरह से उनके कार्यकाल की शुरुआत हुई। सिंधू ने इस अवसर पर कहा, 'विश्व बैडमिंटन महासंघ के यह जिम्मेदारी निभाना और दुनिया भर के खिलाड़ियों का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए वास्तव में सम्मान और सौभाग्य की बात है।' उन्होंने एक विज्ञप्ति में कहा, 'बैडमिंटन ने मुझे बहुत कुछ दिया है और मुझे खुशी है कि मुझे इस क्षमता से भी खेल की सेवा करने का मौका मिल रहा है।' विश्व बैडमिंटन महासंघ की परिषद विश्व स्तर पर बैडमिंटन को रणनीतिक दिशा प्रदान करने और उसके संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। (अनंत ज्ञान)



# अभिषेक शर्मा के सिर सजी ऑरेंज कैप

## कगिसो रबाडा 13 विकेट के साथ पर्पल कैप की दौड़ में तीसरे स्थान पर पहुंचे

**एजेंसी, नई दिल्ली**

इंडियन प्रीमियर लीग में एक ही दिन में ऑरेंज कैप की दौड़ पूरी तरह बदल गई। विराट कोहली 24 घंटे के भीतर पहले स्थान से खिसककर पांचवें स्थान पर पहुंच गए। दिल्ली में खेले गए मुकाबले में केएल राहुल ने नाबाद 152 रन बनाकर बीस ओवर प्रारूप में किसी भारतीय का सर्वोच्च स्कोर दर्ज किया और 357 रन के साथ शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। हालांकि, जयपुर में युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने 37 गेंदों में 103 रन की पारी खेलते हुए राहुल के बराबर 357 रन बना लिए और बेहतर प्रहार दर के आधार पर ऑरेंज कैप अपने नाम कर ली।

इसके कुछ ही देर बाद अभिषेक शर्मा ने 29 गेंदों में 57 रन की पारी खेलते हुए 380 रन के साथ बल्लेबाजी सूची में पहला स्थान हासिल कर लिया। अभिषेक शर्मा 380 रन के साथ पहले स्थान पर हैं।=वैभव सूर्यवंशी और केएल राहुल 357-357 रन के साथ क्रमश: दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं।





हेनरिक क्लासेन 349 रन के साथ चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि शुभमन गिल (330 रन) और विराट कोहली (328 रन) क्रमश: उनके पीछे हैं।

वहीं, 26 अप्रैल का दिन गेंदबाजों के नाम रहा, जहां दो मुकाबलों में कुल 26 विकेट गिरे, जिसमें सुपर ओवर भी शामिल रहा। इस प्रदर्शन के बाद पर्पल कैप की दौड़ में बड़ा बदलाव देखने को मिला है। कगिसो रबाडा ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ शानदार गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में 25 रन देकर तीन विकेट झटके और अपनी टीम गुजरात टाइटंस को आठ विकेट से जीत दिलाई। इस प्रदर्शन के साथ रबाडा अब आठ मैचों में 13 विकेट लेकर पर्पल कैप की सूची में संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं शीर्ष स्थान पर अंशुल कंबोज और ईशान मलिंगा 14-14 विकेट के साथ बने हुए हैं।

### जोहान ने जीती कतर सुपरस्टॉक 600 चैंपियनशिप

**एजेंसी, दोहा।** जोहान इमैनुअल फाइनल राउंड की दोनों रेस में पहला स्थान हासिल करके कतर सुपरस्टॉक 600 चैंपियनशिप (क्यूएसटीके) जीतने वाले पहले भारतीय बन गए हैं। चेन्नई के रहने वाले 19 वर्षीय जोहान को खिताब पक्का करने के लिए दोनों रेस जीतनी जरूरी थीं और वह इसमें सफल रहे। फाइनल राउंड की रेस से पहले वह हंगरी के मार्टन बेलेली से नौ अंकों से पीछे थे। भारतीय राइडर ने आखिर में 21 अंकों की बढ़त के साथ चैंपियनशिप अपने नाम की।

उन्होंने 10 रेस में से छह में जीत हासिल की। जोहान ने कहा, 'अपने पहले सत्र में ही पहला अंतरराष्ट्रीय खिताब जीतना अविश्वसनीय अहसास है। रेस के बाद मैं बेहद खुश था। मेरी सारी मेहनत और त्याग सार्थक रहा। लेकिन यह तो बस शुरुआत है, अभी लंबा सफर तय करना है।' (अनंत ज्ञान)

# सुपर ओवर में कोलकाता की लखनऊ पर रोमांचक जीत

**एजेंसी, लखनऊ**



कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) को इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के पहले सुपर ओवर मुकाबले में हराकर शानदार जीत दर्ज की। बीआरएसएबीवी इकाना स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले ने दर्शकों को आखिरी गेंद तक बांधे रखा। पहले बल्लेबाजी करते हुए केकेआर ने 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 155 रन बनाए। जवाब में एलएसजी ने भी 20 ओवर में 8 विकेट पर 155 रन बनाकर मैच टाई कर दिया।

मैच का सबसे रोमांचक पल तब आया जब मोहम्मद शमी ने आखिरी गेंद पर छक्का जड़कर मुकाबले को बराबरी पर ला दिया। सुपर ओवर में कोलकाता की ओर से सुनील नरेन ने शानदार गेंदबाजी करते हुए लखनऊ को सिर्फ 01 रन पर रोक दिया और दो अहम विकेट झटके। निकोलस पूरन पहली ही गेंद पर बोल्ड हो गए, जबकि एडन मार्करम शानदार कैच के चलते आउट हुए। इस कैच में रोवमन पॉवेल और रिंकू सिंह की बेहतरीन साझेदारी देखने को मिली।

**◆ रिंकू सिंह और नरेन बने हीरो**

लक्ष्य का पीछा करने उतरी केकेआर के लिए रिंकू सिंह ने पहली ही गेंद पर चौका लगाकर टीम को जीत दिला दी। रिंकू सिंह ने इस मैच में शानदार प्रदर्शन करते हुए 51 गेंदों पर नाबाद 83 रन बनाए और फील्डिंग में भी चार अहम कैच लपके। (अनंत ज्ञान)

# नीदरलैंड्स के मिडफील्डर जावी सिमंस फीफा विश्व कप से बाहर

**एजेंसी, एम्स्टर्डम**

फीफा विश्व कप 2026 से पहले नीदरलैंड्स की टीम को बड़ा झटका लगा है। मिडफील्डर जावी सिमंस घुटने की गंभीर चोट के कारण पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। टोटेनहैम हॉटस्पर के लिए खेलते हुए जावी सिमंस को वॉल्वरहैम्प्टन वांडरर्स के खिलाफ मुकाबले में चोट लगी। मैच के 63वें मिनट में वह स्ट्रेचर पर मैदान से बाहर गए।



शुरुआती रिपोर्ट के अनुसार उनके दाहिने घुटने के अग्र क्रूसिएट लिगामेंट में गंभीर चोट आई है। 23 वर्षीय सिमंस ने सोशल मीडिया पर अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए कहा, 'कभी-कभी जिंदगी बहुत कठोर लगती है और आज वैसा ही दिन है। मेरा सीजन अचानक खत्म हो गया है और इसे समझना मुश्किल है। मैं बेहद दुखी हूं। मैं सिर्फ अपनी टीम के लिए खेलना चाहता था, लेकिन अब यह मौका मुझसे छिन गया है... विश्व कप भी।' उधर, जावी सिमंस को कोच रोनाल्ड कोमान की टीम का अहम खिलाड़ी माना जा रहा था।

यह उनका दूसरा विश्व कप होता, इससे पहले उन्होंने 2022 में पदार्पण किया था। वह अब तक 34 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके हैं। (अनंत ज्ञान)

#### टोटेनहैम की मुश्किलें बढ़ीं

**जावी** सिमंस को लगी यह चोट टोटेनहैम हॉटस्पर के लिए भी बड़ा झटका है, जो पहले ही इस सीजन में संघर्ष कर रही है। टीम अंक तालिका में निचले पायदान पर है और बाहर होने के खतरे से जूझ रही है। ज़ावी सिमंस की चोट न सिर्फ उनके करियर के लिए, बल्कि नीदरलैंड्स और टोटेनहैम हॉटस्पर दोनों के लिए बड़ा नुकसान है। अब टीम को उनके बिना नई रणनीति बनानी होगी।

### एशियाई चैंपियनशिप से बाहर हो सकती हैं चोटिल मीराबाई चानू

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत की स्टार भारोत्तोलक मीराबाई चानू अगले महीने गांधीनगर में होने वाली एशियाई चैंपियनशिप में कंधे की चोट के कारण हिस्सा नहीं ले पाएंगी। टोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता और पूर्व विश्व चैंपियन मीराबाई को फरवरी में हुई राष्ट्रीय चैंपियनशिप के दौरान यह चोट लगी थी। इस मामले की जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने पीटीआई को बताया, 'राष्ट्रीय चैंपियनशिप के दौरान मीराबाई के कंधे में हल्की चोट लग गई थी। यह साल बहुत अहम है क्योंकि राष्ट्रमंडल खेल और एशियाई खेल होने वाले हैं और वह कोई भी जोखिम नहीं ले सकतीं।' भारतीय टीम में मीराबाई की जगह कोमल कोहर को शामिल किए जाने की संभावना है। राष्ट्रीय चैंपियनशिप में 31 साल की मीराबाई ने कुल 205 किग्रा (89 किग्रा और 116 किग्रा) भार उठाकर 48 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था। मीराबाई 23 जुलाई से दो अगस्त तक होने वाले राष्ट्रमंडल खेल 2026 में 48 किग्रा वर्ग में हिस्सा लेंगी, वहीं एशियाई खेले 2026 के लिए वह अपना वजन बढ़ाकर 53 किग्रा वर्ग में आ जाएंगी। (अनंत ज्ञान)

# थॉमस कप: ऑस्ट्रेलिया का सूपड़ा साफ कर भारत क्वार्टर फाइनल में

**एजेंसी, होर्सेंस**

डेनमार्क में भारतीय पुरुष टीम ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए सोमवार को ग्रुप ए के मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 5-0 से करारी शिकस्त देकर थॉमस कप बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। चीन ने सोमवार को कनाडा को 4-1 से पराजित किया। भारत और चीन अब बुधवार को अपने अंतिम ग्रुप मुकाबले में एक दूसरे का सामना करेंगे, जिससे ग्रुप में शीर्ष स्थान का फैसला होगा। पेरिस ओलंपियन और राष्ट्रमंडल खेलों के चैंपियन लक्ष्य सेन ने एफ्रेम स्टीफन सैम पर 21-14, 21-16 से जीत हासिल करके भारत को शुरुआती बढ़त दिलाई। यूएस ओपन चैंपियन और हाल में बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में उपविजेता रहे आयुष शेट्टी ने श्रेय ढांड को 21-8, 21-6 से आसानी से हराकर भारत की बढ़त को दोगुना कर दिया। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की शीर्ष युगल जोड़ी ने रिजकी हिदायत और जैक यू को 21-14, 21-16 से हराकर स्कोर 3-0 कर दिया। विश्व चैंपियनशिप 2023 और एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता एचएस प्रणय ने आधे घंटे से भी कम समय में ऋषि होंडा भूपति पर 21-11, 21-17 से जीत हासिल की। हरिहरन अमसाकरुनन और एमआर अर्जुन ने दूसरे युगल मुकाबले में एंडिका रामाडियांस्या और सैम को 21-12, 21-10 से हराया जिससे भारत इस मुकाबले में क्लीन स्वीप करने में सफल रहा। (अनंत ज्ञान)




**◆ पहले मैच में लक्ष्य ने एफ्राइम सैम को सीधे सेटों में हराया**

# एएफसी एशियाई कप के लिए सूझो पहुंची भारतीय अंडर-17 महिला टीम

## 21 साल बाद टूर्नामेंट में वापसी, 2 मई को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहला मैच

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय अंडर-17 महिला फुटबॉल टीम एएफसी महिला एशियाई कप चीन 2026 में भाग लेने के लिए सोमवार को सूझो पहुंच गई। गुरुग्राम में संक्षिप्त प्रशिक्षण शिविर के बाद टीम चीन के लिए रवाना हुई थी। भारतीय टीम ने 21 वर्षों बाद इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया है।

टीम अपने अभियान की शुरुआत 2 मई को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबले से करेगी। इसके बाद 5 मई को जापान और 8 मई को लेबनान से भिड़ेगी। ग्रुप 'बी' के सभी मैच सूझो ताइहू फुटबॉल खेल केंद्र में खेले जाएंगे। टूर्नामेंट के प्रारूप के अनुसार प्रत्येक समूह की शीर्ष दो टीमें और तीनों समूहों में से दो सर्वश्रेष्ठ तीसरे स्थान पर रहने वाली टीमें क्वार्टर फाइनल में पहुंचेंगी। वहीं क्वार्टर फाइनल जीतने वाली चार टीमें फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप मोरक्को 2026 के लिए क्वालीफाई करेंगी।

इटली की मुख्य कोच पामेला कॉन्टी के मार्गदर्शन में भारतीय टीम ने तीन महीने से अधिक का लंबा प्रशिक्षण शिविर किया, जिसका अधिकांश हिस्सा बेंगलुरु में आयोजित हुआ। अंडर-17 टीम होने के बावजूद भारत ने फरवरी में साफ अंडर-19 महिला चैंपियनशिप का खिताब जीता। मार्च में टीम ने यांगून में म्यांमार के खिलाफ दो मैत्री मैच भी जीते।

इस महीने की शुरुआत में टीम ने रूस के सोची में तीन मैत्री मैच खेले, हालांकि सभी मुकाबलों में हार मिली, लेकिन मजबूत टीमों के खिलाफ खेलने का महत्वपूर्ण अनुभव प्राप्त हुआ। (अनंत ज्ञान)

#### भारतीय टीम

**गोलकीपर:** मुन्नी, सूरजमुनी कुमारी, ताम्फासना देवी कोंजेंगबाम।
**डिफेंडर:** अभिस्ता बस्नेट, अलेना देवी सारंगथेम, अलीशा लिंगदोह, दिव्यानी लिंडा, एलिजाबेथ लकड़ा, जॉयशिनी चानू हुइद्रोम, रितु बड़ाइक, तानिया देवी टोनाम्बाम।
**मिडफील्डर:** अल्वा देवी सेनजाम, बोनिफिलिया शुल्लाई, जुलान नोंगमैथम, ओलिविया चानू निंगथौजाम, प्रीतिका बर्मन, रेडिमा देवी चिंगखमायुम, थंडामोनी बास्के।
**फॉरवर्ड:** अनुष्का कुमारी, अन्विता रघुरामन, जोया, पर्ल फर्नांडीस, वलैना फर्नांडीस।

**गुड न्यूज**

### एचपीसीए अंडर-19 गर्ल्स टूर्नामेंट के लिए 4 खिलाड़ियों का चयन, अनुष्का कप्तान

# चंडीगढ़ में चमकेंगी बिलासपुर के जुखाला की बेटियां

**अनंत ज्ञान**

**ब्यूरो, बिलासपुर।** जिले का जुखाला क्षेत्र एक बार फिर अपनी प्रतिभा के दम पर सुर्खियों में है। इस बार बेटियों ने क्रिकेट के मैदान में इतिहास रचते हुए पूरे इलाके का नाम रोशन किया है। हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (एचपीसीए) द्वारा आयोजित अंडर-19 गर्ल्स क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए जुखाला सब सेंटर से चार प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का चयन हुआ है, जो अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।

इन चयनित खिलाड़ियों में अनुष्का ठाकुर, रिधिमा शर्मा, ईशा देवी और आरुषि ठाकुर शामिल हैं। खास बात यह है कि अनुष्का ठाकुर को बिलासपुर अंडर-19 टीम की कप्तानी सौंपी गई है। जुखाला जैसे क्षेत्र से किसी खिलाड़ी का कप्तान बनना न केवल सब सेंटर बल्कि पूरे जिले के लिए गर्व का विषय है। क्रिकेट के क्षेत्र में जुखाला अब तक ज्यादा सक्रिय नहीं रहा था, लेकिन अब यहां की बेटियों ने इस धारणा को पूरी तरह बदल दिया है। इससे पहले क्षेत्र के खिलाड़ी अन्य खेलों में अपनी पहचान बना चुके हैं, लेकिन क्रिकेट में यह पहली बड़ी सफलता मानी जा रही है। टीम में चयनित ईशा देवी को बतौर बल्लेबाज जिम्मेदारी दी गई है, जबकि रिधिमा शर्मा और आरुशी ठाकुर ऑलराउंडर के रूप में टीम का अहम हिस्सा होंगी। इनमें सबसे अधिक चर्चा 10 वर्षीय आरुषि ठाकुर की हो रही है, जिन्होंने कम उम्र में ही अंडर-19 टीम में जगह बनाकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। सब सेंटर कोच मनोहर ठाकुर का मानना है कि आरुशी भविष्य में राज्य और देश स्तर पर बड़ी खिलाड़ी बन सकती हैं। ये सभी खिलाड़ी जुखाला स्थित एचपीसीए सब सेंटर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं, जहां बीसीसीआई लेवल कोच मनोहर ठाकुर बच्चों को क्रिकेट की बारीकियां सिखा रहे हैं। कोच मनोहर ठाकुर ने बताया कि एक ही सेंटर से चार खिलाड़ियों का चयन होना बड़ी उपलब्धि है और इसमें कप्तान का भी इसी सेंटर से होना गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि इन खिलाड़ियों ने कड़ी मेहनत और अनुशासन के दम पर यह मुकाम हासिल किया है।


अनुष्का ( कप्तान )


आरुषि ठाकुर


ईशा देवी


रिद्धिमा शर्मा

टूर्नामेंट के मुकाबले चंडीगढ़ में आयोजित किए जा रहे हैं, जहां ये खिलाड़ी वन-डे मैचों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। सभी खिलाड़ी अपने कोच के साथ चंडीगढ़ के लिए रवाना हो चुकी हैं और पूरे आत्मविश्वास के साथ मैदान में उतरने को तैयार हैं।

जुखाला क्षेत्र में इन बेटियों की उपलब्धि से खुशी की लहर है। स्थानीय लोगों, अभिभावकों और खेल प्रेमियों ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। यह सफलता न केवल अन्य बच्चों को प्रेरित करेगी, बल्कि क्षेत्र में क्रिकेट के प्रति नई ऊर्जा और उत्साह भी पैदा करेगी।